# शिक्षा निदेशालय

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## सहायक सामग्री
## (2025-26)

कक्षा : बारहवीं

# समाजशास्त्र

<u>मार्गदर्शनः</u>

## श्री पांडुरंग के. पोले
सचिव (शिक्षा)

## श्रीमती वेदिता रेड्डी
निदेशक (शिक्षा)

## डा0 रीता शर्मा
अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (स्कूल एवं परीक्षा)

*समन्वयक:*

| | | | |
|---|---|---|---|
| **श्री परविंदर कुमार** | **श्रीमती रितु सिंघल** | **श्री कृष्ण कुमार** | **श्री तुषार सलूजा** |
| उप शिक्षा निदेशक (परीक्षा) | विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा) | विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा) | विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा) |

उत्पादन मंडल

दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो में बिजेन्द्र कुमार, सचिव, दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो, 25/2,पंखा रोड, संस्थानीय क्षेत्र, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित तथा **मुद्रक : पलक प्रिंटर्स, 6, मोहक्कमपुर, फेस-2, दिल्ली रोड, मेरठ (उत्तर प्रदेश)**

पांडुरंग के. पोले, भा.प्र.से
सचिव (शिक्षा)

**PANDURANG K. POLE, IAS**
**SECRETARY (Education)**

सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली–110054
दूरभाष: 011–23890187, 23890119
**Government of National Capital Territory of Delhi**
**Old Secretariat, Delhi-110054**
**Phone: 23890187, 23890119**
**E-mail : sccyedu@nic.in**

D.O. NO. : DE.5/228/Exam/Message/S.M/2018/249
Date : 07/11/2025

**MESSAGE**

The Directorate of Education remains steadfast in its vision to achieve excellence in the academic domain and its commitment to develop meaningful, engaging, and child-friendly learning content.

Each year, the Directorate carefully reviews and updates the Support Material to ensure alignment with the latest CBSE guidelines and emerging academic developments.

The Support Material provides comprehensive academic support through well-structured practice questions and exercises that strengthen conceptual understanding and exam readiness and aims to nurture students' critical thinking, analytical abilities, and problem-solving skills. Through such sustained efforts, the Directorate of Education continues to guide students towards academic excellence and holistic growth.

This Support Material is intended to bridge classroom learning and examination preparation, enabling students to consolidate knowledge through systematic practice. It has been thoughtfully designed for students, with the belief that its effective use will strengthen their understanding and support them in achieving their learning goals with confidence.

I appreciates the dedication and collaborative effort of all those involved in the development of this material and extends my best wishes to all students —may this Support Material serve as an essential academic aid, enhancing students' confidence and preparedness for examinations.

Best Wishes.

(Pandurang K. Pole)

**VEDITHA REDDY, IAS**
**Director, Education & Sports**

Directorate of Education
Govt. of NCT of Delhi
Room No. 12, Old Secretariat
Near Vidhan Sabha,
Delhi-110054
Ph.: 011-23890172
E-mail :diredu@nic.in

सत्यमेव जयते

DE-5/228/Exam/Message/S-M/2018/402
dated - 09/05/25

# MESSAGE

Education is the cornerstone of a progressive society, and providing students with the right learning resources is essential for their academic and personal growth. Keeping this in mind, the Directorate of Education, GNCT of Delhi, develops comprehensive Support Material every year for various subjects of Classes IX to XII.

The support material serves as an additional study resource to supplement textbooks by offering clear and easy-to-understand explanation of complex topics. Our dedicated team of expert faculty members has meticulously reviewed and updated this material, aligning it with the latest CBSE syllabus, question paper pattern and assessment guidelines. Our effort is to simplify difficult concepts and make them more accessible to students, helping them save time and effort with ready references for effective preparation.

As Ruskin Bond beautifully said, "Education must inspire the spirit of inquiry, Creativity and Joy" True learning goes beyond memorisation-it encourages curiosity, fosters creativity, and makes the learning process meaningful and enjoyable.

In alignment with the vision of NEP 2020, the CBSE framework now places emphases on competency-based assessments for 50% of the evaluation, highlighting the need for students to develop critical thinking and problem-solving skills. The Support Material is designed to help students analyse concepts deeply, think innovatively, and apply their knowledge affectively, ensuring they are well-prepared not only for exams but also for real-life challenges.

I appreciate the dedicated efforts of the entire team of subject experts in developing this valuable learning resource. I am confident that both teachers and students will make the best use of these material to enhance learning and academic success.

Wishing all students great success in their exam and a bright, fulfilling future ahead.

Veditha

(VEDITHA REDDY, IAS)

**Dr. RITA SHARMA**
**Additional Director of Education**
**(School/Exam)**

सत्यमेव जयते

**Govt. of NCT of Delhi**
**Directorate of Education**
**Old Secretariat, Delhi-110054**
**Ph.: 23890185**

D.O. No. DE.5/228/Exam/Message/SM/2018/570
Dated: .. ***02/07/2025***

## MESSAGE

**"Children are not things to be molded, but are people to be unfolded."** - Jess Lair

In line with this insightful quote, the Directorate of Education, Delhi, has always made persistent efforts to nurture and unfold the inherent potential within each student. This support material is a testimony to this commitment.

The support material serves as a comprehensive tool to facilitate a deeper understanding of the curriculum. It is crafted to help students not only grasp essential concepts but also apply them effectively in their examinations. We believe that the thoughtful and intelligent utilization of these resources will significantly enhance the learning experience and academic performance of our students.

Our expert faculty members have dedicated themselves to the support material to reflect the latest CBSE guidelines and changes. This continuous effort aims to empower students with innovative approaches, fostering their problem-solving skills and critical thinking abilities.

I extend my heartfelt congratulations to the entire team for their invaluable contribution to creating a highly beneficial and practical support material. Their commitment to excellence ensures that our students are well-prepared to meet the challenges of the CB SE examinations and beyond.

Wishing you all success and fulfilment in your educational journey.

**(Dr. Rita Sharma)**

## शिक्षा निदेशालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार


## सहायक सामग्री
## (2025-26)

# समाजशास्त्र

कक्षा : बारहवीं

## (हिन्दी माध्यम)

निःशुल्क वितरण हेतु

---

दिल्ली पाठ्य-पुस्तक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित

# भारत का संविधान

*भाग 4क*

# नागरिकों के मूल कर्तव्य

**अनुच्छेद 51 क**

**मूल कर्तव्य** – भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;

(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;

(ग) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण बनाए रखे;

(घ) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;

(ङ) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभावों से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध हों;

(च) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;

(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;

(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;

(झ) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे;

(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत् प्रयास करे, जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू सके; और

(ट) यदि माता-पिता या संरक्षक है, छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# Constitution of India

**Part IV A (Article 51 A)**

# Fundamental Duties

It shall be the duty of every citizen of India —

(a) to abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the National Flag and the National Anthem;

(b) to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom;

(c) to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;

(d) to defend the country and render national service when called upon to do so;

(e) to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women;

(f) to value and preserve the rich heritage of our composite culture;

(g) to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers, wildlife and to have compassion for living creatures;

(h) to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;

(i) to safeguard public property and to abjure violence;

(j) to strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity so that the nation constantly rises to higher levels of endeavour and achievement;

*(k) who is a parent or guardian, to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of six and fourteen years.

---

**Note:** The Article 51A containing Fundamental Duties was inserted by the Constitution (42nd Amendment) Act, 1976 (with effect from 3 January 1977).

*(k) was inserted by the Constitution (86th Amendment) Act, 2002 (with effect from 1 April 2010).

# भारत का संविधान

## उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक [1][**संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य**] बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म

और उपासना की **स्वतंत्रता,**

प्रतिष्ठा और अवसर की **समता**

प्राप्त कराने के लिए,

तथा उन **सब में**

व्यक्ति की गरिमा और [2][**राष्ट्र की एकता**

**और अखंडता**] सुनिश्चित करने वाली **बंधुता**

बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर **अपनी इस संविधान सभा में** आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. को **एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।**

---

1. संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977 से) ''प्रभुत्व-संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य'' के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977 से) ''राष्ट्र की एकता'' के स्थान पर प्रतिस्थापित।

# THE CONSTITUTION OF INDIA

## PREAMBLE

**WE, THE PEOPLE OF INDIA,** having solemnly resolved to constitute India into a [1]**[SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC]** and to secure to all its citizens :

**JUSTICE,** social, economic and political;

**LIBERTY** of thought, expression, belief, faith and worship;

**EQUALITY** of status and of opportunity; and to promote among them all

**FRATERNITY** assuring the dignity of the individual and the [2][unity and integrity of the Nation];

**IN OUR CONSTITUENT ASSEMBLY** this twenty-sixth day of November, 1949 do **HEREBY ADOPT, ENACT AND GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.**

---

1. Subs. by the Constitution (Forty-second Amendment) Act, 1976, Sec.2, for "Sovereign Democratic Republic" (w.e.f. 3.1.1977)
2. Subs. by the Constitution (Forty-second Amendment) Act, 1976, Sec.2, for "Unity of the Nation" (w.e.f. 3.1.1977)

# Support Material : 2025-26

**Class-XII**

**SUBJECT : SOCIOLOGY**

**Reviewed and updated by**

| | |
|---|---|
| Name of the Team Leader | **Ms. Seema Roy Chowdhury**<br>DDE Zone 23 South |
| Name of the Subject Experts | **Sh. Devender Singh**<br>Lecturer Sociology<br>S (Co-Ed) V, Block-A<br>Keshav Puram Delhi-35 |
| | **Ms. Vilakshna**<br>Lecturer Sociology<br>CAU<br>Sarvodaya Vidyalaya<br>Sharda Niketan Delhi |
| | **Sh. Rajesh Kumar**<br>Lecturer Sociology<br>Govt. Co.Ed<br>Senior Secondary School<br>Punjabi Basti, Nangloi, New Delhi |
| | **Mrs. Pragati Verma**<br>Lecturer Sociology<br>Sarvodaya Kanya Vidhyalaya<br>Rana Pratap Bagh, New Delhi |

# SYLLABUS AS PER CBSE
# CLASS-XII (2025-26)

| TERM I | WEIGHTAGE (IN MARKS) |
|---|---|
| 1. The Demographic Structure of Indian Society | 10 |
| 2. Social Institutions-Continuity and Change | 10 |
| 3. Patterns of Social Inequality and Exclusion | 10 |
| 4. Challenges of Cultural Diversity | 10 |
| **Total** | **40 Marks** |
| **TERM I** | |
| 1. Structural Change | 5 |
| 2. Cultural Change | 5 |
| 3. Change and Development in Rural Society | 10 |
| 4. Change and Development in Industrial Society | 10 |
| 5. Social Movements | 10 |
| **Total** | **40 Marks** |

## SOCIOLOGY
## Subject Code-039
## CLASS-XII (2025-26)

### Rationale

Sociology is introduced as an elective subject at the senior secondary stage. The syllabus is designed to help learners to reflect on what they hear and see in the course of everyday life and develop a constructive attitude towards society in change; to equip a learner with concepts and theoretical skills for the purpose. The curriculum of Sociology at this stage should enable the learner to understand dynamics of human behavior in all its complexities and manifestations. The learners of today need answers and explanations to satisfy the questions that arise in their minds while trying to understand social world. Therefore, there is a need to develop an analytical approach towards the social structure so that they can meaningfully participate in the process of social change. There is scope in the syllabus not only for interactive learning, based on exercises and project work but also for teachers and students to jointly innovate new ways of learning.

- Sociology studies society. The child's familiarity with the society in which she /he lives in makes the study of Sociology a double edged experience. At one level Sociology studies institutions such as family and kinship, class, caste and tribe religion and region- contexts with which children are familiar of, even if differentially. For India is a society which is varied both horizontally and vertically. The effort in the books will be to grapple overtly with this both as a source of strength and as a site for interrogation.
- Significantly the intellectual legacy of Sociology equips the discipline with a plural perspective that overtly engages with the need for defamiliarisation, to unlearn and question the given. This interrogative and critical character of Sociology also makes it possible to understand both other cultures as well as relearn about one's own culture.

  This plural perspective makes for an inbuilt richness and openness that not too many other disciplines in practice share. From its very inception, Sociology has had mutually enriching and contesting traditions of an interpretative method that openly takes into account 'subjectivity' and causal explanations that pay due importance to establishing causal correspondences with considerable sophistication. Not surprisingly its field work tradition also entails large scale survey methods as well as a rich ethnographic tradition. Indeed, Indian Sociology, in particular has bridged this distinction between what has often been seen as distinct approaches of Sociology and Social Anthropology. The syllabus provides ample opportunity to make the child familiar with the excitement of field work as well as its theoretical significance for the very discipline of Sociology.

- The plural legacy of Sociology also enables a bird's eye view and a worm's eye view of the society the child lives in. This is particularly true today when the local is inextricably defined and shaped by macro global processes.
- The syllabus proceeds with the assumption that gender as an organizing principle of society cannot be treated as an add on topic but is fundamental to the manner that all chapters shall be dealt with.
- The chapters shall seek for a child centric approach that makes it possible to connect the lived reality of children with social structures and social processes that Sociology studies.
- A conscious effort will be made to build into the chapters a scope for exploration of society that makes learning a process of discovery. A way towards this is to deal with sociological concepts not as givens but a product of societal actions humanly constructed and therefore open to questioning.

**Objectives**

- To enable learners to relate classroom teaching to their outside environment.
- To introduce them to the basic concepts of Sociology that would enable them to observe and interpret social life.
- To be aware of the complexity of social processes.
- To appreciate diversity in Indian Society and the world at large.
- To build the capacity of students to understand and analyze the changes in contemporary Indian society.

**COURSE STRUCTURE**

**CLASS XII (2025-26)**

**Time: 3 Hours** **Max. Marks: 80**

| Units | | Marks |
|---|---|---|
| A | **Indian Society** | |
| | 1. Introducing Indian Society | Non- evaluative |
| | 2. The Demographic Structure of Indian Society | 10 |
| | 3. Social Institutions: Continuity and Change | 10 |
| | 5. Patterns of Social Inequality and Exclusion | 10 |
| | 6. The Challenges of Cultural Diversity | 10 |
| | 7. Suggestions for Project Work | Non- evaluative |
| | | **40** |
| B | **Social Change and Development in India** | |
| | 8. Structural Change | 5 |
| | 9. Cultural Change | 5 |
| | 11.Change and Development in Rural Society | 10 |
| | 12. Change and Development in Industrial Society | 10 |
| | 15. Social Movements | 10 |
| | | **40** |
| **Total** | | **80** |

**COURSE CONTENT**

| A. | INDIAN SOCIETY | 40 Marks |
|---|---|---|
| Unit 1 | **Introducing Indian Society**<br>Colonialism, Nationalism, Class and Community **(Non- evaluative)** | |
| Unit 2 | **The Demographic Structure of the Indian Society**<br>• Theories and concepts in demography<br>• Rural-Urban Linkages and Divisions<br>• Population Policy in India | |

| | | |
|---|---|---|
| Unit 3 | **Social Institutions: Continuity and Change**<br>• Caste and the Caste System<br>• Tribal Communities<br>• Family and Kinship | |
| Unit 5 | **Patterns of Social Inequality and Exclusion**<br>• Social Inequality and Social Exclusion<br>• Systems justifying and perpetuating Inequality - Caste, Tribe, the Other Backward Classes<br>• Adivasi Struggles<br>• The Struggle for Women's Equality and Rights<br>• The struggles of the Differently Abled | |
| Unit 6 | **The Challenges of Cultural Diversity**<br>• Cultural communities and the nation state<br>• Regionalism in the Indian context<br>• The Nation state and religion related issues and identities<br>• Communalism, secularism and the nation state<br>• State and Civil Society | |
| Unit 7 | **Suggestions for Project Work** | |
| **B.** | **SOCIAL CHANGE AND DEVELOPMENT IN INDIA** | **40 Marks** |
| Unit 8 | **Structural Change**<br>Understanding Colonialism, Industrialization, Urbanization | |
| Unit 9 | **Cultural Change**<br>• Social Reform Movements<br>• Different Kinds of Social Change: Sanskritisation, Westernisation, Modernization, Secularization | |
| Unit 11 | **Change and Development in Rural Society**<br>• Agrarian Structure: Caste & class in Rural India<br>• Land Reforms, Green Revolution and Emerging Agrarian society<br>• Green revolution and its social consequences<br>• Transformation in Rural Society<br>• Circulation of labour<br>• Globalization, Liberalization and Rural Society | |

| | |
|---|---|
| Unit 12 | **Change and Development in Industrial Society**<br>• From Planned Industrialization to Liberalization<br>• How people find Jobs<br>• Work Processes: How work is carried out, working conditions, home based work, Strikes and Unions |
| Unit 15 | **Social Movements**<br>• Concept of Social Movements<br>• Theories and Classification of Social Movements<br>• Environmental Movements<br>• Class-Based Movements: Workers, Peasants<br>• Caste-Based Movements: Dalit Movement, Backward Class/Castes, Trends in Upper Caste Responses<br>• Tribal Movements<br>• Women's Movements in Independent India |

| **PROJECT WORK** | |
|---|---|
| | **Max. Marks: 20** |
| C. Project undertaken during the academic year at school level<br>1. Introduction -2 Marks<br>2. Statement of Purpose – 2 Marks<br>3. Research Question – 2 Marks<br>4. Methodology – 3 Marks<br>5. Data Analysis – 4 Marks<br>6. Conclusion – 2 Marks | **15 Marks** |
| D. Viva – based on the project work | **05 Marks** |

**Prescribed Books:**

1. Introducing Sociology, Class XI, Published by NCERT
2. Understanding Society, Class XI, Published by NCERT
3. Indian Society, Class XII, Published by NCERT
4. Social Change and Development in India, Class XII, published by NCERT

**SOCIOLOGY**

**QUESTION PAPER DESIGN**
**CLASS XII (2025-26)**

| S. No. | Competencies | Total Marks | Weightage (%) |
|---|---|---|---|
| 1 | **Knowledge & Understanding**<br>Exhibit memory of previously learned material by recalling facts, terms, basic concepts, and answers. Demonstrate understanding of facts and ideas by organizing, comparing, translating, interpreting, giving descriptions, and stating main ideas | **30** | **37.5%** |
| 2 | **Application of Knowledge and Concepts**<br>Solve problems to new situations by applying acquired knowledge, facts, techniques and rules in a different way. Examine and break information into parts by identifying motives or causes. Make inferences and find evidence to support generalizations<br><br>Present and defend opinions by making judgments about information, validity of ideas, or quality of work based on a set of criteria. | **32** | **40%** |
| 3 | **Formulate, Analyse , Evaluate & Create**<br>Compile information together in a different way by combining elements in a new pattern or proposing alternative solutions. | **18** | **22.5%** |
| | **Total** | **80** | **100%** |

**Note: Kindly refer to the guidelines on project work for class XI and XII given below: -**

**Guidelines for Sociology Project Work: 20 Marks**

One Project to be done throughout the session, as per the existing scheme.

1. **Steps involved in the conduct of the project:** Students may work upon the following lines as a suggested flow chart:

- Choose a Title/Topic
- ↓
- Need of the Study, Objective of the Study
- ↓
- Hypothesis
- ↓
- Content -Timeline, Mind maps, Pictures, etc.
- ↓
- Organization of Material/Data
- ↓
- Present Material/Data
- ↓
- Analyzing the Material/Data for Conclusion
- ↓
- Draw the Relevant Conclusion
- ↓
- Bibliography

**2. Expected Checklist for the Project Work:**

- Introduction of topic/title
- Identifying the causes, events, consequences and/or remedies
- Various stakeholders and effect on each of them
- Advantages and disadvantages of situations or issues identified
- Short-term and long-term implications of strategies suggested during research
- Validity, reliability, appropriateness, and relevance of data used for research work and for presentation in the project file
- Presentation and writing that is succinct and coherent in project file
- Citation of the materials referred to, in the file in footnotes, resources section, bibliography etc.

**3. Assessment of Project Work:**

- Project Work has broadly the following phases: Synopsis/ Initiation, Data Collection, Data Analysis and Interpretation, Conclusion.
- The aspects of the project work to be covered by students can be assessed during the academic year.
- 20 marks assigned for Project Work can be divided in the following manner:

**PROJECT WORK: 20 MARKS**

The teacher will assess the progress of the project work in the following manner:

| Month | Periodic Work | Assessment Rubrics | Marks |
|---|---|---|---|
| **April -July** | Instructions about Project Guidelines, Background reading Discussions on Theme and Selection of the Final Topic, Initiation/ Synopsis | Introduction, Statement of Purpose/Need and objectives of the study, Hypothesis/Research Question, Review of Literature, Presentation of Evidence, Methodology, Questionnaire, Data Collection. | **5** |
| **August - October** | Planning and organization: forming an action plan, feasibility, or baseline study, Updating/ modifying the action plan, Data Collection | Significance and relevance of the topic; challenges encountered while conducting the research. | **6** |
| **November - January** | Content/data analysis and interpretation.<br><br>Conclusion, Limitations, Suggestions, bibliography, Annexures and overall presentation of the project. | Content analysis and its relevance in the current scenario.<br><br>Conclusion, Limitations, Bibliography, Annexures and Overall Presentation. | **5** |
| **January-February** | **Final Assessment and VIVA by both Internal and External Examiners** | External/ Internal Viva based on the project | **4** |
| | | **TOTAL** | **20** |

**4. Viva-Voce**

- At the end, each learner will present the research work in the Project File to the External and Internal examiner.
- The questions should be asked from the Research Work/ Project File of the learner.
- The Internal Examiner should ensure that the study submitted by the learner is his/her own original work.
- In case of any doubt, authenticity should be checked and verified. *****

# समाजशास्त्र (कोड़ नं. 39)

## पुस्तक 1

## भारतीय समाज


| क्र.सं. | पाठ | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1. | **अध्याय 2 :** भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना | 01 |
| 2. | **अध्याय 3 :** सामाजिक संस्थाएँ : निरंतरता एवं परिवर्तन | 21 |
| 3. | **अध्याय 5 :** सामाजिक असमानता (विषमता) एवं बहिष्कार के स्वरूप | 36 |
| 4. | **अध्याय 6 :** सांस्कृतिक विविधता की चुनौतियाँ | 51 |
| 5. | परियोजना कार्य के लिए सुझाव | 69 |

# अध्याय - 2

# भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना

## मुख्य बिन्दु

**1. जनांकिकी / जनसांख्यिकी :** जनसंख्या का सुव्यवस्थित अध्ययन जनांकिकी कहलाता है। इसका अंग्रेजी नाम "डेमोग्राफी" यूनानी भाषा के दो शब्दों डेमोस- लोग तथा ग्राफीन यानि वर्णन अर्थात् लोगों का वर्णन।

इसमें जन्म, मृत्यु, प्रवसन, लिंग अनुपात आदि का अध्ययन किया जाता है।

**2. जनांकिकी के प्रकार :**

जनांकिकी मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है।

(1) **आकारिक जनसांख्यिकी : इसमें जनसंख्या के आकार का अध्ययन किया जाता है।**

(2) **सामाजिक जनसांख्यिकी :** इसमें जनसंख्या के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक पक्षों पर विचार किया जाता है।

**3.** 18वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में, यूरोप में लगभग एक ही समय में दो विभिन्न प्रक्रियायें हुईं।

(i) राजनीतिक संगठन के प्रमुख रूप में राष्ट्र - राज्यों की स्थापना।

(ii) आंकड़ों से सम्बंधित आधुनिक विज्ञान सांख्यिकी की शुरुआत।

**4.** स्वतंत्रता के पहले से भारत में दस वर्षीय जनगणना की जाती रही है।

1951 के बाद अब तक सात दस वर्षीय जनगणनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में 2011 में जनगणना हुई है।

**5.** जनसांख्यिकीय आंकड़े राज्य की नीतियों जैसे आर्थिक विकास, जनकल्याण संबंधी नीतियाँ बनाने व कार्यान्वित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## 6. जनसांख्यिकीय सिद्धान्त

### (A) थॉमस रोबर्ट माल्थस का जनसंख्या वृद्धि का सिद्धान्त : ( 1766–1834 )

- जनसंख्या ज्यामितीय अनुपात से बढ़ती है। जैसे – 2, 4, 8, 16, 32 आदि
- कृषि उत्पादन में वृद्धि गणितीय (समांतर) रूप से होती है। जैसे– 2, 4, 6, 8, 10 आदि।
- इससे जनसंख्या व खाद्य सामग्री में असंतुलन पैदा होता है।
- समृद्धि बढ़ाने के लिए जनसंख्या वृद्धि को नियन्त्रित किया जाए। माल्थस ने जनसंख्या नियंत्रण के दो प्रकारों के प्रतिबंध का उल्लेख किया है–

1. प्राकृतिक निरोध/अवरोध : जैसे अकाल, भूकम्प, बाढ़, युद्ध बीमारी आदि।
2. कृत्रिम निरोध/अवरोध : जैसे बड़ी उम्र में विवाह, यौन संयम, ब्रह्मचार्य का पालन आदि।

### माल्थस के सिद्धान्त का विरोध :

आर्थिक वृद्धि जनसंख्या वृद्धि से अधिक हो सकती है। जैसा कि यूरोप के देशों में हुआ है। गरीबी व भुखमरी जनसंख्या वृद्धि के बजाए आर्थिक संसाधनों के असमान वितरण के कारण फैलती है। (उदारवादी व मार्क्सवादी)

### (B) जनसांख्यकीय संक्रमण का सिद्धांत :

- जनसंख्या वृद्धि आर्थिक विकास के समग्र स्तरों से जुड़ी होती है।
- जनसंख्या वृद्धि के तीन बुनियादी चरण होते हैं।

**सारणी–1**

| चरण | समाज | जन्म दर | मृत्यु दर | वृद्धि दर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | अविकसित | अधिक↑ | अधिक↑ | कम ↓ | |
| द्वितीय | विकासशील | अधिक↑ | कम ↓ | अधिक↑ | जनसंख्या विस्फोट |
| तृतीय | विकसित | कम ↓ | कम ↓ | कम ↓ | जनसंख्या नियंत्रित |

1. पहला चरण है समाज में जनसंख्या वृद्धि का कम होना क्योंकि समाज तकनीकी दृष्टि से पिछड़ा होता है। (मृत्युदर और जन्मदर दोनों ही बहुत ऊँची होती है।)
2. जनसंख्या विस्फोट संक्रमण अवधि में होता है, क्योंकि समाज पिछड़ी अवस्था से उन्नत अवस्था में जाता है, इस दौरान जनसंख्या वृद्धि की दरें बहुत ऊँची हो जाती है। (मृत्युदर कम व जन्मदर अधिक होती है।)

3. तीसरे चरण में भी विकसित समाज में जनसंख्या वृद्धि दर नीची रहती है क्योंकि ऐसे समाज में मृत्यु दर और जन्म दर दोनों ही काफी कम हो जाती है।

**7. सामान्य कल्पनाएँ व संकेतक :**

- **जन्म दर :** एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों पर जीवित जन्में बच्चों की संख्या जन्म दर कहलाती है।
- **मृत्यु दर :** क्षेत्र विशेष में प्रति हजार व्यक्तियों में मृत व्यक्तियों की संख्या मृत्यु दर कहलाती है।
- **प्राकृतिक वृद्धि दर या जनसख्ंया वृद्धि दर :** जन्म दर व मृत्यु दर के बीच का अन्तर। जब यह अंतर शून्य या बहुत कम होता है तब हम यह कह सकते हैं कि जनसंख्या स्थिर हो गई है या प्रतिस्थापन स्तर पर पहुँच गई है।
- **प्रतिस्थापन स्तर :** यह एक ऐसी अवस्था होती है जब जितने बूढ़े लोग मरते हैं उनका खाली स्थान भरने के लिए उतने ही नए बच्चे पैदा हो जाते है। भारत में केरल की कुल प्रजनन दरें वास्तव में प्रतिस्थापन स्तर से नीचे है। हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, महाराष्ट्र की प्रजनन दरे प्रतिस्थापन स्तर के बराबर है। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश ऐसे राज्य है जो प्रतिस्थापन स्तर से ऊपर है। इस राज्यवार विभिन्नता के पीछे शिक्षा तथा जागरूकता के स्तरों में वृद्धि होना अथवा ना होना है।
- **प्रजनन दर :** बच्चे पैदा कर सकने की आयु (15-49 वर्ष) की स्त्रियों की इकाई के पीछे जीवित जन्में बच्चों की संख्या।
- **शिशु मृत्यृ दर :** जीवित पैदा हुए 1000 बच्चों में से एक वर्ष की आयु से पहले मृत बच्चों की संख्या।
- **मातृ मृत्यु दर :** एक हजार शिशु जन्मों पर जन्म देकर मरने वाली महिलाओं की संख्या।
- **लिंग अनुपात :** प्रति हजार पुरुषों पर निश्चित अवधि के दौरान स्त्रियों की संख्या (किसी विशेष क्षेत्र में)
- **जनसंख्या की आयु संरचना :** कुल जनसंख्या के विभिन्न आयु वर्गों में व्यक्तियों का अनुपात।

**सारणी 2 : भारत की जनसंख्या की आयु संरचना, 1961–2026**

| वर्ष | आयु वर्ग | | | जोड़ |
|---|---|---|---|---|
| | 0–14 वर्ष | 15–59 वर्ष | 60 वर्ष से अधिक | |
| 1961 | 41 | 53 | 6 | 100 |
| 1971 | 42 | 53 | 5 | 100 |
| 1981 | 40 | 54 | 6 | 100 |
| 1991 | 38 | 56 | 7 | 100 |
| 2001 | 34 | 59 | 7 | 100 |
| 2011 | 29 | 63 | 8 | 100 |
| 2026 | 23 | 64 | 12 | 100 |

- **पराश्रितता अनुपात :** जनसंख्या का वह अनुपात जो जीवन यापन के लिए कार्यशील जनसंख्या पर आश्रित है। इसमें कार्यशील वर्ग 15–64 वर्ष की आयु वाले होते हैं। बच्चे (0–14 वर्ष) व बुजुर्ग (64 वर्ष से अधिक) पराश्रित होते हैं।
- **बढ़ता हुआ पराश्रितता अनुपात :** यह उन देशों में चिंता का कारण बन सकता है जहाँ जनता बुढ़ापे की समस्या से जूझ रही होती है क्योंकि वहाँ आश्रितों की संख्या बढ़ जाने से कार्यशील आयु वाले लोगों पर बोझ बढ़ जाता है।
- **गिरता हुआ पराश्रितता अनुपात :** यह आर्थिक संवृद्धि और समृद्धि का स्रोत बन सकता है क्योंकि वहाँ कार्यशील लोगों का अनुपात काम न करने वालों की संख्या में अधिक बड़ा होता है। इसे जनसांख्यिकीय लांभाश कहते हैं।
- **आयु संभाविता :** यह इस बात की सूचक है कि एक औसत व्यक्ति अनुमानतः कितने वर्षों तक जीवित रहेगा।
- **सोनोग्राम/अल्ट्रासाउंडः** प्रौद्योगिकी पर आधारित एक्सरे जैसा नैदानिक उपाय, कई बार इसका उपयोग गलत तरीके से भी माँ के गर्भ में भ्रूण का लिंग पता लगाने के लिए किया जाता है।

8. **अकाल :** कई कारणों से पड़ते थे जिनमें से एक यह था कि जिन इलाकों में खेती वर्षा पर निर्भर रहती थी वहाँ वर्षा की कमी के कारण खेती की उपज कम होती थी। जिससे लोग घोर गरीबी और कुपोषण की हालत में जीवन बिताने को मजबूर हो जाते थे। इसके अलावा परिवहन और संचार के साधनों की समुचित व्यवस्था न होने के कारण और राज्य की ओर से इस दिशा में पर्याप्त प्रयत्न न किए जाने के कारण भी अकाल पड़ते थे।

9. **भारतीय जनसंख्या की आयु संरचना :** अधिकांश भारतीय युवावस्था में है। केरल ने विकसित देशों की आयु संरचना की स्थिति प्राप्त कर ली है। उत्तर प्रदेश में युवा वर्ग का अनुपात अधिक है तथा वृद्धों का अनुपात कम है।

**जनसांख्यिकीय लाभांश :** जब कार्यशील लोगों की संख्या पराश्रित लोगों की संख्या से अधिक होती है तो वहां अधिक संवृद्धि होती है अर्थात पराश्रिता अनुपात गिरता है। इसे ही जनसांख्यिकीय लाभांश कहते हैं।

- **भारत में 'जनसांख्यिकीय लाभांश' :** जनसांख्यिकीय संरचना में जनसंख्या संक्रमण की उस अवस्था को जिसमें कमाने वाले यानि 15–64 आयु वर्ग की जनसंख्या न कमाने वाले (पराश्रित वर्ग) यानि 15 से कम और 64 से अधिक आयु वर्ग की जनसंख्या की तुलना में अधिक हो तो उसे जनसांख्यिकीय लाभांश कहते है यह तभी प्राप्त हो सकता है जब कार्यशील लोगो के अनुपात में वृद्धि होती रहे।

10. **स्त्री–पुरुष अनुपात :** भारत में स्त्री–पुरुष अनुपात गिरता रहा है। इसका कारण है लिंग विशेष का गर्भपात, बालिका शिशुओं की हत्या, बाल विवाह, पौष्टिक भोजन न मिलना। देश के विभिन्न हिस्सों में स्त्री–पुरुष अनुपात भिन्न–भिन्न है। केरल राज्य में सबसे अधिक है और हरियाणा, पंजाब चंड़ीगढ़ में सबसे कम है।

**सारणी 3: भारत में गिरता हुआ स्त्री-पुरुष अनुपात, 1901–2011**

| वर्ष | स्त्री-पुरुष अनुपात (सभी आयु वर्गों में) | पिछले दशक की तुलना में अंतर | बाल स्त्री-पुरुष अनुपात (0–6 वर्ष) | पिछले दशक की तुलना में अंतर |
|---|---|---|---|---|
| 1901 | 972 | – | – | – |
| 1911 | 964 | –8 | – | – |
| 1921 | 955 | –9 | – | – |
| 1931 | 950 | –5 | – | – |
| 1941 | 945 | 5 | | |
| 1951 | 946 | –1 | | |
| 1961 | 941 | 5 | 976 | |
| 1971 | 930 | –11 | 964 | –12 |
| 1981 | 934 | –4 | 962 | –2 |
| 1991 | 927 | –7 | 945 | –17 |
| 2001 | 933 | –6 | 927 | –18 |
| 2011 | 943 | +10 | 919 | –8 |

टिप्पणी : स्त्री-पुरुष अनुपात को प्रति 1000 पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है

स्रोत : 2011 की जनगणना के आधार पर

11. **बाल स्त्री - पुरुष अनुपात** में गिरावट आने के अनेक कारण हैं -

- शैशवावस्था में बच्चियों की देखभाल की घोर उपेक्षा, जिससे उनकी मृत्यु दरें ऊंची हो जाती हैं।
- लिंग - विशेष के गर्भपात जिससे बच्चियों को पैदा ही होने नहीं दिया जाता।
- बालिका शिशुओं की हत्या (अथवा धाार्मिक या सांस्कृतिक अंधविश्वासों के कारण शैशवास्था में ही बच्चियों की हत्या)

12. क्षेत्रीय आधार पर भारत में नीचा बाल स्त्री–पुरुष अनुपात पाया जाता है।

- निम्नतम बाल स्त्री - पुरुष अनुपात भारत के सबसे अधिक समृद्ध क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र अमीर राज्य है क्योंकि यहां पर प्रति व्यक्ति आय बहुत ऊंची है, लेकिन इन्हीं राज्यों में बाल स्त्री - पुरुष अनुपात बहुत निम्न है।
- इसलिए चयनात्मक गर्भपात की समस्या गरीबी या अज्ञान अथवा संसाधनों के अभाव के कारण उत्पन्न नहीं हुई है। समृद्ध परिवार अपेक्षाकृत कम - अक्सर एक या दो बच्चे उत्पन्न करना चाहते हैं। इसलिये वे अपनी पसंद के अनुसार ही लड़का या लड़की पैदा करना चुनते हैं।

13. **जनघनत्व :** जनघनत्व से तात्पर्य प्रति वर्ग कि० मी० मे निवास करने वाले मनुष्यों की संख्या से लगाया जाता है। भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण जनघनत्व भी बढ़ रहा है।

14. **हकदारी की पूर्ति का अभाव :** अमर्त्य सेन एवं अनेक विद्वानो ने दर्शाया है कि अकाल अनाज के उत्पादन में गिरावट आने के कारण ही नहीं पड़े अपितु हकदारी की पूर्ति का अभाव या भोजन खरीदने या किसी तरह से प्राप्त करने की लोगों की अक्षमता के कारण भी अकाल पड़ते रहे है। इसलिए सरकार ने भूख और भुखमरी की समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (NREGA) नामक एक कानून बनाया है।

15. **साक्षरता :** साक्षरता शक्ति सम्पन्न होने का साधन है। साक्षरता अर्थव्यवस्था में सुधार, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता व कल्याण कार्यों में सहभागिता बढ़ाती है। केरल साक्षरता में आगे है वहीं बिहार राज्य काफी पीछे है। अनुसूचित जाति व जन–जातियों में साक्षरता दर और भी नीची है।

16. **महामारी (Epidemic) :** महामारियों को बड़े पैमाने पर चलाए गए टीकाकरण कार्यक्रमों द्वारा नियंत्रित किया गया। किन्तु मलेरिया, क्षय रोग और पेचिस व दस्त की बीमारियां आज भी लोगों के लिये जानलेवा बनी हुई हैं।

17. जन्म दर एक ऐसी सामाजिक – सांस्कृतिक प्रघटना है जिसमें परिवर्तन अपेक्षाकृत धीमी गति से आता है।

    कम प्रजनन दर वाले राज्य – केरल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश

    ज्यादा प्रजनन दर वाले राज्य – बिहार, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश

18. **ग्रामीण-नगरीय विभिन्नताएँ :** भारत को गाँवों का देश कहा जाता है। नगर ग्रामीणों के लिए आकर्षक स्थान बन रहे हैं। गाँव से लोग रोजगार की दृष्टि से नगरों की ओर पलायन कर रहे हैं।

    रेड़ियो, टेलीविजन, समाचार पत्र जैसे जनसंपर्क एवं जनसंचार के साधन अब ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के समक्ष नगरीय जीवन शैली तथा उपभोग के स्वरूपों की तस्वीरें पेश कर रहे हैं। परिणाम स्वरूप दूरदराज के गांवों में रहने वाले लोग नगरीय तड़क-भड़क और सुख-सुविधाओं से सुपरिचित हो जाते हैं उनमें भी वैसा ही उपभोगपूर्ण जीवन जीने की लालसा उत्पन्न हो जाती है।

19. **भारत की जनसंख्या नीति :** (जनसंख्या नीति 1952) सर्वप्रथम 1952 में भारत, जनसंख्या नीति की स्पष्ट घोषणा करने वाला पहला देश बना।

20. **राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम:**

    - जनसंख्या वृद्धि की दर धीमा करना।
    - जनस्वास्थ्य के मानक स्तरों में सुधार करना।
    - लोगों में जागरूकता लाना।

    **राष्ट्रीय आपातकाल ( 1975-77 ):**

    - परिवार नियोजन कार्यक्रम को गहरा धक्का।
    - जबरदस्ती बांध्यकरण।
    - पुरुषों में नसबंदी, महिलाओं में नलिकाबंदी।

**21. आपातकाल के बाद राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रमः**

आपातकाल के बाद राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम का नाम बदलकर उसे राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम कहा जाने लगा और वंध्यकरण के लिए अपनाए जाने वाले दबावकारी तरीकों को छोड़ दिया गया। अब इस कार्यक्रम के व्यापक आधार वाले सामाजिक-जनसांख्यिकीय उद्देश्य हैं। राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 के अंतर्गत कुछ नए दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं। 2017 में भारत सरकार ने इन सभी लक्ष्यों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में नए लक्ष्यों के साथ निगमित कर लिया।

**22.** भारत की 15 वीं जनगणना 2011 के आँकड़े :-

- **स्त्री पुरुष अनुपात :** 943 : 1000
- **सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य :** उत्तर प्रदेश
- **न्यूनतम जनसंख्या वाला प्रदेश :** सिक्किम
- **अधिकतम मातृत्व मृत्यु दर वाला राज्य :** उत्तर प्रदेश
- **न्यूनतम मातृत्व मृत्यु दर वाला राज्य :** केरल
- **सर्वाधिक शिशु मृत्यु दर वाला राज्य :** मध्य प्रदेश
- **न्यूनतम शिशु मृत्यु दर वाला राज्य :** मणिपुर
- **साक्षरता :** पुरुष-80.9%, महिला-64.6%
- **सबसे बड़ा राज्य (क्षेत्रफल में) :** राजस्थान
- **सबसे छोटा राज्य (क्षेत्रफल में) :** गोवा

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

रिक्त स्थान भरोः-

1. जनसांख्यिकी का अध्ययन समाजशास्त्र के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। वस्तुतः समाजशास्त्र के उद्‌भव और एक अलग अकादमिक विषय के रूप में इसकी स्थापना का श्रेय बहुत कुछ जनसांख्यिकी को ही जाता है।

   जनसंख्या का सुव्यवस्थित अध्ययन है।

   a) सांख्यिकी

   b) जनसांख्यिकी

   c) समाजशास्त्र

   d) अकादमिक

उत्तर **b)** जनसांख्यिकी

2. इस दर का अर्थ है बच्चे पैदा कर सकने की आयु (जो आमतौर पर 15 से 49 वर्ष की मानी जाती है) वाली 1000 स्त्रियों की इकाई के पीछे जीवित जन्मे बच्चों की संख्या। इस दर को..........................कहा जाता है।

उत्तर **प्रजनन दर**

3. राष्ट्रीय आपातकाल की अवधि में परिवार नियोजन के कार्यक्रम को गहरा धक्का लगा।

   राष्ट्रीय आपातकाल की अवधि.................. थी।

उत्तर **1975 – 77**

**सही विकल्प चुनिए**

4. जनसंख्या वृद्धि का सिद्धांत किसके द्वारा गढ़ा गया था?

   a) माल्थस b) कार्ल मार्क्स c) मैक्स वेबर d) एम एन श्रीनिवास

उत्तर **a) माल्थस**

5. भारत में जनगणना.....................वर्ष में शुरू हुई थी।

   a) 2011 b) 1975 c) 1875 d) 1881

उत्तर **d) 1881**

बताएं कि दिया गया कथन सही है या गलत

6. एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों पर जीवित जन्में बच्चों की संख्या जन्म दर कहलाती है।

**उत्तर सही**

7. पराश्रितता अनुपात कार्यशील वर्ग के साथ आश्रित वर्ग का अनुपात है।

**उत्तर गलत**

दिए गए कथनों को ठीक करें -

8. राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम का नाम बदलकर राष्ट्रीय परिवार सहायता कार्यक्रम कर दिया गया।

**उत्तर** राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम का नाम बदलकर राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम कर दिया गया।

9. टीकाकरण और बेहतर स्वच्छता के कारण महामारियों को नियंत्रित नहीं किया गया है।

**उत्तर** टीकाकरण और बेहतर स्वच्छता के कारण महामारियों को नियंत्रित किया गया है।

10 जनसंख्या उस दर की तुलना में धीमी गति से बढ़ती है जिस दर पर मनुष्य के भरण-पोषण के साधन।

**उत्तर** जनसंख्या उस दर की तुलना में तेज गति से बढ़ती है जिस दर पर मनुष्य के भरण-पोषण के साधन।

11. भारत पहला देश है जिसने.........में अपनी जनसंख्या नीति की घोषणा की ?

A. 1950 B. 1951 C. 1952 D. 1953

**उत्तर- C. 1952**

12. जबरन नसबंदी कब और किसकी सरकार के काल में की गई ?

A. आपातकाल, काँग्रेस C. आपातकाल भाजपा

B. आपातकाल, जनता दल D. इनमे से कोई नही

**उत्तर- A. आपातकाल, काँग्रेस**

13. जनसांख्यिकी के अंतर्गत निम्नलिखित पहलू पर अध्ययन किया जाता है ?

A. जनसंख्या के आकार में परिवर्तन

B. जन्म, मृत्यु तथा प्रवास

C. स्त्री, पुरुष तथा अन्य आयु वर्ग के लोगो का अनुपात

D. उपरोक्त सभी

**उत्तर– D. उपरोक्त सभी**

14. जनसांख्यिकी के दो प्रकार कौन से है ?

A. आकारिक और नैतिक
B. आकारिक और सामाजिक
C. सामाजिक और सांस्कृतिक
D. आकरिक और सांस्कृतिक

**उत्तर– B आकारिक और सामाजिक**

15. भारत में जनगणना का प्रयास सबसे पहले किसने किया ?

A. मुगलों ने
C. दोनों ने
B. अंग्रेजों ने
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर– B** अंग्रेजों ने

16. जनसंख्या वृद्धि के तीन बुनियादी चरण किस सिद्धांत में बताए हुए है ?

A. जनसांख्यिकी संक्रमण का सिद्धांत में

B. माल्थस के सिद्धांत में

C. जनसंख्या विस्फोट सिद्धांत में

D. इनमे से कोई नहीं

**उत्तर– A. जनसांख्यिकी संक्रमण का सिद्धांत में**

17. भारत विश्व में................सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है ?

A. पहला B. दूसरा C. तीसरा D. चौथा

**उत्तर– B दूसरा**

18. भारत में सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य................है ?

A. केरल B. उत्तर प्रदेश C. मध्य प्रदेश D. इनमे से कोई नही

**उत्तर– B उत्तर प्रदेश**

19. भारत में सबसे अधिक क्षेत्रफल वाला राज्य ................ है ?

A. केरल B. उत्तर प्रदेश C. मध्य प्रदेश D. राजस्थान

**उत्तर– D राजस्थान**

20. भारत में सबसे कम क्षेत्रफल वाला राज्य..........है ?

A. गोवा B. उत्तर प्रदेश C. मध्य प्रदेश D. राजस्थान

**उत्तर– A गोवा**

21. अभिकथन (A) **:** जनसंख्या का बढ़ना ही गरीबी और कुपोषण का कारण है।

कारण (R) : जनसंख्या ज्यामितिय अनुपात से बढ़ती है और खाद्य सामग्री गणितीय अनुपात से बढ़ती है।

(a) दोनों A और R सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) दोनों A और R सत्य हैं लेकिन R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

**उत्तर– (d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।**

22. अभिकथन (A) **:** जब समाज तकनीकी रूप से उन्नत अवस्था में पहुँचता है तब जनसंख्या प्रतिस्थापन स्तर के करीब पहुँच जाती है।

कारण (R): कम जन्मदर व कम मृत्युदर के कारण वृद्धि दर भी कम हो जाती है।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

**उत्तर– (a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।**

23. माल्थस के अनुसार जनसंख्या वृद्धि के सिद्धांत की मुख्य बातें हैं?

I. जनसंख्या ज्यामितीय अनुपात से बढ़ती है जबकि कृषि उत्पादन गणितीय अनुपात में।

II. जनसंख्या अवरोध जैसे अकाल, भूकंप आदि जनसंख्या नियंत्रण के प्राकृतिक अवरोध हैं।

III. समृद्धि बढ़ाने के लिए जनसंख्या को नियंत्रित किया जाए।

IV. गरीबी एवं भुखमरी आर्थिक संसाधानों के असमान वितरण के कारण फैलती है।

(a) I, II & IV (b) II, III & IV (c) I, III & IV (d) I, II & III

**उत्तर : (d) I, II & III**

24. जनसांख्यिकी की संकल्पनाएं व संकेतक हैं?

I. एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों पर जीवित जन्मे बच्चों की संख्या जन्म दर कहलाती है।

II. परिवार नियोजन कार्यक्रम जनसंख्या नियोजन कार्यक्रम है।

III. प्रति हजार पुरुषों पर निश्चित अवधि के दौरान स्त्रियों की संख्या लिंग अनुपात कहलाती है।

IV. एक हजार शिशु जन्मों पर जन्म देकर मरने वाली महिलाओं की संख्या मातृ मृत्यु दर कहलाती है।

(a) I, II & IV (b) II, III & IV (c) I, III & IV (d) I, II & III

**उत्तर : (c) I, III & IV**

25. राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम की निम्न बातों को क्रम दीजिये।

I. जनसंख्या वृद्धि की दर धीमा करना

II. परिवार नियोजन कार्यक्रम को गहरा धक्का

III. जबरदस्ती बन्ध्यकरण

IV. लोगों में जागरूकता लाना

(a) I, II, III, IV (b) III, I, II, IV (c) IV, II, III, I (d) I, IV, II, III

**उत्तर : (a) I, II & IV**

26. निम्न वाक्यों को कालक्रम अनुसार व्यवस्थित कीजिये।

I. साक्षरता दर में स्वतंत्रता के बाद काफी सुधाार आया है।

II. साक्षारता जितनी अधिक होगी देश उतनी अधिक उन्नति करेगा।

III. औपनिवेशवाद में साक्षरता दर बहुत कम थी।

IV. हमारी जनसंख्या का लगभग दो तिहाई भाग अब साक्षर है।

(a) I, II, III, IV (b) III, I, II, IV (c) IV, II, III, I (d) I, IV, II, III

**उत्तर :** (d) I, IV, II, III

## 2 अंक के प्रश्न

1. जनसांख्यिकी किसे कहते हैं?

2. आकारिक जनसांख्यिकी व सामाजिक जनसांख्यिकी में अंतर बताइए।

3. शिशु मृत्यु दर क्या है?

4. पराश्रित अनुपात का बढ़ना, उन देशों को क्यों चिंतित कर रहा है जिसमें वृद्धों की संख्या बढ़ रही हैं?

5. गिरती हुई पराश्रित अनुपात आर्थिक वृद्धि व समृद्धि का कारक माना जा रहा है क्यों?

6. अकाल के क्या कारण हैं?

7. उस प्रदेश का नाम बताइए जिसमें अभी भी (TFR) संपूर्ण प्रजनन दर बहुत अधिक है।

8. जनसांख्यिकीय आंकड़ों का महत्व बताइए।

9. भारत जनसांख्यिकीय लाभांश से कैसे लाभान्वित होता है?

10. बच्चे के लिंग का निर्धारण करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक का नाम बताएं।

11. प्रतिस्थापन स्तर से क्या तात्पर्य है?

12. स्त्री पुरुष अनुपात से आप क्या समझते हैं?

## 4 अंक के प्रश्न

1. माल्थस के जनसंख्या के सिद्धांत की विवेचना कीजिए।

2. शिशु लिंग अनुपात गिरने के कारण लिखिए।

3. कम शिशु लिंग अनुपात की क्षेत्रीय विभिन्नता का वर्णन करें।

4. जेंडर, क्षेत्रों और सामाजिक समूहों की साक्षरता में बहुत अंतर होता है। समझाइए।

5. दिए गए गद्यांश को पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें

शिक्षित होने के लिए साक्षर होना जरूरी है और साक्षरता शक्ति सम्पन्न होने का महत्वपूर्ण साधन हैं। जनसंख्या जितनी अधिक साक्षर होगी आजीविका के विकल्पों के बारे में उसमें उतनी ही अधिक जागरुकता उत्पन्न होगी और लोग ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में उतना ही अधिक भाग ले सकेंगे। इसके अलावा साक्षरता से स्वास्थ्य के प्रति भी जागरुकता आती है और समुदाय के सदस्यों की सांस्कृतिक और आर्थिक कल्याण - कार्यों में सहभागिता बढ़ती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद साक्षरता के स्तरों में काफी सुधार आया है एवं हमारी जनसंख्या का दो तिहाई हिस्सा अब साक्षर है।

(i) साक्षरता...................................है।

(a) एक कला

(b) पढ़ने और लिखने की क्षमता

(c) एक संस्कृति

(d) समुदाय

(ii) ......................शिक्षा के लिए जरूरी है और शक्ति सम्पन्न होने का महत्वपूर्ण साधन है।

(a) साक्षरता

(b) स्कूल

(c) अर्थव्यवस्था

(d) समुदाय

(iii) हमारी जनसंख्या का लगभग .......हिस्सा अब साक्षर है ।

(a) एक तिहाई

(b) तीन तिहाई

(c) चार तिहाई

(d) दो तिहाई

(iv) स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद साक्षरता के स्तरों में ................ सुधार आया है

(a) अत्यधिक

(b) काफ़ी

(c) कम

(d) मोटे तौर पर ।

उत्तर (i) (b) पढ़ने और लिखने की क्षमता

(ii) (a) साक्षरता

(iii) (d) दो तिहाई

(iv) (b) काफ़ी

6. अकाल भी बढ़ती हुई मृत्यु दर के एक प्रमुख एवं पुनरावर्तक स्त्रोत थे। एक जमाना था जब अकाल व्यापक रूप से बार – बार पड़ते थे। उन दिनों अकाल पड़ने के कई कारण होते थे जिनमें से एक यह था कि जिन इलाकों में खेती वर्षा पर निर्भर रहती थी वहाँ वर्षा की कमी के कारण खेती की उपज कम होती थी जिससे लोग घोर गरीबी और कुपोषण की हालत में जीवन बिताने को मजबूर हो जाते थे। इसके अलावा परिवहन और संचार के साधनों की समुचित व्यवस्था न होने के कारण और राज्य की ओर से इस दिशा में पर्याप्त प्रयत्न न किए जाने के कारण भी अकाल पड़ते थे। किन्तु, जैसाकि अमर्त्य सेन एवं अनेक विद्वानों ने दर्शाया है कि अकाल अनाज के उत्पादन में गिरावट आने के कारण ही नहीं पड़े बल्कि 'हकदारी की पूर्ति का अभाव' (failure of entitlements), अथवा भोजन खरीदने या और किसी तरह से प्राप्त करने की लोगों की अक्षमता के कारण भी अकाल पड़ते रहे हैं।

(a) विद्वानों जैसे ......................... और अन्य लोगों ने दिखाया है कि अकाल अनाज के उत्पादन में गिरावट आने के कारण ही नहीं पड़े।

(b) .......................भी बढ़ती हुई मृत्यु दर के एक प्रमुख एवं पुनरावर्तक स्त्रोत थे।

(c) ................., अथवा भोजन खरीदने या और किसी तरह से प्राप्त करने की लोगों की अक्षमता के कारण भी अकाल पड़ते रहे हैं।

(d) .............................और संचार के साधनों की समुचित व्यवस्था न होने के कारण और राज्य की ओर से इस दिशा में पर्याप्त प्रयत्न न किए जाने के कारण भी अकाल पड़ते थे।

**उत्तर** (a) अमर्त्य सेन

(b) अकाल

(c) हकदारी की पूर्ति का अभाव

(d) परिवहन

7 सारणी का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ?

| सारणी 2 : भारत की जनसंख्या की आयु संरचना, 1961-2026 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **आयु वर्ग** | | | **जोड़** |
| | **0-14 वर्ष** | **15-59 वर्ष** | **60 वर्ष से अधिक** | |
| 1961 | 41 | 53 | 6 | 100 |
| 1971 | 42 | 53 | 5 | 100 |
| 1981 | 40 | 54 | 6 | 100 |
| 1991 | 38 | 56 | 7 | 100 |
| 2001 | 34 | 59 | 7 | 100 |
| 2011 | 29 | 63 | 8 | 100 |
| 2026 | 23 | 64 | 12 | 100 |

**टिप्पणी:** आयु वर्ग के खानों में उनके हिस्सों का प्रतिशत दिया गया है, हो सकता है कि कहीं पूर्णाकन के कारण इन प्रतिशतांशों का जोड़ 100 न हो।

**स्रोत :** राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग के जनसंख्या प्रक्षेप विषयक तकनीकी समूह के आँकड़ों (1996 और 2006) पर आधारित

1996 की रिपोर्ट के वेबपृष्ठ http://populationcommission.nic.in/factsl.htm

1. भारत की जनसंख्या जवान होने का क्या अर्थ है ?
2. देश की संपूर्ण जनसंख्या में 15 वर्ष से कम आयु वाले वर्ग का हिस्सा 1971 में कितना प्रतिशत था ?
3. 2011 में 15 - 59 आयु वर्ग में कितने प्रतिशत जनसंख्या थी ?
4. वर्ष 2026 में 0-14 आयु वर्ग का हिस्सा 2011 की तुलना में कितना प्रतिशत घट जाने का अनुमान है?

**उत्तर** 1. भारत की जनसंख्या का जवान होने का अर्थ है - अधिकांश भारतीय युवावस्था में है। 1 अंक

2. देश की संपूर्ण जनसंख्या में 15 वर्ष से कम आयु वाले वर्ग का हिस्सा 1971 में 42 प्रतिशत था । 1 अंक

3. 2011 में 15 - 59 आयु वर्ग में 63 प्रतिशत जनसंख्या थी । 1 अंक

4. वर्ष 2026 में 0-14 आय वर्ग का हिस्सा 2011 की तुलना में 6 प्रतिशत घट जाने का अनुमान है। 1 अंक

## 6 अंक के प्रश्न

1. जनसांख्यिकी संक्रमण के सिद्धांत का वर्णन करें।
2. ग्रामीणों के लिए नगर क्यों आकर्षण के केन्द्र बन रहे हैं।
3. भारतीय जनसांख्यिकी उपलब्धियाँ बताएँ।
4. परिवार नियोजन कार्यक्रम की कामयाबी व भविष्य के बारे में लिखें।
5. राष्ट्रीय समाज जनसांख्यिकी के उद्देश्य-2010 के बारे में बताएं (6 वाक्य)
6. भारत के कौन से राज्य प्रतिस्थापन दर पर पहुँच चुके हैं या उसके नजदीक हैं? कौन सा राज्य प्रजनन दर में सबसे ऊँचा है? आपके विचार से इस विभिन्नता के क्या कारण हैं?
7. जनसांख्यिकी संरचना से आप क्या समझते हैं? यह आर्थिक उन्नति व संवृद्धि के लिए किस प्रकार सहायक हैं?
8. लिंग अनुपात क्या है? घटते हुए लिंग अनुपात के क्या प्रभाव होते हैं, क्या आप समझते हैं कि माता-पिता पुत्री की अपेक्षा पुत्र को पसन्द करते हैं? इसके लिए किन कारणों को जिम्मेदार मानते हैं?
9. परिवार नियोजन कार्यक्रम के आपात काल के समय (1975-76) नाकाम होने के क्या कारण थे? वर्णन कीजिए।
10. भारत की जनसंख्या की आयु संरचना पर चर्चा करें
11. दिए गए गद्यांश को पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें

    कभी - कभी लोग शहरी जीवन को कुछ सामाजिक कारणों से भी पसंद करते हैं जैसे कि शहरों में गुमनामी की जिंदगी जी जा सकती है। इसके अलावा , यह तथ्य कि नगरीय जीवन में अपरिचितों से संपर्क होता रहता है कुछ भिन्न कारणों से लाभकारी साबित हो सकता है। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों जैसे सामाजिक रूप से पीड़ित समूहों को शहरी रहन - सहन कुछ हद तक रोज़मर्रा की उस अपमानजनक स्थिति से बचाता है जो गाँवों में भुगतनी पड़ती है जहाँ हर कोई उनकी जाति से उन्हें पहचानता है। शहरी जीवन की गुमनामी के कारण सामाजिक दृष्टि से प्रभुत्वशाली ग्रामीण समूहों के अपेक्षाकृत गरीब लोग शहर में जाकर कोई भी नीचा समझा जाने वाले काम करने से नहीं हिचकिचाते जिसे वे गाँव में रहते हुए बदनामी के डर से नहीं कर सकते थे। इन सभी कारणों से शहर ग्रामीणों के

लिए आकर्षक गंतव्य बन गए हैं। दिन - पर - दिन बढ़ते जा रहे शहर जनसंख्या के इस प्रवाह के प्रमाण हैं। स्वातंर्त्योतर काल में नगरीकरण की तेज़ रफ्तार से भी इस तथ्य की पुष्टि होती है।

1. गुमनामी से आप क्या समझते हो? (2)

2. लोग शहरी जीवन को क्यों पसंद करते हैं? (4)

12 'स्त्री-पुरुष अनुपात' का क्या अर्थ है ? एक गिरते हुए स्त्री-पुरुष अनुपात के क्या निहितार्थ हैं? क्या आप यह महसूस करते हैं कि माता-पिता आज भी बेटियों के बजाय बेटों को अधिक पसंद करते हैं ? आपकी राय में इस पसंद के क्या-क्या कारण हो सकते हैं ?

उत्तर **स्त्री -पुरुष अनुपात का अर्थ** - 1 अंक

स्त्री-पुरुष अनुपात का अर्थ है कि किसी क्षेत्र विशेष में एक निश्चित अवधि के दौरान प्रति 1000 पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या कम है।

**एक गिरते हुए स्त्री-पुरुष अनुपात के निम्नलिखित निहितार्थ हैं** 2 अंक

(i) पुरुषों को स्त्रियों की तुलना में अधिक महत्त्व प्रदान किया जाना ।

(ii) बेटे को अधिमान्यता अर्थात अधिक पसंद के कारण बालिका शिशुओं की उपेक्षा किया जाना ।

(iii) लिंग-विशेष के गर्भपात के कारण बच्चियों को पैदा ही नहीं होने दिया जाता।

(iv) बालिका शिशुओं की हत्या तथा आधुनिक तथा चिकित्सा की सहायता से गर्भावस्था की प्रारंभिक स्थितियों में गर्भस्थ शिशु के लिंग के बारे में पता लगाया जा सकता है।

**माता-पिता का बेटे-बेटियों के प्रति दृष्टिकोण** 2 अक

(i) माता-पिता का बेटियों के बजाय बेटों को अधिक महत्त्व दिया जाता है।

(ii) सामाजिक चिंतन तथा झुकाव अभी भी बेटों की तरफ है।

**बेटों के लिए पसंद के कारण** - 1 अक

(i) बेटों के लिए सामाजिक पूर्वाग्रह

(ii) धार्मिक कारण

(iii) वंश को आगे बढ़ाने में बेटों की भूमिका

नोट : छात्र उत्तर लिखते समय इन या इन जैसे बिंदुओं को विस्तार से लिखे

13.

| वर्ष | जनसंख्या (दस लाख में) | | कुल जनसंख्या का प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | नगरीय | ग्रामीण | नगरीय |
| 1901 | 213 | 26 | 89.2 | 10.8 |
| 1911 | 226 | 26 | 89.7 | 10.3 |
| 1921 | 223 | 28 | 88.8 | 11.2 |
| 1931 | 246 | 33 | 88.0 | 12.0 |
| 1941 | 275 | 44 | 86.1 | 13.9 |
| 1951 | 299 | 62 | 82.7 | 17.3 |
| 1961 | 360 | 79 | 82.0 | 18.0 |
| 1971 | 439 | 109 | 80.1 | 19.9 |
| 1981 | 524 | 159 | 76.7 | 23.3 |
| 1991 | 629 | 218 | 74.3 | 25.7 |
| 2001 | 743 | 286 | 72.2 | 27.8 |
| 2011 | 833 | 377 | 68.8 | 31.2 |

स्रोत:- https://ayush.gov.in

उपरोक्त डाटा पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(a) 2011 की जनगणना के अनुसार क्या पिछले दस वर्षों में जनसंख्या ने गाँवों से शहरों की ओर पलायन किया?

(b) गाँवों से नगरों की ओर पलायन के क्या कारण हो सकते हैं?

(c) 1951 से 2011 तक किस दशक में गाँवों से नगरों की ओर सबसे अधिक पलायन हुआ?

(d) स्वतंत्रता के समय कितनी प्रतिशत जनसंख्या नगरों में बस चुकी थी?

## अध्याय - 3

# सामाजिक संस्थाएँ : निरंतरता एवं परिवर्तन

### मुख्य बिन्दु

1. जनसंख्या सिर्फ अलग-अलग असंबंधित व्यक्तियों का जमघट नहीं है। परन्तु यह विभिन्न प्रकार के आपस में संबंधित वर्गों व समुदाय से बना समाज है।
2. भारतीय समाज की तीन प्रमुख संस्थाएँ - जाति, जनजाति, परिवार।
3. जाति भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाने वाली एक सामाजिक संस्था है जो भारत में हजारों सालों से प्रचलित है। हालांकि जाति हिंदू समाज की एक संस्थात्मक विशेषता है परंतु यह भारतीय उपमहाद्वीप में पाए जाने वाले धार्मिक समुदायों में भी पाई जाती है, खासकर मुसलमानों, ईसाइयों और सिखों में।

- वर्ण का अर्थ 'रंग' होता है। भारतीय समाज में चार वर्ण माने गए हैं - ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र जाति को क्षेत्रीय या स्थानीय उपवर्गीकरण के रूप में समझा जा सकता है। जाति एक व्यापक शब्द है जो किसी वंश किस्म को संबोधित करने के लिए किया जाता है। इसमें पेड़-पौधे, जीव-जन्तु तथा मनुष्य भी शामिल हैं।
- वर्ण और जाति में अन्तर
    1. शाब्दिक अर्थो में अन्तर
    2. वर्ण कर्म प्रधान है और जाति जन्म प्रधान है।
    3. वर्ण व्यवस्था लचीली है और जाति व्यवस्था कठोर है।
    4. वर्णो की संख्या 4 है जबकि जातियों की संख्या हजारों में है। (लगभग 3000 जातियां)
- वैदिक काल में जाति व्यवस्था बहुत विस्तृत तथा कठोर नहीं थी।
- लेकिन वैदिक काल के बाद यह व्यवस्था बहुत कठोर हो गई। जाति जन्म से निर्धारित होने लगी। विवाह, खान-पान आदि के कठोर नियम बन गए। व्यवसाय को जाति से जोड़ दिया गया जो वंशानुगत थे, इसे एक सीढ़ीनुमा व्यवस्था बना दिया, जो ऊपर से नीचे जाती है।

- जाति:
  अंग्रेजी शब्द 'कास्ट' की उत्पत्ति पुर्तगाली शब्द 'कास्टा' से हुई है जिसका अर्थ होता है 'विशुद्ध नस्ल'।

- जाति की सामान्य विशेषताएं:–

  1. जन्म से निर्धारण
  2. विवाह सम्बंधी कठोर नियम : जाति अपने सदस्यों पर विवाह सम्बंधी कठोर नियम लागू करती है। जाति समूह सजातीय होते हैं अर्थात वह अपनी जाति समूह में ही हो सकते हैं।
  3. जाति अपने सदस्यों पर खान–पान सम्बंधी नियम लागू करती है। किस प्रकार का खाना खा सकते हैं और किस प्रकार का नहीं। किसके साथ खाना बांटकर खाया जा सकता है और किसके साथ नहीं, यह सब जाति संस्था द्वारा निर्धारित होता है।
  4. जाति एक खंडात्मक संगठन है अर्थात जातियों में भी उपजातियां पाई जाती हैं।
  5. जाति अधिक्रम पर आधारित व्यवस्था है। जाति व्यवस्था में प्रत्येक जाति को एक निर्धारित स्थान प्राप्त होता है।
  6. जाति व्यवस्था में व्यवसाय वंशानुगत होते हैं अर्थात इसमें व्यवसाय चयन पर रोक है।

- जाति व्यवस्था को सिद्धांतों के दो समुच्चयों के मिश्रण के रूप में समझा जा सकता है।

  1. भिन्नता व अलगाववाद     2. सम्पूर्णता व अधिक्रम

  (i) प्रत्येक जाति अन्य जाति से भिन्न है। इन नियमों में शादी, खान–पान एवं सामाजिक अन्त:क्रिया से लेकर व्यवसाय तक के नियम शामिल हैं।

  (ii) पृथक जातियों का कोई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है और सभी जातियां मिलकर ही समाज को संपूर्णता प्रदान करती हैं।

- श्रेणी अधिक्रम में जातियों का आधार– 'शुद्धता' और 'अशुद्धता' होता है। वे जातियाँ शुद्ध या पवित्र मानी जाती है जो कर्मकाण्डों और धार्मिक कृत्यों में संलग्न रहती हैं। इसके विपरीत असंस्कारित जातियाँ अशुद्ध या अपवित्र मानी जाती हैं।

4. **उपनिवेशवाद तथा जाति व्यवस्था :** वर्तमान काल में जाति पर औपनिवेशिक काल और स्वतंत्रता के बाद भी बहुत परिवर्तन दिखाई पड़ते हैं जिन्होंने जाति व्यवस्था के रूप में एक मजबूत आधार प्रदान किया। अंग्रेजों ने देश पर कुशलतापूर्वक शासन करने के लिए जाति की जटिलताओं को समझने के लिए कई महत्वपूर्ण

   कदम उठाए जिसमें से सबसे महत्वपूर्ण कदम जनगणना के रूप में उठाया गया। जनगणना को 1860 के दशक में प्रारंभ किया गया परंतु 1881 में पहली नियमित जनगणना की गई और इसके बाद नियमित रूप से प्रत्येक 10 वर्ष पश्चात जनगणना कराई जाने लगी। 1901 में हरबर्ट रिजले के निर्देशन में कराई गई जनगणना में जातियों और उसके सामाजिक अधिक्रम के बारे में जानकारी एकत्रित की गई।

   भूराजस्व व्यवस्था व उच्च जातियों को वैध मान्यता दी गई।

   भारत सरकार का अधिनियम – 1935, में अनुसूचित जाति व जनजाति को कानूनी मान्यता दी गई। इसमें उन जातियों को शामिल किया गया जो औपनिवेशिक काल में सबसे निम्न थी। इनके कल्याण की योजनाएँ बनीं।

5. **जाति का समकालीन रूप :** आजाद भारत में राष्ट्रवादी आन्दोलन हुए, जिनमें दलितों को संगठित किया गया। ज्योतिबा फूले, पेरियार, बाबा साहब अम्बेडकर इन आन्दोलनों के अग्रणी थे।

- राज्य के कानून जाति प्रथा के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध थे। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाए गए जैसे अनुसूचित जाति तथा जनजाति को आरक्षण, आधुनिक उद्योगों में जाति प्रथा नहीं है, शहरीकरण द्वारा जाति प्रथा कमजोर हुई है।

- सांस्कृतिक व घरेलू क्षेत्रों में जाति सुदृढ़ सिद्ध हुई। अंतर्विवाह, आधुनिकीकरण व परिवर्तन से भी अप्रभावित रही पर कुछ लचीली हो गई।

6. **संस्कृतिकरण :** ऐसी प्रक्रिया जिसके द्वारा (आमतौर पर मध्यम/निम्न) निम्न जाति के सदस्य उच्च जाति की धार्मिक क्रियाएँ, घरेलू या सामाजिक परिपाटियों को अपनाते हैं, संस्कृतिकरण कहलाती है। एम.एन. श्री निवास ने संस्कृतिकरण व प्रबल जाति की संकल्पना बनाई।

   **प्रबल जाति :** वह जाति जिसकी संख्या बड़ी होती है, भूमि के अधिकार होते हैं तथा राजनैतिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से प्रबल होते हैं, प्रबल जाति कहलाती है। बिहार और उत्तर प्रदेश के यादव, कर्नाटक के वोक्कलिंग, आंध्रप्रदेश के रेड्डी और खम्मा लोग, महाराष्ट्र के मराठे, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट और गुजरात के पाटीदार ये प्रबल जातियों के उदाहरण हैं।

7. समकालीन दौर में जाति व्यवस्था उच्च जातियों, नगरीय मध्यम व उच्च वर्गों के लिए अदृश्य होती जा रही है।

- आज विशेषकर शहरों में विभिन्न जातियों के लोग अच्छी व तकनीकी शिक्षा–योग्यता पाकर एक विशेष वर्ग में परिवर्तित हो गए है। वे अभिजात वर्ग कहलाते है। राजनीति और उद्योग व्यापार में भी इन जातियों का वर्चस्व बढ़ने लगा है। इस प्रकार हम कह सकते है कि अभिजात वर्ग के सदस्यों की मूल जाति अदृश्य हो गई है।

  दूसरी ओर अनुसूचित जातियाँ, जनजातियाँ और पिछडी जातियाँ सरकारी नीतियों के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त कर उच्च स्तर की नौकरियों में और उच्च शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश पा रही है। इस प्रकार हम कह सकते है कि आरक्षण का लाभ पाने के कारण जाति अदृश्य हो जाती है।

8. **जनजातीय समुदाय :** जनजातियाँ ऐसे समुदाय थे जो किसी लिखित धर्मग्रन्थ के अनुसार किसी धर्म का पालन नहीं करते थे; उनमें जाति जैसी कोई व्यवस्था नहीं थी; न ही वे हिन्दू थे और न ही किसान।

- **जाति और जनजाति में अन्तर**

| जाति | जनजाति |
|---|---|
| 1. शुद्धता और अशुद्धता की धारणा पर आधारित है। | 1. नातेदारी पर आधारित सामाजिक संगठन है। |
| 2. धर्म में विश्वास, लिखित धर्म ग्रंथ मिलते हैं। | 2. जनजाति का कोई धार्मिक ग्रंथ नहीं है। |
| 3. जाति एक अधिक्रमित संगठन है। | 3. जनजाति समतावादी संगठन है। |

- **जनजातीय समाजों का वर्गीकरण :**

1. **स्थायी लक्षण :** इसमें क्षेत्र, भाषा, शारीरिक गठन सम्मिलित हैं।
2. **अर्जित लक्षण :** जनजातियों में जीवन यापन के साधन तथा हिन्दू समाज की मुख्य धारा से जुड़ना है।

**जनजातियाँ वनों में पृथक रहने वाले आदिम समुदाय नहीं**

कुछ विद्वानों ने जनजातियों को ऐसी द्वितीयक परिघटना माना जो शोषणात्मक और उपनिवेशवादी संपर्क के कारण अस्तित्व में आई। आदिवासी सदा ही इतने पीड़ित समूह नहीं थे कि जितने वह आज हैं। मध्य भारत में अनेक गोंड राज्य रहे हैं जैसे, गढ़ मांडला अथवा चांदा। आदिवासी लोग अक्सर अपनी आक्रामक क्षमता और स्थानीय सैन्य दलों में अपनी सेवाओं के माध्यम से मैदानी इलाकों पर अपने प्रभुत्व का प्रयोग करते रहे हैं। कुछ आदिवासी समुदाय व्यापार भी करते थे। जिनके अंतर्गत वे वन्य उत्पाद, नमक और हाथी बेचा करते थे। पूंजीवादी अर्थव्यवस्था ने जनजातीय समाजों को मुख्यधारा वाले समाज के संपर्क में ला दिया। जनजातीय समूह नए संपर्क में आए अन्य लोगों से अपने आपकों अलग दर्शाने के लिए स्वयं को जनजाति के रूप में परिभाषित करने लगते हैं।

# जनजातियों का वर्गीकरण

## स्थायी लक्षण

**भाषा**

1) भारतीय आर्य परिवार
2) द्रविड़ परिवार
3) आस्ट्रिक
4) तिब्बती बर्मी

**शारीरिक प्रजातीय आधार पर**

1) नीग्रिटो
2) आर्स्ट्रेलॉइड
3) मंगोलॉइड
4) द्रविड़
5) आर्य

**क्षेत्र**

1) 85% मध्य भारत में निवास करते हैं
2) 11% उत्तर-पूर्वी राज्यों में निवास करते हैं।
3) 4% जनजातियां शेष भारत में पाई जाती हैं।

**आकार के आधार पर जनसंख्या**

**बड़ी जनसंख्या वाली जनजातियॉ**

1) गोंड
2) भील
3) संथाल
4) ओरांव
5) मीना
6) बोडो
7) मुंडा

**सबसे छोटी जनसंख्या वाली जनजाति**

1) अण्डमानी जनजाति जारवा

## अर्जित लक्षण

**आजीविका के साधन**

1) मछुआरे
2) खाद्य संग्राहक
3) आखेटक (शिकारी)
3) झूम खेती करने वाले
4) कृषक
5) बागान तथा औद्योगिक कामगार

**हिन्दू समाज में समावेश**

**मुख्यधारा के समुदायों का जनजातियों के प्रति दृष्टिकोण**

- जनजातियों को राजनीतिक तथा आर्थिक मोर्चे पर साहूकारों तथा महाजनों के दमनकारी कुचक्रों को सहना पड़ा। 1940 के दशक के दौरान पृथक्करण बनाम एकीकरण विषय पर बहस चली तो यह तस्वीरें सामने आई।

**पृथक्करण :** कुछ विद्वानों का मानना था कि जनजातियों की गैर जनजातीय समुदाय से रक्षा की जानी चाहिए। क्योंकि ये सभी लोग जनजातियों का अलग अस्तित्व मिटाकर उन्हें भूमिहीन श्रमिक बनाना चाहते हैं।

**एकीकरण :** कुछ विद्वानों का मत था कि जनजातियों के विकास पर ध्यान देना चाहिए।

**राष्ट्रीय विकास बनाम जनजातीय विकास**

- बड़ी-बड़ी परियोजनाओं के परिणाम स्वरूप जनजातीय समुदाय बुरी तरह प्रभावित हुए। बड़े-बड़े बांध बनाए गए, कारखाने स्थापित किए गए और खानों की खुदाई शुरु की गई। इस प्रकार के विकास से जनजातियों की हानि की कीमत पर मुख्यधारा के लोग लाभान्वित हुए। अधिकांश जनजातीय समुदाय वनों पर आश्रित थे, इसलिए वन छिन जाने से उन्हें भारी धक्का लगा। जनजातीय संस्कृति विलुप्त हो रही है। विकास की आड़ में बड़े पैमाने पर उन्हें उजाड़ा गया है।
- दो प्रकार के मुद्दों ने जनजातीय आन्दोलन को तूल देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है- आर्थिक संसाधनों पर नियंत्रण तथा नृजातीय सांस्कृतिक पहचान ये दोनों साथ-साथ चल सकते हैं, परन्तु जनजातीय समाज में विभिन्नताएँ होने से ये अलग भी हो सकते हैं।
- एक लंबे संघर्ष के बाद झारखंड और छत्तीसगढ़ को अलग-अलग राज्य का दर्जा मिल गया है। सरकार द्वारा उठाए गए कठोर कदम और फिर उनसे भड़के विद्रोहों ने पूर्वोत्तर राज्यों की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और समाज को भारी हानि पहुँचाई है। एक अन्य महत्वपूर्ण विकास जनजातीय समुदायों में शनैः-शनैः एक शिक्षित मध्य वर्ग का उद्भव है।

9. **परिवार :** सदस्यों का वह समूह जो रक्त, विवाह या गौत्र संबंधों पर नातेदारों से जुड़ा होता है।

(क) मूल या एकाकी परिवार (माता पिता और उनके बच्चे।)

(ख) विस्तृत या संयुक्त परिवार (दो या अधिक पीढ़ियों के लोग एक साथ रहते हैं।)

- **निवास स्थान के आधार पर**

(अ) पितृस्थानीय परिवार : नवविवाहित जोड़ा वर के माता-पिता के साथ रहता है।

(ब) मातृस्थानीय परिवार : नवविवाहित जोड़ा वधु के माता-पिता के साथ रहता है।

(स) नवस्थानीय परिवार : नवविवाहित जोड़ा अलग रहता है तथा दोनों में से किसी के भी माता, पिता के साथ नहीं रहता ।

उदाहरण : बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम करने वाले जोड़े

- **वंश के आधार पर**

(अ) पितृवंशीय परिवार : जायदाद/वंश पिता से पुत्र को मिलता है।

(ब) मातृवंशीय परिवार : जायदाद/वंश माँ से बेटी को मिलता है।

- **सत्ता के आधार पर**

(अ) पितृसत्तात्मक परिवार : पुरुषों की सत्ता व प्रभुत्व होता है।

(ब) मातृसत्तात्मक परिवार : स्त्रियाँ समान प्रभुत्वकारी भूमिका निभाती है।

- सामाजिक संरचना में बदलावों के परिणामस्वरूप परिवारिक ढांचे में बदलाव होता है। उदाहरण के तौर पर, पहाड़ी क्षेत्रों के ग्रामीण अंचलो से रोजगार की तलाश में पुरुषों को शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन जिससे महिला प्रधान परिवारों की संख्या काफी बढ़ गई है।

  उद्योगों में नियुक्त युवा अभिभावकों का कार्यभार अत्याधिक बढ़ जाने से उन्हे अपने बच्चों की देखभाल के लिए अपने बूढ़े माता-पिता को अपने पास बुलाना पड़ता है। जिससे शहरों में बूढ़े माता-पिता की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। लोग व्यक्तिवादी हो गए है। युवा वर्ग अपने अभिभावकों की पसंद की बजाय अपनी पसंद से विवाह/जीवन साथी का चुनाव करते है।

- खासी जनजाति और मातृवंशीय संगठन खासी जनजाति मातृवंशानुक्रम संगठन का प्रतीक है। मातृवंशीय परम्परा के अनुसार खासी परिवार में विवाह के बाद पति अपनी पत्नी के घर रहता है।

  वंश परम्परा के अनुसार उत्तराधिकार भी पुत्र को प्राप्त न होकर पुत्री को ही प्राप्त होता है। खासी लोगों में माता का भाई (यानी मामा) माता की पुश्तैनी सम्पत्ति की देख रेख करता है। अर्थात सम्पत्ति पर नियन्त्रण का अधिकार माता के भाई

को दिया गया है। इस स्थिति में वह स्त्री उत्तराधिकार के रूप में मिली सम्पत्ति का अपने ढंग से उपयोग नहीं कर पाती है। इस प्रकार खासी जनजाति में मामा की अप्रत्यक्ष सत्ता संघर्ष को जन्म देती है। खासी पुरुषों को दोहरी भूमिका निभानी पड़ती है। एक ओर तो खासी पुरुष अपनी बहन की पुत्री की सम्पत्ति की रक्षा करता है और दूसरी ओर उस पर अपनी पत्नी तथा बच्चों के लालन पालन का भी उत्तरदायित्व होता है। दोनों पक्षों की स्त्रियाँ बुरी तरह प्रभावित होती है। मातृवंशीय व्यवस्था के बावजूद खासी समाज में शक्ति व सत्ता पुरुषों के ही आसपास घूमती है।

10. **नातेदारी :** नातेदारी व्यवस्था में समाज द्वारा मान्यता प्राप्त वे संबंध आते हैं जो अनुमानित और रक्त संबंधों पर आधारित हों - जैसे चाचा, मामा आदि।

**नातेदारी के प्रकार :**

(अ) विवाह मूलक नातेदारी : जैसे- साला-साली, सास-ससुर, देवर, भाभी आदि।

(ब) रक्तमूलक नातेदारी : जैसे- माता-पिता, भाई-बहन आदि।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. कथन सही करें:

(i) वर्ण और जाति में कोई अंतर नहीं है।

उ0- वर्ण और जाति में अंतर है।

(ii) पितृसत्तात्मक परिवार में महिलाओं की सत्ता व प्रभुत्व होता है।

उ0-मातृसत्तात्मक परिवार में महिलाओं की सत्ता व प्रभुत्व होता है।

(iii) एक लंबे संघर्ष के बाद झारखंड व छत्तीसगढ़ को अलग राज्यों का दर्जा **नहीं** मिल पाया।

उ0-एक लंबे संघर्ष के बाद झारखंड व छत्तीसगढ़ को अलग राज्यों का दर्जा मिल पाया।

2. संस्कृतिकरण और प्रबल जाति की अवधारणा किसके द्वारा की गई ?

(i) ज्योतिबा फुले (ii) पेरियार (iii) एम एन श्रीनिवास (iv) अयंकल्ली

उ0 : (iii) एम. एन. श्रीनिवास

3. जाति के कठोर नियम हैं

(i) विवाह (ii) खान–पान (iii) व्यवसाय (iv) उपरोक्त तीनों

उ0 : (iv) उपरोक्त तीनों

4. जाति...........से निर्धारित होती है।

उ0 : जन्म

5. प्रबल जाति के उदाहरण हैं

(i) जाट (ii) यादव (iii) पाटीदार (iv) उपरोक्त तीनों

उ0– (iv) उपरोक्त तीनों

6. महात्मा गांधी और...........दोनों ने ही 1920 के दशक से अस्पृश्यता के विरुद्ध अपने आंदोलन शुरू किये थे।

उ0–बाबा साहेब अंबेडकर

7. धार्मिक दृष्टि से जाति का अधिक्रम............और......... पर आधारित होता है।

उ0–शुद्धता और अशुद्धता

8. किसने कहा "जाति एक बंद वर्ग" है?

(i) श्रीनिवास (ii) घूर्ये (iii) मुखर्जी (iv) मजूमदार

उ0– (iv) मजूमदार

9. क्या यह कथन सत्य है या असत्य?

(i) जनजातीय जनसंख्या का लगभग 85% भाग उत्तर भारत में रहता है।

उ0–असत्य

(ii) जनजाति बहुल राज्य झारखंड को मध्य प्रदेश राज्य से अलग करके गठित किया गया है।

उ0–असत्य

(iii) विस्तृत परिवार को ही सामान्य तौर पर संयुक्त परिवार कहा जाता है।

उ0–सत्य

10. जाति भारतीय समाज की संस्था है ?

A- प्राचीन B- आधुनिक

Ans- A प्राचीन

11. समाज में चार श्रेणियों का विभाजन ''ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र'' क्या कहलाता है ?

A- जाति B- वर्ण

C- समुदाय D- संघ

Ans- B वर्ण

12. वर्ण विभाजन में कौन शामिल नहीं थे ?

A- जाति बहिष्कृत विदेशी B- दास

C- युद्धों में पराजित लोग D- उपरोक्त सभी

Ans- D उपरोक्त सभी

13. निम्न में से कौन सा वर्गीकरण क्षेत्रीय है ?

A- वर्ण के आधार पर वर्गीकरण

B- जाति के आधार पर वर्गीकरण

C- पंचम वर्ग का वर्गीकरण

D- उपरोक्त सभी

Ans- B जाति के आधार पर वर्गीकरण

14. निम्नलिखित में से जाति से संबंधित कौन सा कथन सत्य नही है ?

A- जाति, जन्म से निर्धारित होती है

B- जाति की सदस्यता के साथ विवाह संबंधी कठोर नियम शामिल होते हैं

C- जातियों में उप विभाजन भी होता है

D- जातियों को बदला जा सकता है

Ans- D जातियों को बदला जा सकता है

15. अयनकल्ली जो की एक दलित एवं निम्न जातियों के नेता थे इनका जन्म किस राज्य में हुआ था ?

A- केरल
B- तमिलनाडु

C- कर्नाटक
D- गुजरात

Ans- A केरल

16. सत्यशोधक समाज की स्थापना किसने की थी ?

A - अयंकल्ली ने
B - जोतिराव फुले ने

C - भीमराव अम्बेडकर ने
D - गांधी जी ने

Ans- B जोतिराव फुले ने

17. निम्न में से कौन देश में बालिकाओं के लिए बने पहले विद्यालय की पहली प्रधान अध्यापिका थी ?

A- ज्योतिबा राव फुले
B- सावित्री बाई फुले

C- कर्पूरी ठाकुर
D- सरोजिनी नायडू

Ans- B सावित्री बाई फुले

18. किस भारत सरकार अधिनियम के द्वारा अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति शब्द अस्तित्व में आए ?

A- भारत सरकार अधिनियम 1858
B- भारत सरकार अधिनियम 1919

C- भारत सरकार अधिनियम 1935
D- इनमें से कोई नही

Ans- C भारत सरकार अधिनियम 1935

19. अस्पृश्य या अछूत जातियों को किस वर्ग में रखा गया ?

A - अनुसूचित जाति
B- अनुसूचित जनजाति

C- अन्य पिछड़ा वर्ग
D- उपरोक्त सभी

Ans- A अनुसूचित जाति

20. सबके लिए एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर का नारा किसने दिया ?

A- श्री नारायण गुरु
B- ज्योतिराव फुले

C- ओमप्रकाश वाल्मीकि
D- इनमें से कोई नही

Ans- A श्री नारायण गुरु

21. अभिकथन (A) : प्रत्येक जाति की अपनी विशेषताएँ व रीति–रिवाज होते हैं जिनकी दूसरी जातियों के साथ तुलना नहीं की जा सकती।

कारण (R): जातियाँ एक दूसरे की पूरक समूह है न कि प्रतिस्पर्धात्मक समूह।

(a) दोनों A और R सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) दोनों A और R सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है और R असत्य है।

(d) A असत्य है और R सत्य है।

**उत्तर– (a) दोनों A और R सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।**

22. अभिकथन (A) : राष्ट्र का विकास जनजतियों की हानि की कीमत पर हुआ।

कारण (R) : मुख्याधारा के लोगों द्वारा इनके क्षेत्रों में प्रवसन से इनकी संस्कृति का विघटन हुआ।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

**उत्तर– (b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।**

23. निम्न में से जातीय व्यवस्था की विशेषताएं कौन–सी हैं?

I. जातीय व्यवस्था लचीली होती है।

II. जातीय व्यवस्था लचीली होती है।

III. जातीय व्यवस्था लचीली होती है।

(a) I, II, &IV (b) III, I, II, IV

(c) IV, II, III, I (d) I, IV, II, III

**उत्तर** – (d)

24. संयुक्त परिवार के एकाकी परिवार में परिवर्तित होने के निम्न कारण हैं?

I. रोजगार की तलाश में युवा दंपत्ति दूसरे शहरों में चले जाते हैं।

II. अच्छी और रोजगारपूर्वक शिक्षा के लिए अपने बच्चों को लेकर किसी दम्पति का नगरों की और पलायन कर जाना।

III. परिवारों में भेदभाव के कारण भाइयों का अलग हो जाना।

IV. परिवारों में आपसी प्रेम और सौहार्द होना

(a) I, II & IV (b) II, III & IV

(c) I, III & IV (d) I, II & III

उत्तर – **(c) I, III & IV**

25. निम्न वाक्यों को क्रम से व्यवस्थित कीजिये।

I. एक लम्बे संघर्ष के बाद झारखण्ड और छत्तीसगढ़ को अलग अलग राज्य का दर्जा मिल गया है।

II. बड़ी–बड़ी परियोजना के परिणामस्वरूप जनजातीय समूह बुरी तरह प्रभावित हुए।

III. जनजातियों ने वनों पर से अपने अधिकार छीन जाने से आंदालन की राह पकड़ी।

IV. अधिकतर खदान जनजातीय क्षेत्रों में ही पायी जाती हैं।

(a) I, II, III, IV (b) II, III, I, IV

(c) IV, II, III, I (d) I, II, IV, III

उत्तर – **(c) IV, II, III, I**

26. निम्न वाक्यों का कालक्रम अनुसार व्यवस्थित कीजिये।

I. वैदिक काल में जाति व्यवस्था बहुत विस्तृत तथा कठोर नहीं थी।

II. जाति एक खण्डात्मक संगठन है अर्थात जातियों में भी उपजातियां हैं।

III. प्रबल जाति की अवधारणा एम एन श्रीनिवास ने दी।

IV. उत्तर वैदिक काल में व्यवसाय को जाति से जोड़ दिया गया जो वंशानुगत थे।

(a) I, II, III, IV (b) II, III, IV

(c) IV, II, III, I (d) I, IV, II, III

उत्तर – **(d) I, IV, II, III**

## 2 अंक के प्रश्न

1. जाति क्या है?
2. प्रबल जाति क्या होती है?
3. वर्ण व जाति में क्या अन्तर है?
4. चार प्रबल जातियों के नाम लिखें।
5. जनजाति की परिभाषा बताईये।
6. पृथक्करण बनाम एकीकरण विषय पर वाद-विवाद का वर्णन करें।
7. उन दो कारणों को बताइये जो जनजाति के विकास में सहायक हैं।
8. एकल व संयुक्त परिवार में अन्तर बताइये।
9. नातेदारी की परिभाषा लिखें।

## 4 अंक के प्रश्न

1. जाति की विशेषताएँ बताइये।
2. जाति व जनजाति में क्या अन्तर है?
3. जनजातीय पहचान को प्रभावित करने वाले कारकों को लिखिए।
4. संस्कृतिकरण किसे कहते हैं? आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।
5. जाति व्यवस्था में पृथक्करण व अधिक्रम की क्या भूमिका है?
6. वे कौन से नियम है जिसका पालन करने के लिए जाति व्यवस्था बाध्य करती है?
7. भारत में जनजातियों का वर्गीकरण किस प्रकार किया गया है?
8. सामाजिक संरचना में होने वाले परिवर्तन पारिवारिक संरचना में किस प्रकार परिवर्तन ला सकते हैं? उदाहरण देकर वर्णन करें?
9. परिवार के विभिन्न प्रकार बताइये।
10. नीचे दिये गये अनुच्छेद को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

    दो प्रकार के मुद्दों ने जनजातीय आंदोलन को तूल देने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक प्रकार के मुद्दे वे हैं जो भूमि तथा विशेष रूप से वनों जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण आर्थिक संसाधनों पर नियंत्रण से संबंधित हैं और दूसरे प्रकार के मुद्दों का संबंध नृजातीय सांस्कृतिक पहचान मामलों से है। यह दो मुद्दे अक्सर साथ-साथ चल सकते हैं, परंतु जनजातीय समाज में विभिन्नताएं होने से ये अलग-अलग भी हो सकते हैं। जनजातीय समाजों में मध्यवर्गीय लोगों द्वारा अपनी जनजातीय पहचान का दावा किए जाने के कारण उन कारणों से भिन्न हो सकते हैं जिनके लिए गरीब और अशिक्षित जनजातीय लोग जनजातीय आंदोलनों में हिस्सा लेते हैं। जैसाकि किसी भी अन्य समुदाय के साथ होता है। इस प्रकार की आंतरिक गतिशीलताओं और बाह्य शक्तियों के बीच संबंध ही इनके भविष्य को रूप प्रदान करेंगे।

(i) जनजातीय समुदाय क्या है? उदाहरण सहित समझाइए।

(ii) जनजातीय समाज से संबंधित मुद्दों का विवरण दीजिए।

(iii) जनजातीय समाजों में..............लोगों द्वारा जनजातीय आंदोलन में भाग लेने के मुद्दे अन्य गरीब लोगों से अलग हैं।

(iv) नृजातीय सांस्कृतिक पहचान क्या है?

## 6 अंक के प्रश्न

1. जाति व्यवस्था के सिद्धान्तों का पूर्ण विवरण दें।
2. उपनिवेशवाद ने भारत में जाति व्यवस्था को किस प्रकार मजबूत किया?
3. राष्ट्रीय विकास बनाम जनजातीय विकास की विवेचना करें।
4. उन विशेषताओं का वर्णन करें जो जनजातीय समाज को वर्गीकृत करते हैं।
5. नीचे दिये गये अनुच्छेद को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

   समकालीन दौर में जाति व्यवस्था में हुए अत्यंत महत्वपूर्ण फिर भी विरोधाभासी परिवर्तनों में से एक परिवर्तन यह है कि अब जाति व्यवस्था उच्च जातियों, नगरीय मध्यम और उच्च वर्गों के लिये अदृश्य होती जा रही है। इन समूहों के लिये जो स्वतंत्रता के पश्चात विकास की नीतियों से सर्वाधिक लाभान्वित हुए हैं, जातीयता का महत्व कम हो गया प्रतीत होता है क्योंकि अब इसका कार्य भली-भांति संपन्न हो चुका है। इन समूह की जातीय प्रस्थिति यह सुनिश्चित करने के लिये निर्णायक रही है कि इन समूहों को तीव्र विकास द्वारा प्रदत्त अवसरों का पूरा-पूरा लाभ उठाने के लिये आवश्यक आर्थिक तथा शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध हों। इन समूहों के लिये सार्वजनिक जीवन में जाति की कोई भूमिका नहीं रही है, वह धार्मिक रीति रिवाज, विवाह अथवा नातेदारी के व्यक्तिगत क्षेत्र में ही सीमित है।

   (i) जाति समाज के किन किन वर्गों में अदृश्य होती जा रही है?

   (ii) जाति व्यवस्था में स्वतंत्रता के पश्चात क्या-क्या परिवर्तन आए हैं, विवेचना कीजिए।

# अध्याय - 5

# सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार के स्वरूप

## सामाजिक असमानता एवं बहिष्कार

**सामाजिक विषमता सामाजिक कैसे है**
- व्यक्ति नहीं समूह से सम्बंधित
- क्योंकि आर्थिक नहीं है
- व्यवस्थित एवं संरचनात्मक

- पूर्वाग्रह
- रूढ़धारणाएँ
- भेदभाव

**सामाजिक अपवर्जन या बहिष्कार**
- व्यक्ति या समूह को समाज में घुलने-मिलने से रोकना
- अनैच्छिक

**सामाजिक स्तरीकरण व विशेषताएँ**
- व्यक्तियों के बीच की विभिन्नता का प्रकार्य ही नही बल्कि समाज की एक विशेषता
- पीढ़ी-दर-पीढ़ी
- विश्वास या विचारधारा द्वारा समर्थन

**सामाजिक संसाधन के रुप**
- आर्थिक पूँजी
- सांस्कृतिक पूँजी
- सामाजिक पूँजी

**जाति एक भेदभावपूर्ण व्यवस्था**
- जाति संस्तरण में अपना एक विशेष स्थान
- आर्थिक व सामाजिक प्रस्थिति में काफी सन्निकटता का संबंध
- समाज में ऊँची आर्थिक परिस्थिति

**अस्पृश्यता के आयाम**
- अपवर्जन या बहिष्कार
- अनादर व अधीनता सूचक
- शोषण

**अन्य संगठनों द्वारा उठाए गए कदम**
- सामाजिक आन्दोलन
- ज्योतिबा फुले, पेरियार, इयोतीदास, डॉक्टर भीम राव अंबेडकर

**भेद भाव मिटाने के लिए राज्य द्वारा उठाए गर कदम**
1. आरक्षण का प्रावधान
2. विधानमंडलों में प्रतिनिधित्व
3. जाति निर्योग्यतायें समाप्ति अधिनियम 1850
4. अस्पृश्यता अपराध अधिनियम 1955
5. नागरिक अधिकार संरक्षण कानून 1976
6. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989
7. संविधान संशोधन (93वां संशोधन) अधिनियम 2005

**अन्य पिछड़ा वर्ग**
- सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़ी हुई जातियां
- जाति सोपान में नीचा स्थान प्राप्त लेकिन अस्पृश्यता नहीं
- काका कालेलकर कमीशन मंडल आयोग

**आदिवासी संघर्ष**

औपनिवेशिक शासन के दौरान आजादी के बाद मुद्दे
1. बाहरी लोगों द्वारा शोषण
2. विस्थापन
3. संस्कृति की सुरक्षा
4. वन सम्पदा के प्रयोग से प्रतिबन्ध

**अन्यथा सक्षम व्यक्तियों का संघर्ष**
- अन्यथा सक्षम व्यक्तियों की समस्याएं व्यक्तिगत ना होकर सामाजिक
- समाज द्वारा उन पर उचित ध्यान नहीं देना

**अनीता घई का योगदान**

भारतीय संदर्भ में निर्योग्यता एवं अन्यथा सक्षम व्यक्ति को अधिकार दिलाने में सक्रिय भूमिका

**अक्षमता एवं गरीबी का अटूट संबंध**

कुपोषण की समस्या, गर्भवती महिला की उचित देखभाल ना हो पाना, उचित टीकाकरण का अभाव, उचित स्वास्थ्य सुविधा का ना मिलना, समुचित शिक्षा का अभाव, रोजगार के अवसर को पाने की योग्यता का सही प्रशिक्षण नहीं होना

**स्त्रियों की समानता और अधिकारों के लिए संघर्ष**
1. पुरुषों एवं स्त्रियों में असमानताएँ सामाजिक
2. सार्वजनिक शक्ति संपन्न पदों पर स्त्रियों की संख्या कम
3. स्त्रियों को पारिवारिक संपत्ति का छोटा हिस्सा या बिल्कुल नहीं

प्रमुख समाज सुधारक : राजा राम मोहन रॉय, एम जी रानाडे, ज्योतिबा फूले, सर सय्यद अहमद खान, स्वामी दयानन्द सरस्वती

महिला समाज सुधारक: ताराबाई शिंदे, बेगम रोकेया सखावत हुसैन

**स्वतंत्रता के बाद महिलाओं की सामाजिक चुनौतियां**

घरेलू हिंसा, लैंगिक अनुपात की नई चुनौतियां, समानता के लिए संघर्ष, दहेज हत्या, गुणवत्ता परक शिक्षा की कमी

1. **सामाजिक विषमता (असमानता) :**

- सामाजिक विषमता व बहिष्कार हमारे दैनिक जीवन की वास्तविकता है एवं ये प्राकृतिक व व्यवहारिक है।
- प्रत्येक समाज में हर व्यक्ति की सामाजिक प्रस्थिति एक समान नहीं होती है। समाज में कुछ लोगों के पास तो धन, सम्पत्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, सत्ता और शक्ति जैसे साधनों की अधिकता होती है तो दूसरी ओर कुछ लोगों के पास इनका नितान्त अभाव रहता है तो कुछ लोगों की स्थिति बीच की होती है।
- सामाजिक विषमता व बहिष्कार सामाजिक इसलिए है–

  (1) ये व्यक्ति से नहीं समूह से सम्बन्धित है।

  (2) ये व्यवस्थित व संरचनात्मक हैं।

  (3) ये आर्थिक नहीं हैं।
- सामाजिक संसाधनों को तीन रूपों में विभाजित किया जा सकता है–

(अ) आर्थिक पूंजी : भौतिक संपत्ति एवं आय के रूप में।

(ब) सांस्कृतिक पूंजी : प्रतिष्ठा व शैक्षणिक योग्यता के रूप में।

(स) सामाजिक पूंजी : सामाजिक संगतियों व संपर्कों के जाल के रूप में।

- सामाजिक विषमता : सामाजिक संसाधनों तक असमान पहुँच की पद्धति सामाजिक विषमता कहलाती है।

2. **सामाजिक स्तरीकरण :**

- एक समाज के अंतर्गत पाए जाने वाले समूहों का ऊँच-नीच या छोटे-बड़े के आधार पर विभिन्न स्तरों पर बँट जाना ही सामाजिक स्तरीकरण कहलाता है।
- सामाजिक स्तरीकरण की तीन मुख्य सैद्धान्तिक विशेषताएँ :-

(क) सामाजिक स्तरीकरण व्यक्तियों के बीच की विभिन्नता का प्रकार्य नहीं बल्कि समाज की विशिष्टता है।

(ख) सामाजिक स्तरीकरण पीढ़ी दर पीढ़ी बना रहता है।

(ग) सामाजिक स्तरीकरण को विश्वास या विचारधारा द्वारा समर्थन मिलता है।

- **पूर्वाग्रह**

- एक समूह के सदस्यों द्वारा दूसरे समूह के बारे में पूर्वकल्पित विचार या विश्वास को पूर्वाग्रह कहते हैं।
- पूर्वाग्रह अपरिर्वतनीय, कठोर व रूढ़िवद्ध धारणाओं पर आधारित होते हैं।

- **रूढ़धारणाएँ:-**

- ऐसे लोक विश्वास, कोई भी अचल विचार या ऐसी भावना जो सामान्यत: शाब्दिक तथा संवेगयुक्त हो और समूह स्वीकृत हो, रूढ़धारणा कहलाती है।
- यह ज्यादातर महिलाओं, नृजातीय, प्रजातीय समूहों के बारे में प्रयोग की जाती है।

- भेदभाव:- किसी समूह के सदस्यों को उनके लिंग, जाति या धर्म के आधार पर अवसरों तथा सुविधाओं से वंचित रखा जाना भेदभाव कहलाता है।

**3. सामाजिक बहिष्कार:-**

- वह तौर तरीके जिनके जरिए किसी व्यक्ति या समूह को समाज में पूरी तरह घुलने मिलने से रोका जाता है या अलग रखा जाता है।
- सामाजिक बहिष्कार आकस्मिक नहीं होता, यह व्यवस्थित तथा अनैच्छिक होता है।
- लम्बे समय तक विषमता व बहिष्कार के कारण निष्कासित समाज में प्रतिशोध व घृणा की भावना पैदा हो जाती है, जिस कारण निष्कासित समाज अपने-आप को मुख्य धारा से जोड़ने की कोशिश नहीं करते। जैसे-दलित, जनजातीय समुदाय, महिलाएँ तथा अन्यथा सक्षम लोग।

**4. जाति व्यवस्था**

- जाति जन्म से ही निर्धारित होती है न कि उस मनुष्य की स्थिति से।
- जाति व्यवस्था व्यक्तियों को उनके व्यवसाय के आधार पर वर्गीकरण करती है।
- सामाजिक व आर्थिक प्रस्थिति जाति के अनुरूप होती है।
- यह एक भेदभावपूर्ण व्यवस्था है।
- जाति सामाजिक स्थिति को निर्धारित करती है।
- जाति के आधार पर स्तरीकरण भारतीय समाज का हिस्सा है।
- यह शुद्धता तथा अशुद्धता के आधार पर विभाजित व्यवस्था है।

5. **अस्पृश्यता**- आम बोलचाल में इसे छुआछूत कहा जाता है। धार्मिक एवं कर्मकांडीय दृष्टि से शुद्धता व अशुद्धता के पैमाने पर सबसे नीची माने जाने वाली जातियों के विरूद्ध अत्यन्त कठोर सामाजिक दंडों का विधान किया जाता है। इसे अस्पृश्यता कहते है।

- अस्पृश्यता शब्द का प्रयोग ऐसे लोगों के लिए किया गया है जिन्हे अपवित्र, गन्दा और अशुद्ध माना जाता था। ऐसे लोगों का कुओं, मन्दिरों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश निषेध था।
- गाँधी जी ने इन लोगों के लिए "हरिजन" शब्द का प्रयोग किया था किन्तु आजकल दलित शब्द का प्रयोग किया जाता है।
- दलित का शब्दिक अर्थ है- 'पैरों से कुचला हुआ।'
- भारतीय संविधान (1956) के अनुसार जाति अस्पृश्यता निषेध है।
- महात्मा गाँधी, डॉ अम्बेडकर और ज्योतिबा फूले ने अस्पृश्यता निवारण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया।
- अस्पृश्यता के आयाम-

(अ) **अपवर्जन या बहिष्कार :** पेयजल के सामान्य स्त्रोतों से पानी नहीं लेने दिया जाता। सामाजिक उत्सव, समारोहों में भाग नहीं ले सकते।

(ब) **अनादर एवं अधीनता :** उनसे दूरी बनाकर रखना, मैला उठवाना, झूठा खाना देना, उतरन पहनाना, मना करने पर दण्ड देना आदि।

(स) **शोषण :** उन्हें 'बेगार' करनी पड़ती है जिसके लिए उन्हें कोई पैसा नहीं दिया जाता या बहुत कम मज़दूरी दी जाती है।

- **दलित :** वह लोग जो जाति व्यवस्था में निचले पायदान पर हैं तथा शोषित हैं, दलित कहलाते हैं।

6. **जातियों व जनजातियों के प्रति भेदभाव मिटाने के लिए राज्य द्वारा उठाए गए कदमः-**

(1) अनुसूचित जाति व जनजातियों के लिए राज्य व केन्द्रीय विधान-मंडलों में आरक्षण।

(2) सरकारी नौकरी में आरक्षण

(3) अस्पृश्यता (अपराध) 1955

(4) 1850 का जातीय निर्योग्यता निवारण अधिनियम

(5) अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अस्पृश्यता उन्मूलन कानून-1989

(6) उच्च शैक्षिक संस्थानों के 93वें संशोधन के अंतर्गत अन्य पिछड़े वर्ग को आरक्षण देना।

(7) अनुच्छेद 17 संविधान : अस्पृश्यता का अंत व दंड का प्रावधान

- **गैर सरकारी प्रयास**

(1) स्वाधीनता पूर्व- ज्योतिबाफूले, पेरियार, सर सैयद अहमद खान, डॉ. अम्बेडकर, महात्मा गांधी, राजाराम मोहन राय आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

(2) उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी, कर्नाटक में दलित संघर्ष समिति

(3) विभिन्न भाषाओं के साहित्य में योगदान

- **समाज सुधार कार्यक्रम**

(1) सत्यशोधक समाज : ज्योतिबा फूले

(2) ब्रह्म समाज : राजा राममोहन राय

(3) आर्य समाज : दयानन्द सरस्वती

7. **अन्य पिछड़ा वर्ग**- सामाजिक, शैक्षिक रूप से पिछड़ी जातियों के वर्ग, को अन्य पिछड़ा वर्ग कहा जाता है इसमें सेवा करने वाली शिल्पी जातियों के लोग शामिल है।

- इन वर्गों की प्रमुख विशेषता संस्कृति, शिक्षा, और सामाजिक दृष्टि से इनका पिछड़ापन है। ये वर्ग न तो उच्च जाति में आते हैं न ही निम्न जाति में आते हैं।
- काका कालेलकर की अध्यक्षता में सबसे पहले " पिछड़े वर्ग आयोग" का गठन किया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट 1953 में सरकार को सौंप दी थी।
- 1979 में दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग (बी. पी. मंडल आयोग) गठित किया गया।
- आज अन्य पिछड़े वर्गों के बीच भारी विषमता देखने को मिलती है। एक ओर तो OBC का वह वर्ग है जो धनी किसान है तो दूसरी ओर गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा दूसरा वर्ग है जिन्हें आजकल क्रीमी लेयर (मलाईदार तबका) व नोन क्रीमी लेयर के नाम से जाना जाता है।

## 8. भारत में जनजातीय जीवनः-

- भारतीय संविधान के अनुसार निर्धनता, शक्ति हीनता व सामाजिक लांछन से पीड़ित सामाजिक समूह है। इन्हें जनजाति भी कहा जाता है।
  जनजातियों को प्राय- 'वनवासी' या 'आदिवासी' के नाम से भी जाना जाता है।
- आन्तरिक उपनिवेशवाद- आदिवासी समाज ने प्रगति के नाम पर आन्तरिक उपनिवेशवाद का सामना किया। भारत सरकार ने वनों का दोहन, खदान कारखाने, बांध बनाने के नाम पर उनकी जमीन का अधिग्रहण किया तथा उनका पलायन हुआ।
- आदिवासियों की समस्याओं से जुड़े प्रमुख मुद्देः-

(1) राष्ट्रीय वन नीति बनाम आदिवासी विस्थापन

(2) आदिवासी क्षेत्रों में सघन औद्योगीकरण की नीति

(3) आदिवासियों में सजातीय राजनीतिक जागरूकता के दर्शन।

## 9. स्त्रियों के अधिकारों व उनकी स्थिति के लिए उन्नीसवीं सदी में सुधार आन्दोलन हुआः-

- स्त्री-पुरुष में असमानता सामाजिक है, न कि प्राकृतिक यदि स्त्री-पुरुष प्राकृतिक आधार पर असमान है तो क्यों कुछ महिलाएँ समाज में शीर्ष स्थान पर पहुँच जाती है। दुनिया या देश में ऐसे भी समाज है जहाँ परिवारों में महिलाओं की सत्ता व्याप्त है जैसे केरल के 'नायर' परिवारों में और मेघालय की 'खासी' जनजाति। यदि महिला जैविक या शारीरिक आधार पर अयोग्य समझी जाती तो कैसे वह सफलतापूर्वक कृषि और व्यापार को चला पाती। संक्षेप में, यह कहना न्याय संगत होगा कि स्त्री-पुरुष के बीच असमानता के निर्धारण में जैविक/प्राकृतिक या शारीरिक तत्वों की कोई भूमिका नहीं है।
- राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा तथा बाल विवाह का विरोध किया तथा विधवा विवाह का समर्थन किया।
- ज्योतिबा फूले ने जातिय व लैंगिक अत्याचारों के विरोध में आन्दोलन किया।
- सर सैयद अहमद खान ने इस्लाम में सामाजिक सुधारों के लिए लड़कियो के स्कूल तथा कॉलेज खोले।
- दयानंद सरस्वती ने नारियों की शिक्षा में योगदान दिया।

- रानाडे ने विधवा पुनर्विवाह पर जोर दिया।
- ताराबाई शिंदे ने ''स्त्री-पुरूष तुलना'' लिखी जिसमें गलत तरीके से पुरूषों को ऊँचा दर्जा देने की बात कही गई।
- बेगम रोकेया सखावत हुसैन ने 'सुल्तानाज ड्रीम' नामक किताब लिखी जिसमें हर लिंग को बराबर अधिकार देने पर चर्चा की गई है।
- 1931 में कराची में भारतीय कांग्रेस द्वारा एक अध्यादेश जारी करके स्त्रियों को बराबरी का हक देने पर बल दिया गया। सार्वजनिक रोजगार, शक्ति या सम्मान के संबंध में निर्योग्य नहीं ठहराया जाएगा।
- 1970 में काफी अहम मुद्दों पर जोर दिया गया जैसे- स्त्रियों को मत डालने, सार्वजनिक पदधारण करने का अधिकार होगा।

10. **अक्षमता ( विकलांगता ):-** शारीरिक, मानसिक रूप से बाधित व्यक्ति, इसलिए अक्षम कहलाते हैं क्योंकि वे समाज की रीतियों व सोच के अनुसार जरूरत को पूरा नहीं करते।

- निर्योग्यता/अक्षमता को एक जैविक कमजोरी माना जाता है।
- जब कभी किसी अक्षम व्यक्ति के समक्ष कई समस्याएँ खड़ी होती है तो यह मान लिया जाता है कि ये समस्याएँ उसकी बाधा या कमजोरी के कारण ही उत्पन्न हुई है।
- अक्षम व्यक्ति को हमेशा शिकार यानी पीड़ित व्यक्ति के रूप में देखा जाता है।
- यह माना जाता है कि निर्योग्यता उस निर्योग्य व्यक्ति के अपने प्रत्यक्ष ज्ञान से जुड़ी है।
- निर्योग्यता तथा गरीबी के बीच काफी निकट संबंध देखा गया है क्योकि गरीबी के कारण ही माताएँ कुपोषण का शिकार होती है और दुर्बल व अविकसित बच्चों को जन्म देती है। जो बडे होकर विक्लांग लोगों की संख्या को बढ़ाते है।
- सरकार इनके लिए विभिन्न कार्यक्रम प्रदान करती है- जैसे- शिक्षा, रोजगार, व्यावसायिक ।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. **कथन सही करें–**

   (a) रानाडे ने **सती प्रथा** के विरुद्ध आंदोलन चलाया।

   उ0– रानाडे ने विधवा विवाह पुनर्विवाह के लिए आंदोलन चलाया।

   (b) आम बोलचाल में अस्पृश्यता को छुआछूत **नहीं** कहा जाता।

   उ0–आम बोलचाल में अस्पृश्यता को छुआछूत कहा जाता है।

   (c) सामाजिक विषमता व बहिष्कार सामाजिक इसलिए है क्योंकि ये **व्यक्ति** से संबंधित है।

   उ0– सामाजिक विषमता व बहिष्कार सामाजिक इसलिए है क्योंकि ये समाज से संबंधित है।

   (d) जाति एक भेदभाव पूर्ण **व्यवस्था नहीं है।**

   **उ0**–जाति एक भेदभाव पूर्ण व्यवस्था है।

2. दलित का शाब्दिक अर्थ ................ है।

   उ0– पैरों से कुचला हुआ

3. एक समूह के सदस्यों द्वारा दूसरे समूह के बारे में पूर्वकल्पित विचार या विश्वास को ................ कहते है।

   उ0–पूर्वाग्रह

4. एक समाज के अंतर्गत पाए जाने वाले समूहों का ऊँच-नीच या छोटे-बड़े के आधार पर विभिन्न स्तरों पर बँट जाना ही ................ कहलाता है।

   उ0–सामाजिक स्तरीकरण

5. गाँधी जी ने अस्पृश्य लोगों के लिए ................ शब्द का प्रयोग किया।

   उ0–हरिजन

6. 1882 में ................ ने स्त्री–पुरुष तुलना नामक पुस्तक लिखी।

   उ0–तारावाई शिंदे

7. सामाजिक व शैक्षिक रूप से पिछड़ी जातियों को ............... कहा जाता है।

(a) अन्य पिछड़ा वर्ग (b) अनुसूचित जाति

(c) अनुसूचित जनजाति (d) दलित

उ0– (a)अन्य पिछड़ा वर्ग

8. अस्पृश्यता के आयाम हैं–

(a) अपवर्जन व बहिष्कार (b) अनादर

(c) शोषण (d) उपरोक्त तीनों

उ0– (d) उपरोक्त तीनों

9. किसके द्वारा जातीय व लैंगिक अत्याचारों के विरोध में आंदोलन किया गया।

(a) ज्योतिबा फुले (b) राजा राम मोहन राय

(c) दयानंद सरस्वती (d) रानाडे

उ0– (a) ज्योतिबा फुले

10. इनकी अध्यक्षता में सबसे पहले पिछड़े वर्ग आयोग का गठन किया गया।

(a) काका कालेलकर (b) बी.पी. मण्डल

(c) सर सैयद अहमद खान (d) महात्मा गाँधी

उ0– (a) काका कालेलकर

11. जातियों व जनजातियों के प्रति भेदभाव मिटाने के लिए राज्य द्वारा उठाए गए कदम है–

(a) आरक्षण व कानून द्वारा

(b) समाज सुधारकों द्वारा

(c) राजनीतिक पार्टी द्वारा

(d) विभिन्न भाषाओं के साहित्य से योगदान द्वारा

उ0– (a)आरक्षण व कानून द्वारा

12. भारतीय समाज के निम्न धार्मिक अल्पसंख्यकों में कौन–सा सम्प्रदाय सबसे छोटा है
(a) मुसलमान (b) बौद्ध (c) सिख (d) पारसी

उत्तर- (d) पारसी

13. संविधान के किस अनुच्छेद में अस्पृश्यता निवारण का प्रावधान किया गया है ?

(a) अनुच्छेद –23 (b) अनुच्छेद –17 (c) अनुच्छेद –29 (d) अनुच्छेद –25

उत्तर- (b) अनुच्छेद –17

14. अनुसूचित जनजाति को पहले निम्नलिखित में से किस नाम से पुकारा जाता था ?

(a) आदिवासी (b) जंगली जाति (c) वनजाति (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर- (d) उपर्युक्त सभी

15. भारतीय समाज में सामाजिक स्तरीकरण का बुनियादी आधार क्या है ?

(a) धन एवं संपति (a) जाति (a) वंश (a) धर्म

उत्तर- (a) जाति

16. 'सामाजिक संसाधनों' तक असमान पहुँच क्या कहलाती है -

(a) सामाजिक विषमता (b) आर्थिक विषमता (c) राजनीतिक विषमता

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (a) सामाजिक विषमता

17. निम्न में से कौन–सा कार्य 'अमीर' लोग नहीं करते हैं -

(a) खुदाई करना (b) पत्थर तोड़ना (c) भारी वज़न उठाना (d) ये सभी

उत्तर- (d) ये सभी

18. हमारे समाज की विशेषताओं में सबसे बड़ी चिंता का विषय रहा है -

(a) असीमित विषमता (b) अपवर्जन (c) बहिष्कार (d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (d) उपरोक्त सभी

19. सुनी - सुनाई बात पर किसी व्यक्ति के बारे में कोई धारणा बना लेना क्या कहलाता है -

(a) रूढधारणाएं (b) पूर्वाग्रह (c) भेदभाव (d) बहिष्कार

उत्तर- (b) पूर्वाग्रह

20. 'राजपूत एक बहादुर कौम है 'यह लोक – विश्वास किस धारणा को प्रकट करता है–

(a) पूर्वाग्रह (b) रूढ़धारणा (c) स्तरीकरण (d) संस्कृतिकरण

उत्तर – (b) रूढ़धारणा

21. अभिकथन (A): सामाजिक बहिष्कार वह तौर–तरीके हैं जिनके जरिए किसी व्यक्ति या समूह को समाज में पूरी तरह घुलने–मिलने से रोका जाता है व अलग या पृथक रखा जाता है।

कारण (R) : अधिकांश समाजों की तरह भारत में भी सामाजिक भेदभाव तथा बहिष्कार चरम रूप में पाया जाता है।

(a) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सही है लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है लेकिन R सही है।

**उत्तर– (b) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।**

22. अभिकथन (A): ऐतिहासिक रूप से, जाति व्यवस्था व्यक्तियों का उनके व्यवसाय तथा प्रस्थिति के आधार पर वर्गीकरण करती थी।

कारण (R) : प्रत्येक जाति एक व्यवसाय से जुड़ी थी इसका तात्पर्य है कि एक विशेष जाति में जन्म व्यक्ति उस व्यवसाय में भी 'जन्म लेता' था जो उसकी जाति से जुड़ा था उसके पास कोई विकल्प नहीं था।

(a) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सही है लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है लेकिन R सही है।

**उत्तर– (a) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या करता है।**

23. निम्न में से अस्पृश्यता के आयाम हैं।

I. अपवर्जन एवं बहिष्कार
II. पारितोषिक
III. अनादर एवं अधीनता
IV. शोषण

(a) I, III & IV (b) I, II & III
(c) II, III & IV (d) I, III & IV

**उत्तर – (c) I, III & IV**

24. सामाजिक संसाधनों के निम्न रूप हैं।

I. राजनैतिक पूँजी
II. आर्थिक पूँजी
III. सामाजिक पूँजी
IV. सांस्कृतिक पूँजी

(a) I, III, & IV (b) I, II & III
(c) II, III & IV (d) I, III & IV

**उत्तर – (c) II, III & IV**

25. निम्न समाजसुधारकों के काल को क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये।

I. राजा राम मोहन रॉय
II. सर सयद अहमद खान
III. ज्योतिबा फूले
IV. स्वामी दयानन्द सरस्वती

(a) I, II, III, IV (b) II, IV, III, I
(c) III, I, II, IV (d) I, IV, III, II

**उत्तर – (c) I, IV, III, II**

26. अन्यथा सक्षम व्यक्ति के सम्बन्धा में वाक्यों को व्यवस्थित कीजिये।

I. अन्यथा सक्षम व्यक्ति के लिए आरक्षण का प्रावधान
II. अक्षमता एवं गरीबी का अटूट सम्बन्ध
III. अनीता घई की निर्योग्यता एवं अन्यथा सक्षम व्यक्ति के अधिकार दिलाने में भूमिका
IV. अन्यथा व्यक्ति की समस्याएँ व्यक्तिगत न होकर सामाजिक हैं।

(a) VI, II, III, I (b) II, IV, III, I
(c) III, I, II, IV (d) I, IV, III, II

**उत्तर – (a) VI, II, III, I**

## 2 अंक प्रश्न

1. सामाजिक विषमता व बहिष्कार में क्या सामाजिक है?
2. विभिन्न सामाजिक संसाधन क्या है?
3. निम्न का अर्थ बताइए।

   (अ) पूर्वाग्रह (ब) भेदभाव (स) रूढ़िबद्ध धारणाएँ
4. सामाजिक बहिष्कार किसे कहते है?
5. अस्पृश्यता क्या है? (Outside Delhi 2018)
6. जाति व आर्थिक असमानता के बीच क्या सम्बन्ध है?
7. दलित किसे कहते हैं?
8. राज्य द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति को किस तरह का आरक्षण दिया गया है?
9. जातीय विषमता को दूर करने के लिए गैर राजकीय संगठनों की क्या भूमिका रही है?
10. अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) कौन है? या O.B.C को परिभाषित करने के मानदंड क्या है? (Outside Delhi-2018)
11. 'आदिवासी' से आप क्या समझते है?
12. अक्षमता व गरीबी में क्या सम्बन्ध है?
13. गाँधी जी ने अस्पृश्य लोगों को क्या कहकर पुकारा?

## 4 अंक प्रश्न

1. सामाजिक स्तरीकरण की कुछ विशेषताए बताइए।
2. नारी से सम्बन्धित कौन-कौन से मुद्दे हैं?
3. जाति व्यवस्था एक भेदभावपूर्ण व्यवस्था है। वर्णन करें?
4. जातीय व जनजातीय विषमता को दूर करने में राज्य द्वारा उठाये गए कदम कितने कारगर सिद्ध हुए?
5. स्त्री व पुरूष में असमानता सामाजिक है, न कि प्राकृतिक, उदाहरण सहित व्याख्या करें।
6. अक्षमता के प्रति आम व्यक्ति के क्या विचार है? विस्तार से लिखिए।
7. स्त्रियों को समानता का अधिकार देने के लिए 1931 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कराची अधिवेशन द्वारा किए गए प्रयासों की विवचना कीजिए।
8. 'स्त्री-पुरुष तुलना' नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई? यह पुस्तक क्या दर्शाती है?
9. 'सुलताना ड्रीम्स' नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई? इस पुस्तक को लिखने के पीछे लेखक की मंशा क्या है?

10. अनुच्छेद पढ़कर उत्तर दीजिए :-

इसे आम बोलचाल की भाषा में 'छुआछूत' कहा जाता है, जाति व्यवस्था का ये अत्यंत घृणित एंव दूषित पहलू है, जो कर्मकांडीय दृष्टि से शुद्धता एवं अशुद्धता के पैमाने पर सबसे नीची माने जाने वाली जातियों के सदस्यों के विरुद्ध अत्यंत कठोर सामाजिक अनुशास्त्रियों (दंडों) का विधान करता है। इन्हें इतना अधिक अशुद्ध एवं अपवित्र माना जाता है कि उनके जरा छू जाने भर से ही अन्य सभी जातियों के सदस्य अत्यंत अशुद्ध हो जाते हैं और अछूतों को कठोर दंड के साथ-साथ उच्च जाति के व्यक्ति को भी शुद्धीकरण प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

(क) यहां 'छुआछूत' किसे कहा जा रहा है?

(ख) सामाजिक स्तरीकरण में जाति व्यवस्था की क्या भूमिका है?

(ग) इसके अंत के लिये भारतीय संविधान में क्या प्रावधान हैं?

(घ) किसी एक आंदोलन का नाम बताइये जिसके द्वारा इसे खत्म करने का प्रयास किया गया।

11. भारत में निर्योग्य, बाधित, अक्षम, अपंग, अंधा और बहरा जैसे विशेषणों का प्रयोग लगभग एक ही भाव को दर्शाने के लिए किया जाता है। अक्सर किसी व्यक्ति का अपमान करने के लिए उस पर इन शब्दों की बौछार कर दी जाती है। एक ऐसी संस्कृति में जहां शारीरिक 'पूर्णता' का आदर किया जाता हो, 'पूर्ण शरीर' न होने का अर्थ है कि उसमें कोई असमान्यता, दोष या खराबी है। 'बेचारा' जैसे विशेषणों से संबोधित करने पर तो उसकी पीड़ित परिस्थिति और भी विकट हो जाती है।

(क) यहां कौन से व्यक्तियों की बात की गई है?

(ख) 'विकलांग-विरोधी' न्यायालय क्या है?

(ग) अक्षमता सामाजिक कैसे है?

(घ) विकलांगता किस-किस तरह की हो सकती है?

## 6 अंक प्रश्न

1. उपनिवेश काल के दौरान नारी सम्बन्धित मुद्दे समाज सुधार आंदोलनों ने किस प्रकार उठाए?
2. अस्पृश्यता को परिभाषित कीजिए? इसके आयाम भी लिखे।

3. आदिवासियों की समस्याओं से जुड़े प्रमुख मुद्दे कौन से है?
4. नारी आंदोलन ने अपने इतिहास के दौरान कौन–कौन से मुद्दे उठाए हैं?
5. सामाजिक स्तरीकरण की विशेषताओं को समझाएँ?
6. सारणी को समझकर उत्तर दीजिए।

**सारणी 1 : गरीबी रेखा से नीचे की जनसंख्या का प्रतिशत, 2011–2012**

| जाति एवं समुदाय समूह | ग्रामीण भारत | नगरीय भारत |
|---|---|---|
| | 816 रु. या कम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह व्यय | 1000 रु. या कम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह व्यय |
| अनुसूचित जनजातियाँ | 45.3 | 24.1 |
| अनुसूचित जातियाँ | 31.5 | 21.7 |
| अन्य पिछड़े वर्ग | 22.7 | 15.4 |
| अगड़ी जातियाँ | 15.5 | 8.1 |
| मुसलमान | 26.9 | 22.7 |
| हिंदू | 25.6 | 12.1 |
| ईसाई | 22.2 | 05.5 |
| सिख | 06.2 | 05.0 |
| सभी समूह | 25.4 | 13.7 |

*नोट: 'उच्च जातियाँ' अर्थात् अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग नहीं।*
*स्रोत: पनगढ़िया एवं मोरे, 2013*

(क) किस जाति/समुदाय समूह के ज्यादातर लोग ग्रामीण तथा नगरीय भारत में अत्याधिक गरीबी में जिंदगी गुजार रहे है? किस समुदाय के सबसे कम प्रतिशत लोग गरीबी में जीते हैं?

(ख) अन्य पिछड़े वर्ग से आप क्या समझते हैं? इस सारणी को देखकर आपको अन्य पिछड़े वर्ग के बारे में क्या जानकारी मिलती है व इनकी सामाजिक समस्याएँ कौन–सी हैं?

## अध्याय 6

# सांस्कृतिक विविधता की चुनौतियाँ

### मुख्य बिन्दु

1. ● 'विविधता' शब्द असमानताओं के बजाय अंतरों पर बल देता है। जब हम यह कहते हैं कि भारत एक महान सांस्कृतिक विविधता वाला राष्ट्र है तो हमारा तात्पर्य यह होता है कि यहाँ अनेक प्रकार के सामाजिक समूह एवं समुदाय निवास करते है।

- भारत में सांस्कृतिक विविधता की झलक:- भारत में विभिन्न प्रदेशों में भाषा, रहन-सहन, खानपान, वेश-भूषा, प्रथा, परम्परा, लोकगीत, लोकगाथा, विवाह प्रणाली, जीवन संस्कार, कला, संगीत तथा नृत्य में भी हमें अनेक रोचक व आकर्षक भेद देखने को मिलते है।
- भारतीय राष्ट्र राज्य सामाजिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से विश्व के सर्वाधिक विविधतापूर्ण देशों में से एक है।
- जनसंख्या की दृष्टि से विश्वभर में इसका स्थान दूसरा है।
- यहाँ के एक अरब से ज्यादा लोग कुल मिलाकर लगभग 1,632 भिन्न-भिन्न भाषाएँ और बोलियाँ बोलते हैं। 22 भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिया गया है।
- 80% आबादी हिन्दुओं की है। लगभग 13.4% आबादी मुसलमानों की है। 2.3% ईसाई, 1.7% सिख, 0.7% बौद्ध, 0.4% जैन है।
- संविधान में यह घोषणा की गई है कि भारत एक धर्म-निरपेक्ष राज्य होगा।
- सांस्कृतिक विविधता से सम्प्रदायवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद आदि पनपते हैं। एक समुदाय दूसरे समुदाय को नीचा दिखाता है।
- जैसे-नदियों के जल, सरकारी नौकरियों, अनुदानों के बंटवारे को लेकर खींचतान शुरू हो जाती है।

- रंगभेद–रंग के आधार पर भेदभाव जैसे–गोरा या काला।

**2. सामुदायिक पहचान का महत्त्वः-**

- हमारा समुदाय हमें भाषा (मातृभाषा) और सांस्कृतिक मूल्य प्रदान करता है जिनके माध्यम से हम विश्व को समझते हैं। यह हमारी स्वयं की पहचान को भी सहारा देता है।
- सामुदायिक पहचान, जन्म तथा अपनेपन पर आधारित है, न कि किसी 'उपलब्धि' के आधार पर। यह 'हम क्या हैं' इस भाव की द्योतक है न कि 'हम क्या बन गए हैं।'
- संभवतः इस आकस्मिक, शर्त रहित अथवा लगभग अनिवारणीय तरीके से संबंधित होने के कारण ही हम अक्सर अपनी सामुदायिक पहचान से भावनात्मक रूप से इतना गहरे जुड़े होते हैं। सामुदायिक संबंधों (परिवार, नातेदारी, जाति, नृजातीयता, भाषा, क्षेत्र या धर्म) के बढ़ते हुए और परस्पर व्यापक दायरे ही हमारी दुनिया को सार्थकता प्रदान करते हैं और हमें पहचान प्रदान करते हैं कि हम कौन हैं।

**3. राष्ट्र की व्याख्या करना सरल है पर परिभाषित करना कठिन क्यों?**

**राज्य :** राज्य एक ऐसा क्षेत्रीय समुदाय है जो प्रभुता संपन्न सरकार द्वारा नियमित हो और बाहरी नियंत्रण से मुक्त हो।

**राष्ट्र :** राष्ट्र एक बड़े स्तर का समुदाय होता है जो एक ही राजनैतिक व्यवस्था के अंतर्गत स्वेच्छा से रहने का प्रयत्न करता है और नैतिक भावनाओं के शक्तिशाली सूत्रों में बंधा होता है।

**राष्ट्र - राज्य :** एक विशेष प्रकार का राज्य जिसमें आधुनिक जगत की विशेषता होती है और एक सरकार की एक निश्चित क्षेत्र पर संप्रभु शक्ति होती है और वहां रहने वाले लोग उसके नागरिक कहलाते है।

- राष्ट्र एक अनूठे किस्म का समुदाय होता है। जिसका वर्णन तो आसान है पर इसे परिभाषित करना कठिन है। हम ऐसे अनेक विशिष्ट राष्ट्रों का वर्णन कर सकते हैं जिनकी स्थापना साझे–धर्म, भाषा, नृजातीयता, इतिहास अथवा क्षेत्रीय संस्कृति जैसी साझी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राजनीतिक संस्थानों के आधार पर की गई है।
- उदाहरण के लिए, ऐसे बहुत से राष्ट्र है जिनकी अपनी एक साझा या सामान्य भाषा, धर्म, नृजातीयता आदि नहीं है। दूसरी ओर ऐसी अनेक भाषाएं, धर्म या नृजातियाँ हैं जो कई राष्ट्रों में पाई जाती है। लेकिन इससे यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि यह सभी मिलकर एक एकीकृत राष्ट्र का निर्माण करते हैं उदाहरण के लिए, सभी अंग्रेजी भाषी लोग या सभी बौद्धधर्मावलंबी।

- आत्मसातकरणवादी और एकीकरणवादी रणनीतियाँ - एक राष्ट्रीय पहचान स्थापित करने की कोशिश करती हैं जैसे:-

- संपूर्ण शक्ति को ऐसे मंचों में केन्द्रित करना जहाँ प्रभावशाली समूह बहुसंख्यक हो और स्थानीय या अल्पसंख्यक समूहों की स्वायत्तता को मिटाना।

- प्रभावशाली समूह की परंपराओं पर आधारित एक एकीकृत कानून एवं न्याय व्यवस्था को थोपना और अन्य समूहों द्वारा प्रयुक्त वैकल्पिक व्यवस्थाओं को खत्म कर देना।

- प्रभावशाली समूह की भाषा को ही एकमात्र राजकीय 'राष्ट्रभाषा' के रूप में अपनाना और उसके प्रयोग को सभी सार्वजनिक संस्थाओं में अनिवार्य बना देना।

- प्रभावशाली समूह की भाषा और संस्कृति को राष्ट्रीय संस्थाओं के जरिए, जिनमें राज्य नियंत्रित, जनसंपर्क के माध्यम और शैक्षिक संस्थाएँ शामिल हैं, बढ़ावा देना।

- प्रभावशाली समूह के इतिहास, शूरवीरों और संस्कृति को सम्मान प्रदान करने वाले राज्य प्रतीकों को अपनाना, राष्ट्रीय पर्व, छुट्टी या सड़कों आदि के नाम निर्धारित करते समय भी इन्हीं बातों का ध्यान रखना।

- अल्पसंख्यक समूहों और देशज लोगों से जमीनें, जंगल एवं मत्स्य क्षेत्र छीनकर, उन्हें 'राष्ट्रीय संसाधन' घोषित कर देना।

**4. भारतीय सन्दर्भ में क्षेत्रवाद:-**

- भारत में क्षेत्रवाद भारत की भाषाओं, संस्कृतियों, जनजातियों और धर्मों की विविधता के कारण पाया जाता है। इसे विशेष पहचान चिन्हकों के भौगोलिक संकेंद्रण के कारण भी प्रोत्साहन मिलता है ओर क्षेत्रीय वंचन का भाव अग्नि में घी का काम करता है। भारतीय संघवाद इन क्षेत्रीय भावुकताओं को समायोजित करने वाला एक साधन है।

- क्षेत्रवाद भाषा पर आधारित है-जैसे पुराना बंबई राज्य मराठी, गुजराती, कन्नड़ एवं कोंकणी बोलने वाले लोगों का बहुभाषी राज्य था। मद्रास राज्य तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम बोलने वाले लोगों से बना था।

- क्षेत्रवाद धर्म पर आधारित है।

- क्षेत्रवाद जनजातीय पहचान पर भी आधारित था जैसे सन् 2000 में छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तरांचल जनजातीय पहचान पर आधारित थे।

- इन सब तत्वों के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में तनाव रहता है उदारीकरण के युग में आर्थिक विकास में निजी पूँजी निवेश को अधिक बड़ी भूमिका सौंपी गई है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि निजी निवेशकर्त्ता आमतौर पर पहले से विकसित ऐसे राज्य में पूँजी लगाना चाहते है जहाँ सुविधाएँ बेहतर हों।

**5. अल्पसंख्यक का समाजशास्त्रीय अर्थ:-** वह समूह जो धर्म, जाति की दृष्टि से संख्या में कम हो। जैसे- सिक्ख, मुस्लिम, जैन, पारसी, बौद्ध।

- अल्पसंख्यक समूहों की धारणा का समाजशास्त्र में व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है एवं सिर्फ एक संख्यात्मक विशिष्टता के अलावा और अधिक महत्त्व है- इसमें आमतौर पर असुविधा या हानि का कुछ भावनिहित है। अतः विशेषाधिकार प्राप्त अल्पसंख्यक जैसे अत्यंत धनवान लोगों को आमतौर पर अल्पसंख्यक नहीं कहा जा सकता।

प्रश्न- अल्पसंख्यकों को क्यों संवैधानिक संरक्षण दिया जाना चाहिए?

उत्तर- बहुसंख्यक वर्ग के जनसांख्यिकीय प्रभुत्व के कारण धार्मिक अथवा सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों को विशेष संरक्षण की आवश्यक्ता होती है।

- अल्पसंख्यकों की समस्याएं

  (i) सामाजिक स्थिति

  (ii) अलाभकारी स्थिति

  (iii) समाज से कटे हुए

  (iv) पूर्वाग्रह और रूढ़ धारणाएं

  (v) सांस्कृतिक दृष्टि से अलाभकारी स्थिति

  (vi) राजनीतिक दृष्टि से कमजोर

- अल्पसंख्यको एवं सांस्कृतिक विविधता पर भारतीय संविधान का:-

**अनुच्छेद 29**

(1) भारत के राज्यक्षेत्र या उसके किसी भाषा के निवासी नागरिकों के किसी अनुभाग को, जिसकी अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति है, उसे बनाए रखने का अधिकार होगा।

(2) राज्य द्वारा पोषित या राज्य-निधि से सहायता पाने वाली किसी शिक्षा संस्था में प्रवेश से किसी भी नागरिक को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, भाषा या इनमें से किसी के आधार पर वंचित नहीं किया जाएगा।

**अनुच्छेद 30**

(1) धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक-वर्गों को अपनी रूचि की शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन का अधिकार होगा।

(2) शिक्षा संस्थाओं को सहायता देने में राज्य किसी शिक्षा संस्था के विरूद्ध इस आधार पर विभेद नहीं करेगा कि वह धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है।

**6. सांप्रदायिकताः-**

- रोजमर्रा की भाषा में 'सांप्रदायिकता' का अर्थ है धार्मिक पहचान पर आधारित आक्रामक उग्रवाद। उग्रवाद अपने आपमें एक ऐसी अभिवृत्ति है जो अपने समूह को ही वैध या श्रेष्ठ समूह मानती है ओर अन्य समूह को निम्न, अवैध अथवा विरोधी समझती है।
- सांप्रदायिकता एक आक्रामक राजनीतिक विचारधारा है जो धर्म से जुड़ी होती है।
- सांप्रदायिकता राजनीति से सरोकार रखती है धर्म से नहीं। यद्यपि संप्रदायवादी धर्म के साथ गहन रूप से जुड़े होते है।
- भारत में संप्रदायवाद एक विशेष मुद्दा बन गया है क्योंकि यह तनाव और हिंसा का पुनरावर्तक स्त्रोत रहा है।

**7. धर्मनिरपेक्षतावादः-**

- पाश्चात्य संदर्भ में, इसका मुख्य भाव चर्च और राज्य की पृथकता का द्योतक है। धर्म को सत्ता से अलग रखना पश्चिमी देशों के लिए एक सामाजिक इतिहास की हैसियत रखता है।
- भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्ष राज्य वह होता है जो किसी विशेष धर्म का अन्य धर्मों की तुलना में पक्ष नहीं लेता। भारतीय भाव के राज्य के सभी धर्मों को समान आदर देने के कारण दोनों के बीच तनाव से एक तरह की कठिन स्थिति पैदा हो जाती है। हर फैसला धर्म को ध्यान में रखते हुए लिया जाता है। उदाहरण के लिए हर धर्म के त्योहार पर सरकारी छुट्टी होती है।

**8. सत्तावादी राज्यः-**

- एक सत्तावादी राज्य लोकतंत्रात्मक राज्य का विपरीत होता है।
- इसमें लोगों की आवाज नहीं सुनी जाती और जिनके पास शक्ति होती है वे किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं होते।
- सत्तावादी राज्य अक्सर भाषा की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतन्त्रता, सत्ता के दुरूपयोग से संरक्षण का अधिकार, विधि (कानून) की अपेक्षित प्रक्रियाओं का अधिकार जैसी अनेक प्रकार की नागरिक स्वतंत्रताओं को अक्सर सीमित या समाप्त कर देते हैं।

- सत्तावादी शासन का परिणाम:

  - मौलिक अधिकारों का हनन
  - भागीदारी की लहर का उत्पन्न होना
  - सामाजिक आंदोलन की शुरुआत
  - महिला आंदोलन, पर्यावरण सुरक्षा आंदोलन, मानव अधिकार एवं दलित आंदोलन।

**9. नागरिक समाज:-**

- नागरिक समाज उस व्यापक कार्यक्षेत्र को कहते हैं जो परिवार के निजी क्षेत्र से परे होता है, लेकिन राज्य और बाज़ार दोनों क्षेत्र से बाहर होता है।
- नागरिक समाज में स्वैच्छिक संगठन होते है।
- यह सक्रिय नागरिकता का क्षेत्र है यहाँ व्यक्ति मिलकर सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हैं। जैसे-गैर सरकारी संगठन, राजनीतिक दल, मीडिया, श्रमिक संघ आदि।
- नागरिक समाज के द्वारा उठाए गए मुद्दे

  - जनजाति की भूमि की लड़ाई
  - पर्यावरण की सुरक्षा
  - मानव अधिकार और दलितों के हक की लड़ाई (मुद्दे)।
  - नगरीय शासन का हस्तांतरण।
  - स्त्रियों के प्रति हिंसा और बलात्कार के विरूद्ध अभियान।
  - बाँधों के निर्माण अथवा विकास की अन्य परियोजनाओं के कारण विस्थापित हुए लोगों का पुनर्वास।
  - गंदी बस्तियाँ हटाने के विरूद्ध और आवासीय अधिकारों के लिए अभियान।
  - प्राथमिक शिक्षा संबंधी सुधार।
  - दलितों को भूमि का वितरण।
  - राज्य के कामकाज पर नज़र रखने और उससे कानून का पालन करवाना।

**सूचनाधिकार अधिनियम 2005** (लोगों के उत्तर देने के लिए राज्य को बाध्य करना)

- सूचनाधिकार अधिनियम 2005 भारतीय संसद द्वारा अधिनियमित एक ऐसा कानून है जिसके तहत भारतीयों को (जम्मू और कश्मीर पहुँचने) सरकारी अभिलेखों तक का अधिकार दिया गया है।
- कोई भी व्यक्ति किसी ''सार्वजनिक प्राधिकरण'' से सूचना के लिए अनुरोध कर सकता है ओर उस प्राधिकरण से यह आशा की जाती है कि वह शीघ्रता से यानी 30 दिन के भीतर उसे उत्तर देगा।

**सूचनाधिकार अधिनियम 2005 के लाभ**

- किसी भी सूचना के लिए अनुरोध करने का अधिकार।
- विभिन्न परियोजनाओं के लिए धन आवंटित किए जाने के बारे में लोगों को जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है।
- दस्तावेज़ों की प्रतिलिपियाँ प्राप्त करने का अधिकार है।
- दस्तावेज़ों, कार्यों और अभिलेखों का निरीक्षण करने का अधिकार है।
- कार्य की सामग्रियों के प्रमाणित नमूने लेने का अधिकार है।
- नागरिक सूचना प्रिंटआउट, डिस्केट, फ्लॉपी, टेप, वीडियो कैसेट व अन्य इलेक्ट्रॉनिक रीति के माध्यम से ले सकते हैं।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. **कथन सही करें–**

(a) राष्ट्र की व्याख्या करना **कठिन** है पर परिभाषित करना **सरल** है।

उ0–राष्ट्र की व्याख्या करना सरल है पर परिभाषित करना कठिन है।

(b) अल्पसंख्यक वह समूह है जो धर्म, जाति की दृष्टि से संख्या में **अधिक** होते है।

उ0–अल्पसंख्यक वह समूह है जो धर्म, जाति की दृष्टि से संख्या में कम होते है।

(c) सांप्रदायिकता का अर्थ "धार्मिक पहचान पर आधारित आक्रामक उग्रवाद" **नहीं** होता है।

उ0–सांप्रदायिकता का अर्थ "धार्मिक पहचान पर आधारित आक्रामक उग्रवाद" होता है।

(d) सामुदायिक पहचान **जाति** तथा **वर्ग** पर आधारित है, न कि किसी उपलब्धि के आधार पर।

उ0– सामुदायिक पहचान जन्म तथा अपनेपन पर आधारित है, न कि किसी उपलब्धि के आधार पर।

(e) जनसंख्या की दृष्टि से विश्व भर में **चीन** का स्थान दूसरा है।

उ0– जनसंख्या की दृष्टि से विश्व भर में भारत का स्थान दूसरा है।

2. सांस्कृतिक विविधता का उदाहरण है–

(a) भारत (b) पाकिस्तान

(c) नेपाल (d) चीन

उत्तर – (a) भारत

3. अल्पसंख्यकों से संबंधित अनुच्छेद है–

(a) 29 एवं 30 (b) 31 एवं 32

(c) 33 एवं 34 (d) 27 एवं 28

उत्तर – (a) 29 एवं 30

4. सत्तावादी शासन के दौरान निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है।

(a) नागरिक स्वतंत्रताएँ छिनना (b) सेंसर व्यवस्था लागू करना

(c) संसद को निलंबित करना (d) भाषा की स्वतंत्रता होना।

उत्तर – (d) भाषा की स्वतंत्रता होना।

5. ................ अधिनियम 2005 एक ऐसा कानून है जिसके तहत भारतीयों को सरकारी अभिलेखों तक पहुँचने का अधिकार दिया गया है।

उत्तर – सूचना का अधिकार

6. एक ................ राज्य लोकतंत्रात्मक राज्य का विपरीत होता है।

उत्तर - सत्तावादी

7. पश्चिमी नजरिये के अंतर्गत चर्च या धर्मों को राज्य से अलग रखना क्या कहलाता है।

उत्तर - धर्मनिरपेक्षतावाद

8. रंग भेद से तात्पर्य है ................ जैसे गोरा या काला।

उत्तर - भेदभाव

9. ................ और ................ रणनीतियाँ एकल राष्ट्रीय पहचान स्थापित करने की कोशिश करती है।

उत्तर - आत्मसातकरण, एकीकरण

10. क्षेत्रवाद ................ तथा ................ पर आधारित है।

उत्तर - भाषा, धर्म

11. ''विविधता'' शब्द असमानता की जगह .................. पर बल देता है ?

A- समानता B- अंतर C- महानता D- इनमें से कोई नहीं

उत्तर - B- अंतर

12. सांस्कृतिक विविधता...........प्रस्तुत करती है ?

A- चुनौतियां B- प्रतिस्पर्धा C- सांप्रदायिकता D- रूढ़िवादिता

उत्तर - A- चुनौतियां

13. ''राज्य एक ऐसा निकाय होता है जो एक विशेष क्षेत्र में विधिसम्मत एकाधिकार का सफलतापूर्वक दावा करता है'' यह परिभाषा किसकी है ?

A- कार्ल मार्क्स B- जॉन स्मिथ C- मैक्स वेबर D- माल्थस

उत्तर - C- मैक्स वेबर

14. वर्तमान में भारत विश्व की..........बड़ी आबादी वाला देश है ?

A- पहली B- दूसरी C-तीसरी D- पांचवी

उत्तर - B- दूसरी

15. सन 2000 में कौन सा राज्य बना?

A- छत्तीसगढ़  B-उतरांचल  C- झारखंड  D- उपरोक्त सभी

उत्तर - D- उपरोक्त सभी

16. निम्न में से भारतीय संविधान का प्रमुख शिल्पकार कौन है -

a) पंडित जवाहर लाल नेहरू  b) डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद

c) डॉक्टर भीमराव अंबेडकर  c) सरदार पटेल

उत्तर - c) डॉक्टर भीमराव अंबेडकर

17. 'वह आक्रामक राजनीतिक विचारधारा जो धर्म से जुड़ी होती है, क्या कहलाती है -

a) धर्मनिरपेक्षता  b) सांप्रदायिकता  c) जातीयता  d) आतंकवाद

उत्तर - b) सांप्रदायिकता

18. कौन सा अधिनियम लोगों को उत्तर देने के लिए राज्य को बाध्य करता है ?

A- सूचना का अधिकार  B- शिक्षा का अधिकार

C- सरकारी अभिलेख की जानकारी का अधिकार

D- इनमे से कोई नहीं

उत्तर - A- सूचना का अधिकार

19. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय एकीकरण में बाधक है -

a) धर्मनिरपेक्षता  b) सांप्रदायिकता

उत्तर - b) सांप्रदायिकता

20. भीमराव अंबेडकर ने कौन सा धर्म अपना लिया था ?

A- जैन  B- बौद्ध  C- ईसाई  D- सिख

उत्तर - B- बौद्ध

21. अभिकथन (A) : भारतीय राष्ट्र - राज्य सामाजिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से विश्व के सर्वाधिक विविधतापूर्ण देशों में से एक हैं।

कारण (R) : भारत में क्षेत्रवाद भारत की भाषाओं, संस्कृतियों, जनजातियों और धर्मों की विविधता के कारण नहीं पाया जाता है।

(a) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सही हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सही है लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है लेकिन R सही है।

**उत्तर– (c) A सही है लेकिन R गलत है।**

22. अभिकथन (A): धर्मनिरपेक्षता की एक प्रमुख विशिष्टता उसका यह दावा है कि धार्मिक पहचान अन्य सभी की तुलना में सर्वोपरि है।

कारण (R) : चाहे कोई गरीब हो या अमीर, चाहे किसी का कोई भी व्यवसाय हो, जाति या राजनीतिक विश्वास हो, धर्म ही सब कुछ होता है, उसी के आधार पर उसकी पहचान है।

(a) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सही हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सही है लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है लेकिन R सही है।

**उत्तर– (d) A गलत है लेकिन R सही है।**

23. सूचना का अधिकार के लाभ निम्नलिखित हैं।

I. दस्तावेजों की प्रतिलिपि प्राप्त करना

II. किसी भी सूचना के लिए अनुरोध करने का अधिकार

III. दलितों की भूमि वितरण का अधिकार

IV. कार्यों की सामग्रियों के प्रमाणित नमूने लेने का अधिकार

(a) I, III & IV (b) I, II & III

(c) II, III & IV (d) I, II & IV

**उत्तर : (d) I, II & IV**

24. भारतीय संविधाान के अनुच्छेद 30 के अंतर्गत आते हैं।

I. भारत के राज्य क्षेत्र या उसके किसी भाषा के निवासी नागरिकों के किसी अनुभाग को, जिसकी अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति है, उसे बनाये रखने का अधिकार होगा।

II. धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी रुचि की शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन का अधिकार होगा

III. राज्य द्वारा पोषित या राज्य निधि से सहायता पाने वाली किसी शिक्षा संस्था में प्रवेश से किसी भी नागरिक को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, भाषा या इनमें से किसी के आधार पर वंचित नहीं किया जायेगा।

IV. शिक्षा संस्थाओं को सहायता देने में राज्य किसी संस्था के विरुद्ध इस आधार पर विभेद नहीं करेगा कि वह धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है।

(a) II, III (b) II, IV

(c) III, I, II, IV (d) I, III

**उत्तर : (c) II, IV**

25. भारतीय सन्दर्भ में क्षेत्रवाद को व्यवस्थित कीजिये।

I. क्षेत्रवाद भाषा पर आधारित है।

II. क्षेत्रवाद धर्म पर आधारित है।

III. जनजातीय पहचान पर आधारित जिसके परिणामस्वरूप 2000 में राज्य बने।

IV. भारतीय संघवाद क्षेत्रीय भावुकताओं को समायोजित करने वाला एक साधन है।

(a) IV, I, II, III (b) II, IV, III, I

(c) III, I, II, IV (d) I, IV, III, II

**उत्तर : (a) IV, I, II, III**

26. सत्तावादी शासन के परिणामों को क्रमवार सूचीबद्ध कीजिये।

I. सामाजिक आंदालेनों की शुरुआत

II. मौलिक अधिकारों का हनन

III. भागीदारी की लहर का उत्पन्न होना

IV. प्रशासन की कोई जिम्मेदारी न होना

(a) IV, I, II, III (b) II, IV, III, I

(c) III, I, II, IV (d) I, IV, III, II

**उत्तर : (b) II, IV, III, I**

## 2 अंक प्रश्न

1. सांस्कृतिक विविधता से आप क्या समझते है?
2. धर्मनिरपेक्षता को पाश्चात्य व भारतीय संदर्भ में समझाइए।
3. अर्जित पहचान क्या होती है।
4. राष्ट्र-राज्य की परिभाषा लिखें।
5. अल्पसंख्यक कौन होते हैं?
6. समाजवादी राज्य की कुछ विशेषताएं लिखें।
7. क्षेत्रवाद क्या होता है?
8. विशेष अधिकार प्राप्त/सुविधा प्राप्त अल्पसंख्यक कौन होते हैं?
9. राजनीतिक रूप से अल्पसंख्यक महत्त्वपूर्ण क्यों हैं?
10. अल्पसंख्यकों की सुरक्षा राज्य के लिए एक चुनौती है, क्यों?
11. राज्य अक्सर सांस्कृतिक विविधता के बारें में शंकालु क्यों होते हैं?
12. भारत में पाई जाने वाली धार्मिक विविधता पर लेख लिखें।
13. अल्पसंख्यकों के अधिकारों के विषय में संविधान में क्या-क्या लिखा है?
14. सांप्रदायिकता से आप क्या समझते हैं?
15. रंगभेद से क्या तात्पर्य है?

## 4 अंक प्रश्न

1. भारतीय संदर्भ में सांप्रदायिकता का वर्णन करें।
2. भारत ने अपनी सांस्कृतिक विविधता को किस प्रकार बनाए रखा है?
3. सांप्रदायिकता की कुछ विशेषताएँ बताइये।
4. पाश्चात्य व भारतीय धर्म निरपेक्षता में अन्तर स्पष्ट करें।
5. प्रजातंत्रीय राज्य व सत्तावादी राज्य में अन्तर बताइये।
6. एक विशिष्ट क्षेत्र में क्षेत्रवाद खतरनाक है, जबकि सांप्रदायिकता पूरे राष्ट्र के लिए खतरनाक है। उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।
7. साम्प्रदायिकता के अर्थ आज बुरे हो गए हैं। इससे आज चारों ओर भेदभाव, नफरत और कटुता का जहर फैलता जा रहा है। साम्प्रदायिकता से प्रभावित व्यक्ति, समाज और राष्ट्र एक-दूसरे के प्रति असद्भावों को पहुंचाता है। धर्म और धर्म नीति जब मदान्धता को चुन लेती है, तब वहां साम्प्रदायिकता उत्पन्न हो जाती है। उस समय धर्म, धर्म नहीं रह जाता है वह तो काल का रूप धारण करके मानवता को ही समाप्त करने पर तुल जाता है। फिर नैतिकता, शिष्टता, उदारता, सरलता, सहृदयता आदि सात्विक और दैवीय गुणों और प्रभावों को कहीं शरण नहीं मिलती है।

प्रश्न 1: संप्रदायवाद से चारों ओर भेदभाव, नफरत और.............का जहर फैलता जा रहा है।

उत्तर : कटुता

प्रश्न 2: कथन सही करो

सम्प्रदायवाद से अच्छे परिणाम आ रहे हैं।

उत्तर : सम्प्रदायवाद से बुरे परिणाम आ रहे हैं।

प्रश्न 3: साम्प्रदायिकता किसकी दुश्मन है?

1. असमानता 2. अधर्म 3. मानवता 4. राहगीरी

उत्तर : मानवता

प्रश्न 4: साम्प्रदायिकता के गुण नहीं हैं

1. नैतिकता 2. सरलता 3. शिष्टता 4. धर्मान्धता

i) 1, 2 व 4 ii) 2,3 व 4

iii) 1, 2 व 3 iv) 1, 2, 3 व 4

उत्तर – iii) 1, 2 व 3

8. भारत संघ राज्य कई संघीय इकाईयों जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश आदि से मिलकर बना है। इनको हम राज्य बोलते हैं। संविधान में भी कुछ जगहों पर इनके लिए राज्य शब्द का प्रयोग हुआ है। इसी तरह संयुक्त राज्य अमेरिका की सभी इकाईयों के लिए राज्य शब्द का प्रयोग किया जाता है।

इन संघीय इकाईयों के लिए राज्य शब्द का प्रयोग करना गलत है क्योंकि संघ राज्यों की इन इकाईयों में राज्य का निर्माण करने वाले प्रथम तीन तत्व (निश्चित भू-क्षेत्र, जनसंख्या और सरकार) तो मौजूद रहते हैं लेकिन इनकी आंतरिक संप्रभुता सीमित होती है और बाहरी संप्रभुता तो इन्हें बिल्कुल ही प्राप्त नहीं होती है।

प्रश्न 1: राज्य के लिए मुख्य तीन तत्व हैं..........., ..............और...............।

प्रश्न 2: संविधान में उत्तर प्रदेश, बिहार आदि के लिए..........शब्द का प्रयोग हुआ है।

प्रश्न 3: कथन सही करो

राज्य को आंतरिक संप्रभुता बिल्कुल ही प्राप्त नहीं होती है और बाहरी संप्रभुता तो सीमित होती है।

9. "सत्तावादी राज्य में सारी स्वतंत्रताएं छीन ली जाती हैं और सरकार की जनता के प्रति कोई जवाबदेही नहीं होती।" भारत के संदर्भ में उपर्युक्त कथन की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।

## 6 अंक प्रश्न

1. नागरिक समाज क्या होता है? आज दुनिया में इसका क्या महत्त्व है? उदाहरण सहित वर्णन करें।
2. सांप्रदायिकता किसे कहते हैं? क्या यह तनाव और हिंसा का पुनरावर्त्तक स्रोत रहा है?
3. आपकी राय में राज्यों के भाषाई पुनर्गठन ने भारत की एकता को बढ़ाया या नुकसान पहुँचाया?

Linguistic composition (2001)*




Linguistic Distribution in India (2001 Census)



4. भारत में भाषाई संरचना के स्वरूप को व्यक्त करें।




5. भारत में भाषाई संरचना के क्षेत्रीय स्वरूप को व्यक्त करे।



# परियोजना कार्य के लिये सुझाव

## समाजशास्त्र

## कक्षा-12वीं

पाठ्यक्रम में संशोधन के फलस्वरूप राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा 2005 के अनुसार समाजशास्त्र में परियोजना 2008-09 में शुरू किया गया। यह किताबी ज्ञान की उस विरासत के विपरीत है जिसके प्रभाववश हमारी व्यवस्था आज तक विद्यालय और घर के बीच अंतराल बनाये हुए है। इस प्रयास में जानकारी को रटा देने की प्रवृत्ति का विरोध शामिल है। कक्षा 11वीं तथा 12वीं की पाठ्यपुस्तकों में विभिन्न परियोजना।संभावित समस्याओं को ध्यान में रखने का प्रयास किया गया है जो विभिन्न संदर्भों, परिस्थितियों या विभिन्न प्रकार के विद्यालयों में ऐसे शोध कार्यों के दौरान उपस्थित हो सकते हैं। पाठ्यपुस्तक में सिर्फ सुझाव मात्र हैं। छात्र अपने अध्यापकों के साथ विचार विमर्श कर अन्य शोध परियोजनाएँ तैयार कर उन पर कार्य करने के लिए स्वतंत्र हैं।

बाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा, जो व्यवहारिक परियोजना कार्य के लिए निर्धारित 20 अंक का विभाजन है।

## अंकन योजना ( MARKING SCHEME)

| S.No. | ITEM | MARKS |
|---|---|---|
| 1. | परिचय **(Introduction)** | 2 अंक |
| 2. | प्रयोजन का कथन **(Statement of Purpose)** | 2 अंक |
| 3. | शोध प्रश्न **(Research Question)** | 2 अंक |
| 4. | कार्यप्रणाली **(Methodology)** (शोध पद्धति) | 3 अंक |
| 5. | डेटा विश्लेषण **(Data Analysis)** | 4 अंक |
| 6. | निष्कर्ष **(Conclusion)** | 2 अंक |
| | परियोजना **(VIVA)** | 5 अंक |
| | कुल अंक | 20 अंक |

# परियोजना कार्य - विस्तृत विवरण

अनुसंधाान के बारे में पढ़ने और उसे वास्वत में करने में बहुत अंतर होता है। किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए व्यावहारिक प्रयास करना और सुव्यवस्थित रूप से साक्ष्य इकट्ठा करना एक अत्यंत उपयोगी अनुभव है।

एक वास्तविक अनुसंधान परियोजना निश्चित रूप से अधिक विस्तृत होगी और उसे संपन्न करने के लिए छात्रों को विद्यालय में उपलब्ध समय से कहीं अधिक समय देने एवं प्रयत्न करने की आवश्यकता होगी। प्रत्येक अनुसंधान प्रश्न यानि शोध विषय पर कार्य करने के लिए उपयुक्त अनुसंधान पद्धति की आवश्यकता होती है। एक प्रश्न का उत्तर अक्सर एक से अधिक पद्धतियों से दिया जा सकता है लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि एक अनुसंधान पद्धति सभी प्रश्नों के लिए उपयुक्त हो। यह चयन व्यावहारिकता को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। इससे अनेक बातें शामिल हो सकती हैं जैसे–अनुसंधान के लिए उपलब्ध समय की मात्रा, लोगों एवं सामग्री दोनों के रूप में उपलब्ध संसाधन, परिस्थितियॉं इत्यादि।

एक निर्धारित प्रश्न चुन लेने के बाद अगला कदम होता है उपयुक्त पद्धति का चयन करना। पद्धति के आधार पर एक प्रश्नावली तैयार करनी होगी। तत्पश्चात प्रश्नावलियों को इकट्ठा करके उनसे परिणामों का विश्लेषण करेंगे।

## प्रस्तावना

इसके अंतर्गत हम विषय का पूर्व ज्ञान बताएंगे कि अब तक उस विषय के बारे में हमें क्या पता है। लिए गए टॉपिक का एक सामान्य परिचय दें। अपनी शोध समस्या और उद्देश्य बताएं। अपने विषय पर प्रासंगिक साहित्य को संक्षेप में लिखें। विषय की वर्तमान स्थिति का वर्णन करें। विषय में किसी भी अंतराल पर ध्यान दें जो आपका अध्ययन संबोधित करेगा

## प्रयोजन का कथन

अपने आप को, अपनी रुचियों और प्रेरणाओं का परिचय दें। अपने पिछले करियर को संक्षेप में बताएं। अपनी हाल की और वर्तमान गतिविधियों की प्रासंगिकता पर चर्चा करें। विषय को चुनने का औचित्य क्या है इसको संक्षेप में बताएं। विषय कि चुनौतियाँ क्या हैं और आप क्या समझना चाहते हैं संक्षेप में बताएं

## शोध प्रश्न

सामान्य तौर पर एक अच्छा शोध प्रश्न स्पष्ट और केन्द्रित होना चाहिए। दूसरे शब्दों में प्रश्न स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि अनुसंधानकर्ता को क्या करने की आवश्यकता है। प्रश्न न ज्यादा व्यापक हो और न ही ज्यादा संकीर्ण हो।

**शोध पद्धति** – विषय की मांग, समय, धन खर्च करने की सीमा आदि बातों को ध्यान में रखकर पद्धति का चुनाव किया जाता है।

**मुख्य विभिन्न शोध पद्धतियाँ**

**1. सर्वेक्षण प्रणाली**– इस प्रणाली के अंतर्गत सामान्यत: निर्धारित प्रश्नों को बड़ी संख्या में लोगों से पूछा जाता है। इस प्रणाली से लोगों के विचारों को जाना जा सकता है।

**2. साक्षात्कार**– साक्षात्कार हमेशा व्यक्तिगत रूप से किया जाता है और इसमें काफी कम लोगों को शामिल किया जाता है। साक्षात्कार में लचीलापन होता है। इसमें विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जा सकती है।

**3. प्रेक्षण**– प्रेक्षण पद्धति के अंतर्गत शोधकर्ता को अपने शोध करने के लिए निर्धारित परिस्थिती या संदर्भ में क्या–क्या हो रहा है इस पर बारीकी से नजर रखनी होती है और उसका अभिलेख तैयार करना होता है।

## डेटा विश्लेषण

डेटा विश्लेषण डेटा का वर्णन और चित्रण, संक्षेपण और पुनरावृत्ति करने और डेटा का मूल्यांकन करने के लिए सांख्यिकीय / या तार्किक तकनीकों को व्यवस्थित रूप से लागू करने की प्रक्रिया है। दरअसल, शोधकर्ता आमतौर पर संपूर्ण डेटा संग्रह करके उनका विश्लेषण करते हैं। सूचनादाताओं से प्राप्त सूचनाओं को सारणीबद्ध करके उनका अध्ययन करना विश्लेषण कहलाता है।

## निष्कर्ष

इस प्रकार अंत में हम सूचनाओं के आधार पर परिणाम निकाल सकते हैं।

## परियोजना VIVA

परीक्षा वाले दिन बाह्य परीक्षक प्रोजेक्ट के आधार पर प्रश्न पूछ कर VIVA के अंकों का निर्धारण करता है।

# सैंपल प्रोजेक्ट

**विषय : कोरोना काल में दिल्ली शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षण कार्य**

## परिचय

जैसा कि सभी को पता है कि विश्व इस वक्त कोरोना महामारी का शिकार है और पूरा विश्व जैसे थम सा गया है। मार्च 2020 में पूरा विश्व लॉक डाउन की स्थिति का सामना कर रहा है और बच्चों की पढ़ाई बाधित हो गई है। विद्यालय और विश्वविद्यालय बंद कर दिए गए हैं तथा घरों से निकलना भी केवल विशेष परिस्थितियों में ही हो पाता है। लोग वापिस अपने गांव की ओर लौट गए हैं। बच्चे घरों में कैद हो गए हैं। ऐसे समय में दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने शिक्षण कार्य को जारी रखने की संभावनाएं तलाशना शुरू किया और आधुनिक तकनीकों का सहारा लेते हुए ऑनलाइन शिक्षा की शुरुआत की।

## प्रयोजन का कथन

इस विषय को चुनने का मेरा उद्देश्य यह है कि जब सामान्य तरीके से पढ़ाई न हो पा रही हो तब किन विधियों का प्रयोग करके पढ़ाई जारी रखी जा सकती है। आधुनिक तकनीक का जमाना है और नई पीढ़ी आधुनिक तकनीकों को अच्छी तरह समझती है। मोबाइल, इंटरनेट या आधुनिक अन्य उपकरण आम आदमी की पहुंच में हैं तो क्यों न इस विधि का सहारा लिया जाये। इन तकनीकों के उपयोग से पढ़ाई कितनी सफल रही और क्या भविष्य में जरूरत पड़ने पर इसे जारी रखा जा सकता है? हर मुसीबत एक नया रास्ता दिखा कर जाती है। कोरोना के कारण हम भी नई तकनीकों का प्रयोग करके पढ़ाई को नई तकनीकों के साथ जोड़ कर नए आयाम छू सके।

## शोध प्रश्न

पढ़ाई को जारी रखने में आधुनिक तकनीकें किस सीमा तक सहायक हो सकती हैं?

अथवा

कहीं आधुनिक तकनीकें हमें उन पर आश्रित होना तो नहीं सिखा रहीं?

अथवा

दिल्ली के शिक्षा विभाग की ऑनलाइन क्लास का प्रयोग कितना सफल रहा?

## शोध पद्धति

उपरलिखित मुद्दे को जानने के लिए प्रश्नावली पर आधारित सर्वेक्षण पद्धति का प्रयोग किया जा सकता है। विभिन्न प्रश्नों को सामने रखकर हम इनके उत्तर जान सकते हैं। क्योंकि ऐसे समय में घर से बाहर ज्यादा निकलना उचित नहीं होगा। अतः ऐसे में ऑनलाइन तकनीक का ही सहारा लेकर लोगों से ऑनलाइन संपर्क किया जाये और आंकड़े इकट्ठे किए जाएँ या फिर केवल कोरोना बचाव के तरीकों का पूरी तरह से पालन करते हुए ही लोगों से मिला जाए। इसके लिए 15 से 20 प्रश्नों की एक प्रश्नावली बनायी जाये और गूगल फॉर्म बनाकर ऑनलाइन ऐप्प जैसे व्हाट्सप्प, फेसबुक, ट्विटर आदि का प्रयोग किया जाए ताकि ईमेल से प्रतिक्रियाएं मिल सकें। प्रश्नों के लिए साधारण भाषा का प्रयोग किया जाए और प्रश्न इस प्रकार बनाए जाएं ताकि सूचनादाता आसानी से सूचनाएं दे सके। प्रश्न बहुविकल्पीय होने चाहिए ताकि सूचनादाता उनका उत्तर देने में आसानी महसूस करें। प्रश्न कुछ इस तरह के हो सकते हैं :-

1. आपके पास कौन से आधुनिक उपकरण हैं?
2. क्या आपको मोबाइल में इंटरनेट का प्रयोग करना आता है?
3. क्या मोबाइल आपके पास रहता है या घरवालों के पास?
4. किस समय उपकरण का प्रयोग करने में आपको सुविधा होती है?
5. क्या आप इन माध्यमों से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं?
6. आप इस माध्यम से शिक्षा प्राप्त करके क्या नया सीख सके?
7. क्या भविष्य में भी आप इसको जारी रखने के पक्ष में हैं?

## डेटा विश्लेषण

उपर्युक्त सूचनाएं मिलने के बाद इन सूचनाओं को सारणीबद्ध करके इनकी तालिका बनायी जाए और डेटा को अलग कर लिया जाए जैसे कितने लोगों के पास मोबाइल था, कितने प्रतिशत लोग इनका लाभ उठा सके। कितने लोगों तक शिक्षा का यह नया प्रारूप अपनी पहुंच बना सका। पाई चार्ट या ग्राफ या बार डायग्राम के माध्यम से इन सूचनाओं को दिखाया जा सकता है।

## निष्कर्ष

चित्र या पाई चार्ट या बार डायग्राम आदि के माध्यम से कोई भी इन सूचनाओं के आधार पर निष्कर्ष निकाल सकता है कि पढ़ाई का यह तरीका कितना सफल रहा और समय पड़ने पर इस पद्धति का प्रयोग किया जा सकता है या नहीं।

## संभावित शोध Topic / विषय

1. मास मीडिया और उनकी सामाजिक जीवन में बदलती भूमिका।
2. सार्वजनिक परिवहन: लोगों के जीवन में इसकी क्या भूमिका है?
3. सामाजिक जीवन में संचार माध्यमों की क्या भूमिका है?
4. विभिन्न आयु में (जैसे कक्षा 5, 8, 11) विद्यालयी बच्चों की बदलती हुई आकांक्षाएं।
5. झोपड़पट्टी के निवासियों की समस्याएँ।
6. बच्चो के प्रति अपराध।
7. वृद्धावस्था में घरों में रहने वाले लोगों की भावनात्मक स्थिति।
8. सरकारी स्कूलों में पढ़ाई और लड़कियों की करियर आकांक्षाएँ।
9. दिल्ली विश्वविद्यालय में उच्च कटऑफ के बारे में आशंकाएँ।
10. युवाओं का राजनीति की तरफ रुझान।
11. कोरोना के बाद जीवन।
12. कोरोना समय में शिक्षा।
13. महामारी के समय जीवन।
14. लॉकडाउन का अनुभव।
15. वर्क फ्राम होम।
16. प्रवासी मजदूरों की समस्याएँ।
17. असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों की समस्याएँ।

# समाजशास्त्र (कोड़ नं. 39)

## पुस्तक 2

## भारत में सामाजिक परिवर्तन एवं विकास


| क्र.सं. | पाठ | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1. | **अध्याय 1 :** संरचनात्मक परिवर्तन | 75 |
| 2. | **अध्याय 2 :** सांस्कृतिक परिवर्तन | 87 |
| 3. | **अध्याय 4 :** ग्रामीण समाज में विकास एवं परिवर्तन | 98 |
| 4. | **अध्याय 5 :** औद्योगिक समाज में परिवर्तन तथा विकास | 115 |
| 5. | **अध्याय 8 :** सामाजिक आंदोलन | 130 |

## अध्याय - 1

# संरचनात्मक परिवर्तन

मुख्य बिन्दु

1. **संरचनात्मक परिवर्तन**

    समाज में आने वाले परिवर्तन, जो समाज की संरचना में परिवर्तन लाते हैं, संरचनात्मक परिवर्तन कहलाते हैं।

2. **उपनिवेशवाद**

    - एक स्तर पर एक देश द्वारा दूसरे देश पर शासन को उपनिवेशवाद माना जाता है। भारत में यह शासन किसी अन्य शासन से अधिक प्रभावशाली रहा। उपनिवेशवाद ने सामाजिक संरचना एवं संस्कृति में परिवर्तनों को दिशा दी एवं उन पर अनेक प्रभाव डाले।
    - उपनिवेशवाद ने राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक सरंचना में नवीन परिवर्तन किए परन्तु मुख्य संरचात्मक परिवर्तन–औद्योगीकरण व नगरीकरण है।

3. **उपनिवेशवाद का भारतीय समाज पर प्रभाव :–**

    i) भारत में आधुनिक विचार एवं संस्थाए औपनिवेशिक काल की देन है, हमारे देश की संसदीय विधि एवं शिक्षा व्यवस्था ब्रिटिश प्रारूप व प्रतिमानों पर आधारित है।

    ii) सड़कों पर बांए चलना, ब्रेड–आमलेट और कटलेट जैसी खाने की चीजें प्रयोग करना, नेक–टाई पोशाक पहनना, अंग्रेजी भाषा का अधिक प्रयोग करना आदि।

    (iii) उपनिवेशवाद का भारतीय समाज पर प्रभाव ब्रितानी उपनिवेशवाद पूँजीवादी व्यवस्था पर आधारित था। इसने आर्थिक व्यवस्था में बड़े पैमाने पर हस्तक्षेप किया, जिसके कारण इसे मजबूती मिली। वस्तुओं की उत्पादन प्रणाली व वितरण के तरीके भी बदल गए।

    (iv) जंगल काट कर चाय की खेती की शुरूआत की तथा जंगलों को नियंत्रित एवं प्रशासित करने के लिए अनेक कानून बनाए।

(v) उपनिवेशवाद के दौरान लोगो का आवगमन बढ़ा : डाक्टर व वकील मुख्यत: बंगाल व मद्रास से चुनकर देश विदेश के विभिन्न भागों में सेवा के लिए भेजे गए। व्यवसायियों का आवागमन भी बढ़ा। यह भारत तक सीमित न रह कर सुदूर एशिया, अफ्रीका तथा अमेरिका उपनिवेश तक बढ़ गया।

(vi) आज के झारखंड प्रदेश से उन दिनों बहुत से लोग चाय बागानों में मजदूरी करने के उद्देश्य से असम आए। भारतीय मजदूरों एवं दक्ष सेवाकर्मियों को जहाजों के माध्यम से सुदुर एशिया, अफ्रीका और अमेरिका भेजा गया।

(vii) उपनिवेशवाद द्वारा वैधानिक, सांस्कृतिक व वास्तुकला में भी परिवर्तन आया। कुछ परिवर्तन सुनियोजित तरीकों से लागू किए गए थे।

(viii) जैसे पश्चिमी शिक्षा पद्धति को भारत में इस उद्देश्य से लाया गया कि उससे भारतीयों का एक ऐसा वर्ग तैयार हो जो ब्रिटिश उपनिवेशवाद को बनाए रखने में सहयोगी हो। यही पश्चिमी शिक्षा पद्धति राष्ट्रवादी चेतना एवं उपनिवेश विरोधी चेतना का माध्यम बनी।

(ix) ब्रिटिश उपनिवेशवाद अब भी हमारे जीवन का एक जटिल हिस्सा है। हम अंग्रेजी भाषा का उदाहरण ले सकते हैं।

(x) बहुत से भारतीयों ने अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाएँ की है। अंग्रेजी के ज्ञान के कारण विशेष स्थान प्राप्त है। जिसे अंग्रेजी का ज्ञान नहीं होता है उसे रोजगार के क्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अंग्रेजी ज्ञान से अब दलितों के लिए भी अवसरों के द्वार खुल गए है।

4. **पूँजीवाद**–एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जिसमें उत्पादन के साधनों का स्वामित्व कुछ विशेष लोगों के हाथ में होता है। इसमें ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने पर जोर दिया जाता है। इसे गतिशीलता, वृद्धि, प्रसार, नवीनीकरण, तकनीक तथा श्रम के बेहतर उपयोग के लिए जाना गया। इससे बाजार को एक विस्तृत भूमंडलीकरण के रूप में देखा जाने लगा। भारत में भी पूँजीवाद के विकास के कारण उपनिवेशवाद प्रबल हुआ और इस प्रक्रिया का प्रभाव भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक संरचना पर पड़ा।

- अगर पूंजीवादी व्यवस्था शक्तिशाली आर्थिक व्यवस्था बन सकती है तो राष्ट्र राज्य भी सशक्त एवं प्रबल राजनीतिक रूप ले सकता है। औद्योगीकरण के कारण नए सामाजिक समूह एवं नए सामाजिक रिश्तों का विकास हुआ।

5. **नगरीकरण और औद्योगीकरणः-**

उपनिवेशवाद के दौरान दो संरचनात्मक परिवर्तन हुएः-

- हम नगरीकरण को औद्योगीकरण से जोड़कर देखते है।
- औद्योगीकरण का सम्बन्ध यान्त्रिक उत्पादन के उदय से है जो ऊर्जा के गैरमानवीय संसाधनों पर निर्भर होता है इसमें ज्यादातर लोग कारखानों, दफ्तरों तथा दुकानों में काम करते है। तथा इसके कारण कृषि व्यवसाय में लोगों की संख्या कम होती जा रही है। औपनिवेशिक काल के दौरान नगरीकरण में पुराने शहरों का अस्तित्व कमजोर होता गया और उनकी जगह पर नए औपनिवेशिक शहरों का उद्भव और विकास हुआ।
- नगरीकरण को औद्योगीकरण से जोड़ कर देखा जा सकता है। दोनों एक साथ होने वाली प्रकियाएँ है कई बार औद्योगिक क्षरण भी देखा गया है। भारत में कुछ पुराने, परंपरागत नगरीय केन्द्रों का पतन हुआ। जिस तरह ब्रिटेन में उत्पादन व निर्माण को बढ़ावा मिला उसके विपरीत भारत में गिरावट आई। प्राचीन नगर जैसे-सूरत ओर मसुलीपट्टनम का अस्तित्व कमजोर हुआ।
- आधुनिक नगर जैसे बंबई, कलकत्ता, मद्रास जो उपनिवेशवादी शासन में प्रचलित हुए और मजबूत होते चले गए।
- बंबई से कपास, कलकत्ता से जूट, मद्रास से कहवा, चीनी, नील तथा कपास ब्रिटेन को निर्यात किया जाता था।
- प्रारम्भ में भारत के लोग औद्योगीकरण के कारण ब्रिटिशों के विपरीत कृषि क्षेत्र की ओर आए। इस प्रकार नए सामाजिक समूह तथा नए सामाजिक सम्बन्धों का उदय हुआ।
- स्वतंत्रता के बाद भारत की आर्थिक स्थिति को औद्योगीकरण के द्वारा ही सुधारा जा सका। समाजशास्त्री एम.एस.ए. राव ने लिखा है कि भारत के अनेक गाँव भी तेजी से बढ़ रहे नगरीय प्रभाव में आ रहे है।
- ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में नगरों की भूमिका महत्वपूर्ण थी। समुद्र तटीय नगर जैसे बंबई, कलकत्ता औद मद्रास उपयुक्त माने गए थे। क्योंकि इन जगहों से उपभोग की आवश्यक वस्तुओं का निर्यात आसानी से किया जा सकता था। यहीं से उत्पादित वस्तुओं को सस्ती लागत से आयात किया जा सकता था।

## 6. चाय की बागवानी

- अधिकारिक रिपोर्ट से पता चलता है कि औपनिवेशिक सरकार गलत तरीकों से मजदूरों की भर्ती करती थी।
- मजदूरों से बलपूर्वक बागानों में सस्ते में काम कराया जाता था। इससे बागान मालिकों को फायदा मिलता था और मजदूरों का शोषण होता था।
- बागानों के मालिक अंग्रेज और उनकी मेम विशाल बंगलों में रहते थे। सारा जरूरत का सामान उनके पास मौजुद था। उनकी जिंदगी चका-चौंध सें भरी थी।

## 7. स्वतंत्र भारत में औद्योगीकरण

- औद्योगीकरण को स्वतंत्र भारत ने सक्रिय तौर पर बढ़ावा दिया।
- स्वदेशी आंदोलन ने भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के प्रति निष्ठा को मजबूत किया।
- तीव्र और वृहद् औद्योगीकरण के द्वारा आर्थिक स्थिति में सुधार आया और सामाजिक न्याय हो पाया।
- भारी मशीनीकृत उद्योगों का विकास हुआ। इन्हें बनाने वाले उद्योगों,, पब्लिक सेक्टर के विस्तार और बड़े को-ऑपरेटिव सेक्टर को महत्वपूर्ण माना गया।

## 8. स्वतंत्र भारत में नगरीकरण

- भूमण्डलीकरण द्वारा शहरों का अत्यधिक प्रसार हुआ।
- एम.एस.ए. राव के अनुसार भारतीय गाँव पर नगरों के प्रभाव-

(क) कुछ गाँव ऐसे है जँहा से अच्छी खासी संख्या में लोग दूरदराज के शहरों में रोज़गार ढूँढ़नें के लिए जाते है। बहुत सारे प्रवासी केवल भारतीय नगरों में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रहते हैं।

(ख) शहरी प्रभाव उन गाँवों में देखा जाता है जो औद्योगिक शहरों के निकट स्थित हैं जैसे भिलाई।

(ग) महानगरों का उद्‌भव और विकास तीसरे प्रकार का शहरी प्रभाव है जिससे निकटवर्ती गाँव प्रभावित होते है। कुछ सीमावर्ती गाँव पूरी तरह से नगर के प्रसार में विलीन हो जाते है। जबकि वे क्षेत्र जहाँ लोग नहीं रहते नगरीय विकास के लिए प्रयोग में ले लिए जाते हैं।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. एक स्तर पर एक देश द्वारा दूसरे देश पर शासन को ................ कहते हैं।

   उत्तर – उपनिवेशवाद

2. उपनिवेशवाद के दौरान मुख्य संरचनात्मक परिवर्तन ................ व ................ है।

   उत्तर – उत्पादन के साधन व वितरण

3. ................ एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जिसके उत्पादन के साधनों का स्वामित्व कुछ विशेष लोगों के हाथ में होता है।

   उत्तर – पूंजीवाद

4. ................ व ................ दोनों जुड़ी हुई प्रक्रियाएँ हैं।

   उत्तर – नगरीकरण, औद्योगीकरण

5. बागानों के मालिक ................ थे।

   उत्तर – अंग्रेज

6. कथन सही लिखें–

   (a) औपनिवेशिक सरकार **अंगूर** की बागवानी के लिए गलत तरीकों से मजदूरों की भर्ती करती थी।

   उत्तर – चाय

   (b) बागानों के मालिक अंग्रेज और उनकी मेम **दयनीय** स्थिति में रहते हैं।

   उत्तर – ऐशो–आराम

   (c) भारत में सड़कों पर बाएँ चलना, ब्रेड–आमलेट खाना, नेक–टाई पहनना उपनिवेशवाद का हिस्सा **नहीं** है।

   उत्तर – है

(d) आधुनिक नगर जैसे बंबई, कलकत्ता, मद्रास जो उपनिवेशवादी शासन में प्रचालित हुए **कमजोर** होते गए।

उत्तर – विकसित

7. ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित तटीय नगर की भूमिका महत्वपूर्ण थी।

(a) बंबई (b) कलकत्ता

(c) मद्रास (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर – (d) उपर्युक्त सभी

8. किसके द्वारा भारतीय गाँव पर नगरों के प्रभाव को लिखा गया।

(a) एम.एस. ए राव (b) एम. एन. श्रीनिवास

(c) ए. आर. देसाई (d) सर सैयद अहमद खान

उत्तर – (a) एम.एस. ए राव

9. आधुनिकीकरण की अवधारणा किसने दी ?

(a) डेनियल लर्नर (b) डेनियल बेल

(c) डेनियल थॉर्नर (d) डेनियल गूच

उत्तर – (a) डेनियल लर्नर

10. उपनिवेशवाद का संबंध निम्न में से किससे है ?

(a) राष्ट्रवाद (b) प्रजातिवाद

(c) साम्राज्यवाद (d) पूँजीवाद

उत्तर – (d) पूँजीवाद

11. भारत में ब्रिटिश उपनिवेशवाद की स्थापना तथा विस्तार में कौन सहायक था ?

(a) लॉर्ड कार्नवालिस (b) लॉर्ड क्लाइव

(c) वारेन हेस्टिंग्ज (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर – (d) उपर्युक्त सभी

12. सन् 1995 में भारत में मलिन बस्तियों में रहनेवाले लोगों की संख्या कितनी थी ?

(a) 250 लाख (b) 450 लाख

(c) 300 लाख (d) 500 लाख

उत्तर – (b) 450 लाख

13. वर्तमान स्थिति में किसी भी प्रकार के और किसी भी स्तर के बदलाव को कहते हैं?

(a) परिवर्तन (b) मौसमी प्रवसन

(c) नगरीकरण (d) औद्योगीकरण

उत्तर – (a) परिवर्तन

14. यूरोप और अमेरिका की सभ्यताओं की संस्कृति से प्रभावित होकर होने वाले परिवर्तन को कहते हैं।

(a) उपनिवेशवाद (b) मौसमी प्रवसन

(c) पश्चिमीकरण (d) मलिन बस्तियाँ

उत्तर – (c) पश्चिमीकरण

15. ''सामाजिक परिवर्तन से तात्पर्य सामाजिक ढाँचे के परिवर्तन से हैं'' यह कथन किसका था ?

(a) जॉनसन (b) गिलिन तथा गिलिन

(c) डॉ. मजूमदार (d) मैकाइवर तथा पेज

उत्तर – (a) जॉनसन

16. भारत में औद्योगीकरण लगभग कितने वर्ष पुराना है ?

(a) 200 (b) 300 (c) 400 (d) 100

उत्तर – (d) 100

17. घटते हुए पूँजी निवेश तथा निर्माण की मात्रा में अत्यधिक ह्रास के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के सेवा क्षेत्र के उत्पादन नियोजन में वृद्धि .......... कहलाती है ?

(a) पूंजीवाद (b) औद्योगिकरण (c) विऔद्योगीकरण

उत्तर – (c) विऔद्योगीकरण

18. योजना आयोग का गठन हुआ था

(a) 1952 (b) 1951 (c) 1950 (d) 1953

उत्तर – (c) 1950

19. राष्ट्रीय योजना समिति के संपादक थे

(a) के टी शाह (b) एम् आर शाह

(c) सुब्रत शाह (d) हरीश पटेल

उत्तर – (a) के टी शाह

20. ब्रिटेन के लिए सामान उतारने और चढाने के लिए ................ जगह का प्रयोग किया जाता था

(a) रामपुर (b) सीतापुर (c) परबतपुरी (d) हाजीपुरी

उत्तर – (c) परबतपुरी

21. अभिकथन (A): अंग्रेजी के ज्ञान के कारण भारत को भूमंडलीकृत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक विशेष स्थान प्राप्त है।

कारण (R) : अंग्रेजी भाषा का ज्ञान अनेक वंचित समूहों के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ है।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

**उत्तर– (b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।**

22. अभिकथन (A): आधिकारिक रिपोर्ट से पता चलता है कि औपनिवेशिक सरकार गलत तरीके से मजदूरों की भर्ती करती थी।

कारण (R) : औपनिवेशिक सरकार मजदूरों के स्वास्थ्य का बड़ा ध्यान रखती थी।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

**उत्तर– (c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।**

23. निम्न में से क्या ब्रिटिश प्रारूप व प्रतिमानों पर आधारित है?

I. हमारे देश में स्थापित संसदीय, विधिा एवं शिक्षा व्यवस्था

II. हमारा सड़कों पर बायें चलना

III. स्कूलों में 'नेक टाई' पोशाक का एक अनिवार्य हिस्सा

IV. सड़क के किनारे रेहड़ी व गाड़ियों पर 'ब्रेड–ऑमलेट' और 'कटलेट' जैसी खाने की चीजें मिलना

(a) केवल I (b) केवल IV

(c) I, II, III (d) I, II और III

**उत्तर : ( घ ) I, II, III और IV**

24. समाज सुधाारक आंदोलनों में क्या विषयगत समानताएँ थी?

I. सामाजिक मुद्दों के प्रति चिंता

II. महिलाओं के विरुद्ध शोषण के मुद्दे

III. कोई समानता ही नहीं थी

IV. धर्म में जाति एवं लैंगिक शोषण के मुद्दे

(a) केवल I (b) केवल II और IV

(c) I, II, III (d) I, II और IV

**उत्तर : (d) I, II और IV**

25. निम्न वाक्यों को क्रम से व्यवस्थित कीजिये।

I. भारत के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में आना जाना चलता रहा।

II. उन्हीं दिनों एक नए मध्य वर्ग का भी उद्‌भव हुआ जो मुख्यत: बंगाल और मद्रास क्षेत्र से था।

III. उसमें वे लोग थे जिनको उपनिवेशवादी शासन ने देश के विभिन्न भागों से सेवा के लिए चुना था।

IV. उपनिवेशवाद ने लोगों की आवाजाही को भी बढ़ाया।

(a) IV, I, II, III (b) II, IV, III, I (c) III, I, II, IV (d) I, IV, III, II

उत्तर : **(a) IV, I, II, III**

24. निम्न वाक्यों को क्रम से व्यवस्थित कीजिये।

I. ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में नगरों की भूमिका महत्वपूर्ण थी।

II. समुद्र तटीय नगर जैसे बंबई, कलकत्ता और मद्रास उपयुक्त माने गए थे।

III. क्योंकि इन जगहों से उपभोग की आवश्यक वस्तुओं का निर्यात आसानी से किया जा सकता था।

IV. औपनिवेशिक नगर ब्रिटेन में स्थित आर्थिक केंद्र और औपनिवेशिक भारत में स्थित हाशिये के बीच महत्वपूर्ण संपर्क सूत्र थे।

(a) IV, I, II, III (b) II, III, IV, I (c) I, II, III, IV (d) I, II, IV, III

उत्तर : **(c) I, II, III, IV**

## 2 अंक प्रश्न

1. अंग्रेजी भाषा ने हमारे समाज पर क्या प्रभाव डाला?
2. उपनिवेशवाद क्या है?
3. पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली का भारत में क्या प्रभाव पड़ा?
4. पूंजीवाद किसे कहा जाता है?
5. औद्योगीकरण तथा शहरीकरण की परिभाषा लिखें?
6. ब्रिटेश औद्योगीकरण का भारतीय उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ा?
7. आजादी के बाद भारत में औद्योगीकरण किस प्रकार हुआ।
8. औद्योगिक क्षरण क्या है?
9. पाश्चात्य व भारतीय औद्योगीकरण के पैटर्न में 'अन्तर बताइए।

## 4 अंक प्रश्न

1. उपनिवेशवाद ने हमारे जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया? (Outside Delhi 2018)
2. उपनिवेशवाद भारत में पहले शासनों से किस प्रकार भिन्न है?
3. उपनिवेशवाद के कारण लोगों का आवागमन बढ़ गया। कैसे?
4. उपनिवेशवाद के दौरान राष्ट्र राज्य की किस प्रकार उत्पत्ति हुई?
5. भारत में किन शहरों को अंग्रेजों ने बसाया तथा क्यों?

6. अनुच्छेद पढ़कर उत्तर दीजिए :-

उपनिवेशवाद के आयामों व तीव्रता को समझने के लिए यह आवश्यक है कि पूंजीवाद की संरचना को समझा जाए। पश्चिम में पूंजीवाद का प्रारंभ एक जटिल प्रक्रिया के फलस्वरूप हुआ। इस प्रक्रिया में मुख्य रूप से यूरोप द्वारा शेष दुनिया की खोज, गैर यूरोपीय देशों की संपत्ति और संसाधनों का दोहन, विज्ञान और तकनीक का अद्वितीय विकास और इसके उपयोग से उद्योग एवं कृषि में रूपांतरण आदि सम्मिलित हैं।

(क) पूंजीवाद किसे कहते हैं?

(ख) इसकी विशेषताएँ बताइये।

(ग) उपनिवेशवाद व पूंजीवाद में क्या सम्बंध है?

(घ) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था एक..................अर्थव्यवस्था है।

7. अनुच्छेद पढ़कर उत्तर दीजिए :-

ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में नगरों की भूमिका महत्वपूर्ण थी। समुद्र तटीय नगर जैसे बंबई, कलकत्ता और मद्रास उपयुक्त माने गए थे क्योंकि इन जगहों से उपभोग की आवश्यक वस्तुओं का निर्यात आसानी से किया जा सकता था।

(क) संरचनात्मक परिवर्तन किसे कहते हैं?

(ख) नगरीकरण और औद्योगीकरण किस तरह एक दूसर के पूरक हैं? समझाइये।

(ग) ब्रिटिश काल में कौन-कौन सी वस्तुओं का भारत से निर्यात किया जाता था?

(घ) समुद्र तटीय नगरों का विस्तार शीघ्रता से क्यों हुआ?

## 4 अंक प्रश्न

1. नगरीकरण और औद्योगीकरण का परस्प्र संबंध है। चर्चा करें।
2. स्वतंत्र भारत में एम.एस.ए. राव के अनुसार भारतीय गाँव पर नगरों के प्रभावों की चर्चा कीजिए।

3. चार्ट को समझकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए




(क) नगरीकरण से आप क्या समझते हैं।

(ख) नगरीकरण में 1951 से 2011 तक किस प्रकार से परिवर्तन आया और उसके क्या कारण थे? उदाहरण सहित विस्तार से समझाइये।

## अध्याय - 2

# सांस्कृतिक परिवर्तन

**मुख्य बिन्दु**

1. सांस्कृतिक परिवर्तन को चार प्रक्रियाओं के रूप में देखा जा सकता है।

- संस्कृतिकरण, आधुनिकीकरण, लौकिकीकरण या धर्मनिरपेक्षीकरण, पश्चिमीकरण
- संस्कृतिकरण की प्रक्रिया उपनिवेशवाद से पहले भी थी लेकिन बाकी की तीन प्रक्रियाएं उपनिवेशवाद के बाद की देन है।

2. 19 वीं और 20 वीं शताब्दी के प्रारंभ में हुए समाज सुधार आंदोलनः-

- समाज सुधार आन्दोजन उन चुनौतियों के जवाब थे, जिन्हें भारत के लोग अनुभव कर रहे हो जैसे-सती प्रथा, बालविवाह, विधवा पुनर्विवाह तथा जाति प्रथा। राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा का विरोध किया।
- समाज शास्त्री सतीश सबरवाल ने औपनिवेश्कि भारत में आधुनिक परिवर्तनों के लिए निम्न पहलुओं को बताया।

(अ) **संचार माध्यम :** प्रेस, माईक्रोफोन, जहाज, रेलवे आदि। वस्तुओं के आवागमन में नवीन विचारों को तीव्र गति प्रदान करने में सहायता प्रदान की।

(ब) **संगठनों के स्वरूप :** बंगाल में ब्रह्म समाज और पंजाब में आर्य समाज की स्थापना हुई। मुस्लिम महिलाओं की राष्ट्र स्तरीय संस्था अंजुमन-ए-ख्वातीन-ए-इस्लाम की स्थापना हुई।

(स) विचार की प्रकृति- स्वतंत्रता तथा उदारवाद के नए विचार, जैसे-परिवार संरचना, विवाह सम्बन्धी नियम, संस्कृति में स्वचेतन के विचार, शिक्षा के मूल्य।

- आधुनिक तथा पारम्परिक विचारधाराओं में वाद-विवाद हुए। ज्योतिबा फूले ने आर्यो से पहले को अच्छा काल माना। बाल गंगाधर तिलक ने आर्य युग की प्रशंसा की, जहांआरा शाह नवाज़ ने अखिल भारतीय मुस्लिम महिला सम्मेलन में बहु-विवाह की कुप्रथा के विरूद्ध भाषण दिया तथा इसे कुरान की मूल भावनाओं के विरूद्ध बताया।

- समाज सुधारों के विरोधियों ने भी अपनी रूढ़िवादी बातों को उठाया। जैसे- सतीप्रथा के समर्थन में बंगाल में धर्म सभा का गठन हुआ।
- भारत में संरचनात्मक तथा सांस्कृतिक विविधता है।
- आधुनिक ज्ञान व शिक्षा के कारण शिक्षित भारतीयों को उपनिवेशवाद में अन्याय और अपमान का अहसास हुआ।

**3. संस्कृतिकरणः-**

<u>उत्पत्ति एम.एन. श्रीनिवास</u>

निम्न जाति या जनजाति या अन्य समूह उच्च जातियों विशेषकर, द्विज जाति की जीवन पद्धति, अनुष्ठान, मूल्य, आदर्श, विचारधाराओं का अनुकरण करके अपनी स्थिती उच्च करने का प्रयास करते हैं।

<u>संस्कृतिकरण का प्रभाव</u>

- भाषा, साहित्य ,विचारधारा ,संगीत ,नृत्य नाटक , अनुष्ठान व जीवन पद्धति में
- मूलतः हिंदू समाज के अंतर्गत
- श्रीनिवास को गैर हिंदू संप्रदाय और समूह में भी यह प्रक्रिया दिखाई पड़ी
- देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग प्रभाव
- उच्च स्तरीय सांस्कृतिक जातियां प्रभुत्वशाली किसी न किसी स्तर का संस्कृतिकरण
- संस्कृतिकरण एम.एन. श्री निवास के अनुसार वह प्रक्रिया है जिसमें निम्न जाति या जनजाति, उच्च जाति (द्विज जातियाँ) की जीवन पद्धति, अनुष्ठान मूल्य, आदर्श तथा विचारों का अनुकरण करते हैं। इसके प्रभाव भाषा, साहित्य, विचार-धारा, संगीत, नृत्य, नाटक, अनुष्ठान तथा जीवन पद्धति में देखे जा सकते हैं। यह प्रक्रिया अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग ढंग से होती है।
- जिन क्षेत्रों में गैर सांस्कृतिक जातियाँ प्रभुत्वशाली थी, वहां की संस्कृति को इन निम्न जातियों ने प्रभावित किया। श्री निवास ने इसे विसंस्कृतिकण का नाम दिया।
- **संस्कृतिकरण की आलोचनाः-**
  - सामाजिक गतिशीलता निम्न जाति के स्तरीकरण में उर्ध्वगामी परिवर्तन करती है।
  - उच्च जाति की जीवन शैली उच्च तथा निम्न श्रेणी की जीवन शैली निम्न होने की भावना पाई जाती है।

- उच्च जाति की जीवन शैली का अनुकरण वांछनीय तथा प्राकृतिक है।
- यह अवधारणा असमानता तथा अपवर्जन पर आधारित है।
- निम्न जाति के प्रति भेदभाव एक विशेषाधिकार है।
- इसमें दलित समाज के मूलभूत पक्षों को पिछड़ा माना जाता है।
- लड़कियों को भी असमानता की श्रेणी में नीचे धकेल दिया जाता है।
- जातीय सदस्यता ही प्रतिभा की सूचक बन गई है। यही भावना दलितों में भी आई है। लेकिन फिर भी वे भेदभाव व अपर्वजन के शिकार हैं।

4. **पश्चिमीकरण**- ब्रिटिश शासन के 150 वर्षों में आए प्रौद्योगिकी, संस्था, विचारधारा, मूल्य परिवर्तनों को पश्चिमीकरण का नाम दिया गया। जीवनशैली एवं चिन्तन के अलावा भारतीय कला तथा साहित्य पर भी पश्चिमी संस्कृति का असर पड़ा है। ऐसे लोग कम ही थे जो पश्चिमी जीवन शैली को अपना चुके थे। इसके अलावा अन्य पश्चिमी सांस्कृतिक तत्वों जैसे नए उपकरणों का प्रयोग, पोशाक, खाद्य-पदार्थ तथा आम लोगों की आदतों और तौर-तरीकों में परिवर्तन आदि थे। मध्य वर्ग के एक बड़े हिस्से के परिवारों में टेलीविजन, फ्रिज, सोफा-सेट, खाने की मेज मौजूद होना एक आम बात है।

- श्रीनिवास के अनुसार निम्न जाति के लोग संस्कृतिकरण जबकि उच्च जाति के लोग पश्चिमीकरण की प्रक्रिया को अपनाते हैं।

5. **आधुनिकीकरणः**- प्रारम्भ में आधुनिकीकरण का आशय प्रौद्योगिकी ओर उत्पादन प्रक्रियाओं में होने वाले सुधार से था। परन्तु आधुनिक विचारों के अनुसार-सीमित, संकीर्ण स्थानीय दृष्टिकोण कमजोर पड़ जाते है। और सार्वभौमिक दृष्टिकोण यानि पूरा विश्व एक कुटुम्ब है को महत्त्व दिया जाता है।

6. **आधुनिकीकरण और धर्मनिरपेक्षीकरणः-**

- ये धनात्मक तथा अच्छे मूल्यों की ओर झुकाव है।
- आधुनिकीकरण का आशय प्रौद्योगीकरण और उत्पादन प्रक्रियाओं में होने वाले सुधार से है। इसका मतलब विकास का वो तरीका जिसे पश्चिमी यूरोप या उत्तर अमेरीका ने अपनाया।
- आधुनिकीकरण का मतलब ये समझ में आता है कि इसके समक्ष सीमित-संर्कीण-स्थानीय दृष्टिकोण कमजोर पड़ जाते हैं और सार्वभौमिक प्रतिबंद्धता और विश्वजनीन दृष्टिकोण ज्यादा प्रभावशाली होता है।

- इसमें उपयोगिता, गणना और विज्ञान की सत्यता को भावुकता, धार्मिक पवित्रता ओर अवैज्ञानिक तत्वों के स्थान पर महत्व दिया जाता है।
- इसके मूल्यों के मुताबिक समूह/संगठन का चयन जन्म के आधार पर नहीं बल्कि इच्छा के आधार पर होता है।
- धर्मनिरपेक्षीकरण का मतलब ऐसी प्रक्रिया से है जिसमें धर्म के प्रभाव में कमी आती है।
- आधुनिक समाज ज्यादा ही धर्मनिरपेक्ष होता है।
- जाति का पंथनिरपेक्षीकरण–जाति आधारित संस्थाओं व राजनैतिक पाटियों का संगठन। जाति आधारित प्रत्याशी उतारना व वोट माँगना–जाति आधारित संगठनों द्वारा दबाव बनाकर अधिकारों का दावा।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. कथन सही करें–

   (a) धर्मनिरपेक्षीकरण का मतलब ऐसी प्रक्रिया से है जिसमें धर्म के प्रभाव में **अधिकता** आती है।

   (b) **एम.एस. राव** के अनुसार निम्न जाति के लोग संस्कृतिकरण जबकि उच्च जाति के लोग पश्चिमीकरण की प्रक्रिया को अपनाते हैं।

   (c) संस्कृतिकरण की आलोचना के अंतर्गत उच्च जाति की जीवन शैली का अनुकरण वांछनीय तथा प्राकृतिक नहीं है।

   (d) समाज सुधारकों ने सती प्रथा, बाल विवाह, विधवा पुनर्विवाह तथा जाति प्रथा के विरुद्ध आंदोलन **नहीं** चलाए।

उत्तर - (a) कमी (b) एम. एन. श्रीनिवास (c) निम्न जाति (d) चलाए

2. सामाजिक गतिशीलता ................ जाति के स्तरीकरण में उर्ध्वगामी परिवर्तन लाती है।

उत्तर - निम्न

3. सती प्रथा के समर्थन में बंगाल में ................ सभा का गठन हुआ।

उत्तर - धर्म

4. आधुनिकीकरण का आशय ................ और ................ प्रक्रियाओं में होने वाले सुधार से था।

उत्तर - प्रौद्योगिकी, उत्पादन

5. ................ ने औपनिवेशिक भारत में आधुनिक परिवर्तनों के लिए तीन पहलुओं को बताया।

उत्तर – सतीश सबरवाल

6. संस्कृतिकरण वह प्रक्रिया है जिसमें निम्न जाति किसकी जीवन पद्धति, विचारों का अनुकरण करते हैं–

(a) उच्च जाति (b) दलित

(c) अनुसूचित जाति (d) अनुसूचित जनजाति

उत्तर – (a) उच्च जाति

7. उपनिवेशवाद के दौरान लोगों द्वारा अपनाया नहीं गया।

(a) पश्चिमी पोशाक (b) पश्चिमी खाद्य–पदार्थ

(c) पश्चिमी संस्कृति (d) पश्चिमी देशों में रहना

उत्तर – (d) पश्चिमी देशों में रहना

8. आधुनिकीकरण का आशय है–

(a) गणना और विज्ञान की सत्यता की भावुकता

(b) धार्मिक पवित्रता

(c) अवैज्ञानिक तत्वों को महत्व देना

(d) सीमित–संकीर्ण स्थानीय दृष्टिकोण होना

उत्तर – (a) गणना और विज्ञान की सत्यता की भावुकता

9. निम्नलिखित में किसने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की?

(a) बी0 आर0 अम्बेडकर (b) ज्योतिबा फूले

(c) दयानंद सरस्वती (d) केशवचन्द्र सेन

उत्तर – (b) ज्योतिबा फूले

10. संस्कृतिकरण की अवधारणा किसके द्वारा दी गई है ?

(a) योगेश अटल (b) योगेन्द्र सिंह

(c) एम. एन. श्रीनिवास (d) श्यामाचरण दूबे

उत्तर – (c) एम. एन. श्रीनिवास

11. आर्य समाज के संस्थापक इनमें से कौन थे?

(a) स्वामी सरस्वती (b) स्वामी दयानंद सरस्वती

(c) बी सरस्वती (c) इनमें कोई नहीं

उत्तर - (b) स्वामी दयानंद सरस्वती

12. धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है -

(a) धर्म को मानना (b) अपने धर्म का सम्मान करना

(c) सभी धर्मों का सम्मान करना (d) किसी धर्म का सम्मान न करना

उत्तर - (c) सभी धर्मों का सम्मान करना

13. सती प्रथा के खिलाफ आवाज सर्वप्रथम किसने उठायी?

(a) रामकृष्ण परमहंस (b) बाल गंगाधर तिलक

(c) स्वामी विवेकानन्द (d) राजाराम मोहन राय

उत्तर - (d) राजाराम मोहन राय

14. मुस्लिम समाज में व्यापक पैमाने पर सुधार आंदोलन कार्य किसने किया ?

(a) मौलाना अबुल कलाम आजाद (b) डॉ. जाकिर हुसैन

(c) सैयद अहमद खाँ (d) ए.पी.जे.अब्दुल कलाम

उत्तर - (c) सैयद अहमद खाँ

15. Modernization of India Tradition नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(a) प्रो0 एम0 एन0 श्रीनिवास (b) प्रो0 टी0 के0 ओमान

(c) प्रो0 योगेन्द्र सिंह (d) प्रो0 ए0 आर0 देसाई

उत्तर - (c) प्रो0 योगेन्द्र सिंह

16. एम0 एन0 श्रीनिवास ने पश्चिमीकरण की अवधारणा की विस्तृत व्याख्या अपनी पुस्तक

(a) मेथड इन सोशल एंथ्रोपॉलोजी में की

(b) सोशल चेंज इन मॉडर्न इंडिया में की

(c) द डोमिनेंट कास्ट एंड अदर एस्सेज में की

(d) किनशिप ऑर्गनाइजेशन इन इंडिया में की

उत्तर - (b) सोशल चेंज इन मॉडर्न इंडिया में की

17. भारतीय समाज की कौन सी सबसे प्रमुख विशेषता है ?

(a) अनेकता में एकता (b) वर्ण व्यवस्था

(c) जजमानी व्यवस्था (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर – (d) उपर्युक्त सभी

18. पश्चिमीकरण की अवधारणा किसने विकसित की?

(a) एम. एन . श्रीनिवास (b) एच. सी. दूबे

(c) मर्टन (d) परेटो

उत्तर – (a) एम. एन . श्रीनिवास

19. धर्मनिरपेक्षीकरण के आवश्यक तत्त्व निम्न में कौन–से हैं ?

(a) तार्किकता (b) विभेदीकरण की प्रक्रिया

(c) धार्मिक संकीर्णता का हास (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर – (d) उपर्युक्त सभी

20. 'सर्वोदय' शब्द किसकी देन है ?

(a) स्वामी विवेकानन्द (b) राजा राम मोहन राय

(c) स्वामी दयानन्द (d) गाँधीजी

उत्तर – (d) गाँधीजी

21. अभिकथन (A): विभिन्न प्रकार के समाज सुधार आंदोलनों में कुछ विषयगत समानताएँ थी।

कारण (R) : समाज के सुधार के लिए इन आंदोलनों में शिक्षा, रूढ़िवादी प्रथाओं के विरोध आदि प्रमुख मुद्दे थे।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

**उत्तर– (a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।**

22. अभिकथन (A): संस्कृतिकरण में सीमित संकीर्ण स्थानीय दृष्टिकोण कमजोर पड़ जाते हैं और सार्वभौमिक प्रतिबद्धता तथा विश्वजनीन दृष्टिकोण प्रभावी होता है।

कारण (R) : संस्कृतिकरण के प्रभाव साहित्य, भाषा, विचारधारा, संगीत, नाटक, अनुष्ठान और जीवन पद्धति में देखे जा सकते हैं।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

**उत्तर– (d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।**

23. संस्कृतिकरण के विषय में क्या सही है?

I. किसी भी समूह का संस्कृतिकरण उसकी प्रस्थिति को स्थानीय जाति संस्तरण में उच्चता की तरफ ले जाता है।

II. किसी भी समूह का संस्कृतिकरण उसकी प्रस्थिति को प्रभावित नहीं करता।

III. संस्कृतिकरण संबंधित समूह की आर्थिक अथवा राजनैतिक स्थिति में सुधार है

IV. सस्कृतिकरण के परिणामस्वरूप उस समूह में उच्च चेतना का भाव उभरता है।

(a) I और II (b) केवल II (c) I, III, IV (d) I, II, IV, III

**उत्तर : (c) I, III, IV**

24. समाजशास्त्री सतीश सबरवाल ने औपनिवेशिक भारत में आधुनिक परिवर्तनों की रूपरेखा से जुड़े निम्नलिखित में से कौन से पहलू की विवेचना की है?

I. संचार माध्यम II. संगठनों के स्वरूप

III. आधुनिकता IV. विचारों की प्रकृति

(a) केवल I (b) I, II, III (c) II, III, IV (d) I, II, IV

**उत्तर : (d) I, II, IV**

25. निम्न वाक्यों को क्रम से व्यवस्थित कीजिये।

I. औपनिवेशवाद आधुनिकता में आंतरिक विरोधाभास था।

II. समाजशास्त्र की विषय-वस्तु प्राकृतिक विश्लेषण पर आधारित नहीं है।

III. आधुनिकता

IV. विचारों की प्रकृति

(a) केवल I (b) I, II, III

(c) II, III, IV (d) I, II, IV

**उत्तर : (c) I, III, IV**

## 2 अंक प्रश्न

1. 19वीं सदी में समाज सुधारकों ने बहुत से सामाजिक विषयों को उठाया? वे क्या थे?
2. 20वीं सदी के कुछ आधुनिक सामाजिक संगठनों के नाम बताइये।
3. निम्न का अर्थ बताइये।

   (अ) संस्कृतिकरण

   (ब) विसंस्कृतिकरण
4. आधुनिकता के विषय में आधारभूत बिन्दु क्या है?
5. पाश्चात्यीकरण (पश्चिमीकरण) तथा धर्म निरपेक्षता में क्या सम्बन्ध है?

## 4 अंक प्रश्न

1. जाति का धर्मनिरपेक्षीकरण पर नोट लिखे।
2. समाज सुधार आन्दोलन के मुख्य उद्देश्य एक जैसे थे, फिर भी वे अलग थे। समझाइए।
3. संस्कृतिकरण भेदभाव व असमानता को बढ़ावा देता है। इसका वर्णन करो।

4. ब्राह्मण विरोधी आन्दोलन तथा पिछड़े वर्गों के आन्दोलन का संस्कृतिकरण पर क्या प्रभाव पड़ा।

5. 'संस्कृतिकरण की अवधारणा एक ऐसे प्रारूप को सही ठहराती है जो दरअसल असमानता और अपवर्जन पर आधाारित है। इससे संकेत मिलता है कि पवित्रता और अपवित्रता के जातिगत पक्षों को उपयुक्त माना जाए और इसलिए ये लगता है कि उच्च जाति द्वारा निम्न जाति के प्रति भेदभाव एक प्रकार का विशेषाधिकार है।'

   (क) संस्कृतिकरण की अवधारणा....................द्वारा दी गई थी।

   (ख) यहां संस्कृतिकरण के किस पहलू की चर्चा की गई है?

   (ग) पवित्रता और अपवित्रता की बात यहां किस संदर्भ में की गई है?

   (घ) क्या संस्कृतिकरण से किसी भी समूह की समाज से स्थिति बदल सकती है? कैसे ?

6. ''आधुनिकता' का मतलब है कि सीमित-संकीर्ण-स्थानीय दृष्टिकोण का कमजोर पड़ जाना और सार्वभौमिक प्रतिबद्धता और विश्वजनीन दृष्टिकोण का ज्यादा प्रभावशाली बन जाना। इसमें उपयोगिता, गणना और विज्ञान की सत्यता को भावुकता, धार्मिक पवित्रता और अवैज्ञानिक तत्वों के स्थान पर महत्व दिया जाता है।'

   (क) आधुनिकता से धर्म के प्रभाव में किस प्रकार से कमी आती है?,

   (ख) पंथनिरपेक्षीकरण से आप क्या समझते हैं।

   (ग) क्या पश्चिमीकरण का अर्थ आधुनिकीकरण है?

   (घ) आधुनिकीकरण से हमारे समाज में क्या परिवर्तन आए?

## 4 अंक प्रश्न

1. संस्कृतिकरण की विभिन्न स्तरों पर आलोचना हुई है? इसके विषय में विस्तार से बताए।
2. औपनिवेशिक भारत में आधुनिक बदलाव के विषय में कुछ तथ्यों का वर्णन कीजिए।
3. अनुच्छेद पढ़कर उत्तर दीजिए।

उपनिवेशवाद ने हमारे जीवन पर दूरगामी प्रभाव डाले। उन्नीवसीं सदी में हुए समाज सुधार आंदोलन उन चुनौतियों के जवाब थे जिन्हें औपनिवेशिक भारत महसूस कर रहा था। आप संभवत: उन सभी सामाजिक पहलुओं से अवगत हों जिन्हें भारतीय समाज में सामाजिक कुरीति माना जाता था। उन सामाजिक कुरीतियों से भारतीय समाज बुरी तरह से ग्रस्त था।

(क) उपनिवेशवाद द्वारा हमारे जीवन पर डाले गए प्रभाव की चर्चा कीजिए।

(ख) भारतीय समाज किन सामाजिक कुरीतियों से ग्रस्त था और कौन–कौन से प्रयास उनको मिटाने के लिए समाज सुधारकों द्वारा किए गए। विस्तार से बताइये।

## अध्याय - 4

# ग्रामीण समाज में विकास एवं परिवर्तन

### मुख्य बिन्दु

1. भारतीय समाज प्राथमिक रूप से ग्रामीण समाज है। 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 60 प्रतिशत लोग गाँव में रहते हैं। उनका जीवन कृषि तथा उनके संबंधित व्यवसाय पर चलता है तथा भूमि उत्पादन एक महत्वपूण साधन है। भारत के विभिन्न भागों के त्यौहार पोंगल (तमिलनाडु), बैसाखी (पंजाब), ओणम (केरल), बीहू (आसाम) तथा उगाड़ी (कर्नाटक) मुख्य रूप से फसल काटने के समय मनाए जाते हैं।

- कृषि तथा संस्कृति का घनिष्ठ संबंध है। ग्रामीण भारत की सामाजिकता भी कृषि आधारित है। व्यवसायों की भिन्नता यहाँ की जाति व्यवस्था प्रदर्शित करती है। जैसे धोबी, लोहार, कुम्हार, सुनार, नाई आदि। बहुत से अन्य विशेषज्ञ एवं दस्तकार जैसे कहानी सुनाने वाले, ज्योतिषी, पुजारी इत्यादि भी ग्रामीण जीवन में लोगों को सहारा देते हैं। ग्रामीण समाज में कृषि योग्य भूमि ही जीविका का एक मात्र साधन और सम्पत्ति का एक प्रकार है।

  <u>बड़े और मध्यम जमींदार :</u> बड़ी मात्रा में जमीन, जिसे पहले जमींदार के नाम से जाना जाता था।

  <u>छोटे और सीमान्त भूस्वामी :</u> ये छोटे किसान होते हैं जिनके पास कम जमीन होती है। ये केवल अपने परिवार के उपभोग के लिए अनाज का उत्पादन कर पाते हैं। इनके पास बाजार में बेचने के लिये अतिरिक्त उत्पादित वस्तुएं नहीं होती।

  <u>काश्तकार/पट्टेदार</u> : ये वो कृषक होते हैं, जो भूस्वामी से जमीन पट्टे पर लेते हैं।

  <u>भूमिहीन खेतिहर मजदूर</u> : जिनके पास अपनी जमीन नहीं है, दूसरों के लिये काम करते हैं।

महिलाओं की स्थिति : कानून महिलाओं को जमीन में बराबर का हिस्सा देता है। परंतु महिला का नाम केवल दिखावे के लिये होता है। उस पर अधिकार तो पुरुष ही रखते हैं।

2. **कृषिक संरचना**– भारत के कुछ भागों में कुछ न कुछ जमीन का टुकड़ा काफी लोगों के पास होता है जबकि दूसरें भागों में 40 से 50 प्रतिशत परिवारों के पास भूमि नहीं होती है। उत्तराधिकार के नियमों और पितृवंशीय नातेदारी के कारण महिलाएँ जमीन की मालिक नहीं होती। भूमि रखना ही ग्रामीण वर्ग संरचना को आकार देता है। कृषि मजदूरों की आमदनी कम होती है तथा उनका रोजगार असुरक्षित होता है। वर्ष में वे काफी दिन बेरोजगार रहते हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ग और जाति संरचना**

ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ग और जाति संरचना परस्पर संबंधित हैं।

उच्च जाति को उच्च वर्ग माना जाता था।

उच्च जाति, अमीर लोग, बड़े और मध्यम भूमि मालिकों ने गांवों में संसाधनों और श्रम बल को नियंत्रित किया।

बंधुआ मजदूर: अनपढ़ थे और कोई कुशल काम करना नहीं जानते थे।

- प्रत्येक क्षेत्र में एक या दो जाति के लोग ही भूमि रखते हैं तथा इनकी संख्या भी गांव में महत्वपूर्ण है। समाजशास्त्री एम.एन. श्रीनिवास ने ऐसे ही लोगों को प्रबल जाति का नाम दिया है। प्रबल जाति राजनैतिक, आर्थिक रूप से शक्तिशाली होती है। ये प्रबल जाति लोगों पर प्रभुत्व बनाए रखती है। जैसे पंजाब के जाट सिक्ख, हरियाणा तथा पश्चिम उत्तरप्रदेश के जाट, आन्ध्र प्रदेश के कम्मास व रेड्डी, कर्नाटक के वोक्कालिगास तथा लिंगायत, बिहार के यादव आदि। अधिकतर सीमान्त किसान तथा भूमिहीन लोग निम्न जातीय समूह से होते हैं। वे अधिकतर प्रबल जाति के लोगों के यहाँ कृषि मजदूरी करते थे। उत्तरी भारत के कई भागों में अभी भी बेगार या मुफ्त मजदूरी जैसी पद्धति प्रचलन में है।
- शक्ति तथा विशेषाधिकार उच्च तथा मध्यजातियों के पास ही थे। संसाधनों की कमी और भू-स्वामियों के आर्थिक सामाजिक तथा राजनीतिक प्रभाव के कारण बहुत से गरीब कामगार पीढ़ियों से उनके यहां बंधुआ मजदूर की तरह काम करते हैं।

## 3. भूमि सुधार के परिणाम

- **औपनिवेशिक काल में भूमि सुधार-**

  **<u>प्राथमिक उद्देश्य</u>**

  1. पहले से कृषिक संरचना में पैदा हुई बाधाओं को दूर करना।
  2. शोषण और सामाजिक असमानता को दूर करना।
  3. समाज के सभी वर्गों में स्थिति और अवसरों की समानता सुनिश्चित करना।

  (i) **जमींदारी व्यवस्था-** इस प्रणाली में जमींदार भूमि का स्वामी माना जाता था। सरकार से कृषक का सीधा सम्बंध नही होता था। अपितु जमींदार के माध्यम से भूमि का कर (कृषकों द्वारा) सीधा सरकार को दिया जाता था।

  (ii) **रैयतवाड़ी व्यवस्था-** (रैयत का अर्थ है कृषक) इस व्यवस्था में भूमि का कर कृषक द्वारा सीधा सरकार को जाता था। इस व्यवस्था में जमींदार को बीच में से हटा दिया था।

- **स्वतंत्र भारत में भूमि सुधार-** स्वतंत्र भारत में नेहरू और उनके नीति सलाहकारों ने 1950 से 1970 तक भूमि सुधार कानूनों की एक श्रृंखला शुरू की। राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर विशेष परिवर्तन किए।

  सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन थे।

  - जमींदारी व्यवस्था को समाप्त करना परन्तु यह केवल कुछ क्षेत्रों में ही हो पाया।
  - पट्टेदारी को खत्म करना परन्तु यह केवल बंगाल तथा केरल तक ही सीमित रहा। जो किराए पर भूमि लेकर खेती करता है उन्हें काश्तकार, पट्टेदार या जोतदार कहते हैं।
  - भूमि की हदबंदी अधिनियम जो राज्यों का कार्य था इसमें भी बचाव के रास्ते ओर विधियां निकाल ली गई जिससे यह भी आधा-अधूरा ही रह गया।

- **बेनामी बदल-** भू-स्वामियों ने अपनी भूमि रिश्तेदारों या अन्य लोगों के बीच विभाजित की परन्तु वास्तव में भूमि पर अधिकार भूस्वामी का ही था। इस प्रथा को बेनामी बदल कहा गया।

- हदबंदी अधिनियम के प्रावधानों से बचने के लिये कुछ अमीर किसानों ने वास्तव में अपनी पत्नियों (लेकिन उनके साथ रहना जारी रखा) तलाक दे दिया। जिसने अविवाहित महिलाओं के लिये एक अलग हिस्सा दिया। लेकिन पत्नियों के लिये नहीं।

## 4. हरित क्रांति और इसके सामाजिक परिणामः-

- **हरित क्रान्ति का पहला चरण-**
    - 1960-70 के दशक में कृषि आधुनिकीकरण का सरकारी कार्यक्रम जिसमें आर्थिक सहायता, अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा दी गई थी तथा यह अधिक उत्पादकता वाले संकर बीजों के साथ कीटनाशक, खादों तथा किसानों के लिए अन्य निवेश पर केन्द्रित थी। इस क्रांति के कारण मध्यम तथा बड़े किसान ही नई तकनीक का लाभ उठा सके। ज्यादातर कृषक स्वयं के लिए ही उत्पादन कर पाते है तथा बाजार के लिए असमर्थ होते है। इन्हें सीमान्त (जीवन निर्वाही कृषक) तथा आमतौर पर कृषक की संज्ञा दी गई है। कई मामलों में पट्टेदार कृषक बेदखल भी हुए क्योकि भू-स्वामियाों ने जमीन वापिस ले ली तथा सीधे कृषि कार्य करना अधिक लाभदायक था। किसान वह है जो फसल का कुछ हिस्सा अपने लिए रखता है तथा बाजार से भी जुड़ा हुआ है। कृषक वह है जो फसल का उत्पादन सिर्फ अपने लिए करता है।
    - हरित क्रान्ति मुख्य रूप से गेहूँ तथा चावल उत्पाद करने वाले क्षेत्रों पर ही लक्षित थी।
    - हरित क्रान्ति कुछ क्षेत्रों में जैसे- पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, तटीय आन्ध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु के कुछ हिस्सो में चली।
    - नयी तकनीक द्वारा कृषि उत्पादकता में अत्यधिक वृद्धि हुई।
    - कृषि मजदूरों की मांग बढ़ गई।
- **हरित क्रान्ति के ऋणात्मक प्रभाव**
    - केवल मध्यम और बड़े किसानों का लाभ हुआ।
    - बढ़ती कीमतों और भुगतान के तरीकों में बदलाव के कारण कृषि श्रमिकों की आर्थिक स्थिति में गिरावट।
    - व्यावसायीकरण और बाजारोन्मुख खेती ने आजीविका की असुरक्षा प्रदान की।
    - खेती के तरीकों और बीजों के पारंपरिक उपयोग की पारंपरिक प्रणाली का नुकसान।
    - पर्यावरणीय जोखिम बढ़ गए।

- इससे विभेदीकरण को बढ़ावा मिला। अमीर और अमीर हो गया और गरीब और गरीब हो गया।
- इससे क्षेत्रीय असमानताओं में वृद्धि हुई। जिन क्षेत्रों में तकनीकी परिवर्तन हुआ वे अधिक विकसित हुए तथा अन्य क्षेत्र पहले की तरह रह गए।

- **हरित क्रांति का दूसरा चरण**
  - सूखे तथा आंशिक सिंचित क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है। किसान बाजार पर निर्भर हो गए हैं। बाजारोंन्मुखी कृषि में विशेषत: एक ही फसल उगाई जाती है। जिन क्षेत्रों में तकनीकी परिवर्तन हुआ वे अधिक विकसित हुए तथा अन्य क्षेत्र पूर्ववत् रहे जैसे बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, तेंलगाना आदि। भारतीय कृषकों की बहुत सघन विस्तृत तथा पारम्परिक जानकारी लुप्त होती जा रही है जिन्हें किसानों ने सदियों में उन्नत किया था। इसका कारण संकर तथा सुधार वाले बीजों को प्रोत्साहित करना था। पुन: कृषि के पारम्परिक तरीके तथा अधिक सावयवी बीजों के प्रयोग की ओर लौटने की सलाह दे रहे हैं।
  - **जीविका कृषि**
  - जब कृषक मुख्य रूप से अपने लिए उत्पादन करते हैं और बाजार के लिए उत्पादन करने में असमर्थ होते हैं। इसे निर्वाह कृषि के रूप में जाना जाता है।

5. **स्वतंत्रता के बाद ग्रामीण समाज में परिवर्तन:** स्वतंत्रता के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक संबंधों की प्रकृति में अनेक प्रभावशाली रूपान्तरण हुए। इसका कारण हरित क्रांति रहा।

   - गहन कृषि के कारण कृषि मजदूरों की बढ़ोतरी
   - नगद भुगतान
   - भू-स्वामियों एवं किसान के मध्य पुश्तैनी संबंधों में कमी होना।
   - दिहाड़ी मजदूरों का उदय
   - भू-स्वामियों से कृषि मजदूरों के मध्य संबंधों की प्रकृति में वर्णन समाजशास्त्री जॉन ब्रेमन ने सरंक्षण से शोषण की ओर बदलाव में किया था। (ब्रेमन 1974) जहाँ कृषि का व्यापारीकरण अधिक हुआ, जिसे कुछ विद्वानों ने पूँजीवादी कृषि का रूप कहा, क्योंकि विकसित क्षेत्रों के ग्रामीण विस्तृत अर्थव्यवस्था से जुड़ते जा रहे थे। मुद्रा का बहाव गांव की ओर बढ़ा तथा व्यापार व रोजगार भी बढ़ा यह

प्रक्रिया औपनिवेश काल से महाराष्ट्र में कपास की खेती बाड़ी से शुरू हो गयी थी। राज्यों में स्वतंत्रता के बाद सिंचाई, सड़कों तथा सरकारी सरंचनाओं द्वारा ऋण की सुविधा ने इसकी गति काफी बढ़ाई। इसका सीधा प्रभाव कृषि सरंचना तथा गांवो पर पड़ा। सम्पन्न किसानों ने अन्य प्रकार के व्यापारों में निवेश करना शुरू कर दिया तथा ग्रामीण क्षेत्रों से कस्बों में रहने लगे। नए अभिजात वर्ग बने जो आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से प्रबल हो गए। इसके साथ ही उच्च शिक्षा का विस्तार, निजी व्यावसायिक महाविद्यालयों ने मध्यम वर्ग को बढ़ावा दिया। विभिन्न वर्गों द्वारा अपने बच्चों को इनमें शिक्षा देकर नगरीय मध्यम वर्ग को बढ़ावा दिया। विभिन्न स्थानों पर इनका प्रभाव विभिन्न देखा गया जैसे- केरल के काफी लोग खाड़ी प्रदेशों में जाने लगे।

6. **मजदूरों का संचार**- प्रवासी मजदूरों की बढ़ोत्तरी कृषि के व्यापारीकरण से जुड़ी है। मजदूरों तथा भू-स्वामियों के बीच संरक्षण का पारम्परिक बंधन टूटना तथा पंजाब जैसे हरित क्रांति द्वारा सम्पन्न क्षेत्रों में कृषि मजदूरों की मांग बढ़ने से मौसमी पलायन का एक नया रूप उभरा। 1990 के दशक से आई ग्रामीण असमानताओं ने बहुस्तरीय व्यवसायों की ओर बाध्य किया तथा मजदूरों का पलायन हुआ। जॉन ब्रेमन ने इन्हें घुमक्कड़ मजदूर (फुटलूज लेबर) कहा। इन मजदूरों का शोषण आसानी से किया जाता है। मजदूरों के बड़े पैमाने पर संचार से ग्रामीण समाज, दोनो ही भेजने वाले तथा प्राप्त करने वाले क्षेत्रों पर अनेक महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़े है। उदाहरण के लिए निर्धन क्षेत्रों में जहाँ परिवार के पुरूष सदस्य वर्ष का अधिकतर हिस्सा गाँवों से बाहर काम करने में बिताते है, कृषि मूलरूप से एक महिलाओं का कार्य बन गया है। महिलाएँ भी कृषि मजदूरों के मुख्य स्त्रोत के रूप में उभर रही हैं। जिससे कृषि मजदूरों का महिलाकरण हो रहा है।

7. **भूमण्डलीकरण, उदारीकरण तथा ग्रामीण समाज**- भूमण्डलीकरण तथा उदारीकरण के कारण बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ निश्चित फसल उगाने को कहती हैं। तथा ये किसानों को जानकारी व सुविधाएँ भी देती हैं। इसे संविदा कृषि कहा जाता है।

**भारतीय कृषि में उदारीकरण के प्रभाव**

- कृषि बाजार का विस्तार होना
- उत्पादकों को आकर्षक मूल्य मिलना
- उपभोक्ताओं को सस्ती कृषि वस्तुओं की प्राप्ति होना
- कृषि क्षेत्र में उत्पादन का बढ़ना

- संविदा कृषि सुरक्षा के साथ-साथ असुरक्षा भी देती है। किसान इन कंपनियों पर निर्भर हो जाते हैं खाद व कीटनाशकों के अधिक प्रयोग से पर्यावरण असुरक्षित हो जाता है।
- देशीय ज्ञान को निरर्थक बनाना
- कृषि रियायतों में कमी से उत्पादन लागत बढ़ी है। बाजार स्थिर नहीं है बीमारी सूखा बाढ़ तथा हानिकारक जन्तु, उधार पैसा लेना आदि से परिवार में संकट आ जाता है। कृषि बहुत से लोगों के लिए अरक्षणीय होती जा रही है। कृषि के मुद्दे अब सार्वजनिक मुद्दें नहीं रहे है, गतिशीलता की कमी के कारण कृषक शक्तिशाली दबाव समूह बनाने में असमर्थ हैं जो नीतियों को अपने पक्ष में करवा सकें।
- संविदा खेती में कम्पनी और जमीन मालिक तय करते थे कि क्या उपजाना है इसके लिए किसानों को बीज आदि प्रदान करते थे। कम्पनी भरोसा देती थी। कि वे अनाज आदि को खरीद लेगें। जिसका मूल्य पहले ही तय हो जाता था। इसमें कम्पनी पूँजी भी देती है।
- संविदा खेती बहुत ही आम है, खास करके फूल की खेती, फल, अंगूर, अनार, कपास के क्षेत्र में जहाँ खेती, किसानों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है वहीं यह किसानों के लिए अधिक असुरक्षित भी बन जाती है।

**8. संविदा खेती:**

- इसमें किसान अपने जीवन व्यापार के लिए इन कंपनियों पर निर्भर हो जाते है।
- निर्यातोन्मुखी उत्पाद जैसे फूल, और खीरे हेतू 'संविदा खेती' का अर्थ यह भी है कि कृषि भूमि का प्रयोग उत्पादन से हट कर किया जाता है।
- 'संविदा खेती' मूलरूप से अभिजात मदों का उत्पादन करती है तथा चूँकि यह अक्सर खाद तथा कीटनाशक का उच्च मात्रा में प्रयोग करते हैं इसलिए यह बहुधा पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित नहीं होती।

**9. किसानों की आत्महत्या के कारण**

- ऋण ग्रस्तता एवं कृषि उत्पादन की प्रक्रिया में आने वाले प्राकृतिक एवं सामाजिक संकट।
- अनेक आकस्मिक संकट, प्राकृतिक संकट प्रकृति में आए उतार चढ़ाव से उत्पन्न होते हैं।

### 9. किसानों की सहायता के लिए चलाए गए कार्यक्रम

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
- ग्राम उदय से भारत उदय अभियान
- 'नेशनल अरबन मिशन' (राष्ट्रीय ग्रामीण-नगरीय मिशन) सतत कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन
- किसान क्रेडिट कार्ड आदि

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. कथन सही करें–

   (a) कृषि तथा संस्कृति का घनिष्ठ संबंध **नहीं** है।

   (b) जॉन ब्रेमन ने **एक ही जगह** काम करने वाले मजदूरों को घुमक्कड़ मजदूर कहा है।

   (c) जमींदारी व्यवस्था के अंतर्गत कृषक का सीधा संबंध सरकार **से** था।

   (d) प्रवासी मजदूरों की बढ़ोत्तरी कृषि के **राजनीतिकरण** से जुड़ी है।

उत्तर - (a) है (b) प्रवसन करने वाले (a) नहीं था (d) व्यापारीकरण

2. **कृषिक संरचना**

   मध्यम तथा बड़े जमीनों के मालिक → सीमांत किसान → कृषि मजदूर

3. श्रीनिवास के अनुसार प्रबल जाति ................ और ................ रूप से शक्तिशाली होती है।

उत्तर - आर्थिक, राजनीतिक

4. ग्रामीण समाज का मुख्य व्यवसाय ............. है

उत्तर - कृषि

5. बेगार को ................ मजदूरी भी कहते हैं।

उत्तर - मुफ्त

6. हरित क्रांति में मुख्य रूप से ................ और ................ जैसी फसलों का उत्पादन किया गया।

उत्तर– गेहूं, चावल

7. संविदा खेती से क्या संबंधित नहीं है?

(a) किसान व्यापार के लिए बहुराष्ट्रीय कम्पनियों पर निर्भर होते है।

(b) खाद तथा कीटनाशक का उच्च मात्रा में प्रयोग

(c) बाजारोन्मुखी फसलों को उगाया जाता है।

(d) पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित होते हैं।

उत्तर - (d) पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित होते हैं।

8. किसानों द्वारा आत्महत्याएँ करने के कारण हैं–

(a) बैंक का कर्जा (b) फसल का उचित मूल्य न मिलना

(c) खेती का ना होना (d) उपर्युक्त तीनों

उत्तर - (d) उपर्युक्त तीनों

9. हरित क्रांति से निम्नलिखित में से किस राज्य में अधिक वृद्धि हुई–

(a) पंजाब (b) बिहार

(c) पूर्वी उत्तर प्रदेश (d) तेलंगाना

उत्तर - (a) पंजाब

10. बेनामी बदल के अंतर्गत भू-स्वामियों ने अपनी भूमि किसे नहीं दी थी।

(a) रिश्तेदारों को (b) पत्नी को

(c) नौकरों को (d) सरकार को

उत्तर - (d) सरकार को

11. जो फसल का कुछ हिस्सा अपने लिए रखकर तथा बाजार से भी जुड़े हो कहलाते हैं–

(a) किसान (b) कृषक

(c) जीवन निर्वाही कृषक (d) पट्टेदार

उत्तर - (a) किसान

12. जाट और राजपूत उत्तर प्रदेश में, कर्नाटक में लिंगायत प्रबल जातियों के उदाहरण हैं। (सत्य / असत्य)

उत्तर - सत्य

13. श्रमिक भी कृषि श्रम के मुख्य स्रोत के रूप में उभर रहे हैं, जो कृषि श्रम बल के मालिकाना जाति समूहों के लिए अग्रणी हैं। (सत्य / असत्य)

उत्तर - सत्य

14. ग्राम उदय से भारत उदय अभियान एक राष्ट्रव्यापी अभियान है जिसकी मदद से हम पंचायती राज को मजबूत करेंगे। (सत्य / असत्य)

उत्तर - असत्य

15. निम्न में कौन ग्रामीण समाज की विशेषता है ?

(a) श्रम विभाजन (b) सामाजिक गतिशीलता

(c) घनी आबादी (d) कृषि-व्यवसाय

उत्तर - (d) कृषि-व्यवसाय

16. लोगों को समता के आधार पर देखने और भेदभाव न करने के विचार को कहते हैं

(a) जीविका (b) समानता (c) चकबंदी (d) गहन कृषि

उत्तर - (b) समानता

17. जीवन जीने के लिए आवश्यक रोजगार या कार्य जिससे धन की प्राप्ति हो उसे कहते हैं।

(a) जीविका (b) बिचौलिए(c) बटाईदारी (d) काश्तकारी

उत्तर - (a) जीविका

18. भारत में हरित क्रांति लाने में किसका योगदान है ?

(a) जगदीशचन्द्र बसु (b) चन्द्रशेखर वेंकट रमन

(c) डॉ. होमी जहाँगीर भाभा (d) डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन

उत्तर - (d) डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन

19. 'सबला' स्कीम केन्द्रित है....

(a) असहाय महिलाएँ (b) किशोरियाँ

(c) मातृत्व लाभ (d) इनमें से सभी

उत्तर - (c) मातृत्व लाभ

20. भारत सरकार की ओर से भूमि के पुनर्गठन हेतु कौन–सा प्रयास किया गया?

(a) भूमि–प्रबन्धन (b) सहकारी कृषि

(c) चकबन्दी (d) इनमें से सभी

उत्तर – (d) इनमें से सभी

21. अभिकथन (A): भारत में हरित क्रांति के अधिकतर क्षेत्रों में मूल रूप से मध्यम तथा बड़े किसान ही नई तकनीक का लाभ उठा सके।

कारण (R) : इससे धनी किसान और अधिक संपन्न हो गए तथा भूमिहीन तथा सीमांत भू–धारकों की दशा और बिगड़ गई।

(a) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सही है और R गलत है।

(d) A गलत है और R सही है।

**उत्तर– (a) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।**

22. अभिकथन (A): हरित क्रांति ने विभेदीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया।

कारण (R) : कई क्षेत्रों में मजदूरों की मांग बढ़ने से कृषि मजदूरों का रोजगार और उनकी दिहाड़ी में भी बढ़ोत्तरी हुई।

(a) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सही है लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है और R सही है।

**उत्तर– (b) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।**

23. मुफ्त मजदूरी को इनमें से क्या कहते हैं?

I. बेगार　　II. सहायता

III. इंसानियत　　IV. मजबूरी

(a) केवल I　(b) केवल II　(c) केवल III　(d) I, III, IV

**उत्तर : (c) केवल I**

24. हदबंदी अधिनियम के विषय में इनमें से क्या सही है?

I. यह भूमि के प्रकार के आधार पर तय की गयी थी।

II. बहुत अधिक उपजाऊ जमीन की हदबंदी कम थी

III. अनउपजाऊ

IV. जमीन रखने की कोई उच्चतम सीमा नहीं थी

(a) I, II, III, IV　(b) I और III　(c) I, II, III　(d) केवल IV

**उत्तर : (c) I, II, III**

25. निम्न वाक्यों को क्रम से व्यवस्थित कीजिये।

I. लेकिन ग्रामीण सिर्फ कृषि ही नहीं है।

II. बहुत से ऐसे क्रियाकलाप है जो कृषि और ग्राम्य जीवन की मदद के लिए हैं और वे ग्रामीण भारत में लोगों के जीविका के स्रोत हैं।

III. उदाहरण के लिए बहुत से ऐसे कारीगर या दस्तकार जैसे कुम्हार, खाली, जुलाहे, लुहार एवं सुनार भी ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं।

IV. जमीन रखने की कोई उच्चतम सीमा नहीं थी।

(a) II, II, III, IV　(b) I और III　(c) I, II, III　(d) केवल IV

**उत्तर : (c) I, II, III**

26. निम्न वाक्यों को क्रम से व्यवस्थित कीजिये।

I. भूमि सुधार की तीसरी मुख्य श्रेणी में भूमि की हदबंदी अधिनियम थे।

II. इन कानूनों के तहत एक विशिष्ट परिवार के लिए जमीन रखने की उच्चतम सीमा तय कर दी गई।

III. प्रत्येक क्षेत्र में हदबंदी भूमि के प्रकार, उपज और अन्य इसी प्रकार के कारकों पर निर्भर थी।

IV. बहुत अधिक उपजाऊ जमीन की हदबंदी कम थी जबकि अनउपजाऊ, बिना पानी वाली जमीन की हदबंदी अधिक सीमा तक थी।

(a) II, II, III, IV　(b) II, II, IV, III　(c) IV, I, II, III　(d) IV, III, II, I

**उत्तर : (a) II, II, III, IV**

## 2 अंक प्रश्न

1. ग्रामीण समाज में कौन-कौन से पेशे अपनाए गए है?
2. कृषक समाज सरंचना से आप क्या समझते हैं?
3. 'बेगार' से क्या मतलब है?
4. रैयतबाड़ी प्रथा क्या होती है?
5. आजादी के बाद भारत की कृषि स्थिति क्या थी?
6. 'बेनामी बदल' से आप क्या समझते है।
7. कृषि मजदूरों के संचार (सरकुलेशन) से आप क्या समझते हैं?
8. जीवन निर्वाही कृषि क्या है?
9. जीवन निर्वाही कृषक और किसानों में क्या अन्तर है?
10. कृषि मजदूरों का महिलाकरण से आप क्या समझते हैं?
11. हमारी बहुत सी सांस्कृतिक प्रथाएँ एवं प्रतिमान किस प्रकार हमारी कृषिक पृष्ठभूमि सें संबद्घ होते है?

## 4 अंक प्रश्न

1. भारत में किसानों में आत्महत्या की प्रवृति बढ़ रही है। इसके कारणों पर प्रकाश डालिए।
2. ग्रामीण समाज में कृषि सरंचना का वर्णन करो।
3. ग्रामीण समाज में जाति व वर्ग में क्या संबंध है?
4. भूमि सुधार कानून को लागू करने में कुछ बचाव के रास्ते व युक्तियाँ थी। इनके विषय में बताएं।
5. औपनिवेशिक भारत में अंग्रेजों ने दो भूमि कर प्रणालियां अपनाई। ये कौन-कौन सी थी?
6. 'हरित-क्रांति' के बारे में लिखें।
7. हरित क्रांति के कारण क्षेत्रीय असमानताओं में किस प्रकार वृद्धि हुई?
8. जॉन ब्रेमन का घुमक्कड़ मजदूर (फुटलूज लेबर) से क्या तात्पर्य है?

9. संविदा कृषि के बारें में बताईए।

10. केरल की मिश्रित अर्थव्यवस्था के पीछे कौन से कारक पाए जाते है?

11. कृषि विज्ञान का इतिहास कुछ विद्वानों के लिए कृषि संबंधी सिद्धान्तों का सूचक है। व्याख्या कीजिये।

12. ग्रामीण समाज में नए क्षेत्रीय अभिजात वर्ग के उद्भव पर चर्चा करें।

13. नीचे दिए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

देश के विभिन्न भागों में 1997–98 से किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्या का सम्बंध कृषि में संरचनात्मक परिवर्तन व आर्थिक एवं कृषि नीतियों में परिवर्तन से होने वाली कृषिक समस्या से है। इनमें शामिल हैं : भूस्वामित्व के प्रतिमानों में परिवर्तन, फसलों के प्रतिमानों में परिवर्तन विशेषत: नगदी फसल की ओर झुकाव के कारण, उदारीकरण की नीतियां जिन्होंने भारतीय कृषि को भूमंडलीय शक्तियों के सम्मुख कर दिया है, उच्च लागत वाले निवेशों पर अत्यधिक निर्भरता, राज्य का कृषि विस्तार गतिविधियों से बाहर होना तथा बहुराष्ट्रीय बीज तथा खाद कंपनियों द्वारा उनका स्थान लेना, कृषि के लिए राज्य सहयोग में कमी तथा कृषि कार्यों का व्यैक्तिकरण। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2001 तथा 2006 के मध्य आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में 8900 किसानों ने आत्महत्या की।

1. किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं का सम्बन्ध कृषि में.............व आर्थिक एवं कृषि नीतियों में परिवर्तन से होने वाली...............से है।

2. 2001 तथा 2006 के मध्य आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में किसानों ने आत्महत्या की।

   1. 7800 2. 8700 3. 8900 4. 9800

3. राज्य का कृषि विस्तार गतिविधियों से बाहर होना किसानों की आत्महत्या का एक कारण है। (सत्य/असत्य)

4. भूस्वामित्व के प्रतिमानों में परिवर्तन, फसलों के प्रतिमानों में परिवर्तन का किसानों द्वारा की जा रही आत्यहत्या से कोई सम्बन्ध नहीं है। (सही करो)

14. नीचे दिए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

कृषि उत्पादन और कृषिक संरचना के बीच एक सीधा सम्बन्ध होता है। ऐसे क्षेत्र जहां सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था होती है, जहां पर्याप्त वर्षा होती है, जहां सिंचाई के कृत्रिम साधन हों, जैसे चावल उत्पादन करने वाले क्षेत्र जो नदी के मुहाने (डेल्टा) पर होते हैं, उदाहरण के लिए तमिलनाडु में कावेरी बेसिन जहां गहन कृषि के लिए अधिक श्रमिकों की आवश्यकता होती है। यहां बहुत असमान कृषिक संरचना विकसित हुई। बड़ी संख्या में भूमिहीन मजदूर, जो कि अधिकांशतः बंधुआ और निम्न जाति के होते हैं, इस क्षेत्र की कृषीय संरचना के लक्षण थे।

1. जहां सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था होती है और जहां पर्याप्त वर्षा होती है, वहां फसल उगाई जाती है

   1. बाजरा  2. चना  3. सरसों  4. चावल

2. कावेरी नदी के डेल्टा पर जो तमिलनाडु में है, वहां पर उत्पादन होता है

   1. बाजरा  2. चना  3. सरसों  4. चावल

3. अधिकतर भूमिहीन मजदूर.............और..................के होते हैं।

4. कृषि उत्पादन और कृषक संरचना के बीच एक सीधा सम्बन्ध होता है। (सत्य/असत्य)

## 6 अंक प्रश्न

1. हरित क्रांति के समाज पर क्या प्रभाव हुए? विस्तार से वर्णन कीजिए।
2. आजादी के बाद भारत में विभिन्न भूमि सुधार लागू किए गए, इनके विषय में लिखिए।
3. ग्रामीण क्षेत्र में कृषक समाज की सरंचना कर वर्णन करो।
4. हरित क्रान्ति के प्रथम चरण में गेहूं और चावल की फसल को उगाने पर जोर दिया गया। दिए गए आंकड़ों की मदद से हरित क्रान्ति के फलस्वरूप क्षेत्रीय असमानता पर चर्चा कीजिये और इस असमानता के कारण बताइये।


Wheat
Rice
Maze
Production (in thousand tones)
45
40
35
30
25
20
15
10
5
0
UP
MP
Bihar
Odisha
Haryana
Punjab

# अध्याय - 5

# औद्योगिक समाज में परिवर्तन और विकास

## मुख्य बिन्दु

### 1. औद्योगीकरण की कल्पना

- एक ऐसी धारणा है जिसमें मशीनों का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। बड़े-बड़े उद्योगों में आधुनिक मशीनों तथा श्रम के विभाजन की सहायता से कार्य किया जाता है। हर एक श्रमिक एक छोटा सा पूर्जा बनाता है तथा वह मुख्य उत्पाद को देख तक नहीं पाता है।
- मार्क्स, मैक्स वेबर और एमिल दुर्खीम ने शहरीकरण जैसे उद्योग के साथ सामाजिक सुविधाओं की संख्या को जोड़ा।
- आमने-सामने के संबंधों का नुकसान।
- औद्योगीकरण में श्रम का एक विस्तृत विभाजन शामिल है।
- मार्क्स ने इस स्थिति को अलगाव की संज्ञा दी, जब लोग काम का आनंद नहीं लेते हैं, और इसे कुछ ऐसा देखते हैं कि उन्हें केवल जीवित रहने के लिए कुछ करना पड़ता है, और यहां तक कि जीवित रहना इस बात पर निर्भर करता है कि तकनीक में किसी भी मानव श्रम के लिए जगह है या नहीं।
- औद्योगीकरण कुछ क्षेत्रों में अधिक समानता की ओर ले जाता है। उदाहरण के लिए, ट्रेनों, बसों या साइबर कैफे में जातिगत अंतर कोई मायने नहीं रखते।

### 2. भारत में औद्योगीकरण

(i) औद्योगीकरण समाज की छवि :- वर्तमान समाज औद्योगिक समाज है तथा औद्योगीकरण के इस युग में सामाजिक परिवर्तन की गति भी काफी तीव्र हो गई है क्योंकि विकास की गति तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। आज उद्योगों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

(ii) औद्योगीकरण एवं नगरीकरण परस्पर अंतर संबंधित अवधारणाएं हैं। औद्योगीकरण की प्रक्रिया जहां जितनी तीव्र होती है, वहां नगरीकरण की प्रक्रिया भी उसी रफ्तार से आगे बढ़ती है।

(iii) ● भारत में औद्योगीकरण का अनुभव कई मायनों में विकसित देशों से भिन्न है।

- विकसित देशों में, अधिकांश लोग सेवा क्षेत्र में हैं, इसके बाद उद्योग और 10% से कम कृषि क्षेत्र में (ILO के आंकड़े हैं।)
- भारत जैसे विकासशील देशों में, प्राथमिक क्षेत्र में लगभग (कृषि और खनन) 60%, द्वितीयक क्षेत्र में 17% (विनिर्माण, निर्माण और उपयोगिताओं और 23% तृतीयक क्षेत्र व्यापार, ट्रांसपोर्ट वित्तीय सेवाओं आदि में कार्यरत थे।

(iv) विकसित और विकासशील देशों के बीच पाया जाने वाला एक दूसरा बड़ा अंतर नियमित वेतनभोगी रोजगारों में नियुक्त कर्मचारियों की संख्या का है। विकसित देशों में अधिकांश जनसंख्या का भाग नियमित किस्म के औपचारिक रोजगारों में लगा होता है। जबकि इसके विपरीत भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में 50% से भी अधिक लोग स्वरोजगार चलाते हैं या उनमें काम करते हैं। केवल 7.3% लोग नियमित रोजगारों में तथा लगभग 38.6% लोग अनियमित रोजगार में लगे होते हैं।

(v) संगठित या औपचारिक क्षेत्र

- संगठित या औपचारिक क्षेत्र की इकाइयों में 10 या 10 से अधिक लोग पूरे वर्ष रोजगार प्राप्त करते हैं या कार्यरत रहते हैं।
- सरकार के पास पंजीकृत हैं।
- लाभ के साथ नौकरियां सुरक्षित हैं।
- भर्ती अधिक पारदर्शी है।
- शिकायतों और निवारण के लिए तंत्र हैं।

(vi) असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र

- इकाइयों को सरकार के साथ पंजीकृत होने की आवश्यकता नहीं है।
- कर्मचारियों को उचित वेतन, पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिल पाते हैं।
- नौकरियां सुरक्षित नहीं हैं।

## 3. भारत के प्रारम्भिक वर्षो में औद्योगीकरण:-

1948 में औद्योगिक नीति प्रस्ताव के साथ ही भारत में औद्योगिक नीति के विकास क्रम की शुरुआत हुई। विभिन्न नीतिगत प्रस्तावों में भी सार्वजनिक क्षेत्र के प्रति बुनियादी झुकाव को दोहराया गया है। अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र को 1956 के औद्योगिक नीति प्रस्ताव में एक महत्वपूर्ण भमिका सौंपी गई।

- रुई, जूट, रेलवे तथा कोयला खानें भारत के प्रथम उद्योग थे। स्वतंत्रता के बाद भारत के परिवहन संचार, ऊर्जा, खान आदि को महत्व दिया गया।
- भारत की मिश्रित आर्थिक नीति में (निजी एवं सार्वजनिक) उद्योग शामिल थे।
- इससे पहले उद्योग मुख्य रूप से मद्रास, मुंबई, कोलकाता जैसे बंदरगाहों वाले शहरों में स्थित थे। परंतु आजादी के बाद उद्योगों का विस्तार बड़ौदा, कोयम्बटूर, बेंगलुरु, पुणे, फरीदाबाद तथा राजकोट जैसे कई शहरों तक हुआ और ये महत्वपूर्ण औद्योगिक केन्द्रों में गिने जाते हैं।

## 4. उदारीकरण एवं भारतीय उद्योग में परिवर्तन

- 1990 से सरकार ने उदारीकरण नीति को अपनाया है तथा दूर संचार, नागरिक उड्डयन ऊर्जा आदि क्षेत्रों में निजी कंपनियाँ विशेषकर विदेशी फर्मो को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बहुत-सी भारतीय कपंनियों को विदेशियों ने खरीद लिया है। तथा कुछ भारतीय कपंनियाँ बहुराष्ट्रीय कपंनियाँ बन गई है। इसके कारण आमदनी की असमानताएँ बढ़ रही है। बड़े उद्योगों में सुरक्षित रोजगार कम हो रहे हैं। किसान तथा आदिवासी लोग विस्थापित हो रहे हैं।

**विनिवेश**

- सरकार सार्वजनिक कंपनियों के अपने शेयर्स को निजी क्षेत्र की कंपनियों को बेचने का प्रयास कर रही है जिसे विनिवेश कहा जाता है। इससे कर्मचारियों को नौकरी जाने का खतरा रहता है।

## 5. लोग किस तरह काम पाते हैं-

- रोजगारों के विज्ञापन द्वारा बहुत कम लोग रोजगार पाते हैं, जबकि निजी सम्पर्को द्वारा स्वनियोजित लोग काम के आधार पर व्यवसाय करते हैं।
- एक फैक्ट्री के कामगारों को रोज़गार देने का तरीका भिन्न होता है। कामगार ठेकेदारों से रोज़गार पाते हैं। ठेकेदार गाँव जाता है वहाँ काम चाहने वालों से इसके बारे में

पूछता है। वह उन्हें कुछ पैसा उधार भी देता है। जिसे अग्रिम दिहाड़ी माना जाता है। जब तक यह उधार नहीं चुक जाता वह बिना पैसे के काम करता है।

- कार्यकारिणी और यूनियन दोनों ही अपने लोगों को काम दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुछ कामगार अपने ही बच्चों को अपने बदले काम पर लगाना चाहते हैं।
- बहुत-सी फैक्ट्रियों में बदली कामगार भी होते हैं जो कि छुट्टी पर गए हुए मजदूरों के स्थान पर काम करते हैं। उन्हें सबके समान स्थायी पद और सुरक्षा नहीं दी जाती है।

  इसे संगठित क्षेत्र में अनुबंधित कार्य कहते हैं।
- रोज़गार के अवसरों में दो तत्व शामिल होते हैं–

  (i) किसी संगठन में रोज़गार

  (ii) स्व-रोज़गार
- हाल ही में भारत सरकार ने "मुद्रा योजना", "आत्मनिर्भर भारत" या "मेक इन इंडिया" जैसे कार्यक्रमों को प्रारम्भ किया है जिससे रोज़गार और स्व-रोज़गार सम्भव हो सके।
- इन प्रयासों से हाशिए पर खड़े लोगों, जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं सहित सभी वर्गों का समर्थन करने की उम्मीद है।
- इन सकारात्मक प्रयासों ने भारत के युवाओं जिन्हें जनांकिकीय डिविडैंट भी कहा जाता है को विकास की प्रक्रिया से जोड़ दिया।

**ठेकेदारी व्यवस्था**

- निर्माण स्थलों और ईट भट्ठों पर काम करने के लिए आकस्मिक श्रम की भर्ती में उपयोग किया जाता है।
- ठेकेदार गांवों में जाकर लोगों से पूछता है कि क्या उन्हें काम चाहिए।
- ठेकेदार उन्हें ऋण देता है जिसमें कार्यस्थल तक परिवहन की लागत शामिल होती है।
- उधार दिए गए पैसे को अग्रिम वेतन के रूप में माना जाता है और श्रमिक तब तक मजदूरी के बिना करता है जब तक कि ऋण चुकाया नही जाता है।
- पूर्व में, खेतिहर मजदूरों को उनके जमींदार ने कर्ज से बांध दिया था।

- वे अनुबंध को तोड़ सकते हैं और एक और नियोक्ता ढूंढ़ सकते हैं।
- कभी-कभी, पूरे परिवार पलायन करते हैं और बच्चे अपने माता-पिता की मदद करते हैं।

**6. काम को किस तरह किया जाता है-**

- मैनेजर कामगारों को नियंत्रित करके अधिक काम कराते हैं। कामगारों से अधिक कार्य करवाने के दो तरीके होते हैं (कार्य के घंटों में वृद्धि तथा निर्धारित समय में उत्पादित वस्तु की मात्रा को बढ़ा देना।)।

**7. कोयला खनिकों की कार्यावस्थाएँ**

- उद्योगों में कार्य करने की अवस्थाएं शोषण से भरपूर होती है।
- खदान एक्ट 1952 ने मजदूरों के विभिन्न कार्यो को स्पष्ट किया है। कोयले की खानों में काम करने के स्पष्ट नियम बनाए गए हैं। परंतु ठेकेदार इनका पालन नहीं करते। दुर्घटना के होने पर या किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर कोई लाभ आदि देने की जिम्मेदारी से वे साफ बच जाते हैं। इसके अतिरिक्त वे अपनी जिम्मेदारियों को भी नहीं निभाते जैसे खनन का काम पूरा हो जाने पर वे खानों के गड्ढों को समतल नहीं कराते हैं।
- कोयला खनिकों को खतरा।
- भूमिगत खदानों में श्रमिकों को बाढ़, आग, छतों और पक्षों के पतन, गैसों और वेंटिलेशन विफलताओं के कारण बहुत खतरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।
- कई श्रमिकों को श्वांस सम्बंधी समस्याएं और तपेदिक और सिलिकोसिस जैसी बीमारियां होती हैं।
- जमीनी खदानों में काम करने वाले लोग तेज धूप और बारिश दोनों में काम करते हैं और खदान में विस्फोट, गिरने वाली वस्तुओं आदि के कारण चोट का सामना करते हैं।
- इस प्रकार, अन्य देशों की तुलना में भारत में खनन दुर्घटनाओं की दर बहुत अधिक है।

## 8. घरों में होने वाला कार्य

- अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।
- इसमें लेस, जरी या ब्रोकेड, कालीन, बीड़ी बनाना, अगरबत्ती और ऐसे कई उत्पाद शामिल हैं।
- काम मुख्य रूप से महिलाओं और बच्चों द्वारा किया जाता है।
- एक एजेन्ट इन्हें कच्चा माल प्रदान करता है और तैयार उत्पाद भी प्राप्त करता है।
- श्रमिकों को प्रति नग के आधार पर भुगतान किया जाता है, जो उनके द्वारा तैयार किये जाने वाले नगों की संख्या पर निर्भर करता है जैसे बीड़ी उद्योग।

## 9. प्रवासी श्रमिकों की समस्याएं

- तट रेखा के साथ मछली प्रसंस्करण संयंत्र तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल की ज्यादातर एकल युवा महिलाओं को रोजगार देते हैं। उनमें से दस-बारह को छोटे कमरों में रखा जाता है और कभी-कभी किसी अन्य के लिए भी जगह बनानी पड़ती है।
- युवा महिलाओं को विनम्र कार्यकर्ता के रूप में देखा जाता है।
- कई पुरुष अपने परिवारों को गांवों में छोड़कर अकेले चले जाते हैं
- प्रवासियों के पास सामाजिकता निभाने के लिए बहुत कम समय होता है, जिसके परिणामस्वरूप अकेलापन और अस्थिरता होती है।

10. **हड़तालें एवं मजदूर संघ**- फैक्ट्री तथा अन्य उद्योगों में कामगारों के संघ है। जिनमें जातिवाद तथा क्षेत्रीयवाद पाया जाता है।

- मजदूर संघ- किसी भी मिल, कारखाने में मजदूरों के हितों की रक्षा करने के लिए मजदूर संघ का गठन किया जाता है। सभी मजदूर इसके सदस्य होते है।
- हड़ताल- अपनी मांगों को मनवाने के लिए कर्मचारी हड़ताल करते है। कभी-कभी काम की बुरी दशाओं के कारण कामगार हड़ताल पर जाते हैं।
- तालाबंदी- मिल मालिकों द्वारा मिल के मुख्य द्वारा पर ताला लगाना।
- तालाबंदी में प्रबंधन/मालिक गेट बद कर देता है और श्रमिकों को आने से रोकता है।
- श्रमिक किसी अन्य जगह काम करने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

**11. 1982 की बम्बई टैक्सटाइल मिल की हड़ताल**

- बंबई मिल हड़ताल में मजदूरों की दो माँगें थी।
- 1982 के बॉम्बे टेक्सटाइल स्ट्राइक का नेतृत्व व्यापार संघ के नेता डॉ. दत्ता सामंत ने किया था। यह हड़ताल करीब दो साल तक चली। मजदूरों की मांगें थीं :-
- बेहतर मजदूरी।
- अपना संघ बनाने का अधिकार।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. लोग किस तरह काम पाते हैं–

   (a) विज्ञापन द्वारा (b) जानकारी द्वारा

   (c) रोजगार कार्यालय (d) उपरोक्त तीनों

उत्तर – (d) उपरोक्त तीनों

2. जो मजदूर छुट्टी पर गए हुए के स्थान पर काम करते हैं उन्हें कहते हैं–

   (a) ठेकेदार (b) बदली कामगार

   (c) गिरमिटिया मजदूर (d) तीनों में से कोई नहीं

उत्तर – (b) बदली कामगार

3. संगठित/औपचारिक क्षेत्र के अंतर्गत–

   (a) पूरे वर्ष स्थायी रोजगार रहता है। (b) पेंशन की सुविधा होती है।

   (c) बीमा होता है (d) उपरोक्त तीनों

उत्तर – (d) उपरोक्त तीनों

4. कथन सही लिखें–

   (a) विनिवेश के तहत कर्मचारियों की नौकरी जाने का खतरा **नहीं** रहता है।

   (b) तालाबंदी में **मजदूरों** द्वारा मिल के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया जाता है।

   (c) भूमिगत खदानों में आग लगने का खतरा **नहीं** होता है।

   (d) रोज़गार के अवसरों में **चार** तत्व शामिल होते हैं।

   (e) फैक्ट्री तथा अन्य उद्योगों में जाति के आधार पर काम **नहीं** मिलता है।

उत्तर – (a) है (b) मालिकों (c) होता है (d) दो (e) मिलता है।

5. कामगारों से अधिक कार्य करवाने के दो तरीके होते हैं .................. तथा ..................

उत्तर – काम के घंटे बढ़ाकर, उत्पादित वस्तु की मात्रा बढ़ाकर

6. सरकार सार्वजनिक कंपनियों के अपने शेयर्स को निजी क्षेत्र की कंपनियों को बेचने का प्रयास कर रही है जिसे ................ कहा जाता है।

उत्तर – विनिवेश

7. ............... से सरकार ने उदारीकरण की नीति को अपनाया है।

उत्तर – सन् 1990

8. मारुति उद्योग लिमिटेड में ................ मिनट में दो कारें तैयार होकर आ जाती हैं। प्रत्येक कामगार ................ वर्ष का होने तक पूरी तरह थक जाता है।

उत्तर – प्रत्येक, 40

9. औसतन 10–12 घंटे का कार्यदिवस और रात भर कार्य करने को ........ कहते हैं।

उत्तर – समय की चाकरी

10. ................ क्षेत्र में समय की चाकरी की जाती है।

उत्तर – आई टी

11. अपनी माँगों को मनवाने के लिए मजदूर ................ करते हैं।

उत्तर – हड़ताल

12. दिए गए कथनों को सही करें :-

(i) कार्ल मार्क्स के अनुसार अलगाव एक ऐसी स्थिति है जिसमें लोग अपने काम का आनंद लेते हैं।

(ii) भारत में बहुत कम लोगों के पास असुरक्षित नौकरियां हैं।

(iii) मछली उद्योग में ज्यादातर युवा काम करते हैं।

उत्तर – (i) काम से उब जाते हैं

(ii) सुरक्षित

(iii) आई टी

13. निम्न में से किसे द्वितीयक क्षेत्र में रखा जाता है ?

(a) कृषि (b) व्यापार (c) सेवा (d) उद्योग

उत्तर – (d) उद्योग

14. रेल यातायात किस श्रेणी के अन्तर्गत रखा गया है ?

(a) द्वितीय (b) तृतीय (c)चतुर्थ (d)प्रथम

उत्तर – (d)प्रथम

15. भारत के औद्योगीकरण के विकास हेतु कार्य-योजना में किस बात पर बल दिया गया ?

(a) महानगरों में आबादी से हटकर औद्योगिक इकाइयों का निर्माण

(b) औद्योगिक कचरा निस्तारण हेतु संयत्रों को लगाने की अनिवार्यता

(c) प्रदूषण नियंत्रण हेतु उचित प्रावधान

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर – (d) उपर्युक्त सभी

16. लोग अधिकतर अपने कार्यों का .......... रूप नहीं देख पाते क्योंकि उन्हें उत्पादन के एक छोटे से पुर्जे को बनाना होता है।

(a) प्रारंभिक (b) छोटा (c) अंतिम (d) बड़ा

उत्तर – (c) अंतिम

17. उदारीकरण की प्रक्रिया के प्रभावस्वरुप आर्थिक क्षेत्र में कौन-सा सुधार हुआ ?

(a) औद्योगिक उत्पादन में तीव्र वृद्धि (b) उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार

(c) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर – (d) उपर्युक्त सभी

18. भारत में उदारीकरण की प्रक्रिया अपनाये जाने पर कौन-सी चुनौती सामने आयी?

(a) परम्परागत लघु उद्योगों का ह्रास (b) बेकारी (बेरोजगारी) में वृद्धि

(c) ऋणग्रस्तता में वृद्धि (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर – (d) उपर्युक्त सभी

19. भारतीय अर्थव्यवस्था का माडल किस प्रकार का है?

(a) पूँजीवादी (b) मिश्रित (c) समाजवादी (d)साम्यवादी

उत्तर - (b) मिश्रित

20. इनमें से कौन उदारीकरण की देन है?

(a) बाजारवाद (b) वैश्वीकरण (c) निजीकरण (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (d) उपर्युक्त सभी

21. अभिकथन (A) : अधिकांश कंपनियों ने अपने स्थायी कर्मचारियों की संख्या में कटौती कर दी, वे अपने कार्य बाह्यस्त्रोंतों जैसे छोटी कंपनी से यहाँ तक कि घरों से भी करवाने लगे।

कारण (R) : छोटी कंपनियों को बड़ी कंपनियों से कार्यप्राप्त करने के लिए स्पर्धा करनी होती है अतः वे कामगारों को कम वेतन देते हैं।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

उत्तर – **(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।**

22. अभिकथन (A) : कई सरकारी कर्मचारी इससे भयभीत हैं कि कहीं विनिवेश के कारण उनकी नौकरी न चली जाए।

कारण (R) : सरकार सार्वजनिक कंपनियों के अपने हिस्सों को निजी क्षेत्र की कंपनियों को बेचने का प्रयास कर रही है, जिसे विनिवेश कहा जाता है।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

उत्तर – (a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

23. संगठित या औपचारिक क्षेत्र के बारे में निम्न में से कौन-सी बातें/तथ्य सही हैं?

I. यहाँ नौकरियाँ सुरक्षित हैं। II. ये सरकार के पास पंजीकृत हैं।

III. शिकायतों के लिए कोई स्थान नहीं है। IV. भर्ती पारदर्शी है।

(a) I, II, III (b) II, III, IV

(c) I, II, IV (d) I, II, III, IV

**उत्तर : (c) I, II, IV**

24. लोग कौन-कौन से तरीकों से काम पाते हैं?

I. विज्ञापनों द्वारा II. ठेकेदारों के द्वारा

III. स्वरोजगार IV. इंटरनेट द्वारा

(a) I, II, III (b) I, II

(c) II, III, IV (d) I, II, III, IV

**उत्तर : (d) I, II, III, IV**

25. निम्न को क्रम से व्यवस्थित कीजिए।

I. ठेकेदार उन्हें ऋण देता है जिसमें कार्यसील तक परिवहन की लागत शामिल होती है।

II. ठेकेदार गाँव में जाकर पूछता है कि क्या उन्हें काम चाहिए

III. उधार दिए गए पैसों को अग्रिम वेतन के रूप में माना जाता है।

IV. निर्माण स्थलों पर काम करने के लिए आकस्मिक श्रम की आवश्यकता होती है।

(a) I, II, III, IV (b) II, IV, I, III

(c) II, I, IV, III (d) IV, II, I, III

**उत्तर : (d) IV, II, I, III**

26. निम्न को क्रम से व्यवस्थित कीजिए।

I. भारतीय कम्पनियाँ बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ बन गई।

II. भारतीय कम्पनियों को विदेशियों ने खरीद लिया।

III. आमदनी के साथ असमानता भी बढ़ गई।

IV. भारत ने उदारीकरण की नीति को अपनाया है।

(a) IV, II, I, III (b) II, I, III, IV

(c) I, II, III, IV (d) IV, I, II, III

**उत्तर : (a) IV, II, I, III**

## 2 अंक प्रश्न

1. कामगार हड़ताल पर क्यों जाते हैं?
2. तालाबन्दी में मालिक क्या करता है?
3. संगठित और असंगठित क्षेत्र में अन्तर लिखिए।
4. लोग काम कैसे पाते हैं?
5. समय की चाकरी से आप क्या समझते हैं?
6. औद्योगिकी में लोग अपने उत्पादन का अन्तिम रूप क्यों नहीं देख पाते?
7. विनिवेश किसे कहते है? *[Outside Delhi-2018]*
8. हड़ताल और तालाबंदी में क्या अंतर है?
9. समय की चाकरी से क्या तात्पर्य है?
10. बदली कामगार कौन होते है?

## 4 अंक प्रश्न

1. उद्योगों के प्राथमिक क्षेत्र कौन से है? असंगठित क्षेत्र के उद्योग क्या होते हैं?
2. 40 वर्ष तक अधिकाशं व्यक्ति उद्योगों में थक जाते हैं। इसमें प्रबन्धकों की भूमिका क्या है?
3. उदारीकरण के कारण कौन-कौन से उद्योग प्रभावित हुए है?
4. उद्योगों में लोग किस प्रकार से काम पाते हैं?
5. भारत में स्वतंत्रता के बाद औद्योगिक क्षेत्रों में क्या बदलाव आए?
6. भूमिगत खदानों में मजदूरों को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है?
7. घर में किया जाने वाला कार्य अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण भाग है। उदाहरण दीजिए। *[Outside Delhi-2018]*

8. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ें और निम्नलिखित उत्तर दें।

भूमिगत खदानों में श्रमिकों के बाढ़, आग, छतों और पक्षों के पतन, गैसों के उत्सर्जन और वेंटिलेशन विफलताओं के कारण बहुत खतरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। कई श्रमिकों को श्वास संबंधी समस्याएं और तपेदिक और सिलिकोसिस जैसी बीमारियां होती हैं। ओवरग्राउंड खदानों में काम करने वालों को तेज धूप और बारिश दोनों में काम करना पड़ता है और खदान में विस्फोट, गिरती वस्तुओं आदि के कारण चोटों का सामना करना पड़ता है। भारत में खनन दुर्घटनाओं की दर अन्य देशों की तुलना में बहुत अधिक है।

(i) खदान श्रमिकों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है? (1)

(ii) खदान श्रमिकों के बीच किस प्रकार की बीमारियों के विकसित होने की संभावना है? (1)

(iii) भारत में खनन दुर्घटनाओं की दर अधिक क्यों है? (1)

(iv) जमीनी खदान के मजदूर किस स्थिति में अपना काम करते हैं? (1)

9. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ें और निम्नलिखित उत्तर दें।

श्रम के बड़े पैमाने पर प्रसार का ग्रामीण समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, दोनों प्राप्त करने और आपूर्ति करने वाले क्षेत्रों में उदाहरण के लिए, गरीब क्षेत्रों में जहाँ पुरूष परिवार के सदस्य अपने गाँव के बाहर काम करने में अधिक समय व्यतीत करते हैं, खेती मुख्य रूप से एक महिला कार्य बन गया है। महिलाएं भी कृषि श्रम के मुख्य स्रोत के रूप में उभर रही हैं, जिससे कृषि श्रम शक्ति का महिलाकरण हो रहा है। महिलाओं की असुरक्षा अधिक है क्योंकि वे समान काम के लिए पुरूषों की तुलना में कम वेतन कमाती हैं।

(i) श्रम के संचार से आप क्या समझते हैं? (1)

(ii) श्रम के संचार ने ग्रामीण समाज को कैसे प्रभावित किया? (1)

(iii) कृषि श्रम शक्ति के महिलाकरण से आप क्या समझते हैं? (1)

(iv) ग्रामीण महिलाओं को किन समस्याओं का सामान करना पड़ा? (1)

## 6 अंक प्रश्न

1. कामगारों की कार्य अवस्थाएं किस प्रकार की है उदाहरण देकर समझाइए।

2. उदारीकरण का भारत के उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ा है? बहुउद्देशीय कम्पनी क्या होती है?

3. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़ें और निम्नलिखित उत्तर दें।

   **आई.टी. क्षेत्र में 'समय की चाकरी'**

   औसतन 10–12 घंटे का कार्यदिवस, और रातभर कार्य करने वाले कर्मचारी भी असामान्य बात नहीं हैं, (जिसे 'नाइट आउट' कहते हैं) जब उनकी परियोजना की अंतिम सीमा आ जाती है। लंबे कार्य घंटों का होना एक उद्योग की केंद्रीय कार्य संस्कृति होती है। कुछ हद तक इसका कारण भारत और ग्राहक के देश के बीच समय की भिन्नता भी है, जैसे कि सम्मेलन का समय शाम का होता है जबकि अमेरिका में उस समय कार्य दिवस का प्रारंभ होता है। दूसरा कारण बाह्य स्रोतों को कार्य संरचना में अधिक कार्य का होना है जो, परियोजना की लागत और समयसीमा के तालमेल से जुड़ी होती है। एक आठ घंटे काम करने वाले इंजीनियर के श्रम के आधार पर काम को अंतिम सीमा तक पहुंचाने के लिए उसे अतिरिक्त घंटों और दिनों तक काम करना पड़ता है। अतिरिक्त कार्य घंटों को सामान्य व्यवस्थापित 'फलैक्सी–टाइम' सामान्य व्यवस्थापन के प्रयोग द्वारा तर्कसंगत (वैधता) बनाया जाता है, जो कि सैद्धांतिक रूप में कार्यकर्ता को अपने कार्य के घंटे नियत करने की छूट देती है (एक सीमा तक) लेकिन प्रायोगिक रूप में इसका अर्थ है कि वे तब तक कार्य करें जब तक कि वे हाथ में लिए हुए कार्य को समाप्त न कर दें।

   (i) 'नाइट आउट से क्या अभिप्राय है?

   (ii) आई.टी. क्षेत्र में 'समय की चाकरी' कैसे एक कर्मचारी की कार्य प्रणाली को प्रभावित करती है?

## अध्याय - 8

# सामाजिक आंदोलन

### मुख्य बिन्दु

1. **सामाजिक आन्दोलन**- ये समाज को एक आकार देते हैं। 19वीं सदी में अनेक सुधार आन्दोलन हुए जैसे- जाति व्यवस्था के विरूद्ध, भेदभाव के विरूद्ध और राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन आदि।

2. **सामाजिक आन्दोलन के लक्षण**
   - लम्बे समय तक निरंतर सामूहिक गतिविधियों की आवश्यकता।
   - संगठन होना आवश्यक है।
   - सामाजिक आन्दोलन प्रायः किसी जनहित के मामले में परिवर्तन के लिए होते है। जैसे आदिवासियों का जंगलो पर अधिकार, विस्थापित लोगों का पुनर्वास।
   - संगठन में नेतृत्व तथा संरचना होती है।
   - सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए।
   - भाग लेने वाले लोगों के उद्देश्य तथा विचारधाराओं में समानता होती है।
   - सामाजिक आन्दोलन के विरोध में प्रतिरोधी आन्दोलन जन्म लेते हैं। जैसे सती प्रथा के विरूद्ध आन्दोलन के खिलाफ धर्म सभा बनी, जिसने अंग्रेजों से सती प्रथा खत्म करने के विरूद्ध कानून बनाने की मांग की।
   - सामाजिक आन्दोलन विरोध के विभिन्न साधन विकसित करते है-मोमबत्ती या मशाल जुलूस, नुक्कड़ नाटक गीत आदि।

3.

| सामाजिक परिवर्तन | सामाजिक आन्दोलन |
|---|---|
| (अ) निरंतरता | (अ) विशिष्ट उद्देश्य |
| (ब) संस्कृतिकरण, पश्चिमीकरण आदि | (ब) लोगों का निरन्तर सामाजिक प्रयास सती प्रथा विरोधी आंदोलन आदि |

## 4. सामाजिक आन्दोलन के सिद्धान्त-

- **सापेक्षिक वंचन का सिद्धान्त**

  (1) सामाजिक संघर्ष तब उत्पन्न होता है जब सामाजिक समूह अपनी स्थिति खराब समझता है।

  (2) मनोवैज्ञानिक कारण जैसे क्षोभ व रोष

**सीमाएँ:** सामूहिक गतिविधि के लिए वंचन का आभास आवश्यक है लेकिन यह एक पर्याप्त कारण नहीं है।

- दि लोजिक आफ कलैक्टिव एक्शन- सामाजिक आंदोलन में स्वयं का हित चाहने वाले विवेकी व्यक्तिगत अभिनेताओं का पूर्ण योग है। व्यक्ति कुछ प्राप्त करने के लिए इनमें शामिल होगा उसे इसमें जोखिम भी कम हो और लाभ अधिक।

  **सीमाएँ :** सामाजिक आन्दोलन की सफलता संसाधनों व योग्यताओं पर निर्भर करती है।

- संसाधन गतिशीलता का सिद्धान्त- सामाजिक आन्दोलन में नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता तथा संचार सुविधाओं को एकत्र करना इसकी सफलता का जरिया है।

**सीमाएँ :** प्राप्त संसाधनों की सीमा में वंचित नहीं, नए प्रतीक व पहचान की रचना भी कर सकता है।

## 5. सामाजिक आन्दोलनों के प्रकार

(अ) प्रतिदानात्मक आन्दोलन- व्यक्तियों की चेतना तथा गतिधियों में परिवर्तन लाते है। जैसे केरल के इजह्वा समुदाय के लोगों ने नारायण गुरू के नेतृत्व में अपनी सामाजिक प्रथाओं को बदला।

(ब) सुधारवादी आन्दोलन- सामाजिक तथा राजनीतिक विन्यास को धीमे व प्रगतिशील चरणों द्वारा बदलना। जैसे- 1960 के दशक में भाषा के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन व सूचना का अधिकार।

(स) क्रांतिकारी आन्दोलन- सामाजिक संबंधों में आमूल परिवर्तन करना तथा राजसत्ता पर अधिकार करना। जैसे- बोल्शेविक क्रांति जिसमें रूस में जार को अपदस्थ किया।

## 6. सामाजिक आंदोलन के अन्य प्रकार

- पुराना सामाजिक आंदोलन (आजादी पूर्व)- नारी आंदोलन, सती प्रथा के विरूद्ध आंदोलन, बाल विवाह रोकने के लिए, जाति प्रथा के विरूद्ध आंदोलन। यह राजनीतिक दायरे में होते थे। किसी निश्चित क्षेत्र अथवा देश में होते हैं।
- नया सामाजिक आन्दोलन- जीवन स्तर को बदलने व शुद्ध पर्यावरण के लिए।
  - बिना राजनीतिक दायरे के होते है तथा राज्य पर दबाव डालते है।
  - अन्तर्राष्ट्रीय हैं।

## 7. पारिस्थितिकीय आन्दोलन

उदाहरण- चिपको आंदोलन

चिपको आन्दोलन- उंत्तराचल में वनों को काटने से रोकने तथा पर्यावरण का बचाव करने के लिए स्त्रियां पेड़ों से चिपक गई ओर पेड़ काटने नहीं दिये। इस प्रकार यह आन्दोलन आर्थिक, पारिस्थितिकीय व राजनीतिक बन गया।

## 8. वर्ग आधारित आन्दोलन

- किसान आन्दोलन- 1858-1914 के बीच स्थानीयता, विभाजन व विभिन्न शिकायतों से सीमित होने की ओर प्रवृत्त हुआ।
  - 1859-62 नील की खेती के विरोध में।
  - 1857- दक्षिण का विद्रोह साहूकारी के विरोध में।
  - 1928- लगान विरोधी आंदोलन
  - 1920- ब्रिटिश सरकार की वन नीतियों के विरूद्ध आंदोलन
  - 1920-1940 आल इंडिया किसान सभा
- स्वतंत्रता के समय दो मुख्य किसान आंदोलन हुए
  - (i) 1946-1947 तिभागा आन्दोलन- यह संघर्ष पट्टेदारी के लिए हुआ।
  - (ii) 1946-1951 तेलंगाना आन्दोलन- यह हैदराबाद की सांमती दशाओं के विरूद्ध था।

- स्वतंत्रता के बाद दो बड़े सामाजिक आंदोलन हुए

  (i) 1967 नक्सली आन्दोलन– यह आंदोलन भूमि को लेकर हुआ था।

  (ii) नये किसानों का आंदोलन

- नया किसान आन्दोलन

  – 1970 में पंजाब व तमिलनाडु में प्रारंभ हुआ।

  – दल रहित थे।

  – क्षेत्रीय आधार पर संगठित थे।

  – कृषक के स्थान पर किसान जुड़े थे (किसान उन्हें कहा जाता है जो कि वस्तुओं के उत्पादन और खरीद दोनों में बाजार से जुड़े होते है।)

  – राज्य विरोधी व नगर विरोधी थे।

  – लाभ प्रद कीमतें, कृषि निवेश की कीमते, टैक्स व उधार की वापसी की माँगे थी।

  – सड़क व रेल मार्ग को बंद किया गया था।

  – महिला मुद्दों को शामिल किया गया।

- कामगारों का आन्दोलन

  – 1860 में कारखानों में उत्पादन का कार्य शुरू हुआ। कच्चा माल भारत से ले जाकर, इंग्लैंड में निर्माण किया जाता था।

  – बाद में ऐसे कारखानों को मद्रास, बंबई और कलकत्ता स्थापित किया गया।

  – कामगारों ने अपनी कार्य दशाओं के लिए विरोध किया।

  – 1918 में सर्वप्रथम मजदूर संघ की स्थापना हुई।

  – 1920 में एटक की स्थापना हुई (ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस-एटक) (AITUC)

  – कार्य के घंटों की अवधि को घटाकर 10 घंटे कर दिया गया।

  – 1926 में मजदूर संघ अधिनियम पारित हुआ जिसने मजदूर संघों के पंजीकरण का प्रावधान किया, और कुछ नियम बनाए।

## 9. जाति आधारित आन्दोलन

(अ) दलित आन्दोलन– दलित शब्द मराठी, हिन्दी, गुजराती व अन्य भाषाओं के रूप में पहचान प्राप्त करने का संघर्ष है। दलित समानता, आत्मसम्मान, अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

- मध्य प्रदेश में चमारों का सतनामी आन्दोलन
- पजांब में आदिधर्म आन्दोलन
- महाराष्ट्र में महार आन्दोलन
- आगरा में जाटवों की गतिशीलता
- दक्षिण भारत में ब्रह्ममण विरोधी आन्दोलन

(ब) पिछड़े वर्ग का आन्दोलन

- पिछड़ी जातियों, वर्गों का राजनीतिक इकाई के रूप में उदय
- औपनिवेशिक काल में राज्य अपनी सम्पति का वितरण जाति के आधार पर करते थे।
- लोग सामाजिक तथा राजनीतिक पहचान के लिए जाति में रहते हैं।
- आधुनिक काल में जाति अपनी कर्मकांडीय विषय वस्तु छोड़ने लगी तथा राजनीति गतिशीलता के लिए पंथनिरपेक्ष हो गई हैं।

(स) उच्चजाति का आन्दोलन– दलित व पिछड़ो के बढ़ते प्रभाव से उच्च जातियों ने उपेक्षित महसूस किया।

10. **जन जातीय आन्दोलन**– जनजातीय आंदोलनों में से कई मध्य भारत में स्थित है। जैसे– छोटा नागपुर व संथाल परगना में स्थित संथाल, हो, मुंडा, ओराव, मीणा आदि।

- झारखंड
  - बिहार से अलग होकर 2000 में झारखण्ड राज्य बना।
  - आन्दोलन की शुरूआत बिरसा मुण्डा ने की थी।
  - ईसाई मिशनरियों ने साक्षरता का अभियान चलाया।
  - दिक्कुओं– (व्यापारी व महाजन) के प्रति घृणा।
  - आदिवासियों को अलग–थलग किया जाना।

- आन्दोलन के मुख्यबिन्दु व मुद्दे
  - भूमि का अधिग्रहण
  - ऋणों की वसूली
  - वनों का राष्ट्रीयकरण
  - पुर्नवास न किया जाना।
- पूर्वोत्तर राज्यों के आंदोलन- वन भूमि से लोगों का विस्थापन तथा पारिस्थितिकीय मुद्दे।

**11. महिलाओं का आन्दोलन**

- 1970 के दशक में भारत में महिला आन्दोलन का नवीनीकरण हुआ।
- महिला आन्दोलन स्वायत थे तथा राजनीतिक दलों से स्वतंत्र थे।
- महिलाओं के प्रति हिंसा के बारे में अभियान चलाए।
- स्कूल के प्रार्थना पत्र में माता-पिता दोनों का नाम शामिल।
- यौन उत्पीड़न व दहेज के विरोध में।
- कुछ महिला संगठनों के नाम- विमंस इंडिया एसोसिएशन (1971), आल इंडिया विमंस कान्फ्रेंस (1926)

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. कथन सही करें–

   (a) तेलंगाना आंदोलन <u>पट्टेदारी</u> के लिए हुआ।

   (b) सामाजिक आंदोलन के लिए किसी विशिष्ट उद्देश्य की जरूरत <u>नहीं है</u>।

   (c) उत्तरांचल में हुए चिपको आंदोलन में <u>पुरुष</u> पेड़ों से चिपक गए थे।

   (d) नए सामाजिक आंदोलन में <u>जाति प्रथा एवं बाल विवाह के विरुद्ध</u> आंदोलन किए।

   (e) <u>1921</u> में एटक की स्थापना हुई।

उत्तर – (a) हैदराबाद निजाम की सामंती नीतियों (b) होती है

(c) महिलाएँ (d) जीवन की गुणवत्ता के मुद्दों के लिए

(e) 1920

2. नया किसान आंदोलन 1970 में .............. और .............. में प्रारंभ हुआ।

उत्तर – पंजाब, तमिलनाडु

3. दलित आंदोलन का एक उदाहरण मध्य प्रदेश में .............. का .............. आंदोलन।

उत्तर – चमारों, सतनामी

4. बिहार से अलग होकर 2000 में .............. राज्य बना।

उत्तर – झारखण्ड

5. नया किसान आंदोलन .............. विरोधी व .............. विरोधी थे।

उत्तर – राज्य, नगर

6. 1967 के नक्सली आंदोलन का मुद्दा था।

   (a) भूमि (b) फसल

   (c) लगान (d) पट्टेदारी

उत्तर – (a) भूमि

7. मजदूर संघ की स्थापना हुई।

(a) 1918 (b) 1919

(c) 1920 (d) 1921

उत्तर - (c) 1920

8. सामाजिक आंदोलन के प्रकार है।

(a) तीन (b) चार

(c) पाँच (d) दो

उत्तर - (a) तीन

9. निम्नलिखित में से कौन-सा सामाजिक आंदोलन विरोध के साधन हैं-

(a) मशाल जुलूस (b) नुक्कड़ नाटक

(c) काले कपड़े पहनना (d) उपरोक्त तीनों

उत्तर - (d) उपरोक्त तीनों

10. जनजातीय आंदोलन के मख्य बिंदु कौन-से हैं-

(a) भूमि का अधिग्रहण (b) ऋणों की वसूली

(c) वनों का राष्ट्रीकरण (d) उपरोक्त तीनों

उत्तर - (d) उपरोक्त तीनों

**रिक्त स्थान भरो**

11 सापेक्षिक वंचन के सिद्धान्त के अनुसार, सामाजिक संघर्ष तब उत्पन्न होता है जब एक सामाजिक समूह यह महसूस करता है कि वह अपने आसपास के अन्य लोगों से खराब स्थिति में है। ऐसा संघर्ष सफल सामूहिक विरोध के रूप में परिणित हो सकता है।

..........................के अनुसार, सामाजिक संघर्ष तब उत्पन्न होता है जब एक सामाजिक समूह यह महसूस करता है कि वह अपने आसपास के अन्य लोगों से खराब स्थिति में है।

a. सापेक्षिक प्रशंसा के सिद्धांत b. सापेक्षिक वंचन के सिद्धांत

c. सापेक्षिक तुलना के सिद्धांत d. सापेक्षिक समझ के सिद्धांत

उत्तर: 11 b. सापेक्षिक वंचन के सिद्धांत

12. बताएं कि दिया गया कथन सही है या गलत

पुराने सामाजिक आंदोलनों में राजनीतिक दलों की भूमिका केंद्रीय नहीं थी।

उत्तर - गलत

13. चिपको आंदोलन का संबंध किस राज्य से है ?

(a) उत्तर प्रदेश (b)उत्तराखण्ड (c) मध्य प्रदेश (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर - (b)उत्तराखण्ड

14. निम्न में से किस आंदोलन का सम्बन्ध पर्यावरण समस्याओं से जुड़ा हुआ है?

(a) दलित आंदोलन (b) आदिवासी आंदोलन

(c) चिपको आंदोलन (d) पिछड़ी जाति आंदोलन

उत्तर - (c) चिपको आंदोलन

15. चिपको आंदोलन सम्बन्धित है

(a) वृक्षों की रक्षा से (b)जल की रक्षा से

(c) पशुओं की रक्षा से (d) खनिजों की रक्षा से

उत्तर - (a) वृक्षों की रक्षा से

16. जनजातीय आंदोलन संबंधित है

(a) जाति से (b) जनजाति से (c) सम्प्रदाय से (d) धर्म से

उत्तर - (b) जनजाति से

17. अहिंसा के आधार पर चलाया गया एक आंदोलन जिसे गाँधीजी ने चलाया, उसका नाम है

(a) तेभागा आंदोलन (b) ट्रेड यूनियन आंदोलन

(c) जन आंदोलन (d) सत्याग्रह आंदोलन

उत्तर - (d) सत्याग्रह आंदोलन

18. चिपको आंदोलन चलाया गया

(a) 1973 ई. में (b)1970 ई. में (c)1983 ई. में (d) 1999 ई में

उत्तर - (a) 1973 ई. में

19. दलित-पैंथर्स की स्थापना कब की गई?

(a) 1972 ई. में (b) 1980 ई. में (c)1970 ई. में (d) 1983 ई. में

उत्तर - (a) 1972 ई. में

20. चिपको आंदोलन की अगुआयी किसने की?

(a) इंद्रेश चिपकलानी (b) मेधा पाटेकर

(c) सुंदरलाल बहुगुणा (d) स्वामी अग्निवेष

उत्तर - (c) सुंदरलाल बहुगुणा

21. अभिकथन (A) : सामाजिक आंदोलन समाज को जोड़ने का काम करते हैं।

कारण (R) : उपनिवेश विरोधी आंदोलनों ने सभी लोगों को राष्ट्रीय स्वतंत्रता संघर्षों में एक जुट किया।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

**उत्तर– (a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।**

22. अभिकथन (A) : औपनिवेशिक राज प्राय: अपनी संरक्षिता का वितरण जाति के आधार पर करते थे।

कारण (R) : लोगों का संस्थागत जीवन में सामाजिक तथा राजनैतिक पहचान के लिए जाति का बहिष्कार करना एक मजबूरी थी।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

**उत्तर – (c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।**

23. आंदोलनों के लक्षण के विषय मे कौन से तथ्य सही हैं?

I. इनका संगठित होना आवश्यक है।

II. लम्बे समय तक निरंतर सामूहिक गतिविधियों की आवश्यकता होती है।

III. लोगों के उद्देश्य व विचारधाराओं के समान होने की आवश्यकता नहीं होती

IV. इनके विरोध में प्रतिरोधाी आंदोलन जन्म लेते हैं।

(a) I, II, III (b) I, II, IV (c) I, II, III, IV (d) II, IV

**उत्तर : (c) I, II, III, IV**

24. जाति पर आधारित आंदोलन कौन-कौन से हैं?

I. आदिधर्म आंदोलन II. जाटवों की गतिशीलता

III. महार आंदोलन IV. चिपको आंदोलन

V. दक्षिण का विद्रोह, साहूकारी के विरोध में VI. चिपको आंदोलन

(a) I, II, III (b) I, II, V, III

(c) I, II, III, IV, (V), (VI) (d) I, II, IV, III

**उत्तर : (a) I, II, III**

25. निम्न को क्रम से व्यवस्थित करें।

I. संगठित होता है

II. समूह अपनी स्थिति को खराब समझता है।

III. समाज में परिवर्तन आता है।

IV. विरोध के लिए विभिन्न साधन विकसित किए जाते हैं।

(a) II, I, IV, III (b) I, II, IV, III (c) II, IV, I, III (d) III, IV, I, II

26. क्रम से व्यवस्थित करें

I. बिहार से अलग होकर सन् 2000 में झारखण्ड राज्य बना।

II. अलग राज्य बनाने की माँग रखी गई।

III. इसके मुद्दे कई थे।

IV. जनजातीय आंदोलन की शुरुआत बिरसा मुण्डा ने की थी।

(a) IV, II, III, I (b) IV, III, I, II

(c) III, II, I, IV (d) IV, III, II, I

**उत्तर : (d) IV, III, II, I**

## 2 अंक प्रश्न

1. सामाजिक आन्दोलन क्या होते है?
2. सामाजिक परिवर्तन व सामाजिक आन्दोलन में क्या अन्तर है?
3. किसान आन्दोलनों के दो उदाहरण लिखो।
4. एटक को समझाए।
5. जाति आधारित चार आन्दोलनों के उदाहरण लिखिए।
6. चार जन जातियों के नाम लिखें।
7. दो महिला संगठनों के नाम बताइए।
8. चिपको आंदोलन, पारिस्थितिकीय आंदोलन का एक उदाहरण है। हिमालय की तलहटी में इस तरह के आपस में जुड़े हितों और विचारधाराओं का अच्छा उदाहरण है।

   चिपको आंदोलन का वर्णन करें।

## 4 अंक प्रश्न

1. सुधारवादी व क्रांतिकारी आन्दोलनों में अन्तर बताइए।
2. प्रतिदानात्मक व सुधारवादी आन्दोलन में अन्तर बताइए।
3. पारिस्थितिकीय आन्दोलन का वर्णन कीजिए।
4. नए किसान आन्दोलन पर नोट लिखिए।

5. उस मुद्दे के विषय में बताइए जिसके लिए झारखंड के नेताओं ने आन्दोलन किया।

6. महिलाओं ने आधुनिक युग में विभिन्न मुद्दों को उठाया है? इनका वर्णन कीजिए।

7. भारत के राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान विदेशी सत्ता तथा पूँजी का मेल सामाजिक विरोधों का केन्द्र बिन्दु था। महात्मा गांधी ने भारत में कपास उगाने वालों तथा बुनकरों की जीविका, जो सरकार की मिल में तैयार कपड़ों की तरफदारी करने की नीति से नष्ट हो गई थी, के समर्थन में हाथ से कला तथा बुना वस्त्र खादी पहना। नमक बनाने के लिए बहुचर्चित डांडी यात्रा अंग्रेजों की कर नीतियों, जिसमें उपभोग की मूलभूत सामग्री के उपभोक्ताओं पर साम्राज्य को लाभ पहुंचाने के लिए बहुत अधिक भार डाला गया था, को चुना और उन्हें प्रतिरोध का प्रतीक बना दिया।

सही विकल्प चुनें

1. मेल का मतलब है

a. योग b. विभाजन

c. गुणा d. घटा

**खाली स्थान भरें**

2. ..................ने भारत में कपास उगाने वालों तथा बुनकरों की जीविका, जो सरकार की मिल में तैयार कपड़ों की तरफदारी करने की नीति से नष्ट हो गई थी, के समर्थन में हाथ से कला तथा बुना वस्त्र खादी पहना।

बताएं कि दिए गए कथन सही हैं या गलत

3. गांधी जी ने प्रतिदिन के जन उपभोग की चीजों जैसे कपड़ा और नमक को चुना और उन्हें प्रतिरोध का प्रतीक बना दिया।

4. भारत के राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान विदेशी सत्ता तथा पूँजी का मेल सामाजिक विरोधों का केन्द्र बिन्दु था। (सही/गलत)

उत्तर 1. a. योग

2. महात्मा गांधी

3. सही

4. सही

8. दिए गए गद्यांश को पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें

सामाजिक आंदोलन प्रायः किसी जनहित के मामले में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से उत्पन्न होते हैं, जैसे कि जनजातीय लोगों के लिए जंगल के उपयोग का अधिकार अथवा विस्थापित लोगों के पुनर्वास तथा क्षतिपूर्ति के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए। ऐसे ही अन्य मुद्दों के बारे में सोचिए जिन्हें सामाजिक आंदोलनों ने पूर्व तथा वर्तमान में उठाया हो। जबकि सामाजिक परिवर्तन लाना चाहते हैं, कभी-कभी यथापूर्व स्थिति बनाए रखने के लिए प्रतिरोधी आंदोलन जन्म लेते है। ऐसे प्रतिरोधी आंदोलनों के कई उदाहरण हैं। जब राजा राममोहन राय ने सती प्रथा का विरोध किया तथा ब्रह्म समाज की स्थापना की तो सती प्रथा के प्रतिरक्षकों ने धर्म सभा स्थापित की तथा अंग्रेजों को सती प्रथा के विरुद्ध कानून न बनाने की याचिका दी।

1. सामाजिक आंदोलन प्रायः किसी...............के मामले में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से उत्पन्न होते हैं।

a. निजी b. जनहित

c. व्यक्तिगत d. अन्य

2. जबकि सामाजिक परिवर्तन लाना चाहते हैं, कभी-कभी यथापूर्व स्थिति बनाए रखने के लिए........................जन्म लेते हैं। कई बार यथास्थिति की रक्षा में उठता है।

a. प्रतिरोधी आंदोलन b. सहायता आंदोलन

c. सहयोग आंदोलन d. आंदोलन

3. ..................ने सती प्रथा के खिलाफ अभियान चलाया।

a. दयानंद सरस्वती b. विवेकानंद

c. राजा राममोहन राय d. फुले

4. सती प्रथा के प्रतिरक्षकों ने....................सभा स्थापित की तथा अंग्रेजों को सती प्रथा के विरुद्ध कानून न बनाने की याचिका दी।

a. समर्थन b. विरोध

c. धर्म d. अधर्म

उत्तर 1. b जनहित

2. a. प्रतिरोधी आंदोलन

3. c राजा राममोहन राय

4. c धर्म

## 6 अंक प्रश्न

1. नए सामाजिक आन्दोलन व पुराने सामाजिक आन्दोलन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
2. सामाजिक आन्दोलनों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
3. सामाजिक आन्दोलनों के सिद्धान्तों के विषय में बताइये
4. किसान आन्दोलन व नए किसान आन्दोलन में अन्तर लिखिए।
5. मनकर ओल्सन की पुस्तक 'द लॉजिक ऑफ कलैक्टिव एक्शन' में तर्क दिया गया है कि सामाजिक आंदोलन में स्वहित चाहने वाले विवेकी, व्यक्तिगत अभिनेताओं का पूर्ण योग है। एक व्यक्ति भी सामाजिक आंदोलन में शामिल होगा जब वह उससे कुछ प्राप्त कर सके। वह तभी भाग लेगा जब जोखिम कम हो और लाभ अधिक। ओल्सन का सिद्धांत विवेकी, अधिकतम उपयोगिताकारी व्यक्ति के अभिप्राय पर आधारित है। क्या आप सोचते हैं कि लोग कोई कार्य करने से पहले व्यक्तिगत लागत तथा लाभ की गणना करते हैं ?

   1. सामाजिक आंदोलन से आप क्या समझते हैं ?

   2. ओल्सन के सिद्धान्त का वर्णन करें।

6.




1. सामाजिक आंदोलन क्या है?
2. आपकी राय में सामाजिक आंदोलनों में सोशल मीडिया की क्या भूमिका हो सकती है?
3. सामाजिक आंदोलनों का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

7. **Success Rates of Violent and Nonviolent Resistance Campaigns, 1900-2006**

Non




*Source: Chnoweth and Stephan (2011)*

1. ग्राफ को देखकर बताइए कि हिंसात्मक और अहिंसात्मक आंदोलनों में से सफलता किसकी अधिक होती है?
2. अहिंसात्मक आंदोलनों की सफलता का अंतर कितने प्रतिशत है?
3. क्या आप इस बात से सहमत हैं कि सामाजिक आंदोलनों के दूरगामी परिणाम होते हैं? उदाहरण सहित किसी आंदोलन के बारे में बताइए।

# प्रश्न पत्र हल करने के लिये याद करने योग्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु

1. प्रश्न पत्र को अच्छी तरह से पढ़ें।
2. प्रश्न पत्र में दिये गये प्रश्नों को हमेशा क्रमानुसार करें।
3. प्रश्न पत्र को हल करते समय प्रश्नों की संख्या नं0 को उत्तर पुस्तिका में सही लिखे।
4. हमेशा महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं को रेखांकित करें।
5. 1 अंक वाले प्रश्नों को समझ कर लिखें।
6. 2 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर देने में शब्दों को सीमित रखे (कोई दो महत्त्वपूर्ण बिंदु लिखें)
7. 4 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर देने में कोई 4 महत्त्वपूर्ण बिन्दु विस्तार से लिखे।
8. 6 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर देने में कोई 6 महत्वपूर्ण बिन्दु विस्तार से लिखे।
9. 6 अंक वाले अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़े। उत्तर देने के लिए अनुच्छेद की सहायता लेते हुए अपनी समझ से लिखे।
10. प्रत्येक उत्तर के बीच में अन्तर रखें।
11. अपनी लिखाई पर विशेष ध्यान दें।

**समाजशास्त्र में अच्छे अंक हासिल करने हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुः-**

1. N C E R T की दोनो पुस्तके तथा सहायक सामग्री का ही इस्तेमाल करें।
2. N C E R T में दिये गये रंगीन व ग्रे बाक्स को भी ध्यानपूर्वक पढे।
    - 4 अंक व 6 अंक वाला अनुच्छेद अक्सर इन बाक्स से पूछा जाता है।
    - समाजशास्त्र विषय में अपना ज्ञान बढ़ाने के लिये भी इन बाक्स को अवश्य पढ़ें।
3. N C E R T में दिये अभ्यास को भी अवश्य हल करें।
4. CBSE के सैम्पल पेपर्स तथा पिछले 5 सालों के प्रश्न पत्रों को अवश्य हल करें।
5. CBSE बोर्ड परीक्षा से पहले कोई एक प्रश्नपत्र अवश्य हल करें। ताकि समय सीमा का आपको ज्ञान हो जाये।
6. इसमें दिए गए सैम्पल पेपर हल करके देखें।

# अभिकथन और कारण को हल करने की विधि

शब्द "अभिकथन" का अर्थ तथ्य या विश्वास का एक आश्वस्त और सशक्त कथन है जब हम इसके बारे में संज्ञा के रूप में बात करते हैं। इन सवालों में, छात्र को एक कथन दिया जाता है। यह कथन एक राय, एक तथ्य या एक टिप्पणी प्रस्तुत करता है। हम इसे अभिकथन कहते हैं। अन्य कथन कारण हैं। ये दो कथन कारण और अभिकथन एक जोड़ी बनाते हैं । दोनों के बीच संबंध हो भी सकता है और नहीं थी। सबसे आम गलतफहमी यह है कि अभिकथन एक कथन है और इसका कारण एक बचाव कथन या इसका कारण होना चाहिए।

अभिकथन (A) और कारण (R) आधारित प्रश्नों को कैसे हल करें:

चार विकल्प होंगे

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

(d) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

पहले हम जांच करेंगे कि अभिकथन सत्य है या नहीं। यदि अभिकथन असत्य है तो विकल्प D उत्तर होगा।

अब हम जांच करेंगे कि कारण सही है या गलत। यदि कारण असत्य है तो विकल्प C उत्तर होगा।

यदि दोनों कथन सत्य हैं, तो आपको यह निर्धारित करना होगा कि कारण कथन का समर्थन करता है या नहीं। संभावित परिणामों के लिए दो उत्तर विकल्प होंगे और आपको सही एक का चयन करना होगा।

अभिकथन और कारण के बीच संबंध जानने के लिए **क्योंकि, इसलिए** और **इस कारण** जैसे शब्दों का प्रयोग कथन के बाद और कारण से पहले करें।

यदि आपको लगता है कि उनके बीच संबंध बन रहा है तो विकल्प A होगा और यदि आपको लगता है कि वाक्य गलत हो रहा है तो विकल्प B होगा।

**नोट:** इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए आपको पुस्तकों को अच्छी तरह से पढ़ना होगा और आपको विषय का ज्ञान होना चाहिए।

## अभ्यास ( अनुच्छेद )

### 1. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िये और प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–

हिन्द स्वराज्य में गाँधी जी और मशीन 1924 में मशीनों के प्रति पागलपन का विरोधी हूँ जो मजदूरों को कम करने की मशीने है आदमी श्रम से मजदूरों को कम करते जाएंगे जबकि हजारों मजदूरों को बिना काम के सड़कों पर भूख से मरने के लिए फेंक न दिया जाए। मैं समय और मजदूर दोनों को बचाना चाहता हूँ मानव जाति के विखंडन के लिए नहीं बल्कि सबके लिए। मैं संपत्ति को कुछ हाथों में एकत्रित नहीं होने देना चाहता हूँ। 1934–एक राष्ट्र के रूप में जब हम चर्खे को अपनाते है। तो हम केवल बेरोजगारी की समस्या का समाधान करते हैं। बल्कि यह भी घोषित करते हैं। कि हमारी किसी भी राष्ट्र का शोषण करने की इच्छा नहीं है, और हम अमीरों द्वारा गरीबों के शोषण को भी समाप्त करना चाहते हैं।

**प्रश्न 1.** उदाहरण द्वारा बताइए कि मशीने किस तरह कामगारों के लिए समस्या पैदा करती है?

**प्रश्न 2.** गाँधी जी के दिमाग में क्या विकल्प था? चर्खे को अपनाने से शोषण को कैसे रोका जा सकता है?

### 2. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

यह एक रोचक तथ्य है कि संस्कृत भाषा का सबसे महान व्याकरणाचार्य, पाणिनी, जिसने ईसा पूर्व चौथी शताब्दी के आसपास संस्कृत व्याकरण और स्वर विज्ञान को सुव्यवस्थित एवं रूपांतरित किया था, वे अफगान मूल के थे। सातवीं शताब्दी के चीनी विद्वान शी जिंग ने चीन से भारत आते हुए मार्ग में जावा (श्रीविजय शहर में) रूककर संस्कृत थी। अतः क्रियाओं का प्रभाव थाईलैंड से मलाया, इंडो–चाइना, इंडोनेशिया, फिलिपिंस, कोरिया और जापान... तक समस्त एशिया महाद्वीप की भाषाओं और शब्दावलियों में दृष्टिगोचर होता है। हमें 'कूपमंडूक' (कुएँ में रहने वाले मेंढ़क) से संबंधित एक नीतिकथा में एकाकीकरणवाद (आइसोलेशिनिज्म) के विरूद्ध एक चेतावनी मिलती है। यह नीतिकथा संस्कृत के अनेक प्राचीन ग्रंथों में बार–बार दोहराई गई है। 'कूपमंडूक' एक मेंढ़क है जो जीवनभर एक कुएँ में रहता है; वह और कुछ नहीं जानता है। और बाहर की हर चीज पर शक करता है। वह किसी से बात नहीं करता और किसी के साथ किसी भी विषय पर तर्क–वितर्क नहीं करता। वह तो बस बाहरी दुनिया के बारे में अपने दिल में गहरा संदेह पाले रखता है। विश्व का वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक इतिहास में बहुत ही सीमित होता है। यदि हम भी कूपमंडूक की तरह जीवन बिताते।

**प्रश्न 1.** क्या भूमंडलीकरण के अतः संबंध विश्व और भारत के लिए नए है? उदाहरण देते हुए उत्तर की पुष्टि कीजिए।

**प्रश्न 2.** "भूमंडलीकरण ने आधुनिक जीवन को प्रभावित किया है" क्या आप इस कथन से सहमत है?

### 3. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्नों के दीजिए–

दलित जाति की कलावती चुनाव लड़ने के संबंध मे चिंतित थी। आज वह एक पंचायत की सदस्य है और यह अनुभव कर रही है कि जब से वह पंचायत सदस्य बनी है तब से उसका विश्वास और आत्मसम्मान बढ़ गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अब उसका अपना एक नाम हैं पंचायत की सदस्य बनने से पहले 'रामू की माँ' या 'हीरालाल की पत्नी' के नाम से जानी जाती थी। यदि वह ग्राम-प्रधान पद का चुनाव हार गई तो उसे अनुभव होगा कि उसकी सखियों की नाक कट गई।

**प्रश्न 1.** क्या पंचायतों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र में परिवर्तन लाने वाली ईकाई के रूप में जाता है?

**प्रश्न 2.** प्रचायतों की शक्तियाँ और उत्तरदायित्व का उल्लेख कीजिए।

### 4. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

अल्पसंख्यकों को संरक्षण देने के विषय में डॉ. अम्बेडकर के विचारः उन कट्टरपंथियों को, जिनके मन में अल्पसंख्यकों के संरक्षण के विरूद्ध एक तरह का दुराग्रह घर कर गया है, मैं दो बाते करना चाहता हूँ। यह कि अल्पसंख्यक वर्ग एक ऐसी विस्फोटक शक्ति है जो यदि भड़क उठे तो राज्य की संपूर्ण रचना को तार-तार कर देगी। यूरोप का इतिहास इस तथ्य का ठोस एवं भयावह साक्ष्य प्रस्तुत करता है। दूसरी बात यह है कि भारत के अल्पसंख्यक अपने अस्तित्व को बहुसंख्यकों के हाथों में सौंपने के लिए सहमत हुए है। आयरलैंड के विभाजन को रोकने के लिए चली बातचीत के इतिहास में, रेडमंड ने कारसन से कहा, "आप प्रोटेस्टैट अल्पसंख्यक के लिए चाहे जो सुरक्षा माँग ले, हमें आयरलैंड को संयुक्त, अविभाजित रखना है।" कारसन का उत्तर था "लानत है तुम्हारी सुरक्षा पर, हम तुम्हारे द्वारा शासित होना ही नहीं चाहते।" भारत में अल्पसंख्यको के किसी भी वर्ग ने यह रूख नहीं अपनाया।

**प्रश्न 1.** 'अल्पसंख्यक' (वर्ग) क्या होते हैं?

**प्रश्न 2.** अल्पसंख्यकों को भारत में संरक्षण की क्यों जरूरत होती है?

**5. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–**

जनसंख्या की वृद्धि की दर भरण–पोषण के संसाधनों के जनसंख्या में होने वाली वृद्धि की दर से सदा आगे रहती है, इसलिए समृद्धि को बढ़ाने का एक ही तरीका है। कि जनसंख्या की वृद्धि को नियंत्रित किया जाए। दुर्भाग्यवश, मनुष्यों में अपनी जनसंख्या को स्वेच्छापूर्वक घटाने की एक सीमित क्षमता ही होती है। (कृत्रिम विरोधों द्वारा जैसे कि बड़ी उम्र में विवाह करने या यौन संयम रखकर अथवा ब्रह्मचार्य का पालन करते हुए सीमित संख्या में बच्चे पैदा किए जाएँ। माल्थस का विश्वास था कि अकालों और बीमारियों के रूप में जनसंख्या वृद्धि को रोकने के प्राकृतिक निरोध अनिवार्य होते हैं। क्योंकि वे ही खाद्य आपूर्ति ओर बढ़ती हुई जनसंख्या के बीच असंतुलन को रोकने के प्राकृतिक उपाय है। उदारवादी और मार्क्सवादी विद्वानों ने माल्थस के इस विचार की आलोचना की, कि गरीबी का कारण जनसंख्या वृद्धि है। आलोचकों का कहना था कि गरीबी आर्थिक संसाधनों के असमान वितरण के कारण होती है।

**प्रश्न 1.** जनसंख्या की वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए माल्थस ने कौन से कृत्रिम और प्राकृतिक निरोध बताए है?

**प्रश्न 2.** उदारवादी और मार्क्सवादी विद्वानों ने माल्थस की आलोचना की। व्याख्या कीजिए।

**6. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढिए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए?**

**जनजाति क्षेत्रों में पंचायती राज**

बहुत से आदिवासी क्षेत्रों की प्रारंभिक स्तर के लोकतांत्रिक कार्यों की अपनी समृद्ध परंपरा रही है। हम मेघालय से संबधित एक उदाहरण दे रहे हैं। गारो, खासी और जयंतिया, तीनों ही आदिवासी जातियों की सैकड़ों साल पुरानी राजनीतिक संस्थाएँ इतनी सुविकसित थीं कि ग्राम, वंश और राज्य के स्तर पर वे बड़ी कुशलता से कार्य करती थीं। उदाहरणार्थ, खासियों की पारम्परिक राजनीतिक प्रणाली में प्रत्येक वंश की अपनी परिषद होती थी जिसे 'दरबार कुर' कहा जाता था। और जो उस वंश के मुखिया के निर्देशन में कार्य करता था। यद्यपि मेघालय में जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक राजनीतिक संस्थाओं की परंपरा रही है, लेकिन अदिवासी क्षेत्रों का एक बड़ा संविधान के 73वें संशोधन के प्रावधान से बाहर है। शायद यंह इसलिए क्योंकि उस समय की नीतियाँ बनाने वाले पारंपरिक राजनीतिक संस्थाओं में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते थे।

**प्रश्न 1.** खासी राजनीतिक संस्था का नाम बताइए?

**प्रश्न 2.** आदिवासी क्षेत्रों की राजनीतिक संस्थाओं को समझाएँ?

**7. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

आयु संरचना में अपेक्षाकृत छोटी आयु के वर्गों की ओर जो झुकाव पाया जाता है। उसे भारत के लिए लाभकारी माना जाता है। पिछले दशक में पूर्व एशियाई अर्थव्यस्थाओं की तरह और आज के आयरलैंड की तरह यह समझा जाता कि भारत को भी 'जनसांख्यिकीय लाभांश' का फायदा मिल रहा है। यह लाभांश इस तथ्य के कारण मिल रहा है। कि कार्यशील लोगों की वर्तमाना पीढ़ी अपेक्षाकृत बड़ी है। एवं उसे वृद्ध लोगों की अपेक्षाकृत छोटी पीढ़ी का भरणपोषण करना पड़ा रहा है। लेकिन यह लाभ अपने आप मिलने वाला नहीं है बल्कि इसके लिए उपयुक्त नीतियों का सोच-समझकर पालन करना होगा जैसाकि बॉक्स 2.3 में वर्णन किया गया है।

**प्रश्न 1.** आयु संरचना से क्या तात्पर्य है?

**प्रश्न 2.** जनसांख्यिकीय लाभांश को समझाए?

**8. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

विश्व में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र और आधारभूत ढाँचे में हुई महत्वपूर्ण उन्नति के फलस्वरूप भूंमडलीय संचार व्यवस्था में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए है। अब कुछ घरों से कार्यालयों में बाहरी दूनिया के साथ संबध बनाए रखने के अनेक साधन मौजूद हैं। जैसे-टेलीफोन (लैंडलाइन और) मोबाइल दोनों किस्मों के) फैक्स मशीनें, डिजिटल और केबल टेलीविजन, इलेक्ट्रोनिक मेल और इंटरनेट आदि।

**प्रश्न 1.** डिजिटल विभाजन से आप क्या समझते हैं?

**प्रश्न 2.** विश्व में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र और दूरसंचार के आधारभूत ढाँचे को समझाएँ?

**9. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

औद्योगिक क्रांति के साथ ही, मुद्रण उद्योग का भी विकास हुआ। कुलीन मुद्रणालय के प्रथम उत्पाद साक्षर अभिजात लोगों तक ही सीमित थे। तत्पश्चात् 19वीं सदी के मध्य भाग में आकर जब प्रौद्योगिकियों, परिवहन और साक्षरता में और आगे विकास हुआ, तभी समाचारपत्र जन-जन तक पहुँचने लगे। देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को एक जैसे समाचार पढ़ने या सुनने को मिलने लगे। ऐसा कहा जाता है। कि इसी के फलस्वरूप

देश के विभिन्न भागों में रहने वाले लोग परस्पर जुड़े हुए महसूस करने लगे और उनमें 'हम की भावना' विकसित हो गई।

**प्रश्न 1.** काल्पनिक समुदाय से क्या तात्पर्य है?

**प्रश्न 2.** काल्पनिक समुदाय के बारे में किस विद्वान ने कहा है?

**10. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

तथाकथित 'नए किसानों' का आंदोलन पंजाब और तमिलनाडु में 1970 के दशक में प्रारंरभ हुआ। ये आंदोलन क्षेत्रीय आधाार पर संगठित थे, दल-रहित थे, और इसमें कृषक के स्थान पर किसान जुड़े थे। (किसान उन्हें कहा जाता है जो कि वस्तुओं के उत्पादन और खरीद दोनों रूपों में बाजार से जुड़े होते हैं) आंदोलन की मौलिक विचारधारा मजबूत राज्य-विरोधी थी। माँगों के केंद्र में 'मूल्य और संबंधित मुद्दे थे (उदाहरण के लिए कीमत वसूली, लाभप्रद कीमतें, कृषि निवेश की कीमतें, टैक्स और आधार की वापसी) उपद्रव के नए तरीके अपनाए गए; सड़कों एवं रेलमार्गों को बंद करना, राजनीतिज्ञों और प्रशासकों के लिए गाँव में प्रवेश की मनाही और इसी तरह के अन्य कार्य। यह तर्क दिया जाता है कि किसान आंदोलन के वातावरण एवं महिला मुद्दों सहित उनकी कार्यसूची एवं विचारधारा में विस्तार हुआ है। अतः उन्हें नए सामाजिक आंदोलन' के एक भाग के रूप में विश्वस्तर पर देखा जा सकता है।

**प्रश्न 1.** नए किसानों का आंदोलन कब और किन राज्यों में शुरू हुआ?

**प्रश्न 2.** नए किसानों का आंदोलन की माँगों के केन्द्र में मूल्य और संबंधित मुद्दे क्या थे?

## SOCIOLOGY (039)
## CBSE QUESTION PAPER (SOLVED)
## CLASS XII 2022-23

**सामान्य निर्देश:**

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका पालन कीजिए:***

(i) यह एन-पत्र चार खण्डों में विभाजित किया गया है-खण्ड क, ख, ग तथा घ।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल 38 प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) खण्ड क में प्रश्न संख्या 1-20 हैं। ये वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

(iv) खण्ड ख में अपन संख्या 21-29 हैं। ये अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए ।

(v) खण्ड ग में प्रश्न संख्या 30-35 हैं। ये लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 80 शब्दों में दीजिए।

(vi) खण्ड घ में प्रश्न संख्या 36 38 हैं। ये दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में दीजिए। दिए गए अनुच्छेद की सहायता से प्रश्न संख्या 38 का उत्तर दीजिए।

## खण्ड क

प्रश्न संख्या 1 से 20 तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
(20×1=20)

1. जनसंख्या के पराश्रित और कार्यशील हिस्सों की तुलना के लिए उनको मापने का साधन है :

   (a) जनसंख्या की आयु संरचना (b) स्त्री-पुरुष अनुपात

   (c) पराश्रितता अनुपात (d) जनसंख्या संवृद्धि दर

2. अभिकथन (A): जाति समूह सजातीय होते हैं, अर्थात् विवाह समूह के सदस्यों में ही हो सकते हैं।

   कारण (R): जाति की सदस्यता के साथ विवाह संबंधी कठोर नियम शामिल होते हैं।

   (a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(d) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

3. प्रत्येक समाज में कुछ लोगों के पास धन, संपदा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शक्ति जैसे मूल्यवान संसाधनों का दूसरों के अपेक्षा ज्यादा बड़ा हिस्सा होता है । यह सामाजिक संसाधन पूँजी के तीन रूपों में विभाजित किए जा सकते हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा पूँजी का रूप नहीं है ?

(a) आर्थिक (b) सांस्कृतिक

(c) सामाजिक (d) शैक्षिक

4. जातियों में आपसी उप-विभाजन भी होता है, अर्थात् जातियों में हमेशा उप-जातियाँ होती हैं और कभी-कभी उप-जातियों में भी उप-उप-जातियाँ होती हैं। इसे कहते हैं।

(a) वर्ग (b) विभाजन

(c) नातेदारी (d) खंडात्मक विभाजन

5. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता रंगभेद की नीति का एक तत्व नहीं है ?

(a) भूमि के स्वामित्व से इनकार (b) दक्षिण अफ्रीकी नागरिकता से इनकार

(c) मिश्रित विवाह की अनुमति (d) सरकार में औपचारिक आवाज से इनकार

6. राष्ट्र एक अनूठे किस्म का समुदाय होता है। राष्ट्र से संबंधित कथन को चुनिए ।

(a) वर्णन करना कठिन है (b) परिभाषित करना कठिन हैं

(c) साझे धर्म, भाषा, संस्कृति पर आधारित है।

(d) वह समुदायों से मिलकर बना एक समुदाय है

7. केवल एक अकेली राष्ट्रीय पहचान बनाए रखना, जिसके लिए सार्वजनिक तथा राजनीतिक कार्यक्षेत्रों से नृजातीय राष्ट्रीय और सांस्कृतिक विभिन्नताओं को दूर करने का प्रबल होता है। यह ................. की नीति से संबंधित है।

(a) एकीकरण (b) राज्य

(c) प्रभावशाली समूह (d) विविधता

8. दक्षिण एशियाई औपनिवेशिक नगर के एक प्रारूप के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) मनोरंजन सुविधाएँ उपलब्ध नहीं जी

(b) अनियोजित सड़कें

(c) दक्षिण एशियाई औपनिवेशिक शहर के यूरोपीय नगरों में नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध थीं

(d) अविस्तीर्ण बंगले

9. अभिकथन (A): औपनिवेशिक काल के नगरीकरण में देश के उद्योगों में समृद्धि देखने को मिली।

कारण (R): नए औपनिवेशिक शहरों का उद्‌भव और विकास हुआ। (A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(d) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

10. अभिकथन (A): सरकार ने कोयले की खानों में कार्य की दशाओं को बेहतर करने के लिए बहुत से कानून बना दिए हैं।

कारण (R): कई ठेकेदारों मज़दूरों का रजिस्टर ठीक से रखते हैं, अतः वे दुर्घटना की अवस्था में किसी भी लाभ को देने की ज़िम्मेदारी से नहीं मुकरते।

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(d) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

11. ग्रामीण समाज में वैश्वीकरण और उदारीकरण के लिए क्या सही नहीं है?

(a) विश्व व्यापार संगठन में गैर-भागीदारी

(b) मुक्त अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

(c) आयात के लिए भारतीय बाजारों को खोलना

(d) वैश्विक बाजार से प्रतिस्पर्धा

12. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उच्च प्रजनन दर के परिदृश्य में सत्य है ?

(a) प्रतिस्थापन स्तर तक पहुँचने में अधिक समय लगता है ।

(b) प्रतिस्थापन स्तर तक पहुँचने में कम समय लगता है ।

(c) प्रतिस्थापन स्तर को प्रभावित नहीं करता।

(d) प्रतिस्थापन स्तर पर प्रभाव निर्धारित नहीं किया जा सकता।

13. अभिकथन (A) : हड़ताल करना मुश्किल फैसला होता है ।

कारण (R) : व्यवस्थापक अतिरिक्त मजदूरों को बुलाने का प्रयास करते हैं। कामगारों के लिए भी बिना वेतन के रहना मुश्किल हो जाता है ।

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(d) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

14. जहाँ तक सकारात्मक विशिष्टताओं का संबंध है, जनजातियों को उनके 'स्थायी' तथा 'अर्जित' विशेषकों के अनुसार विभाजित किया गया है। निम्नलिखित में से कौन-सा स्थायी विशेषक है ?

(a) क्षेत्र, भाषा (b) पारिस्थितिक आवास

(c) शारीरिक विशिष्टताएँ (d) उपर्युक्त सभी

15. संविदा खेती के समाजशास्त्रीय महत्त्व में निम्नलिखित में से कौन शामिल नहीं है ?

(a) व्यक्तियों को उत्पादन प्रक्रिया से अलग कर देती है ।

(b) अपने देशीय कृषि ज्ञान को निरर्थक बना देती है ।

(c) मूल रूप से अभिजात मदों का उत्पादन करती है।

(d) पर्यावरणीय दृष्टि से टिकाऊ (संधारणीय) होती है।

16. अभिकथन (A) सामाजिक आंदोलन किसी बृहद उद्देश्य की ओर निर्देशित होते हैं।

कारण (R) : इसमें लंबा तथा निरंतर सामाजिक प्रयास तथा लोगों की गतिविधियाँ शामिल होती हैं।

(a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(d) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

17. सामाजिक आंदोलन वर्तमान सामाजिक तथा राजनीतिक विन्यास को धीमे प्रगतिशील चरणों द्वारा बदलने का प्रयास करते हैं।

(a) सुधारवादी (b) प्रतिदानात्मक

(c) क्रांतिकारी (d) सापेक्षिक वंचन

18. निम्नलिखित में से कौन-सा / कौन-से जाति व्यवस्था के लिए सही है/हैं ?

I. अधिक्रम

II. अर्जित प्रस्थिति

III. खंडात्मक विभाजन

(a) I असत्य है

(b) I, II सत्य हैं

(c) I, III सत्य हैं

(d) I, II, III सत्य हैं

19. निम्नलिखित में से क्या प्रबल जाति को प्रबल बनाता है ?

(a) भूमि सुधारों द्वारा दिए गए भूमि के अधिकार

(b) मध्यवर्ती जाति की पहचान

(c) बड़ी संख्या का राजनीतिक सत्ता में परिवर्तित होना

(d) उपर्युक्त सभी

20. कौन-सा शब्द विदेशियों, दासों और बुद्धों में पराजित लोगों पर लागू होता है ?

(a) पंचम

(b) ब्राह्मण

(c) क्षत्रिय

(d) जाति

**खण्ड ख**

21. स्वातंत्र्योत्तर काल में ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक संबंधों की प्रकृति में अनेक प्रभावशाली रूपांतरण हुए, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ हरित क्रांति हुई । किन्हीं दो रूपांतरणों के नाम लिखिए। (1+1=2)

22. उदारीकरण ने भारत में रोजगार के प्रतिमानों को किस प्रकार प्रभावित किया है ? किन्हीं दो तरीकों का उल्लेख कीजिए । (1+1=2)

23. (क) सामाजिक आंदोलन विरोध के विभिन्न साधनों को भी विकसित करते हैं। किन्हीं दो विरोध के भिन्न साधनों के नाम लिखिए । (1+1=2)

अथवा

(ख) स्वतंत्रता के समय, हमें दो मुख्य किसान आंदोलन देखने को मिले थे। दोनों किसान आंदोलनों के नाम लिखिए । (1+1=2)

24. (क) मजदूरों के संचार के संदर्भ में "सरकुलेशन' का अर्थ लिखिए । (2)

अथवा

(ख) 1960 तथा 1970 के दशकों में हरित क्रांति के प्रथम चरण में, नई प्रौद्योगिकी के लागू होने से ग्रामीण समाज में असमानताओं का बढ़ने का आभास हुआ । असमानताओं में वृद्धि के दो तरीकों का उल्लेख कीजिए । (1+1=2)

25. राज्यों को अकसर सांस्कृतिक विविधता पर संदेह होता है । दिए गए कथन के दो कारण बताइए । (1+1=2)

26. अकसर परिवार कटु संघर्षों का स्थल होता है । कथन की पुष्टि के लिए दो कारण दीजिए। (1+1=2)

27. जाति व्यवस्था को समझने के लिए सिद्धांतों के दो समुच्चयों की पहचान कीजिए । इनमें से किसी एक समुच्चय की परिभाषा दीजिए । (1+1=2)

28. जनसांख्यिकी के दो प्रकारों को समझाइए । (1+1=2)

29. (क) संगठित क्षेत्र में अनुबंधित कार्य को परिभाषित कीजिए । (2)

अथवा

(ख) प्रबंधक (मैनेजर) का मुख्य कार्य क्या होता है ? (2)

खण्ड ग

30. (क) संस्कृतीकरण की अवधारणा एक ऐसे प्रारूप को सही ठहराती है जो दरअसल असमानता और अपवर्तन पर आधारित है। इस प्रारूप की व्याख्या कीजिए ।

(4)

अथवा

(ख) रूडोल्फ और रूडोल्फ द्वारा दी गई आधुनिकता की परिघटना को समझाइए ।

(4)

31. आई.टी. क्षेत्र में ष्समय की "चाकरी" की परिघटना की चर्चा कीजिए । (4)

32. औपनिवेशिक काल में भूमि सुधारों के परिणामों की चर्चा कीजिए । (4)

33. (क) औपनिवेशिक प्रशासक चाय बागानों में किस प्रकार श्रमिकों का चयन और नियुक्ति करते थे? (4)

अथवा

(ख) चाय बागानों में बागानों के मालिक कैसे रहते थे ?

34. "सुल्तानाज ड्रीम" नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई ? यह एक उल्लेखनीय कहानी क्यों है ? (1+3=4)

35. आधुनिक भारत में महिलाओं की स्थिति का प्रश्न 19वीं सदी के मध्यवर्गीय सामाजिक सुधार आंदोलनों के एक हिस्से के रूप में उदित हुआ । इन सुधारकों ने विचारों का मिश्रण इस्तेमाल किया। इन विचारों की व्याख्या कीजिए । (4)

खण्ड घ

36. (क) "माल्थस का जनसंख्या वृद्धि का सिद्धांत एक निराशावादी सिद्धांत था। विचारकों ने इसका विरोध भी किया।" कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। (6)

(ख) "कभी-कभी लोग शहरी जीवन को कुछ सामाजिक कारणों से पसंद करते हैं ।" इन सामाजिक कारणों की गणना कीजिए । (6)

37. 'नागरिक समाज में शामिल होने की मुख्य कसौटियाँ यह है कि संगठन राज्य नियंत्रित नहीं होना चाहिए और विशुद्ध रूप से वाणिज्यिक मुनाफा कमाने वाले तत्त्व न हो ।" दिए गए कथन की विस्तार से चर्चा कीजिए । (6)

38. दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (2+2+2=6)

मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों, आदि पर सलाहकार समिति के गठन का प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए जी. बी. पंत ने अपने भाषण में निम्नलिखित विचार प्रकट किए थे। ष्हमें दबाए हुए वर्गों, अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों की विशेष देखभाल करनी होगी... उन्हें सामान्य स्तर पर लाने के लिए हम जो भी कर सकते हैं उसे अवश्य करना चाहिए,... जंजीर की शक्ति का आकलन उसकी सर्वाधिक कमजोर कड़ी द्वारा किया जाता है, और इसलिए जब तक सबसे कमजोर कड़ी को सशक्त नहीं किया जाता, हमें एक स्वस्थ्य राजनीति नहीं प्राप्त होगी । हाल ही के वर्षों में राज्यों में इन वर्गों के आरक्षण दिए जाने संबंधी निर्णयों के लिए फिर से एक नया विवाद शुरू हो गया है।"

(क) उपर्युक्त अनुच्छेद के आधार पर समाज की सर्वाधिक कमजोर कड़ी कौन–सी है ? (1+1=2)

(ख) समाज की इस सर्वाधिक कमजोर कड़ी को क्यों और कैसे सशक्त किया जा सकता है ? (2)

(ग) जाति के धर्मनिरपेक्षीकरण को परिभाषित कीजिए । (2)

## Marking Scheme

## खण्ड क

1. (c) पराश्रितता अनुपात (1)
2. (a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है। (1)
3. (d) शैक्षिक (1)
4. (d) खण्डात्मक विभाजन (1)
5. (c) मिश्रित विवाह की अनुमति (1)
6. (a) वर्णन करना कठिन है (1)
7. (a) एकीकरण (1)
8. (c) दक्षिण एशियाई औपनिवेशिक शहर के यूरोपीय नगरों में नागरिक सुविधाएं उपलब्धा थी (1)
9. (d) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है। (1)
10. (c) अभिकथन (A) सही हैं, लेकिन कारण (R) गलत है (1)
11. (a) विश्व व्यापार संगठन में गैर–भागीदारी (1)
12. (a) प्रतिस्थापन स्तर तक पहुँचने में अधिक समय लगता है। (1)
13. (a) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है। (1)

14. (d) उपरोक्त सभी (1)

15. (d) पर्यावरणीय दृष्टि से टिकाऊ (संधारणीय) होती है (1)

16. (d) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है (1)

17. (a) सुधारवादी (1)

18. (c) I, III सत्य है (1)

19. (d) उपरोक्त सभी (1)

20. (a) पंचम (1)

## खण्ड ख

21. (i) गहन कृषि के कारण मजदूरों की बढ़ोतरी; (1+1=2)

(ii) भुगतान में समानता (अनाज) के स्थान पर नगद भुगतान;

(iii) पारंपरिक बंधनों में शिथिलता अथवा भूस्वामी एवं किसान या कृषि मजदूरी (जिन्हें बंधुआ मजदूर भी कहते हैं) कि मध्य पुश्तैनी संबंधों में कमी आना होगा;

(iv) मुक्त दिहाड़ी मजदूरों के वर्ग का उदय

22. (i) विनिवेश (1+1=2)

(ii) बाहयस्रोत (1+1=2)

23. (क) मोमबत्ती या मशाल जुलूस, काले कपड़े का प्रयोग, नुक्कड़ नाटक, गीतए कविताएं इत्यादि। (1+1=2)

अथवा

(ख) तिभागा आंदोलन और तेलंगाना आंदोलन (1+1=2)

24. (i) स्थानीय भूमिहीन मजदूर अपने गांव से कृषि के चरम मौसम में काम की तलाश में प्रवास कर जाते हैं जबकि दूसरे क्षेत्रों में प्रवसन करने वाले मजदूर स्थानीय खेतों में काम करने के लिए लाए जाते हैं। प्रवसन करने वाले मजदूरों का आसानी से शोषण किया जा सकता है तथा उन्हें मजदूरी भी दी जा सकती है। (1+1=2)

(ii) हजारों मजदूर अपने गांव से अधिक संपन्न क्षेत्र जहां मजदूरों की अधिक मांग तथा उच्च मजदूरी थी की तरफ संचार करते हैं।

(iii) धनी किसान अक्सर फसल काटने तथा इसी प्रकार की अन्य गहन कृषि क्रियाओं के लिए स्थानीय कामकाजी वर्ग के स्थान पर प्रवसन करने वाले मजदूरों को प्राथमिकता देते हैं।

(iv) प्रवसन करने वाले मजदूरों को जॉन ब्रेमन ने घुमक्कड़ मजदूर भी कहा है।

अथवा

उत्तर:- (i) कृषि उपकरणों जैसे टिलर ट्रैक्टर थ्रेशर व हार्वेस्टर के प्रयोग ने सेवा प्रदान करने वाली जातियों के उन समूहों को भी बेदखल कर दिया जो इन कृषि संबंधी क्रियाकलापों को करते थे। (1+1=2)

(ii) इस बेदखली की प्रक्रिया ने ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों की ओर प्रवसन की गति को और भी बढ़ा दिया।

(iii) अच्छी आर्थिक स्थिति वाले किसान जिनके पास जमीन, पूंजी, तकनीक तथा जानकारी थी तथा जो नए बीजों और खादो में पैसा लगा सकते थे वे अपना उत्पादन बढ़ा सके।

(iv) हरित क्रांति की अंतिम परिणति विभेदीकरण एक ऐसी प्रक्रिया थी जिसमें ध नी अधिक धनी हो गए तथा कई निर्धन पूर्ववत रहे या अधिक गरीब हो गए।।

(v) हरित क्रांति की रणनीति की एक नकारात्मक परिणीति क्षेत्रीय असमानता ओ में वृद्धि थी।

25. (i) अधिकांश राज्यों को यह डर था कि इस अंतर को मान्यता प्रदान किए जाने से सामाजिक विखंडन की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी और समरसता पूर्ण समाज के निर्माण में रुकावट आएगी। (1+1=2)

(ii) इस प्रकार के अंतरों का समायोजन करना राजनीतिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण होता है इसलिए अनेक राज्यों ने इन विविध पहचानो को राजनीतिक स्तर पर दबाया या नजर अंदाज किया।

(iii) इसी कारण से सांस्कृतिक विविधता कठोर चुनौतियां प्रस्तुत कर सकती हैं। सांस्कृतिक पहचाने बहुत प्रबल होती हैं

(iv) वे तीव्र भावावेशों को भड़का सकती है और अक्सर बड़ी संख्या में लोगों को एकजुट कर देती हैं।

(v) कभी-कभी सांस्कृतिक अंतरों के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक असमानताएँ भी जुड़ जाती है और तब स्थिति और भी जटिल हो जाती है।

26. (i) कभी-कभी हम परिवार के हस्तक्षेप के लिए अप्रसन्नता या रोष प्रकट करते हैं।

(ii) मादा शिशु की हत्या

(iii) संपत्ति के लिए भाइयों के बीच हिंसा पूर्ण लड़ाई झगड़े। (1+1=2)

27. <u>भिन्नता और अलगाव</u> (1+1=2)

(i) हर जाति से यह अपेक्षित है कि वह दूसरी जाति से भिन्न हो और इसलिए वह प्रत्येक अन्य जाति से कठोरता से प्रथक होती है।

<u>संपूर्णता और अधिक्रम</u>

(ii) इन विभिन्न एवं पृथक जातियों का कोई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है, वे एक बड़ी संपूर्णता से संबंधित होकर ही अपना अस्तित्व बनाए रख सकते हैं। समाज की संपूर्णता में सभी जातिया शामिल होती हैं। सामाजिक संपूर्णता या व्यवस्था समानता वादी व्यवस्था होने की बजाय अधिक्रमित व्यवस्था है प्रत्येक जाति का समाज में एक विशिष्ट स्थान होने के साथ-साथ एक क्रम श्रेणी भी होती है। यह शुद्धता और अशुद्धता पर आधारित होती है।

28. (i) आकारिक जनसांख्यिकी- जिसमें अधिकतर जनसंख्या के आकार यानी मात्रा का अध्ययन किया जाता है।

(ii) सामाजिक जनसांख्यिकी जिसमें जनसंख्या के सामाजिक आर्थिक या राजनीतिक पक्षों पर विचार किया जाता है। (1+1=2)

29. (i) संगठित क्षेत्र की इकाई में 10 और अधिक लोगों के पूरे वर्ष रोजगार में रहने से इन क्षेत्रों का गठन होता है। सरकारी तौर पर इनका पंजीकरण होना चाहिए

ताकि कर्मचारियों को उपयुक्त वेतन या मजदूरी द्य पेंशन और अन्य सुविधाएं मिलना सुनिश्चित हो सके। (1+1=2)

अथवा

(i) कामगारों को नियंत्रित रखना

(ii) उनसे अधिक काम करवाना

**खंड ग**

30. (i) संस्कृतिकरण की अवधारणा एक ऐसे प्रारूप को सही ठहराती है जो दरअसल असमानता और अपवर्जन पर आधारित है इससे संकेत मिलता है कि पवित्रता और अपवित्रता के जातिगत पक्षों को उपयुक्त माना जाए (1×4=4)

(ii) इसलिए यह लगता है कि उच्च जाति द्वारा निम्न जाति के प्रति भेदभाव एक प्रकार का विशेषाधिकार है

(iii) इससे से पता चलता है कि कैसे भेदभाव उत्पन्न करने वाले विचार जीवन का अहम हिस्सा बन गए समानता वाले समाज की आकांक्षा की बजाय वर्जित समाज एवं भेदभाव को अपने अपने तरीके से अर्थ देकर बहिष्कृत पदों को स्थापित किया गया।

(iv) अपने से नीचे वाले को भेदभाव के नजरिए से देखना चाहते हैं इससे समाज में गहराई तक विद्यमान लोकतंत्र विरोधी सोच का पता चलता है।

(v) संस्कृतिकरण के कारण स्वीकृति मिलने से लड़कियों और महिलाओं को असमानता की सीढ़ी में सबसे नीचे धकेल दिया जाता है

(vi) दलित संस्कृति एवं दलित समाज के मूलभूत पक्षों को भी पिछड़ापन मान लिया जाता है।

(vii) उदाहरण के लिए निम्न जाति के लोगों द्वारा किए गए श्रम को भी निम्न एवं श्रम दायक माना जाता है। (कोई चार बिंदु)

अथवा

(i) आधुनिकता का मतलब यह समझ में आता है कि इसके समक्ष सीमित संघ की स्थानीय दृष्टिकोण कमजोर पड़ जाते हैं और सार्वभौमिक प्रतिबद्धता और विश्वजनीन दृष्टिकोण।

(ii) इसमें उपयोगिता और विज्ञान के संकेत धार्मिक पवित्रता और वैज्ञानिक तत्वों के स्थान पर महत्व दिया जाता है।

(iii) इसके प्रभाव में सामाजिक तथा राजनीतिक स्तर पर व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाती है ना कि समूह को ।

(iv) ऐसे समूह संगठन में रहते और काम करते हैं जिसका चयन जन्म के आधार पर नहीं बल्कि इच्छा के आधार पर होता है।

(v) इसमें भाग्यवादी प्रवृत्ति के ऊपर ज्ञान तथा नियंत्रण क्षमता को प्राथमिकता दी जाती है और यहां मनुष्य को उसके भौतिक तथा मानवीय पर्यावरण से जोड़ता है।

(vii) अपनी पहचान को चुनकर अर्जित किया जाता है न की जन्म के आधार पर

(viii) इसका मतलब यह भी है कि कार्य को परिवार, ग्रह और समुदाय से अलग कर नौकरशाही संगठन में शामिल किया जाता है। (1×4=4)

31. (i) औसतन 10–12 घंटे का कार्य दिवस पर रातभर कार्य करने वाले कर्मचारी भी असामान्य बात नहीं है, जब उनकी परियोजना की अंतिम सीमा जाती है लंबे कार्य घंटो का होना एक उद्योग की केंद्रीय कार्य संस्कृति होती है।

(ii) एक 8 घंटे काम करने वाले इंजीनियर के श्रम के आधार पर काम को अंतिम सीमा तक पहुंचाने के लिए उसे अतिरिक्त घंटों और दिनों तक काम करना पड़ता है। अतिरिक्त कार्य घंटों को सामान्य व्यास्थापित फ्लेक्सी टाइम सामान्य व्यवस्थापन के प्रयोग द्वारा तर्कसगत (वैधता) बनाया जाता है, जो कि एक सैद्धांतिक रूप में कार्यकर्ता को अपने कार्य के घंटे में नियत करने की छूट देती है।

(iii) लेकिन प्रायोगिक रूप में इसका अर्थ है तब तक कार्य करे जब तक वह हाथ में लिए हुए कार्य को समाप्त ना कर दे।

(iv) लेकिन इसके बावजूद भी जब उनके पास वास्तव में कार्य का दबाव नहीं होता तब भी वे ऑफिस में देर तक रुक जाते हैं, जो कि या तो साथियों के दबाव के कारण होता है अथवा वे अपने अधिकारियों को दिखाना चाहते हैं कि वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं। (1×4=4)

**32.** (i) जमींदारी व्यवस्था ............. ब्रिटिश लोगों के लिए काम करते हुए उन्हें जमीन पर पहले से ज्यादा नियंत्रण मिला हालांकि औपनिवेशिको ने कृषि भूमि पर बहुत बड़ा टैक्स लगा दिया था। जमींदार कृषक से टैक्स के रूप में जितनी ज्यादा उपज और पैसा ले सकते थे ले लेते थे। जमीदारी व्यवस्था का एक परिणाम यह हुआ कि ब्रिटिश काल के दौरान कृषि उत्पादन कम होने लगा।

(ii) रैयतवाड़ी व्यवस्था– इस व्यवस्था में जमींदार के स्थान पर वास्तविक कृषक ही टैक्स चुकाने के लिए जिम्मेदार होते थे क्योंकि औपनिवेशिक सरकार सौधा किसानों या भू स्वामियों से ही सरोकार रखती थी। इसमें टैक्स का भार कम होता था और कृषि कृषि में निवेश करने के लिए अधिक प्रोत्साहन मिलता था देता था। इसके परिणाम स्वरूप इन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अधिक उत्पादन हुआ और वे संपन्न हुए। (2+2=4)

33. (i) औपनिवेशिक सरकार गलत तरीकों से मजदूरों की भर्ती करती थी और उनसे बलपूर्वक कार्य करवाया जाता था। (1×2=4)

(ii) ब्रिटिश व्यवसायियों के लिए सरकारी बल का प्रयोग कर बागानों में मजदूरों से सस्ते में काम कराया जाता था।

(iii) औपनिवेशिक प्रशासक यह मानकर चलते थे कि बागान वालों को फायदा पहुंचाया जाए।

(iv) औपनिवेशिक प्रशासक पूरी तरह से अवगत थे की औपनिवेशिक देश में चलाए गए नियम कानून अलग हो सकते हैं और यह जरूरी है नहीं कि ब्रिटिश उन प्रजातांत्रिक नियमों का निर्वाह अपने देश में भी करें जो ब्रिटेन में लागू होते थे।

अथवा

(i) उनकी जीवनशैली में भोग विलास की चमक भरपूर थी उनके विशाल बंगले मजबूत लकड़ी के पट्टों पर स्थित हुए थे और घिरे हुए थे ताकि जंगली जानवर

वहां ना आ पाए राजसी बंगले के चारों और मखमली बाग थे जिनकी रौनक में रंग–बिरंगे फूलों की कतारें थी।

(ii) गोरे साहब ने कितने ही स्थानीय लोगों को विशेष ट्रेनिंग देकर बेहतर सेवा देने लायक बना दिया था माली बावर्ची और घरेलू कामकाज करने वाले नौकरों की कैफियत देखते ही बनती थी

(iii) सारी जरूरत की चीजें साफ सफाई के पाउडर से लेकर परिष्कृत कांटे सेफ्टीपिन से लेकर चांदी के बर्तन तक नॉटिंघम के किनारे वाले टेबल की ओर से लेकर नहाने के साबुन तक सबकुछ जहाज से आते थे।

(iv) बड़े–बड़े नहाने के टब जो विशाल नहाने के कमरे में रखे जाते थे जिन्हें की हर दिन सवेरे भिरती द्य बंगले के कुएं के पानी से भर देता था। वे भी वास्तव में स्ट्रीमर से ही आते थे। (1×4=4)

34. (i) बेगम रुकैया सखावत हुसैन

(ii) यह भारत में विज्ञान कथा लेखन का प्रारंभिक नमूना है और विश्व भर में किसी महिला लेखक द्वारा रचित प्रथम कृति का उदाहरण है। अपने सपने में सुल्ताना एक जादुई मुल्क के सफर पर जाती है। द्य उस मुल्क में पुरुषों के कार्य स्त्रियों द्वारा और स्त्रियों के कार्य पुरुषों द्वारा किए जाते हैं। पुरुष घर से बाहर नहीं जाते और पर्दा रखते हैं जबकि स्त्रियां व्यस्त वैज्ञानिकों के रूप में ऐसे उपकरणों का आविष्कार करने के लिए परस्पर प्रतिस्पर्धा कर रही होती है जिनकी सहायता से बादलों को नियंत्रित करके इच्छा अनुसार वर्षा करवाई जा सकती है और वे ऐसी मशीनें यानी हवाई कारे बनाने के लिए भी प्रयत्नशील हैं जो आकाश में उड़ सके। (1+3=4)

35. (i) अक्सर आधुनिक पश्चिम के लोकतांत्रिक आदर्शों द्वारा और अपने स्वयं के अतीत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर गर्व एवं गौरव महसूस करते हुए इन सुधारों के लिए प्रेरित हुए थे। कई सुधारको ने तो स्त्रियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने के प्रयोजन से इन दोनों संसाधनों का उपयोग किया था।

(ii) हम इस संबंध में यहां कुछ उदाहरण दे सकते हैं जैसे बंगाल में राजा राम मोहन रॉय ने सती विरोधी अभियान का नेतृत्व किया, बॉम्बे प्रेसीडेंसी में वहां के

अग्रणी सुधारक रानाडे ने विधवाओं के पुनर्विवाह के लिए आंदोलन चलाया।

(iii) राममोहन रॉय ने इस प्रकार सती की प्रथा का विरोध मानवतावादी तथा नैसर्गिक अधिकारों के सिद्धांतों एवं हिंदू शास्त्रों के आधार पर किया।

(iv) एमजी रानाडे द्वारा लिखित ग्रंथों द टेक्स्टस ऑफ द हिंदू लॉ ऑन द लॉफुलनेस ऑफ द रीमैरिज ऑफ विडोस और वैदिक अथॉरिटीज फॉर विडो मैरिज में विधवा विवाह के लिए शास्त्रीय स्वीकृति का विशद विवेचन किया गया।

(v) शिक्षा की नई प्रणाली में आधुनिक और उदारवादी प्रवृत्ति थी। यूरोप में हुए पुनर्जागरण, धर्म सुधार आंदोलन और प्रबोधन आंदोलन से उत्पन्न साहित्य को सामाजिक विज्ञान और भाषा साहित्य में सम्मिलित किया गया। इस नए प्रकार के ज्ञान में मानवतावादी, पंथनिरपेक्ष और उदारवादी प्रवृतियां थी।

(vi) सर सैयद अहमद खान ने इस्लाम की विवेचना की और उसमें स्वतंत्र अन्वेषण की वैधता का उल्लेख किया। उन्होंने कुरान में लिखी गई बातो और आधुनिक विज्ञान द्वारा स्थापित प्रकृति के नियमों में समानता जाहिर की।

(vii) कंदुकीरी वीरेशलिंगम की पुस्तक' द सोर्स ऑफ नॉलेजष में नव्य न्याय के तर्कों को देखा जा सकता है उन्होंने जूलियस हक्सले द्वारा लिखित ग्रंथों को भी अनुवादित किया। (1×4=4)

## खंड घ

36. (i) उनका कहना था कि मनुष्य की जनसंख्या उस दर की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ती । है जिस दर पर मनुष्य के भरण-पोषण के साधन (विशेष रूप से भोजन, लेकिन कपड़ा और अन्य कृषि आधारित उत्पाद भी बढ़ सकते हैं।

(ii) इसलिए मनुष्य सदा ही गरीबी की हालत में जीने के लिए दडित किया गया है क्योंकि कृषि उत्पादन की वृद्धि हमेशा ही जनसंख्या की वृद्धि से पीछे रहेगी।

(iii) लेकिन कुछ विचारकों ने इसका विरोध भी किया, जो यह मानते थे कि आर्थिक संबद्धि जनसंख्या वृद्धि से अधिक हो सकती है।

(iv) उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में जनसंख्या वृद्धि का स्वरूप बदलने लगा और बीसवीं शताब्दी के पहले चतुर्थाश के अंत तक यह परिवर्तन नाटकीय ढंग से हुआ।

(v) जन्म दरें घट गई और महामारियों के प्रकोप पर नियंत्रण किया जाने लगा।

(vi) माल्थस की भविष्यवाणियों झूठी साबित कर दी गई क्योंकि जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के बावजूद खाद्य उत्पादन और जीवन स्तर लगातार उन्नत होते गए।

(vii) उदारवादी और मार्क्सवादी विद्वानों ने भी माल्थस के इस विचार की आलोचना की कि गरीबी का कारण जनसंख्या वृद्धि है। आलोचकों का कहना था कि गरीबी और भुखमरी जैसी समस्याएँ जनसंख्या वृद्धि की बजाय आर्थिक संसाध नों के असमान वितरण के कारण होती हैं। (1×6=6)

अथवा

(i) रेडियो, टेलीविजन, समाचारपत्र जैसे जनसंपर्क एवं जनसंचार के साधन अब ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के समक्ष नगरीय जीवन शैली और उपभोग के स्वरूपों की तस्वीरें पेश कर रहे हैं। परिणामस्वरूप दूरदराज के गाँवों में रहने वाले लोग नगरीय तड़क-भड़क और सुखसुविधाओं से सुपरिचित हो जाते हैं उनमें भी वैसा ही उपभोगपूर्ण जीवन जीने की लालसा उत्पन्न हो जाती है।

(ii) जनसंक्रमण और जनसंचार के साधन अब ग्रामीण तथा नगरीय इलाकों के बीच की खाई को पाटते जा रहे हैं।

(iii) ग्रामीण इलाके उपभोक्ता बाजार के साथ बड़ी घनिष्ठता से जुड़ते जा रहे हैं।

(iv) यह तथ्य कि नगरीय जीवन में अपरिचितों से संपर्क होता रहता है कुछ भिन्न कारणों से लाभकारी साबित हो सकता हैं

(v) अनुसूचित जातियाँ और अनसुचित जनजातियों जैसे सामाजिक रूप से पीड़ित समूहों को शहरी रहन-सहन कुछ हद तक रोजमर्रा की उस अपमानजनक स्थिति से बचाता है जो उन्हें गाँवों में भुगतनी पड़ती है जहाँ हर कोई उनकी जाति से उन्हें पहचानता है।

(vi) शहरी जीवन की गुमनामी के कारण सामाजिक दृष्टि से प्रभुत्वशाली ग्रामीण समूहों के अपेक्षाकृत गरीब लोग शहर में जाकर कोई भी नीचा समझा जाने वाले काम करने से नहीं। हिचकिचाते जिसे वे गाँव में रहते हुए बदनामी के डर से नहीं कर सकते थे। (1×6=6)

37. (i) नागरिक समाज उस व्यापक कार्यक्षेत्र को कहते हैं जो परिवार के निजी क्षेत्र से परे होता है. लेकिन राज्य और बाजार दोनों क्षेत्र से बाहर होता है।

(ii) नागरिक समाज सार्वजनिक अधिकार का गैर-राजकीय तथा गैर-बाजारी भाग होता है। जिसमें अलग-अलग व्यक्ति संस्थाओं और संगठनों का निर्माण करने के लिए स्वेच्छा से परस्पर जुड़ जाते हैं।

(iii) इस क्षेत्र में नागरिकों के समूहों द्वारा बनाए गए स्वैच्छिक संघ, संगठन या संस्थाएँ शामिल होते हैं।

(iv) इसमें राजनीतिक दल, जनसंचार की संस्थाएँ, मजदूर संघ, गैर-सरकारी संगठन, धार्मिक संगठन और अन्य प्रकार के सामूहिक तत्व भी शामिल होते हैं।

(v) नागरिक समाज में शामिल होने की मुख्य कसौटियों यह है कि संगठन राज्य नियंत्रित नहीं होना चाहिए और यह विशुद्ध रूप से वाणिज्यिक मनाफा कमाने वाले तत्व न हो।

(vi) आज नागरिक समाज के संगठनों के क्रियाकलाप और भी व्यापक रूप ले चुके हैं जिनमें राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरणों के साथ पक्ष समर्थन तथा प्रचार संबंधी गतिविधियों चलाने के साथ-साथ विभिन्न आदोलनों में सक्रियतापूर्वक भाग लेना शामिल है।

(vii) नागरिक स्वतंत्रता संगठन राज्य के कामकाज पर नजर रखने और उससे कानूनद का पालन करवाने की दिशा में विशेष रूप से महत्पूर्ण रहे हैं। (1×6=6)

38. (क) सर्वाधिक कमजोर कड़ी ...... दबाए हुए वर्गों, अनसुचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों (1+1=2)

(ख) (i) हमें दबाए हुए वर्गों, अनसुचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों की विशेष देखभाल करनी होगी। उन्हें सामान्य स्तर पर लाने के लिए हम जो कर सकते हैं, उसे अवश्य करना चाहिए (2)

(ii) जंजीर की शक्ति का आकलन उसकी सर्वाधिक कमजोर कड़ी द्वारा किया जाता है, और इसलिए जब तक सबसे कमजोर कड़ी को सशक्त नहीं किया जाता, हमें एक स्वस्थ राजनीति नहीं प्राप्त होगी।

(iii) 2019 में भारत सरकार ने उच्च जातियों के बीच आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण की शरुआत की।

(iv) समकालीन वर्षों में राज्यों में इन वर्गों के आरक्षण दिए जाने सम्बन्धी निर्णयों के लिए फिर से एक नया वाद विवाद शुरू हो गया है

(ग) (i) जाति अपनी कर्मकांडी विषयवस्तु छोड़ने लगी और राजनीतिक गतिशीलता के लिए अधिक से अधिक पंथनिरपेक्ष बन गई। (2)

(ii) आज के समय में जाति एक राजनीतिक दबाव समूह के रूप में ज्यादा कार्य कर रही है।

(iii) समसामयिक भारत में जाति संगठनों और जातिगत राजनीतिक दलों का उदभव हुआ है।

(iv) ये जातिगत संगठन अपनी माँग मनवाने के लिए राज्य पर दबाव डालते है।

# SOCIOLOGY (039)
# CBSE
# QUESTION PAPER
# (2023-24)
# Class XII

अवधि 3 घंटे | अधिकतम अंक 80

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका सख्ती से पालन कीजिए :*

(i) *यह प्रश्न-पत्र* ***चार*** *खण्डों में विभाजित किया गया है —* ***खण्ड क, ख, ग*** *तथा* ***घ*** *।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***35*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

(iii) ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1 – 16*** *हैं । ये वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है । प्रश्न के आधार पर, सिर्फ एक ही उत्तर हो सकता है ।*

(iv) ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***17 – 25*** *हैं । ये अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए ।*

(v) ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***26 – 32*** *हैं । ये लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 80 शब्दों में दीजिए ।*

(vi) ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***33 – 35*** *हैं । ये दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में दीजिए ।*

(vii) *रेखाचित्र की सहायता से प्रश्न संख्या* ***33*** *का उत्तर दीजिए । दिए गए अनुच्छेद की सहायता से प्रश्न संख्या* ***34*** *का उत्तर दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** *अभिकथन (A) :* पूँजीवाद को प्रारंभ से ही इसकी गतिशीलता, वृद्धि की संभावनाएँ, प्रसार, नवीनीकरण, तथा तकनीक और श्रम के बेहतर उपयोग के लिए जाना गया ।

*कारण (R) :* पूँजीवाद ऐसी आर्थिक व्यवस्था है जिसमें बाज़ार व्यवस्था में ज़्यादा से ज़्यादा लाभ कमाने पर ज़ोर दिया जाता है ।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

**2.** संस्कृतीकरण के बहुआयामी प्रभाव हैं । इसका प्रभाव निम्नलिखित में से किसमें देखा जा सकता है ?

(A) केवल भाषा (B) केवल साहित्य

(C) केवल नाटक (D) भाषा, साहित्य, नाटक

Time: 3 hours | Maximum Marks: 80

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *The question paper is divided into* **four** *sections —* **Section A, B, C** *and* **D**.

*(ii)* *There are* **35** *questions in all.* **All** *questions are* **compulsory**.

*(iii)* **Section A** *includes questions no.* **1 – 16**. *These are Objective Type Questions, carrying 1 mark each. As per the question there can be one answer.*

*(iv)* **Section B** *includes questions no.* **17 – 25**. *These are Very Short Answer type questions, carrying 2 marks each. Answer to each question should not exceed 30 words.*

*(v)* **Section C** *includes questions no.* **26 – 32**. *These are Short Answer type questions, carrying 4 marks each. Answer to each question should not exceed 80 words.*

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *The question paper is divided into* ***four*** *sections —* ***Section A, B, C*** *and* ***D****.*

*(ii)* *There are* ***35*** *questions in all.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(iii)* ***Section A*** *includes questions no.* ***1 – 16****. These are Objective Type Questions, carrying 1 mark each. As per the question there can be one answer.*

*(iv)* ***Section B*** *includes questions no.* ***17 – 25****. These are Very Short Answer type questions, carrying 2 marks each. Answer to each question should not exceed 30 words.*

*(v)* ***Section C*** *includes questions no.* ***26 – 32****. These are Short Answer type questions, carrying 4 marks each. Answer to each question should not exceed 80 words.*

*(vi)* ***Section D*** *includes questions no.* ***33 – 35****. They are Long Answer type questions, carrying 6 marks each. Answer to each question should not exceed 200 words each.*

*(vii)* *Question no.* ***33*** *is to be answered with the help of given graphics.*

## SECTION A

**1.** *Assertion (A) :* Industrialisation leads to greater equality, at least in some spheres, such as, caste distinctions do not matter any more in trains, buses, etc.

*Reason (R) :* Social inequalities are reducing in the world.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

2. *अभिकथन (A) :* पुराने सामाजिक आंदोलन राजनीतिक दलों के दायरे में काम करते थे।

*कारण (R) :* पुराने सामाजिक आंदोलन राष्ट्रीय होते थे।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

3. जनसांख्यिकीय संक्रमण के सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(I) जनसंख्या वृद्धि आर्थिक विकास के समग्र स्तरों से जुड़ी होती है।

(II) प्रत्येक समाज विकास के विशिष्ट स्वरूप का अनुसरण करता है।

(III) विकास जनसंख्या वृद्धि से संबंधित है।

(IV) जनसंख्या वृद्धि के चार बुनियादी चरण होते हैं।

**विकल्प :**

(A) (I) और (II)

(B) (II) और (IV)

(C) (I) और (III)

(D) (I), (II) और (III)

4. *अभिकथन (A) :* अकसर यह सोचा जाता है कि कृषि की 'वैज्ञानिक' पद्धति की जानकारी देने से भारतीय कृषकों की दशा में सुधार होगा।

*कारण (R) :* भारतीय कृषक सदियों से, हरित क्रांति के प्रारंभ से कहीं पहले से, कृषि कार्य करते आ रहे हैं।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

2. *Assertion (A) :* The old social movements functioned within the frame of political parties.

*Reason (R) :* Old social movements were national.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

3. As per the theory of Demographic Transition, which of the following statements are correct ?

(I) Population growth is linked to overall levels of economic development.

(II) Every society follows a typical pattern of development.

(III) The development is related to population growth.

(IV) There are four stages of population growth.

**Options :**

(A) (I) and (II)

(B) (II) and (IV)

(C) (I) and (III)

(D) (I), (II) and (III)

4. *Assertion (A) :* Often it is thought that imparting knowledge of 'scientific' farming methods will improve the conditions of Indian farmers.

*Reason (R) :* The Indian farmers have been cultivating the land for centuries, much before the advent of the Green Revolution.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

5. जनजातीय पहचान से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(A) जनजातीय पहचान को सुरक्षित रखने का आग्रह दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है।

(B) जनजातीय समाज के भीतर भी एक मध्य वर्ग का प्रादुर्भाव हो चला है।

(C) नृजातीय-सांस्कृतिक पहचान के मामले से संबंधित मुद्दे कम महत्त्वपूर्ण हो गए हैं।

(D) भूमि तथा विशेष रूप से वनों जैसे अत्यंत महत्त्वपूर्ण आर्थिक संसाधनों पर नियंत्रण से संबंधित मुद्दे दिनोंदिन बढ़ते जा रहे हैं।

*निम्नलिखित अनुच्छेद के आधार पर, प्रश्न संख्या 6 और 7 के उत्तर दीजिए।*

सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार जीवन की एक वास्तविकता है। सामाजिक विषमता (असमानता) एवं बहिष्कार सामाजिक इसलिए है क्योंकि वे व्यक्ति से नहीं बल्कि समूह से संबद्ध है। प्रत्येक समाज में, कुछ लोगों के पास धन, संपदा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शक्ति जैसे मूल्यवान संसाधनों का दूसरों की अपेक्षा बड़ा हिस्सा होता है। लोग अकसर अपने लिंग, धर्म, नृजातीयता, भाषा, जाति तथा विकलांगता की वजह से भेदभाव और बहिष्कार का सामना करते हैं।

6. सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार जीवन की एक वास्तविकता है क्योंकि :

(I) सामाजिक असमानता (विषमता) एवं बहिष्कार का यह रोज़मर्रापन – इनका इस प्रकार रोज़ाना घटित होना, इन्हें स्वाभाविक बना देता है।

(II) हम अकसर उन्हें 'उचित' या 'न्यायसंगत' मानते हैं।

(III) ये कुदरती चीजें हैं जिन्हें बदला जा सकता है।

(IV) ग़रीब तथा वंचित अपनी परिस्थितियों के लिए दोषी नहीं ठहराए जाते।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

**विकल्प :**

(A) (I) और (II)    (B) (I) और (III)

(C) (I) और (IV)    (D) (II) और (III)

7. दलितों के बहिष्कार से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(A) अस्पृश्यता की संस्था शारीरिक संपर्क से बचने या अछूत से दूर रहने का आदेश नहीं देती है।

(B) अस्पृश्यता सामाजिक प्रतिबंधों के एक बहुत व्यापक समूह को संदर्भित करती है।

(C) अछूत मानी जाने वाली जातियों का जाति सोपान या अधिक्रम में कोई स्थान ही नहीं है।

(D) उन्हें तो इतना अधिक अशुद्ध एवं अपवित्र माना जाता है कि उनके जरा छू जाने भर से ही अन्य सभी जातियों के सदस्य अशुद्ध हो जाते हैं।

5. Which of the following statements related to Tribal Identity is ***not*** true ?

(A) Assertions of tribal identity are on the rise.

(B) This can be laid at the door of the emergence of a middle class within the tribal society.

(C) Issues relating to matters of ethnic-cultural identity are becoming less important.

(D) Issues relating to control over vital economic resources like land and specially forests, are on the rise.

*Based on the following passage, answer Q.No. 6 and 7.*

Social inequality and exclusion are facts of life. Social inequality and exclusion are social because they are not about individuals but about groups. In every society, some people have a greater share of valued resources – money, property, education, health and power – than others. People often face discrimination and exclusion because of their gender, religion, ethnicity, language, caste and disability.

6. Social inequality and exclusion are facts of life because :

(I) This everydayness of social inequality and exclusion often makes them appear inevitable, almost natural.

(II) We often think of them as being 'deserved' or 'justified' in some sense.

(III) These are natural which can be changed.

(IV) The poor and marginalised are not blamed for their own plight.

Which of the above statements are correct ?

**Options :**

(A) (I) and (II)

(B) (I) and (III)

(C) (I) and (IV)

(D) (II) and (III)

7. Which of the following statements is ***not*** true related to Exclusion of Dalits ?

(A) The institution of untouchability does not refer to the avoidance or prohibition of physical contact.

(B) Untouchability refers to a much broader set of social sanctions.

(C) Untouchable castes are outside the caste hierarchy.

(D) They are considered to be so impure that their mere touch severely pollutes members of all other castes.

8. *अभिकथन (A) :* औपनिवेशिक देश में चलाए गए नियम कानून अलग हो सकते हैं और यह जरूरी नहीं है कि ब्रिटिश उन प्रजातांत्रिक नियमों का निर्वाह औपनिवेशिक देश में भी करें जो ब्रिटेन में लागू होते थे।

*कारण (R) :* औपनिवेशिक प्रशासक यह मानकर चलते थे कि बाग़ान वालों को फ़ायदा पहुँचाने के लिए मज़दूरों पर कड़े से कड़ा बल प्रयोग किया जाए।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

*निम्नलिखित अनुच्छेद के आधार पर, प्रश्न संख्या 9 और 10 के उत्तर दीजिए।*

सामाजीकरण प्रक्रिया काफ़ी विस्तृत एवं लंबी होती है जिसमें कुछ विशेष लोगों के साथ (जो हमारे जीवन में प्रत्यक्ष रूप से शामिल रहते हैं) लगातार संवाद, वार्तालाप और कभी-कभी संघर्ष भी होता रहता है जैसे कि हमारे माता-पिता, परिवार, नातेदार समूह एवं हमारा समुदाय। हमारा समुदाय हमें भाषा (मातृभाषा) और सांस्कृतिक मूल्य प्रदान करता है जिनके माध्यम से हम विश्व को समझते हैं। यह हमारी स्वयं की पहचान को भी सहारा देता है।

9. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***ग़लत*** है ?

(A) किसी समुदाय में जन्म लेने के लिए हमें कुछ नहीं करना होता।

(B) किसी परिवार में जन्म लेने पर हमारा कोई वश नहीं है।

(C) किसी देश में जन्म लेने पर हमारा कोई वश नहीं है।

(D) इस प्रकार की पहचानें अर्जित होती हैं।

10. सामुदायिक विवादों को निपटाना कठिन होता है क्योंकि :

(I) विवाद का प्रत्येक पक्ष सामने वाले पक्ष को शत्रु मानते हुए घृणा की दृष्टि से देखता है।

(II) उसमें अपने पक्ष के गुणों को बढ़ा-चढ़ाकर कहने की प्रवृत्ति होती है।

(III) उसमें अपने सामने वाले पक्ष के दुर्गुणों को बढ़ा-चढ़ाकर ना कहने की प्रवृत्ति होती है।

(IV) ऐसे विवादों में, यह देखना बहुत कठिन होता है कि जैसा हम दूसरों के बारे में सोचते हैं, दूसरे भी तो हमारे बारे में वैसा ही सोच रहे हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

**विकल्प :**

(A) (I), (III) और (IV) (B) (I), (II) और (III)

(C) (I), (II) और (IV) (D) (II), (III) और (IV)

**8.** *Assertion (A) :* The laws of a colonised country did not have to stick to the democratic norms that the British back home had to follow in Britain.

*Reason (R) :* The colonial administrators were clear that harsh measures were taken against the labourers to make sure they benefitted the planters.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

*Based on the following passage, answer Q.No. 9 and 10.*

The socialisation process involves a continuous dialogue, negotiation and even struggle against significant others (those directly involved in our lives) like our parents, family, kin group and our community. Our community provides us the language (our mother tongue) and the cultural values through which we comprehend the world. It also anchors our self-identity.

**9.** Which of the following statements is ***incorrect*** ?

(A) We don't have to do anything to be born into a community.

(B) No one has any choice about which family they are born into.

(C) No one has any choice about which country they are born into.

(D) These types of identities are acquired.

**10.** Community conflicts are hard to deal with because :

(I) Each side in the conflict thinks of the other side as a hated enemy.

(II) There is a tendency to exaggerate the virtues of one's own side.

(III) There is a tendency not to exaggerate the vices of the other side.

(IV) In such conflicts, they are constructing matching but reversed mirror images of each other.

Which of the above statements are correct ?

**Options :**

(A) (I), (III) and (IV)  (B) (I), (II) and (III)

(C) (I), (II) and (IV)  (D) (II), (III) and (IV)

11. सामाजिक आंदोलनों का अध्ययन समाजशास्त्र के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है ?

(A) कुलीन वर्ग द्वारा सामाजिक आंदोलनों के विरोधों को समाज की स्थापित व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती के रूप में देखा जाता था।

(B) सामाजिक आंदोलनों को अव्यवस्था फैलाने वाली शक्तियों के रूप में नहीं देखा जाता था।

(C) सामाजिक आंदोलनों में भाग लेने वालों की सही और ग़लत की अपनी साझी समझ नहीं होती।

(D) सामाजिक आंदोलनों में भाग लेने वाले प्रायः सार्वजनिक रूप से विरोध नहीं करते थे।

12. जहाँ नगरीकरण की प्रक्रिया बहुत तेज़ गति से चल रही है, इसके अंतर्गत सबसे विराट शहर (मैट्रोपोलिस) ही सबसे अधिक तेज़ी से फैलते जा रहे हैं।

नगरीकरण से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(A) ये महानगर ग्रामीण क्षेत्रों एवं साथ ही साथ छोटे कस्बों के प्रवासियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

(B) भारत में अपेक्षाकृत बड़े शहरों की जनसंख्या इतनी तेज़ी से नहीं बढ़ रही है।

(C) नगरीय आधारभूत सुविधाएँ उतनी तेज़ी से शायद ही बढ़ सकें।

(D) इन शहरों पर जनसंचार के माध्यमों का ध्यान प्रमुख रूप से अधिक केंद्रित रहने से भारत का सार्वजनिक चेहरा, ग्रामीण की बजाय अधिकाधिक नगरीय होता जा रहा है।

13. *अभिकथन (A) :* अधिकतम ग्रामीण जनसंख्या के लिए कृषि जीविका का एकमात्र महत्त्वपूर्ण स्रोत या साधन है।

*कारण (R) :* ग्रामीण सिर्फ कृषि ही नहीं है। बहुत से ऐसे क्रियाकलाप हैं जो कृषि और ग्राम्य जीवन की जीविका के स्रोत में भी मदद के लिए हैं।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

11. Why is the study of Social Movements important in Sociology ?

(A) Social movements were about protests which were perceived by elites as a major threat to the established order of society.

(B) Social movements were not seen as forces that led to disorder.

(C) Participants of social movements do not have their own shared understanding of right and wrong.

(D) Participants did not often resort to public protest.

12. While urbanization has been occurring at a rapid pace, it is the biggest cities – the metropolises – that have been growing the fastest.

Which of the following statements related to urbanization is ***not*** true ?

(A) These metros attract migrants from the rural areas as well as from small towns.

(B) The larger cities in India are not growing at such a rapid rate.

(C) Urban infrastructure can hardly keep pace.

(D) With the mass media's primary focus on these cities, the public face of India is becoming more and more urban rather than rural.

13. *Assertion (A) :* Agriculture is the single most important source of livelihood for the majority of the rural population.

*Reason (R) :* The rural is not just agriculture. Many activities that support agriculture and village life are also sources of livelihood.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

14. *अभिकथन (A) :* विभिन्न जनजातीय समूहों को हिंदू समाज के जातीय अधिक्रम में विभिन्न स्तरों पर आत्मसात् कर लिया गया।

*कारण (R) :* जनजातीय जमीनों पर बस्तियाँ बसा दी गईं और जंगलों का सफाया कर दिया गया।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

15. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पश्चिमीकरण के लिए सत्य है ?

(A) यह भारतीय समाज और संस्कृति में लगभग 150 सालों के ब्रिटिश शासन के परिणामस्वरूप आए परिवर्तन हैं।

(B) पश्चिमीकरण में किसी संस्कृति-विशेष के बाह्य तत्त्वों के अनुकरण की प्रवृत्ति नहीं होती है।

(C) भारतीय कला और साहित्य पर पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव नहीं पड़ा।

(D) पश्चिमीकरण में भारतीय बुद्धिजीवियों की उप-संस्कृति शामिल नहीं थी।

16. निम्नलिखित कथनों को सही क्रम में लिखिए।

(I) कामगारों को मशीनी गति से काम करना होता है।

(II) अधिक मशीनों वाले उद्योगों में, कम लोगों को काम दिया जाता है।

(III) दो चाय की छुट्टियाँ 7·5 मिनट प्रत्येक और आधा घंटा खाने की छुट्टी।

(IV) पूरे दिन में कामगारों को केवल 45 मिनट का विश्राम मिलता है।

**विकल्प :**

(A) (II), (I), (IV), (III)

(B) (I), (II), (III), (IV)

(C) (IV), (I), (III), (II)

(D) (I), (IV), (III), (II)

14. *Assertion (A) :* There is absorption of different tribal groups into caste Hindu society at varying levels of the hierarchy.

*Reason (R) :* Tribal lands were colonised and the forests cut down.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

15. Which of the following statements is true for westernisation ?

(A) The changes brought about in Indian society and culture is a result of over 150 years of British rule.

(B) Westernisation does not involve the imitation of external forms of culture.

(C) The west did not influence Indian art and literature.

(D) Westernisation did not include the sub-culture of Indian intellectuals.

16. Put the following statements in the correct order.

(I) Workers have to work at the pace of the machine.

(II) The more mechanised an industry gets, the fewer people are employed.

(III) Two tea breaks of 7·5 minutes each and one lunch break of half an hour.

(IV) Workers get only 45 minutes rest in the entire day.

**Options :**

(A) (II), (I), (IV), (III)

(B) (I), (II), (III), (IV)

(C) (IV), (I), (III), (II)

(D) (I), (IV), (III), (II)

## खण्ड ख

**17.** "अधिकतर भारतीय लोग छोटे पैमाने पर कार्य कर रहे स्थानों पर ही काम करते हैं। यहाँ कार्य के कई पक्षों का निर्धारण वैयक्तिक संबंधों से होता है।"

बड़े संस्थानों में कार्य का निर्धारण वैयक्तिक संबंधों से नहीं होता। इस कथन से आप क्या अनुमान लगा सकते हैं? 2

**18.** (क) "सांस्कृतिक विविधता कठोर चुनौतियों को प्रस्तुत कर सकती है।"

उपयुक्त उदाहरणों सहित कथन का समर्थन कीजिए। 2

**अथवा**

(ख) धर्मनिरपेक्षता के पक्ष और विपक्ष में एक-एक तर्क दीजिए।

**19.** मूल आदिवासी दिक्कुओं से घृणा क्यों करते थे? दो कारण दीजिए। 2

**20.** (क) भूमिगत खानों में कार्य करने वाले कामगार बहुत खतरनाक स्थितियों का सामना करते हैं। उदाहरण दीजिए। 2

**अथवा**

(ख) उदारीकरण की नीति का एक लाभ और एक हानि बताइए।

**21.** 1960 के दशक में, विद्वानों के बीच इस प्रश्न को लेकर वाद-विवाद होता रहा कि क्या जनजातियों को जाति-आधारित (हिंदू) कृषक समाज के एक सिरे का विस्तार माना जाए अथवा वे पूर्ण रूप से एक भिन्न प्रकार का समुदाय है।

जनजाति और जाति के बीच के अंतर के तर्क का आधार क्या है? 2

**22.** औपनिवेशिक भारत में बहुत से जिलों का प्रशासन ज़मींदारी व्यवस्था द्वारा चलता था।

ज़मींदारी व्यवस्था के दौरान कृषकों को किन परेशानियों का सामना करना पड़ा? 2

**23.** हरित क्रांति की रणनीति की एक नकारात्मक परिणति क्षेत्रीय असमानताओं में वृद्धि थीं।

अपने उत्तर के लिए दो कारण दीजिए। 2

## SECTION B

17. "By and large, work for most Indians is still in smallscale workplaces. Here personal relationships determine many aspects of work."

    In large organisations work is not determined by personal relationships. What inference can you draw from this statement ? *2*

18. (a) "Cultural Diversity can present tough challenges." Support the statement with suitable examples. *2*

    **OR**

    (b) Give one argument each for and against secularism.

19. Adivasis shared a common hatred for dikus. Why ? Give two reasons. *2*

20. (a) Workers in underground mines face very dangerous conditions. Give examples. *2*

    **OR**

    (b) Give one advantage and one disadvantage of the policy of liberalisation.

21. During the 1960s, scholars debated whether tribes should be seen as one end of a continuum with caste-based (Hindu) peasant society, or whether they were an altogether different kind of community.

    What is the basis for the argument for tribe and caste distinction ? *2*

22. Many districts of colonial India were administered through the Zamindari system.

    What problems were faced by the peasants due to the Zamindari system ? *2*

23. One of the negative outcomes of the Green Revolution strategy was the worsening of regional inequalities.

    Give two reasons for your answer. *2*

24. पहले अनेक प्रकार की महामारियाँ थीं जिनमें विभिन्न प्रकार के ज्वर, प्लेग, चेचक और हैजा अधिक विनाशकारी थे। लेकिन 1918 – 19 की इंफ्लुएंजा नामक महामारी ने तो अकेले ही देशभर में तबाही मचा दी, जिसमें तत्कालीन भारत की कुल जनसंख्या के लगभग 5% भाग को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।

महामारी और विश्वमारी (पैंडेमिक) के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2

25. "सैद्धांतिक तौर पर, जाति व्यवस्था को सिद्धांतों के दो समुच्चयों के मिश्रण के रूप में समझा जा सकता है।" दोनों सिद्धांतों के नाम बताइए और किसी एक को परिभाषित कीजिए। 2

## खण्ड ग

26. सन् 1950 से 1970 के दशक के बीच भूमि सुधार कानूनों की एक श्रृंखला को शुरू किया गया — इसे राष्ट्रीय स्तर के साथ राज्य के स्तर पर भी चलाया गया। इन सुधारों को लाने के पीछे क्या कारण थे ? 4

27. वह व्यवस्था जो एक समाज में लोगों का वर्गीकरण करते हुए एक अधिक्रमित संरचना में उन्हें श्रेणीबद्ध करती है उसे समाजशास्त्री 'सामाजिक स्तरीकरण' कहते हैं।

सामाजिक स्तरीकरण किस प्रकार पीढ़ी-दर-पीढ़ी बना रहता है ? 4

28. (क) पश्चिमीकरण में किसी संस्कृति-विशेष के बाह्य तत्त्वों के अनुकरण की प्रवृत्ति भी होती है। पश्चिमीकरण की प्रक्रिया को दर्शाइए। 4

**अथवा**

(ख) विभिन्न प्रकार के समाज सुधारक आंदोलनों में कुछ विषयगत समानताएँ थीं। परंतु साथ ही अनेक महत्त्वपूर्ण असहमतियाँ भी थीं। चर्चा कीजिए।

29. हममें से हर कोई एक परिवार में जन्म लेता है और हममें से अधिकांश लोग परिवार में अनेक वर्ष बिताते हैं। आमतौर पर हम अपने परिवार से गहरा लगाव महसूस करते हैं। परिवार हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। विस्तारपूर्वक समझाइए। 4

30. "ब्रिटिश औद्योगीकरण का एक उल्टा असर यानी कि भारत के कुछ क्षेत्रों में औद्योगिक क्षरण हुआ।" उपर्युक्त कथन के आधार पर उन प्रभावों की पहचान कीजिए। 4

**24.** The major epidemic diseases in the past were fevers of various sorts, plague, smallpox and cholera. But the single largest epidemic was the influenza epidemic of 1918 – 19, which killed about 5% of the total population of India at that time.

Differentiate between epidemic and pandemic. *2*

**25.** "Theoretically, the caste can be understood as the combination of two sets of principles." Name them and define any one. *2*

## SECTION C

**26.** From the 1950s to the 1970s, a series of land reform laws were passed — at the national level as well as in the states. What were the reasons behind these reforms ? *4*

**27.** Sociologists use the term 'Social Stratification' to refer to a system by which categories of people in a society are ranked in a hierarchy.

How does Social Stratification persist over generations ? *4*

**28.** (a) Westernisation does involve the imitation of external forms of culture. Illustrate the process of westernisation. *4*

**OR**

(b) The varied Social Reform Movements did have common themes. Yet there were also significant differences. Discuss.

**29.** Each one of us is born into a family, and most of us spend long years within it. Usually we feel very strongly about our family. The family is an integral part of lives. Elaborate. *4*

**30.** "In India, the impact of the very same British industrialisation led to deindustrialisation in some sectors."

Identify the impacts on the basis of the above statement. *4*

31. असक्षमता और ग़रीबी के बीच एक अटूट संबंध होता है। चर्चा कीजिए। *4*

32. "कभी-कभी काम की बुरी दशाओं के कारण कामगार हड़ताल कर देते हैं।" 1982 की प्रसिद्ध बंबई टैक्सटाइल मिल की हड़ताल का उदाहरण लेते हुए औचित्य सिद्ध कीजिए। *4*

## खण्ड घ

33. भारत में गिरता हुआ स्त्री-पुरुष अनुपात, 1901 – 2011 नीचे दर्शाया गया है :

| वर्ष | स्त्री-पुरुष अनुपात सभी आयु वर्गों में | पिछले दशक की तुलना में अंतर | बाल स्त्री-पुरुष अनुपात (0 – 6 वर्ष) | पिछले दशक की तुलना में अंतर |
|---|---|---|---|---|
| 1901 | 972 | – | – | – |
| 1911 | 964 | – 8 | – | – |
| 1921 | 955 | – 9 | – | – |
| 1931 | 950 | – 5 | – | – |
| 1941 | 945 | – 5 | – | – |
| 1951 | 946 | + 1 | – | – |
| 1961 | 941 | – 5 | 976 | – |
| 1971 | 930 | – 11 | 964 | – 12 |
| 1981 | 934 | + 4 | 962 | – 2 |
| 1991 | 927 | – 7 | 945 | – 17 |
| 2001 | 933 | + 6 | 927 | – 18 |
| 2011 | 943 | + 10 | 919 | – 8 |

उपर्युक्त आँकड़ों के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) बाल स्त्री-पुरुष अनुपात में गिरावट आने के क्या कारण हैं ? *2*

(ख) उपर्युक्त आँकड़ों के आधार पर, 20वीं शताब्दी और 21वीं शताब्दी के आँकड़ों की तुलना कीजिए और अपना निष्कर्ष बताइए। *4*

31. There is a close relationship between disability and poverty. Discuss. 4

32. "In response to harsh working conditions, sometimes workers went on strike." Justify taking the example of the famous Bombay Textile Strike of 1982. 4

## SECTION D

33. The declining Sex Ratio in India 1901 – 2011 is given below :

| Year | Sex Ratio all age groups | Variation over previous decade | Child Sex Ratio (0 – 6 years) | Variation over previous decade |
|---|---|---|---|---|
| 1901 | 972 | – | – | – |
| 1911 | 964 | – 8 | – | – |
| 1921 | 955 | – 9 | – | – |
| 1931 | 950 | – 5 | – | – |
| 1941 | 945 | – 5 | – | – |
| 1951 | 946 | + 1 | – | – |
| 1961 | 941 | – 5 | 976 | – |
| 1971 | 930 | – 11 | 964 | – 12 |
| 1981 | 934 | + 4 | 962 | – 2 |
| 1991 | 927 | – 7 | 945 | – 17 |
| 2001 | 933 | + 6 | 927 | – 18 |
| 2011 | 943 | + 10 | 919 | – 8 |

Based on the above data, answer the following questions.

(a) What are the reasons for the declining child sex ratio ? 2

(b) Based on the above data, compare the data of the $20^{th}$ century with that of the $21^{st}$ century and state your inferences. 4

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए (प्र.स.* ***33*** *के स्थान पर)*

आँकड़ों से स्पष्ट होता है, भारत में स्त्री-पुरुष अनुपात पिछली एक शताब्दी से कुछ अधिक समय से गिरता जा रहा है। 20वीं शताब्दी के शुरू में भारत में प्रति 1000 पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या 972 थी लेकिन 21वीं शताब्दी के शुरू में स्त्री-पुरुष अनुपात घटकर 933 हो गया है।

पिछले चार दशकों की प्रवृत्ति खासतौर पर चिंताजनक रही है — 1961 में स्त्री-पुरुष अनुपात 941 था जो घटते हुए अब तक के सबसे नीचे स्तर 1991 में 927 पर आ गया हालाँकि 2001 में उसमें फिर मामूली सी बढ़ोतरी हुई है। भारत की जनगणना 2011 के अस्थायी आँकड़ों के अनुसार, स्त्री-पुरुष अनुपात को देखें तो प्रति 1000 पुरुषों के पीछे 943 स्त्रियाँ हैं। 0 – 6 वर्ष की आयु वर्ग का स्त्री-पुरुष अनुपात आमतौर पर सभी आयु वर्गों के समग्र स्त्री-पुरुष अनुपात से काफी ऊँचा रहता आया है, लेकिन अब उसमें भी बड़ी तेज़ी से गिरावट आ रही है। वस्तुतः 1991 से 2001 तक के दशक के आँकड़ों में यह असामान्यता दिखाई देती है कि समग्र स्त्री-पुरुष अनुपात में जहाँ अब तक की सबसे अधिक 6 अंकों की बढ़ोतरी निम्नतम 927 से 933 दर्ज हुई है, लेकिन बाल स्त्री-पुरुष अनुपात, 18 अंकों का गोता लगाकर 945 से घटकर 927 के स्तर पर आ गया है और इस प्रकार पहली बार समग्र स्त्री-पुरुष अनुपात से नीचे चला गया है। सन् 2011 की जनगणना के अनुमानित आँकड़ों के अनुसार स्थिति और खराब हो गई और बाल स्त्री-पुरुष अनुपात मात्र 919 रह गया है (8 अंकों से घट गया है)।

उपर्युक्त आँकड़ों के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) बाल स्त्री-पुरुष अनुपात में गिरावट आने के क्या कारण हैं? *2*

(ख) उपर्युक्त आँकड़ों के आधार पर, 20वीं शताब्दी और 21वीं शताब्दी के आँकड़ों की तुलना कीजिए और अपने निष्कर्ष बताइए। *4*

**Note :** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidate*** *(In lieu of Q.No.* ***33****)*

As is clear from the data, India has had a declining sex ratio for more than a century. From 972 females per 1000 males at the turn of the $20^{th}$ century, the sex ratio has declined to 933 at the turn of the $21^{st}$ century.

The trends of the last four decades have been particularly worrying — from 941 in 1961, the sex ratio had fallen to an all time low of 927 in 1991 before posting a modest increase in 2001. According to the provisional data of Census of India 2011, sex ratio is 943 females per 1000 males. The sex ratio for the 0 – 6 years age group has generally been substantially higher than the overall sex ratio for all age groups, but it has been falling very sharply. In fact the decade 1991 – 2001 represents an anomaly, in that the overall sex ratio has posted its highest ever increase of 6 points from the all time low of 927 to 933, but the child sex ratio has dropped from 945 to 927, a plunge of 18 points, taking it below the overall sex ratio for the first time. In 2011 Census the child sex ratio again decreased by 8 points and now it is 919.

Based on the above data, answer the following questions.

(a) What are the reasons for the declining child sex ratio ? *2*

(b) Based on the above data, compare the data of the $20^{th}$ century with that of the $21^{st}$ century and state your inferences. *4*

**34.** सामाजिक आंदोलनों के वर्गीकरण की चर्चा कीजिए। *6*

**35.** नागरिक समाज ने कई महत्त्वपूर्ण पहल करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनमें सबसे हालिया है सूचना के अधिकार के लिए अभियान। इसकी पहल और इसके परिणाम पर चर्चा कीजिए। *2+4=6*

**34.** Discuss the classification of Social Movements. *6*

**35.** The Civil Society has been instrumental in taking many significant initiatives, the most recent being the campaign for the Right to Information. Discuss the initiative and its outcome. *2+4=6*

## अंकन योजना

## समाजशास्त्र

| क्रम संख्या | खंड ख | अंक |
|---|---|---|
| 1 | A | 1 |
| 2 | B | 1 |
| 3 | D | 1 |
| 4 | A | 1 |
| 5 | C | 1 |
| 6 | A | 1 |
| 7 | A | 1 |
| 8 | A | 1 |
| 9 | D | 1 |
| 10 | C | 1 |
| 11 | A | 1 |
| 12 | B | 1 |
| 13 | B | 1 |
| 14 | A | 1 |
| 15 | A | 1 |
| 16 | A | 1 |
| | **खंड ख** | |
| 17 | ''अधिकतर भारतीय लोग छोटे पैमाने पर कार्य कर रहे स्थानों पर ही काम करते हैं। यहाँ कार्य के कई पक्षों का निर्धारण वैयक्तिक संबंधों से होता है।''<br>बड़े संस्थानों में कार्य का निर्धारण वैयक्तिक संबंधों से नहीं होता। इस कथन से आप क्या अनुमान लगा सकते हैं?<br>उत्तर.<br>• बड़े संस्थानों में कार्य के निश्चित नियम होते हैं, वहाँ नियुक्ति अधिक पारदर्शी होती है।<br>• अगर आपके अपने ऊँचे पदाधिकारी से कुछ मतभेद होते हैं, तो उसकी शिकायत और क्षतिपूर्ति की निश्चित कार्यविधियाँ होती हैं। | 1 + 1 = 2 |
| 18 | (क) ''सांस्कृतिक विविधता कठोर चुनौतियों को प्रस्तुत कर सकती है।''<br>उपयुक्त उदाहरणों सति कथन का समर्थन कीजिए।<br>**उत्तर.** | 1 + 1 = 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | • कठिनाइयाँ इस तथ्य से भी उत्पन्न होती हैं कि सांस्कृतिक पहचानें बहुत प्रबल होती हैं, वे तीव्र भावावेशों को भड़का सकती हैं, और अक्सर बड़ी संख्या में लोगों को एकजुट कर देती हैं।<br>• कभी–कभी सांस्कृतिक अंतरों के साथ–साथ आर्थिक और सामाजिक असमानताएँ भी जुड़ जाती हैं और तब स्थिति और भी जटिल हो जाती है।<br>• स्थिति उस समय और भी बिगड़ जाती है जब नदी जल, रोजगार के अवसर या सरकारी धनराशियों जैसे दुर्लभ संसाधनों के बँटवारें का सवाल खड़ा होता है।<br>अथवा<br>(ख) धर्मनिरपेक्षता के पक्ष और विपक्ष में एक–एक तर्क दीजिए।<br>**उत्तर.**<br>• **पक्ष** – एक धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति आ राज्य वह होता है जो किसी विशेष धर्म का अन्य धर्मों की तुलना में पक्ष नहीं लेता।<br>• धर्मनिरपेक्षता का यह भाव सभी धर्मों के प्रति समान आदर का द्योतक होता है, न कि अलगाव या दूरी का। उदाहरण के लिए, धर्मनिरपेक्ष भारतीय राज्य सभी धर्मों के त्यौहारों के अवसर पर सार्वजनिक छुट्टी घोषित करता है। (कोई अन्य उपयुक्त उदाहरण)<br>• **विपक्ष** – विरोधी यह तर्क देते हैं कि इस प्रकार की धर्मनिरपेक्षता अल्पसंख्यकों के मत प्राप्त करने या उनसे अन्य प्रकार का समर्थन लेने के लिए उन्हें अपने पक्ष में लाने का एक बहाना मात्र है।<br>• समर्थक यह दलील देते हैं कि ऐसे विशेष संरक्षण के बिना तो धर्मनिरपेक्षतावाद अल्पसंख्यकों बहुसंख्यक समुदाय के मूल्यों एवं प्रतिमानों थोपने का एक बहाना बन सकता है।<br>(उपरोक्त में से कोई एक – एक) | 1 + 1 = 2 |
| 19. | मूल आदिवासी दिक्कुओं से घृणा क्यों करते थे? दो कारण दीजिए।<br>**उत्तर.**<br>• दिक्कु प्रवासी व्यापारी तथा महाजन थे, और जो उस क्षेत्र में आकर बस गए थे, तथा दिक्कुओं ने वहाँ के मूल निवासियों की संपदा पर अधिकार कर लिया था, मूल आदिवासी उनसे घृणा करते थे।<br>• उदाहरण के लिए, झारखंड रा ज्य में इन खनिज–संपन्न क्षेत्रों में खदान तथा औद्योगिक परियोजनाओं से मिलने वाले अधिकांश लाभ दिक्कुओं को मिलते थे, यहाँ तक कि आदिवासियों की भूमि अलग कर दी गई थी।<br>• आदिवासियों को अलग–थलग किए जाने के अनुभव तथा अन्याय के बोध की भावना महसूस होना। | 1 + 1 = 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | (क) भूमिगत खानों में कार्य करने वाले कामगार बहुत खतरनाक स्थितियों का सामना करते हैं। उदाहरण दीजिए।<br>**उत्तर.**<br>• भूमिगत खानों में कार्य करने वाले कामगार बाढ़, आग से बहुत खतरनाक स्थितियों का सामना करते हैं।<br>• ऊपरी या सतह के हिस्से का धंसना।<br>• ऊपरी या सतह के हिस्से का धंसना।<br>• गैसों के उत्सर्जन और ऑक्सीजन का बंद होना।<br>• बहुत से कामगारों को साँस से संबंधित बीमारियाँ हो जाती हैं। जैसे क्षय रोग या सिलिकोसिस।<br>• खान के फटने से या किसी चीज के गिरने से आने वाली चोट का सामना भी करते हैं। (कोई दो)<br>**अथवा**<br>(ख) उदारीकरण की नीति का एक लाभ और एक हानि बताइए।<br>**उत्तर.**<br>लाभ–<br>• उद्योगों को खोलने के लिए अनुज्ञाप्ति (लाइसेंस) वांछित नहीं है।<br>• अब भारतीय दुकानों पर विदेशी वस्तुएँ आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।<br>हानि–<br>• अधिकाधिक कम्पनियां स्थायी कर्मचारियों की संख्या कम कर रही हैं और अपना काम छोटी कम्पनियों से करवाने लगे हैं।<br>• ठेका मजदूरी वृद्धि के कारण रोजगार अधिक असुरक्षित हो गया है।<br>• आय असमानता में वृद्धि।<br>• सरकार ने उद्योग लगाने के लिए भूमि अधिग्रहण की नीति प्रारंभ की है। | 1 + 1 = 2 |
| 21. | 1960 के दशक में, विद्वानों के बीच इस प्रश्न को लेकर वाद-विवाद होता रहा कि क्या जनजातियों को जाति-आधारित (हिंदू) कृषक समाज के एक सिरे का विस्तार माना जाए अथवा वे पूर्ण रूप से एक भिन्न प्रकार का समुदाय है।<br>जनजाति और जाति के बीच के अंतर के तर्क का आधार क्या है?<br>**उत्तर.**<br>• जो विद्वान विस्तार के पक्ष में थे उनका कहना था कि जनजातियाँ जाति आधारित कृषक समाज से मौलिक रूप से भिन्न नहीं है। | 1 + 1 = 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | • जनजाति में अधिक्रम के स्तर कम, और संसाधनों के स्वामित्व के मामले में वे समुदाय आधारित अधिक और व्यक्ति आधारित कम हैं।<br>• जनजातियाँ जातियों से पूरी तरह भिन्न होती हैं क्योंकि उनमें धार्मिक या कर्मकांडीय दृष्टि से शुद्धता और अशुद्धता का भाव नहीं होता जो कि जाति व्यवस्था का केंद्र-बिंदु है।<br>• जनजाति और जाति के बीच के अंतर दर्शाने वाला तर्क पवित्रता और अपवित्रता पर आधारित था।<br>• ये अंतर अधिक्रमिक एकीकरण में विश्वास रखनेवाली हिन्दू जातियों और अपेक्षाकृत अधिक समतावादी और नातेदारी आधारित सामाजिक संगठन की रीतियों वाली जीववादी (animist) जनजातियों के बीच माने गए सांस्कृतिक अंतर पर आधारित था। (कोई दो) | |
| 22. | औपनिवेशिक भारत में बहुत से जिलों का प्रशासन जमींदारी व्यवस्था द्वारा चलता था। जमींदारी व्यवस्था के दौरान कृषकों को किन परेशानियों का सामना करना पड़ा?<br>उत्तर.<br>• औपनिवेशिक काल के दौरान स्थानीय राजा या जमींदार भूमि पर नियंत्रण रखते थे।<br>• ब्रिटिश ने जमींदारों को सम्पति के अधिकार दे दिए।<br>• ब्रिटिश लोगों के लिए काम करते हुए उन्हें जमीन पर पहले से ज्यादा नियंत्रण मिला।<br>• औपनिवेशिकों ने कृषि भूमि पर बहुत बड़ा टैक्स लगा दिया था।<br>• जमींदार कृषक से टैक्स के रूप में जितनी ज्यादा उपज और पैसा ले सकते थे, ले लेते थे।<br>• किसान अथवा कृषक जो कि उस भूमि पर कार्य करता था, वह फसल का एक प्रयाप्त भाग उन्हें देता था।<br>• जमींदारी व्यवस्था का एक परिणाम यह हुआ कि ब्रिटिश काल के दौरान कृषि उत्पादन कम होने लगा।<br>• जमींदारों ने किसानों को अपने दबाव से पींस डाला, साथ ही बार-बार पड़ने वाले अकाल और युद्ध ने जनता को एक तरह से मार डाला। | 1 + 1 = 2 |
| 23. | हरित क्रांति की रणनीति की एक नकारात्मक परिणति क्षेत्रीय असमानताओं में वृद्धि थीं। अपने उत्तर के लिए दो कारण दीजिए।<br>उत्तर.<br>• वे क्षेत्र जहाँ यह तकनीकी परिवर्तन हुआ अधिक विकसित हो गए जबकि अन्य क्षेत्र पूर्ववत रहे।<br>• हरित क्रांति को देश के पूर्वी, पश्चिमी तथा दक्षिणी भागों तथा पंजाब-हरियाणा तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लागू किया गया। | 1 + 1 = 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | • अच्छी आर्थिक स्थिति वाले किसान जिनके पास ज़मीन, पूँजी, तकनीक तथा जानकारी थी तथा जो नए बीजों और खादों में पैसा लगा सकते थे, वे अपना उत्पादन बढ़ा सके और अधिक पैसा कमा सके।<br>• यह वे क्षेत्र हैं जहाँ सामंतवादी कृषि संरचना आज भी सुस्थापित है जिसमें भूधारक जातियों तथा भूस्वामी निम्न जातियाँ, भूमिहीन मजदूरों तथा छोटे किसानों पर अपनी सत्ता बरकरार रखे हुए हुए हैं।<br>• जाति तथा वर्ग की तीक्षण असमानताओं तथा शोषणकारी मजदूर संबंधों ने इन क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की हिंसा जिसमें अंतर्जातीय हिंसा सम्मिलित है, को हाल के वर्षों में बढ़ावा दिया है। | |
| 24. | पहले अनेक प्रकार की महामारियाँ थीं जिनमें विभिन्न प्रकार के ज्वर, प्लेग, चेचक और हैजा अधिक विनाशकारी थे। लेकिन 1918 – 19 की इंफ्लुंएजा नामक महामारी ने तो अकेले ही देशभर में तबाही मचा दी, जिसमें तत्कालीन भारत की कुल जनसंख्या के लगभग 5: भाग को अपनी जाने हाथ धोना पड़ा। महामारी और विश्वमारी (पैंडेमिक) के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर.<br>**'एपिडेमिक'** शब्द को सीमित क्षेत्र में फैली महामारी के लिए उपयोग किया जाता है।<br>**'पैंडेमिक'** शब्द एक ऐसी महामारी के लिए उपयोग किया जाता है जो बहुत व्यापक भौगोलिक क्षेत्र को प्रभावित करती है। यह राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय या वैश्विक स्तर पर हो सकता है। | 1 + 1 = 2 |
| 25. | ''सैद्धांतिक तौर पर, जाति व्यवस्था को सिद्धांतों के दो समुच्चयों के मिश्रण के रूप में समझा जा सकता है।'' दोनों सिद्धांतों के नाम बताइए और किसी एक को परिभाषित कीजिए।<br>उत्तर. (i) भिन्नता और अलगाव (ii) संपूर्णता और अधिक्रम<br>**भिन्नता और अलगाव**<br>हर जाति से यह अपेक्षित है कि वह दूसरी जाति से भिन्न हों और इसलिए वह प्रत्येक अन्य जाति से कठोरता से पृथक होती है। जाति के अधिकांश धर्मग्रंथ सम्मत नियमों की रूपरेखा जातियों को मिश्रित होने से बचाने के अनुसार बनाई गई है। इन नियमों से शादी, खान–पान एवं सामाजिक अंत: क्रिया से लेकर व्यवसाय तक के नियम शामिल हैं।<br>**संपूर्णता और अधिक्रम**<br>इन विभिन्न एवं पृथक जातियों का कोई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है, वे एक बड़ी संपूर्णता से संबंधित होकर ही अपना अस्तित्व बनाए रख सकती है। धाार्मिक या कर्मकांडीय दृष्टि से जाति की अधिक्रमित व्यवस्था 'शुद्धता' (शुचिता) और 'अशुद्धता' (अशुचिता) के बीच के अंतर पर आधारित होती है। (कोई एक) | 1 + 1 = 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड ग** | |
| 26. | सन् 1950 से 1970 के दशक के बीच भूमि सुधार कानूनों की एक श्रृंखला को शुरू किया गया – इसे राष्ट्रीय स्तर के साथ राज्य के स्तर पर भी चलाया गया। इन सुधारों को लाने के पीछे क्या कारण थे?<br>उत्तर.<br>• भारत के स्वतंत्र होने के बाद नेहरू और दनके नीति सलाहकारों ने नियोजित विकास के कार्यक्रमों की तरफ अपना ध्यान केंद्रित किया। कृषिकीय सुधारों के साथ ही साथि औद्योगीकरण भी इसमें शामिल था।<br>• नीति निर्माताओं ने उस समय भारत की निराशाजनक कृषि स्थिति पर अपने जवाबी मुद्दें बताए।<br>• पैदावार का कम होना, आयातित अनाज पर निर्भरता और ग्रामीण जनसंख्या के एक बड़े भाग में गहन गरीबी का होना।<br>• उन्होंने महसूस किया कि कृषि की उन्नति के लिए कृषिक संरचना में महत्वपूर्ण सुधार किए जाएँ और विशेष रूप से भूस्वामित्व एवं भूमि के बँटवारे की व्यवस्था में भी सुधार किए जाएँ।<br>• भूमि सुधार न केवल कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन और सामाजिक न्या लाने के लिए भी आवश्यक हैं। | 1 + 1 = 2 |
| 27. | वह व्यवस्था जो एक समाज में लोगों का वर्गीकरण करते हुए एक अधिक्रमित संरचना में उन्हें श्रेणीबद्ध करती है उसे समाजशास्त्री 'सामाजिक स्तरीकरण' कहते हैं। सामाजिक स्तरीकरण किस प्रकार पीढ़ी–दर–पीढ़ी बना रहता है?<br>उत्तर.<br>• यह परिवार और सामाजिक संसाधनों के एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी में उत्तराधिकार के रूप में घनिष्ठता से जुड़ा है।<br>• एक व्यक्ति की सामाजिक स्थिति प्रदत्त अर्थात् अपने आप मिली हुई होती है। बच्चे अपने माता–पिता की सामाजिक स्थिति को पाते हैं।<br>• जाति व्यवस्था के अंदर, जन्म ही व्यवसायिक अवसरों को निर्धारित करता हैं।<br>• सामाजिक असमानता का प्रदत्त पक्ष अंतर्विवाह प्रथा से और सुदृढ़ होता है। चूँकि विवाह अपनी जाति के सदस्यों में ही सीमित है। (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु) | 1 + 1 = 2 |
| 28. | (क) पश्चिमीकरण में किसी संस्कृति–विशेष के बाहा तत्त्वों के अनुकरण की प्रवृत्ति भी होती है। पश्चिमीकरण की प्रक्रिया को दर्शाइए।<br>उत्तर.<br>• एम. एन. श्रीनिवास ने पश्चिमीकरण की परिभाषा देते हुए कहा कि यह भारतीय समाज और संस्कृति में, लगभग 150 सालों के ब्रिटिश शासन के | 1 + 1 + 1 = 2 |

परिणामस्वरूप आए परिवर्तन पश्चिमीकरण का मतलब उस पश्चिमी उपसांस्कृतिक प्रतिमान से है जिसे भारतीयों के उस छोटे समूह ने अपनाया जो पहली बार पश्चिमी संस्कृति के संपर्क में आए हैं।

- भारतीय बुद्धिजीवियों की उपसंस्कृति भी शामिल थी। इन्होंने न केवल पश्चिमी प्रतिमान चिंतन के प्रकारों, स्वरूपों एवं जीवनशैली को स्वीकारा बल्कि इनका समर्थन एवं विस्तार भी किया।
- ऐसे लोग कम ही थे जो पश्चिमी जीवन शैली को अपना चुके थे या जिन्होंने पश्चिमी दृष्टिकोण से सोचना शुरू कर दिया था।
- पश्चिमी सांस्कृतिक तत्वों जैसे नए उपकरणों का प्रयोग, पोशाक, खाद्य-पदार्थ तथा आम लोगों की आदतों और तौर-तरीकों में परिवर्तन आदि थे।
- पूरे देश में मध्य वर्ग के एक बड़े हिस्से के परिवारों में टेलीविजन, फ्रिज, सोफा सेट, खाने की मेज और उठने-बैठने के कमरे में कुर्सी आदि आम बात है।
- वे प्रजातंत्र और सामाजिक जैसे आधुनिक मूल्यों में भी विश्वास रखते हों।
- जीवनशैली एवं चिंतन के अलावा भारतीय कला और साहित्य पर भी पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव पड़ा। (कोई चार)

**अथवा**

(ख) विभिन्न प्रकार के समाज सुधारक आंदोलनों में कुछ विषयगत समानताएँ थीं। परंतु साथ ही अनेक महत्त्वपूर्ण असहमतियाँ भी थीं। चर्चा कीजिए।

**उत्तर.**

- कुछ में उन सामाजिक मुद्दों के प्रति चिंता थी जो उच्च जातियों के मध्यवर्गीय महिलाओं और पुरुषों से संबंधित थी।
- अन्य के लिए बहिष्कृत जातियों द्वारा सहा जाने वाला अन्याय केन्द्रीय प्रश्न था।
- कुछ ने तो ये माना कि सारी समस्याओं का मूल कारण सच्चे हिंदुत्व के सच्चे विचारों का कमजोर होना था।
- मुस्लिम समाज सुधारकों ने बहुविवाह और पर्दा प्रथा पर सक्रिय स्तर पर बहस की।
- (कोई चार), (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु)

29. हममें से हर कोई एक परिवार में अनेक वर्ष बिताते हैं। आमतौर पर हम अपने परिवार से गहरा लगाव महसूस करते हैं। परिवार हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। विस्तारपूर्वक समझाइए। $1+1+1=2$

**उत्तर.**

- कभी-कभी हम अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, सहोदर भाई-बहन, चाचा-चाचियों, मामा-मामियों तथा चचेरे-ममेरे भाइयों-बहनों के बारे में बहुत लगाव महसूस करते है।

| | | |
|---|---|---|
| | • जब हम उनसे दूर रहते हैं तो उनके रोबदारपूर्ण तरीकों के लिए तरसते हैं और उन्हें याद करते हैं।<br>• परिवार गहरे स्नेह एवं देखभाल का स्थान है।<br>• कार्य कर रहे युवा माता-पिता का कार्य-समय ऐसा हो की वे अपने बच्चों की देखभाल ठीक से न कर सके तो वहाँ दादा-दादियों तथा नाना-नानियों की संख्या बढ़ जाएगी क्यूंकि उन्हें ही वहाँ आकर बच्चों की देखभाल करनी होगी।<br>• परिवारों को प्रभुत्व या अधिकार (पितृसत्ता-मातृसत्ता), निवास (पितृस्थानीय-मातृस्थानीय), वंश (पितृवंशीय-मातृवंशीय) या आकार (संयुक्त/विस्तारित-मूल/एकाकी) के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है। (कोई चार), (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु) | 1 + 1 + 1 = 2 |
| 30. | "ब्रिटिश औद्योगीकरण का एक उल्टा असर यानी कि भारत के कुछ क्षेत्रों में औद्योगिक क्षरण हुआ।" उपर्युक्त कथन के आधार पर उन प्रभावों की पहचान कीजिए।<br>**उत्तर.**<br>• जिस तरह ब्रिटेन में उत्पादन व निर्माण में चढ़ाव आया, उसके विपरीत भारत में गिरावट आई। परंपरागत ढंग से होने वाले रेशम और कपास का उत्पादन और निर्यात "मेनचेस्टर प्रतियोगिता" में गिरता चला गया।<br>• भारत के प्राचीन नगर , जैसे सूरत और मसुलीपट्नम जहाँ से व्यापार हुआ करता था, का अस्तित्व कमजोर होने लगा जबकि आधुनिक नगर जैसे बंबई और मद्रास जो उपनिवेशवादी शासन में प्रचलित हुए, मजबूत होते गए।<br>• भारतीय राज्यों पर ब्रिटिश अधिकार के बाद तंजौर, ढाका, और मुर्शीदाबाद की राजसभाओं का विघटन हो गया फलतः इन राजसभाओं के संरक्षण में कार्यरत कारीगर, कलाकार और कुलीन लोगों का भी पतन हुआ।<br>• 19वीं सदी के अंत से भारत के कुछ आधुनिक नए शहरों में जहाँ यांत्रिक उद्योग लगाए गए थे, लोगों की जनसंख्या बढ़ने लगी।<br>• ब्रिटेन में औद्योगीकरण के प्रभाव से ज्यादातर लोग नगरों में आए लेकिन इसके विपरीत भारत में ब्रिटिश औद्योगीकरण के प्रारंभिक समय में ज्यादातर लोगों को कृषि की ओर जाना पड़ा। | 1+1+1+1 =2 |
| 31. | असमक्षता और गरीबी के बीच एक अटूट संबंध होता है। चर्चा कीजिए।<br>**उत्तर.**<br>• कुपोषण,<br>• बार-बार बच्चे पैदा करनेसे कमज़ोर हुई माताएँ<br>• रोग-प्रतिरक्षा के अपर्याप्त कार्यक्रम,<br>• भीड़-भाड़ भरे घरों में दुर्घटनाएँ। ये सब बातें एक साथ मिलकर गरीब लोगों में असक्षमता की स्थिति ला देती हैं। | 1+1+1+1 =2 |

| | | |
|---|---|---|
| | • असक्षमता, व्यक्ति के लिए ही नहीं बल्कि पूरे परिवार के लिए पृथक्करण और आर्थिक दबाव को बढ़ाते हुए गरीबी की स्थिति पैदा करके उसे और गंभीर बना देती हैं।<br>(कोई चार) (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु) | |
| 32. | ''कभी-कभी काम की बुरी दशाओं के कारण कामगार हड़ताल कर देते हैं।'' 1982 की प्रसिद्ध बंबई टैक्सटाइल मिल की हड़ताल का उदाहरण लेते हुए औचित्य सिद्ध कीजिए।<br>उत्तर.<br>• 1982 में बंबई टैक्सटाइल मिल की उस प्रसिद्ध हड़ताल के बारे में बात करते हैं, जो व्यापार संघ के नेता, डा. दत्ता सामंत की अगुवाई में हुई थी और जिसकी वजह से लगभग ढाई लाख कामगार और उनके परिवार के लोग प्रभावित हुए थे।<br>• हड़ताल करीब दो साल तक चली। मजदूर बेहतर मजदूरी चाहते थे और साथ ही अपनी यूनियन बनाने का अधिकार भी चाहते थे।<br>• धीरे-धीरे दो सालों के बाद, लोगों ने काम पर जाना शुरू कर दिया क्यूंकि वे परेशान हो चुके थे।<br>• लगभग एक लाख कामगार बेरोजगार हो गए, और वापस अपने गाँव लौट गए।<br>• कामगारों के लिए भी बिना वेतन के रहना मुश्किल हो जाता है। | 1+1+1+1=4 |
| 33. | (क) बाल स्त्री-पुरुष अनुपात में गिरावट आने के क्या कारण हैं?<br>**उत्तर.**<br>• शैशवावस्था में बालिकाओं की घोर उपेक्षा<br>• लिंग-विशिष्ट गर्भपात जो बालिकाओं को जन्म लेने से रोकते हैं, जिससे उनकी मृत्यु दरें ऊँची हो जाती हैं<br>• धाार्मिक या सांस्कृतिक मान्यताओं के कारण कन्या भ्रूण हत्या या बालिकाओं की हत्या।<br>• आधुनिक तकनीकों (चिकित्सा) के कारण, जैसे कि (सोनोग्राम की उपलब्धता), अब भ्रूण के लिंग्र का पता लगाने और चयनात्मक आधार पर बालिका भ्रूण को गर्भ में ही नष्ट कर देने के लिए उसका दुरुपयोग किया जाने लगा है। (कोई दो) | 1 + 1 = 2 |
| | (ख) उपर्युक्त आँकड़ों के आधार पर, 20वीं शताब्दी और 21वीं शताब्दी के आँकड़ों की तुलना कीजिए और अपना निष्कर्ष बताइए।<br>**उत्तर.**<br>• बीसवीं सदी के आरंभ में प्रति 1000 पुरुषों पर 972 महिलाओं से, इक्कीसवीं सदी के आरंभ में लिंग अनुपात घटकर 933 हो गया है। | 1+1+1+1=4 |

| | | |
|---|---|---|
| | • 0–6 वर्ष आयु वर्ग के लिए लिंग अनुपात आम तौर पर सभी आयु समूहों के लिए समग्र लिंग अनुपात से काफी अधिक रहा है, लेकिन यह बहुत तेजी से गिर रहा है।<br>• 1991–2001 के दशक में, कुल लिंग अनुपात 927 से बढ़कर 933 हो गया, लेकिन बाल लिंग अनुपात 945 से घटकर 927 हो गया, कभी-कभी आर्थिक दृष्टि से समृद्ध परिवार अपेक्षाकृत कम-अक्सर एक या दो-बच्चे उत्पन्न करना चाहते हैं इसलिए कि वे अपनी पसंद के अनुसार ही लड़का या लड़की पैदा करना चाहेंगे।<br>• भारत की जनगणना 2011 के अनुसार लिंग अनुपात में वृद्धि हुई है और अब पोषण, सामान्य शिक्षा और जागरूकता के स्तर में विकास के साथ-साथ चिकित्सा और संचार सुविधाओं की उपलब्धता के कारण प्रति पुरुषों पर 943 महिलाएँ हैं।<br>• भारत सरकार ने भारत में 'बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ कार्यक्रम और लाडली योजना शुरू की है। यह बाल स्त्री-पुरुष अनुपात को बढ़ाने के लिए एक कारगर नीति साबित हो सकती है।<br>• (कोई चार), (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु) | |
| 34. | सामाजिक आंदोलनों के वर्गीकरण की चर्चा कीजिए।<br>**उत्तर.**<br>**प्रतिदानात्मक आन्दोलनः**- व्यक्तियों की चेतना तथा गतिविधियों में परिवर्तन लाते है। जैसे केरल के इजहावा समुदाय के लोगो ने नारायण गुरू के नेतृत्व में अपनी सामाजिक प्रथाओं को बदला।<br>**सुधारवादी आन्दोलनः**- सामाजिक तथा राजनीतिक विन्यास को धीमे व प्रगतिशील चरणों द्वारा बदलना। जैसे - 1960 के दशक में भाषा के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन व सूचना का अधिकार।<br>**क्रांतिकारी आंदोलनः**- सामाजिक सम्बन्धों में अमूल परिवर्तन करना तथा राजसत्ता पर अधिकार करना। जैसे- बोल्शेविक क्रान्ति जिसमें रूस में जार को अपदस्थ किया।<br>• पुराने सामाजिक आंदोलन<br>• नए सामाजिक आंदोलन (कोई अन्य उपयुक्त सामाजिक आंदोलन) | 2+2+6=6 |
| 35. | नागरिक समाज ने कई महत्त्वपूर्ण पहल करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनमें सबसे हालिया है सूचना के अधिकार के लिए अभियान। इसकी पहल और इसके परिणाम पर चर्चा कीजिए।<br>उत्तर.<br>• इसकी शुरुआत ग्रामीण राजस्थान में एक ऐसे आंदोलन के साथ हुई थी जो वहाँ गाँवों के विकास पर खर्च की गई सरकारी निधियों के बारे में सूचना | 2 + 4 = 6 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | देने के लिए चलाया गया था आगे चलकर इस आंदोलन ने राष्ट्रव्यापी अभियान का रूप धारण कर लिया।<br>• नौकरशाही के प्रतिरोधा के बावजूद, सरकार को इस अभियान क सुनवाई करनी पड़ी और औपचारिक रूप से एक नया कानून बनाना पड़ा जिसके तहत नागरिकों के सूचना के अधिकार को मान्यता दी गई।<br>• सूचनाधिकार अधिनियम 2005 भारतीय संसद द्वारा अधिनियमित एक ऐसा कानून है जिसके तहत भारतीयों को सरकारी अभिलेखों तक पहुँचने का अधिकार दिया गया है।<br>• कोई भी व्यक्ति किसी 'सार्वजनिक प्राधिकरण' से सूचना को लिए अनुरोध कर सकता है और उस प्राधिकरण से यह आशा की जाती है कि वह शीघ्रता से यानी 30 दिन के भीतर उसे उत्तर देगा।<br>• यह अधिनियम प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकरण से यह अपेक्षा करता है कि वह व्यापक प्रसार के लिए अपने अभिलेखों को कंप्यूटरबद्ध करे, ताकि नागरिकों को सूचना के लिए औपचारिक रूप से अनुरोधा कर ने की कम-से-कम आवश्यकता पड़े।<br>• संसद द्वारा 15 जून 2005 को पारित किया तथा 13 अक्टूबर 2005 से लागू किया।<br>• अधिनियम में निर्दिष्ट किया गया है कि नागरिकों का कोई भी सूचना मांगने, दस्तावेजों की प्रतियां लेने, दस्तावेजों, कार्यों और अभिलेखों का निरीक्षण करने, कार्य की सामग्री के प्रामणित नमूने लेने तथा प्रिंट आउट, डिस्केट, फ्लॉपी, टेप, वीडियो कैसेट या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड के रूप में सूचना प्राप्त करने का अधिकार है। | |

Notes